।।श्रीः ।।

**विद्याभवन प्राच्यविद्या ग्रन्थमाला**

४४

आचार्य-नीलकण्ठविरचिता

# ताजिक-नीलकण्ठी ।

मिथिलादेशान्तर्गतचौगमानिवासि-काशीस्थ- सं. सं. महाविद्यालय

प्रधानाध्यापक-ज्यौतिषाचार्य-तीर्थ-साहित्यरत्न

**पं. श्रीसीतारामशर्मकृतया**

गूढार्थप्रकशिकाख्यया सोदाहरणोपपत्तिसरलसंस्कृत-

भाषा-व्याख्यया सहिता

**चौखम्बा विद्याभवन**

**वाराणसी**

# अथ ताजिकनीलकण्ठीस्थ-विषयानुक्रमणीका ।


| विषया: | पृष्ठ | विषया: | पृष्ठ | विषया: | पृष्ठ |
|---|---|---|---|---|---|
| मुख पृष्ठ | १ | द्वादशवर्गीफलम् | ६३ | कम्बूललक्षणम् | ९२ |
| विषयानुक्रमणिका | २ | द्वादशभावस्थविचार: | ६५ | कम्बूलभेदा: | ९२ |
| मङ्गलाचरणम् | ५ | केन्द्रसंज्ञा | ६७ | शून्यमार्गग्रहलक्षणम् | ९७ |
| राशिस्वरूपनिरूपणम् | ६ | त्रिराशीशनिरूपणम् | ६८ | गैरिकम्बूलयोगलक्षणम् | ९८ |
| मित्रामित्रनिरूपणम् | ११ | मुथहानयनम् | ६९ | खल्लासरयोगलक्षणम् | ९९ |
| वर्षप्रवेशसमय: | १२ | वर्षेशनिर्णय: | ६९ | रद्दयोगलक्षणम् | १०० |
| तिथ्यानयनम् | १५ | राहुमुखादिलक्षणम् | ७१ | दुफालिकुत्थलक्षणम् | १०१ |
| ग्रहानयनम् | १७ | ग्रहस्वरूपम् | ७२ | दुत्थोत्थदवीरलक्षणम् | १०१ |
| चन्द्रानयनम् | २० | ग्रहदृष्टिनिरूपणम् | ७४ | तम्बीरलक्षणम् | १०१ |
| नतउन्नतसाधनम् | २१ | स्फुटदृष्टिसाधनम् | ७५ | कुत्थयोगलक्षणम् | १०२ |
| लग्नानयनम् | २३ | ग्रहमैत्रीचक्रम् | ७७ | दुरफलक्षणम् | १०३ |
| दशमलग्नानयनम् | २६ | दीप्तांशनिरूपणम् | ७८ | हर्षस्थानम् | १०५ |
| ससन्धिभावानयनम् | २७ | षोडशयोगाध्याय: । | ८० | सहमाध्याय: । | १०६ |
| लग्नानयने विशेष: | ३१ | षोडशयोगनामानि | ८० | सहमनामानि | १०६ |
| भावस्थग्रहफलम् | ३३ | इक्कबालयोगलक्षणम् | ८० | पुण्यसहमसाधनम् | १०६ |
| विंशोपकभावफलम् | ५० | इन्दुवारयोगलक्षणम् | ८० | गुरु-विद्यायश: साधनम् | १०७ |
| राशिद्रेष्काणेशननिरू. | ५१ | इत्थशालयोगलक्षणम् | ८१ | मि. मा. आ. सह. | १०८ |
| उच्चनीचनिरूपणम् | ५२ | भविष्यइत्थशाललक्षणम् | ८३ | सामर्थ्यसहम. | १०९ |
| उच्चबलानयनम् | ५२ | इत्थशालफलम् | ८६ | भ्रा. गौ. रा. तात. स. | १०९ |
| नवांशस्वामिनिरूपणम् | ५४ | ईसराफयोगलक्षणम् | ८७ | मातृपुत्रजीवितजल. | ११० |
| हद्देशनिरूपणम् | ५५ | तत्फलञ्च | ८७ | कर्म-रोगमन्मथसह. | १११ |
| पञ्चवर्गीबलनिरूपणम् | ५६ | नक्तयोगलक्षणफलम् | ८७ | कलिक्षमाशास्त्रस. | १११ |
| द्वादशवर्गीसंज्ञा | ५९ | यमयालक्षणफलम् | ८९ | बन्धुबन्दकमृत्युस. सा. | ११२ |
| द्वादशवर्गपतिज्ञानम् | ६० | मणऊलक्षणफलम् | ९० | देशान्तर-अर्थ-स. सा. | ११२ |

| विषयाः | पृष्ठ | विषयाः | पृष्ठ | विषयाः | पृष्ठ |
|---|---|---|---|---|---|
| परदार-अन्यकर्म-वणिक् | ११२ | वर्षप्रवेशवारादि. | १३४ | मृगयाविचार | २१३ |
| कार्यसिद्धिविवाहस सा. | ११३ | मासदिनप्रवेशकाल | १३४ | भोजनचिन्ता | २१४ |
| प्रसव-सन्ताप-स. सा. | ११३ | मुन्थानयन | १३५ | स्वप्नचिन्ता | २१६ |
| श्रद्धाप्रीतिबलदेह. | ११३ | वर्षेशनि. | १३७ | प्रश्नतन्त्रम् । | २२० |
| जा. व्या. पानीयप. | ११४ | वर्षेशफलम् | १३७ | प्रश्नप्रयोजनम् | २२० |
| श. शौ. उपा. स. सा. | ११४ | विशेषः | १४४ | प्रश्नविधिः | २२२ |
| दरिद्रगुरुमायस. सा. | ११४ | मुथहाफलाध्यायः । | १४६ | प्रश्नकर्तृमनोज्ञानम् | २२२ |
| जलपथ-बन्धन-स. सा. | ११५ | मुथहाफलम् | १४६ | अधिकप्रश्ने निर्णयः | २२२ |
| कन्या अश्व-म. सा. | ११५ | अरिष्टविचाराध्यायः । | १५४ | ग्रहस्वरूपावस्था | २२४ |
| शहमफलप्राप्तिसमयसा. | ११५ | अरिष्टयोगाः | १५४ | प्रश्नविचारः | २२६ |
| सहमेशबलविचार | ११७ | अरिष्टभङ्गाध्यायः । | १५९ | भावप्रश्नाध्यायः । | २२९ |
| पुण्यसहमप्रशंसा | ११८ | अरिष्टभङ्गयोगाः | १५९ | प्रश्नकथन युक्तिः | २२९ |
| सहमशुभाशुभफ. | ११९ | भावफलाध्यायः । | १६२ | प्रथमस्थानपृच्छा | २३१ |
| सहमशब्दार्थ वि. | १२५ | द्वादशभाव. | १६२ | द्वितीय. | २३२ |
| दशान्तर्दशाध्यायः । | १२७ | दशाफलाध्यायः । | १९२ | तृतीय. | २३३ |
| दशानयनम् | १२७ | रव्यादिग्रहद. | १९२ | चतुर्थ. | २३४ |
| पात्यांशसाधनम् | १२७ | लग्नदशाफलम् | १९२ | पञ्चम. | २३६ |
| दिवसानयनम् | १२७ | भावस्थग्रहफ. | २०१ | षष्ठ. | २३९ |
| अन्तर्दशानयनम् | १३० | मासादिनफलाध्यायः । | २०६ | सप्तम. | २४३ |
| ग्रन्थकृद्वंशवर्णनम् | १३१ | मासप्रवेशफ. | २०६ | स्त्रीस्नेहः | २४३ |
| त्रिपताकिचक्रविचारः | १३२ | दिनस्वामिनि. | २०९ | पतिव्रत्यपरीक्षा | २४६ |
| मुद्दादशा | १३३ | दिनेशफलम् | २०९ | अष्टमस्थानपृच्छा | २४७ |
| वर्षतन्त्रम् । | १३४ | ६-१२ भावयोर्वि. | २१० | नवम. | २४९ |
| मङ्गलाचरणम् | १३४ | अष्टमभावफ. | २१२ | दशम. | २५१ |
| आरम्भप्रयोजनम् | १३४ | चन्द्रावस्थाफल. | २१२ | एकादश. | २५४ |

| विषया: | पृष्ठ | विषया: | पृष्ठ | विषया: | पृष्ठ |
|---|---|---|---|---|---|
| द्वादश. | २५५ | चौरज्ञानम् | २७१ | सस्यनिष्पत्तिः | २८९ |
| विशेषप्रश्नाध्याय: । | २५६ | सन्तानप्रश्नः | २७६ | प्रकीर्णाध्याय: । | २९१ |
| पथिकागमनप्रश्नः | २५६ | भोजनचिन्ता | २७८ | भावविचार: | २९१ |
| परदेशगतप्रश्नः | २६० | स्वप्नविचार: | २८१ | कालावधिनि. | २९२ |
| परचक्रागमनपृच्छा | २६१ | आखेटविचार: | २८३ | मानसिकप्रश्नः | २९४ |
| दुर्गप्रश्नः | २६४ | कलहविचार: | २८४ | का स्त्री भुक्तेति प्रश्नः | २९६ |
| रोगिशुभाशुभम् | २६५ | बद्धमोक्षप्रश्नः | २८४ | सुरतप्रश्नः | २९७ |
| देवकोषज्ञानम् | २६६ | नौकाप्रश्नः | २८७ | अर्घचिन्ता | २९८ |
| स्वामिभृत्ये प्रश्नः | २६७ | किम्वदन्ती सत्या ? | २८८ | जन्मलग्नात्शुभाशु. | २९९ |
| नष्टद्रव्यलाभप्र. | २६९ | क्रयविक्रयविचार: | २८९ | ग्रन्थसमाप्तिः | ३०० |

# ताजिकनीलकण्ठी

## गूढार्थप्रकाशिकासहिता

टीकाकारकृत-मङ्गलाचरण—

यत्पादपद्मे प्रणतः सुरेशः सम्पूरयत्वत्र स मे गणेशः ।
श्रीनीलकण्ठ्यां सविशेषभाषां टीकां सयुक्तिं हृदयानुकूलाम् ।।

ग्रन्थकारकृत मङ्गलाचरण—

**प्रणम्य हेरम्वमथो दिवाकरं गुरोरनन्तस्य तथा पदाम्बुजम् ।**
**श्रीनीलकण्ठो विविनक्ति सूक्तिभिस्तत्ताजिकं सूरिमनः प्रसादकृत् ।। १ ।।**

**व्याख्या**:- श्रीनीलकण्ठः, हेरम्बम् (गणेशं), अथो, दिवाकरं (सूर्यं), तथा अनन्तस्य गुरोः (स्वपितुः) पदाम्बुजम् प्रणम्य, सूरिमनःप्रसादकृत् तत् ताजिकं (यवनेन स्वभाषया प्रणीतं) सूक्तिभिः (विविधच्छन्दोभिः), विविनक्ति ।। १ ।।

**भा०**—श्रीनीलकण्ठ नामक ग्रन्थकार, श्रीगणेश, सूर्य और अपने अनन्त-नामक गुरु (पिता) के चरण-कमलों को प्रणाम करके पण्डितों के मन को प्रसन्न करनेवाले उस प्राचीन ताजिक (वर्षफल-बोधकशास्त्र) को सुन्दर उक्तियों (नानाप्रकार के संस्कृत छन्दों) से प्रकाशित करते हैं ।। १ ।।

**विशेष–**

''ब्रह्मणा भानवे प्रोक्तं भानुना यवनाय तत् ।
यवनेन च यत् प्रोक्तं ताजिकं तत् प्रचक्षते ।।''

अर्थात्—लोकोपकारार्थ वर्ष-मास-दिनफल आदि समझने के लिये ब्रह्मा ने सूर्य को जिस शास्त्र का उपदेश किया, सूर्य भगवान् ने उसी शास्त्र को यवनाचार्य को दिया और यवनाचार्य ने अपनी भाषा (फारसी) के अनुसार उसी शास्त्र का ताजिक नाम रखकर लोक में प्रचार किया, उसी ताजिक को नीलकण्ठाचार्य ने सरल सुबोध संस्कृत छन्दों में बनाया इसीलिये इसका नाम 'ताजिकनीलकण्ठी' है । और इस ग्रन्थ में कितने योगों के नाम फारसी ही के शब्दों में हैं ।। १ ।।

मेषादि १२ राशियों के स्वभाव और गुण—

**पुमांश्चरोऽग्निः सुद्धश्चतुष्पाद्रक्तोष्णपित्तोऽतिरवोऽद्रिरुग्रः ।**
**पीतो दिनं प्राग्विषमोदयोऽल्पसङ्गप्रजो रुक्षनृपः समोऽजः ।। २ ।।**

**व्याख्याः-** अजः (मेषः) पुमान्, चरः, अग्निः, सुदृढः, चतुष्पात्, रक्तोष्णपित्तः, अतिरवः, अद्रिः, उग्रः, पीतः, दिनं, प्राग् विषमोदयः, अल्पसङ्गप्रजः, (स्वल्पस्त्री-सङ्गः स्वल्पसन्ततिश्च) रूक्षनृपः, समः, (समशरीरः) एवं विशिष्टः स्यात् ।। २ ।।

भा०–मेष-पुरुषराशि, चरसंज्ञक, अग्नितत्त्व, दृढ़ (अत्यन्त मजबूत) चतुष्पद लालवर्ण, उष्णस्वभाव, पित्तप्रकृति, जोर से शब्द करनेवाला पर्वतचारी, पापराशि, पीलावर्ण, दिन में बली, पूर्व दिशा का स्वामी, विषम (तिरछा) उदयवाला थोड़े स्त्री प्रसङ्ग और थोड़ी प्रजावाला, क्षत्रियजाति और सम (न छोटा न बड़ा अर्थात् मध्यम) शरीरवाला है ।। २ ।।

विशेष–आकाश गोल में अपनी गति से चलने का जो सूर्य का मार्ग है उसका नाम क्रान्तिवृत्त है (उसी को राशिमण्डल भी कहते हैं), उसी के समान १२ भाग मेषादिक १२ राशियों के नाम से प्रसिद्ध है । नक्षत्र गोल में ताराओं के सन्निवेश से जिस राशि की जैसी आकृति देखने में आयी, आचार्यों ने उसी प्रकार उनके ''मेष, वृष" इत्यादि नाम रखे हैं । अर्थात् जिस विभाग में नक्षत्र के समूह भेढ़े के सदृश देखने में आया उसका नाम मेष, उससे अगले विभाग की आकृति बैल के सदृश है इसलिये उसका नाम वृष इत्यादि अन्वर्थ नाम हैं । राशियों के स्थान और बिम्ब दो भेद होते हैं ।

(२) मेष का वर्ण लाल और पीला मिला के सदृश है, इसलिये रक्त और पीत दो वर्ण कहे गये हैं । सिंह और धनु के भी दो-दो वर्ण हैं ।

(३) इस देश (भारतवर्ष) में अक्षांश (ध्रुवोन्नति) होने के कारण से मकर आदि ६ राशि उदय के समय क्षितिज वृत्तपर टेढ़ी (तिरछी) होकर लगती है, इसलिये थोड़े ही काल में उन ६ राशियों का उदय होता है । तथा कर्कादि ६ राशियाँ उदय के समय क्षितिज वृत्तपर सीधी-सी रहती हैं, इसलिए मकरादि ६

राशियों की अपेक्षा कर्क आदि ६ राशियों के उदय कुछ अधिक समय में होते हैं । सिद्धान्तशिरोमणि में कहा भी है—

**''य उद्गमे याम्यनता मृगाद्याः स्वस्वापमेनापि निरक्षदेशे ।**
**याम्याक्षतस्तेऽपि नतत्वमाप्ता उद्यन्ति कालेन ततोऽल्पकेन ।।**
**कर्कादयः सौम्यनता हि येऽत्र ते यान्ति याम्याक्षवशादृजुत्वम् ।**
**कालेन तस्माद् बहुनोदयन्ते तदन्तरे स्वं चरखण्डमेव ।।"**

इति स्पष्टार्थः ।
अतएव मकरादि ६ विषमोदय और कर्कादि ६ राशियाँ समोदय हैं ।। २ ।।

**वृषः स्थिरः स्त्री-क्षिति-शीत-रूक्षो याम्येट्सुभूर्वायु-निशा-चतुष्पात् ।**
**श्वेतोऽतिशब्दो विषमोदयश्च मध्यप्रजासङ्गशुभोऽपि वैश्यः ।। ३ ।।**

**व्याख्याः-** वृ०ः, स्थिरः, स्त्री-क्षिति-शीतरूक्षः, याम्येट्, सुभूः, वायु-निशा-चतुष्ताद्, श्वेतः, अतिशब्दः, विषमोदयः, च (पुनः) मध्यप्रजा-सङ्गशुभः, अपि (मध्यसन्ततिः, मध्यमसङ्गः, शुभश्च) (तथा) वैश्यः (एवं विशिष्टो -ज्ञेयः) ।। ३ ।।

भा०—वृषराशि—स्थिरसंज्ञक, स्त्रीराशि, पृथ्वीतत्त्व, शीतलस्वभाव, रूखा (रोमयुक्त) देहवाला, दक्षिणदिशा का स्वामी, सुन्दर भूमि में रहनेवाला, वातप्रकृति, रात्रि में बली, चतुष्पाद्, शुक्लवर्ण, जोर से शब्द करनेवाला, विषम उदयवाला, मध्यम प्रकार के स्त्री-सङ्ग और सन्तानवाला, शुभराशि और वैश्य जाति है ।।

**प्रत्यक् समीरः शुकभा द्विपन्ना द्वन्द्वो द्विमूर्ति-विषमोदयोष्णः ।**
**मध्यप्रजासङ्ग-वनस्थ-शूद्रो दीर्घस्वनः स्निग्ध-दिनेट् तथोग्रः ।। ४ ।।**

**व्याख्याः-** द्वन्द्वः (मिथुनराशिः) प्रत्यक्, समीरः शुकभा (हरितवर्णः) द्विपात् ना (पुरुषः) द्वन्द्वो (द्विस्वभावः) इत्यादि श्लोक-क्रमेण-स्पष्टम् ।। ४ ।।

भा०—मिथुनराशि—पश्चिम-दिशा का स्वामी, वायुतत्त्व, हरितवर्ण, द्विपद, पुरुष राशि, द्विस्वभाव, विषम उदयवाला, गर्मस्वभाव, मध्यम स्त्री-सङ्ग और मध्यम प्रजावाला, वन में रहनेवाला, शूद्र-जाति, जोर से शब्द करनेवाला, चिक्कण शरीरवाला, दिन में बली और पापराशि है ।। ४ ।।

विशेष–द्विस्वभाव राशियों के पूर्वार्ध स्थिर, उत्तरार्थ चर समझना चाहिये।। ४ ।।

**बहुप्रजासङ्गपदः कुलीरश्चरोऽङ्गना पाटल-हीनशब्दः ।**
**शुभः कफी स्निग्ध-जलाम्बुचारी समोदयो विप्र-निशोत्तरेशः ।। ५ ।।**

**व्याख्याः-** कुलीरः (कर्कराशिः)—बहुप्रजासङ्गपदः, चरः अङ्गना (स्त्रीराशिः), पाटलहीनशब्दः, शुभः, कफी इत्यादि अग्रे श्लोकक्रमेण स्पष्टम् ।। ५ ।।

भा०–कर्कराशि–बहुत सन्तान, बहुत स्त्री-सङ्ग और बहुत चरणवाला, चरराशि, स्त्रीराशि, पाटल (ईषत्-रक्त) वर्ण, शब्दरहित, शुभराशि, कफप्रकृति, चिक्कण शरीरवाला, जलतत्त्व, जल में रहनेवाला, सम (सीधा) उदयवाला, ब्राह्मण जाति, रात्रि में बली और उत्तरदिशा का स्वामी है ।। ५ ।।

**पुमान् स्थिरोऽग्निर्दिन-पीत-रूक्षः पित्तोष्ण-पूर्वेश-दृढश्चतुष्पात् ।**
**समोदयो दीर्घरवोऽल्पसङ्गप्रजो हरिः शैल-नृपोग्र-धूम्रः ।। ६ ।।**

**व्याख्याः-** हरिः (सिंहः) पुमान्, स्थिरः, इत्यादि क्रमेण स्पष्टार्थम् ।। ६ ।।

भा०–सिंह-पुरुषराशि, स्थिर, अग्नितत्त्व, दिन में बली, पीतवर्ण, कान्तिहीन, पित्तप्रकृति, गर्मस्वभाव, पूर्व दिशा का स्वामी, बलीष्ठ, चतुष्पद, सम उदयवाला, दीर्घ शब्दवाला, अल्प स्त्रीसङ्ग और अल्प सन्ततिवाला, पर्वतचारी, क्षत्रिय जाति, पापराशि और धूम्रवर्ण भी है ।। ६ ।।

**पाण्डुर्द्विपात् स्त्री द्वितनुर्यमाशा निशा मरुच्छीत-समोदयाक्ष्मा ।**
**कन्याऽर्धशब्दा शुभभूमिवैश्या रूक्षाऽल्पसङ्गप्रसवा शुभा च ।। ७ ।।**

**व्याख्याः-** कन्या पाण्डुः, द्विपात्, स्त्री, इत्यादि क्रमेण-स्पष्टम् ।। ७ ।।

भा०–कन्याराशि–पाण्डुवर्ण, द्विपद, स्त्रीराशि, द्विस्वभाव, दक्षिण दिक्स्वामिनी, रात्रि में बली, वातप्रकृति, शीतलस्वभाव, सम उदयवाली, पृथ्वीतत्त्व, खण्डित शब्द, सुन्दर भूमि में रहनेवाली, वैश्य जाति, कान्तिहीन, अल्प सङ्ग, और अल्प सन्ततिवाला, तथा शुभराशि है ।।

**पुमांश्चरश्चित्र-समोदयोष्णः प्रत्यङ्मरुत्-स्निग्ध-रवोनवन्यः ।**
**स्वल्पप्रजासङ्गम-शूद्र उग्रस्तुलो द्युवीर्यो द्विपदः समानः ।। ८ ।।**

**व्याख्याः-** तुलः पुमान्, चरः, इत्यादि क्रमेण-स्पष्टम् ।। ८ ।।

भा०–तुलाराशि–पुरुष, चर-संज्ञक, अनेकवर्ण, सम उदय, गर्मस्वभाव, पश्चिमदिक्-स्वामी, वायुतत्त्व, चिक्कण (कान्तिमान) शब्दहीन, वनचारी, अल्पप्रजा और अल्प रतिवाला, शुद्रजाति, पापराशि, दिन में बली, द्विपद, और समान (मध्यम-शरीरवाला) है ।। ८ ।।

**स्थिरः सितः स्त्री जलमुत्तरेशो निशारवोना बहुपात् कफी च ।**
**समोदयो वारिचरोऽतिसङ्गप्रजः शुभः स्निग्धतनुर्द्विजोऽलिः ।। ९ ।।**

**व्याख्याः-** अलिः (वृश्चिकः) स्थिरः, सितः, इत्यादि क्रमेण स्पष्टम् ।। ९ ।।

भा०–वृश्चिकराशि–स्थिरसंज्ञक, श्वेतवर्ण, स्त्रीराशि जलतत्त्व, उत्तरदिशा का स्वामी, रात्रि में बली, शब्दहीन, बहुत पैरवाला, कफ-प्रकृति, सम उदयवाला, जल में रहनेवाला, अधिक रति करनेवाला और अधिक सन्तानवाला, शुभराशि, चिक्कण शरीरवाला और ब्राह्मण जाति है ।। ९ ।।

**ना स्वर्णभाः शैल-समोदयोऽतिशब्दो दिनं प्राग् द्ढ-रूक्ष-पीतः ।**
**राजोष्ण-पित्तो धनुरल्प-सूतिसङ्गो द्विमूर्तिर्द्विपदोऽग्निरुग्रः ।। १० ।।**

**व्याख्याः-** धनुः ना, स्वर्णभा, शैल-समोदयः इत्यादि क्रमेण

स्पष्टम् ।। १० ।।

भा०–धनुराशि–पुरुष, सुवर्णसदृश कान्तिवाला, पर्वतचारी, सम उदयवाला अधिक शब्दवाला दिन में बली पूर्व दिशा का स्वामी, दृढ़ शरीरवाला, रूखाशरीर, पीतवर्ण, क्षत्रिय जाति, गर्मस्वभाव पित्तप्रकृति, अल्पसन्तति और अल्प रति करनेवाला, द्विस्वभाव, द्विपद, अग्नि-तत्त्व और पापराशि है।।१०।।

**मृगश्चरः क्ष्माऽर्धरवो यमाशा-स्त्री-पिङ्ग-रुक्षः शुभभूमि-शीतः ।**
**स्वल्पप्रजासङ्ग-समीर-रात्रिरादौ चतुष्पाद् विषमोदयो विट् ।। ११ ।।**

**व्याख्याः-** मृगः (मकरः) चरः क्ष्मा अर्धरव इत्यादि क्रमेणाग्रे स्पष्टम्।।११।।

भा०–मकर चरराशि, पृथ्वी-तत्त्व, खण्डित शब्दवाला, दक्षिणदिशा का स्वामी, स्त्रीराशि, पिङ्गलवर्ण, कान्तिरहित, सुन्दर भूमि में रहनेवाला, शीतल स्वभाव अल्प सन्तति और अल्परति करनेवाला, वात-प्रकृति, रात्रि में बली, पूर्वार्ध (१५ अंश तक) चतुष्पद, उसके बाद जलचर, विषम उदयवाला और वैश्यवर्ण है ।। ११ ।।

**कुम्भोऽपदी ना दिनमध्यसङ्गप्रसूः स्थिरः कर्बुर-वन्य-वायुः ।**
**स्निग्धोष्ण खण्डस्वर तुल्यधातुः शूद्रः प्रतीची विषमोदयोग्रः ।। १२ ।।**

**व्याख्याः-** कुम्भः अपदः ना इति क्रमेणाग्रे स्पष्टम् ।। १२ ।।

भा०–कुम्भराशि–चरणहीन, पुरुष, दिन में बली, मध्यम प्रकार के सङ्ग (रति) और प्रजावाला, स्थिरराशि, कर्बुर (चित्र) वर्ण, वनचारी, वायुतत्त्व, चिक्कन कान्तिवाला, उष्णस्वभाव, खण्डित शब्दवाला, समान वात-पित्त-कफवाला, शूद्र जाति, पश्चिमदिशा का स्वामी, विषम-उदयवाला, और क्रूरराशि है ।। १२ ।।

**मीनोऽपदः स्त्री कफ-वारि-रात्रि-निःशब्द-बभ्रुर्द्वितनुर्जलस्थः ।**
**स्निग्धोऽतिसंगप्रसवोऽपि विप्रः शुभोत्तराशेड् विषमोदयश्च ।। १३ ।।**

**व्याख्याः-** मीनः अपदः स्त्री कफ-वारि-रात्रिः, इति क्रमेणाग्रेऽपि

ज्ञेयम् ।। १३ ।।

भा०–मीन–पैररहति, स्त्रीराशि, कफप्रकृति, जलतत्त्व, रात्रि में बली, शब्दहीन पिङ्गलवर्ण, द्विस्वभाव, जलचारी, कान्तिमान् अधिक रति करनेवाला और अधिक सन्ततिवाला, ब्राह्मणजाति, शुभराशि, उत्तरदिशा का स्वामी और विषम उदयवाला है ।। १३ ।।

विशेष–मेष, सिंह, धनु इन तीन राशियों का दृढ़ अंग कहा गया है । अर्थात् शेष राशियों को श्लथांग (ढीले शरीर) समझना ।। १३ ।।

गुण का प्रयोजन—

**धराम्बुनोरग्निसमीरयोश्च वर्गे सुहृत्त्वं परतोऽरिभावः ।**
**चापान्त्यभागस्य चतुष्पदत्वं ज्ञेयं मृगान्त्यस्य जलेचरत्वम् ।। १४ ।।**

**व्याख्याः-** धराम्बुनोः (च) अग्नि-समीरयोः वर्गे सुहृत्त्वं ज्ञेयम्, परतः अरिभावः (शत्रुभावो) ज्ञेयः, चापान्त्य भागस्य (धनुरुत्तरार्धस्य) चतुष्पदत्वं, मृगान्त्यस्य (मकरोत्तरार्धस्य) चतुष्पदत्वं, मृगान्त्य (मकरोत्तरार्धस्य) जलेचरत्वं ज्ञेयम् ।। १४ ।।

भा०–पृथ्वीतत्त्व और जलतत्त्ववाले राशियों में परस्पर मित्रता रहती है। तथा अग्नितत्त्व और वायुतत्त्ववाले राशियों में भी परस्पर मैत्री समझना । तथा पृथ्वीतत्त्व और वायुतत्त्व राशियों में एवं अग्नितत्त्व और जलतत्त्व राशियों में परस्पर शत्रुता है । धनुराशि के अन्तिम भाग (१६ अंश से ३० अंश तक) चतुष्पद है । और मकरराशि के अन्तिम भाग (उत्तरार्ध १६ से ३० तक) थल-चर समझना ।। १४ ।।

विशेष–जिन दो राशियों में मित्रता और शत्रुता कही गयी है, उनमें भिन्न तत्त्व की राशियों में उदासीनता समझना । इसका विचार-पिता-पुत्र में, वर-कन्या में, मालिक-नौकर , में इत्यादि दो-दो में करना चाहिए ।। १४ ।।

**पित्तानिलौ धातुसमः कफश्च त्रिर्मेषतः सूरिभिरूहनीयाः ।**
**राजन्य-विट्-शूद्र-धरासुराश्च सर्वं फलं राश्यनुसारतः स्यात् ।। १५ ।।**

**व्याख्याः-** मेषतः (क्रमेण) पित्तोनिलौ धातुसमः कफः, इति त्रिः (त्रिरावृत्तितः) सूरिभिः ऊहनीयाः। (तथा) राजन्य-विट्-शुद्र-धरासुराश्च (क्षत्रिय-वैश्य-शूद्र-विप्राः) (त्रिरावृत्य) सूरिभिः ऊहनीयाः। (जन्तोः) राश्यनुसारतः सर्वं फलं स्यात् ।। १५ ।।

भा०–मेषादिकराशियों में क्रम से पित्तप्रकृति १, वात-प्रकृति २, सम-कफ-पित्त-वात ३, और कफप्रकृति ४, ये तीन आवृति करके समझना । तथा क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र और ब्राह्मण ये चार जातियाँ मेषादि से तीन आवृति करके समझना (जैसे पूर्व के प्रत्येक श्लोकों में कहा गया है) । उपरोक्त राशियों के स्वरूप, गुण, जाति, दिशा, काल, स्थान, आदि जो कहे गये हैं, तदनुसार ही उन-उन राशिवाले जन्तुओं के सब फल होते हैं ।। १५ ।।


वर्षप्रवेश का दिनादि इष्टकालसाधन—

**गताः समाः पादयुताः प्रकृतिघ्नसमागणात् ।**
**ख-वेदा-४० प्तघटीयुक्ता जन्मवारादिसंयुक्ताः ।**
**अब्दप्रवेशे वारादि सप्ततष्टेऽत्र निर्दिशेत् ।। १६ ।।**

**व्याख्याः-** गताः समाः पादयुताः (स्वचतुर्थांशसहिताः), प्रकृतिघ्नसमागणात् (एकविंशतिगुणात् गतवर्षवृन्दात्), ख-वेदाप्तघटीयुक्ताः (ते पुनः) जन्मवारादिसंयुताः, अत्र सप्ततष्टे, अब्दप्रवेशे वारादि, निर्दिशेत् ।। १६ ।।

भा०–गतवर्ष–संख्या में उसी के चतुर्थांश जोड़ देना (उसे दिनादिक समझना) उसमें फिर गत-वर्ष-संख्या को २१ से गुणा करके ४० का भाग देकर लब्ध घटी आदि जोड़ देना, फिर उसमें जन्म के वार आदिक जोड़कर जो हो उसमें ७ का भाग देकर शेष वर्ष प्रवेश के वारादिक समझना ।। १६ ।।

उदाहरण–शुभसम्वत् १९५७ चैत्रकृष्णनवम्यामुपरिदशम्यां रविवासरे श्रीसूर्योदयादिष्टघटीफलेषु (४४।३५) बाबू–श्रीजगन्नाथशर्मणो जन्माऽभूत् । सूर्यः ११।१२।२२।१७ दिनमानम् ३०।१८ भयातम् ३४।३९ भभोगः ६७।२३ पूर्वाषाढ़ा ९।५६ परिघयोगे, २९।३५ वृश्चिकलग्नम् ।




इस कुण्डली का सं० १९९३ में वर्ष-प्रवेश समय निकालना है तो वर्तमान सं० १९९३ में जन्म सं० १९५७ घटाने से गतवर्ष ३६ । इसमें स्वचतुर्थांश दिनादि ९।०।० जोड़ने से ४५।०।०, फिर इसमें गतवर्ष को २१ से गुणाकर ७५६ इसमें ४० का भाग देकर लब्ध-घटी-फल १८।५४ जोड़ने से ४५।१८।५४ इसमें जन्मकालके दिनादि इष्ट-काल १।४४।३५ जोड़ने से ४७।३ २९ हुआ, इसको ७ से भाग देकर शेष ५।३।२९ यह वर्षप्रवेश का दिनादि इष्टकाल हुआ । अर्थात् दिन के स्थान में ५ है अत: रविवार से ५ वाँ बृहस्पतिवार को ३ घटी २९ पल पर ३७ वाँ वर्षप्रवेश होगा ।। १६ ।।

विशेष–इष्टशाके में जन्मकालिक शाके, अथवा इष्ट संवत् में जन्मकालिक संवत् घटाने से गतवर्ष की संख्या होती है । वर्ष की गणना सौर-प्रमाण से होती है । इसलिए सौरमास से जब वर्ष पूरा होता है तभी अग्रिमवर्ष का प्रवेश होता है । अतएव जन्मकालिक स्पष्टसूर्य के राश्यादि समान जिस समय स्पष्ट सूर्य के राश्यादि हो वही वास्तविक वर्षप्रवेश का समय होता है । अत: एक वर्ष में सावन दिनादि संख्या (३६५।१५।३१।३०) ७ से तष्टित करने पर (१।१५।३१।३०) एक वर्ष की दिनादिक ध्रुवा है । इस ध्रुवा को गतवर्ष-संख्या से गुणाकर उसमें जन्म वारादिक जोड़कर ७ से तष्टित करने से वर्षप्रवेश का वारादि होता है । अथवा इसके अनुसार अभ्यास के लिये दोहा—

वर्ष सवाया वार, पुनि, घटी वर्ष के आध ।
ड्योढ़ा सम फल जोड़ि कर, वर्ष ध्रुवा लो साध ।।
जन्म-दिनादिक जोड़ि पुनि, नगतष्टित करि शेष ।
वार-घटी पल में सदा, जानो वर्ष-प्रवेश ।।

इसी आशय का संस्कृत पद्य—

सस्वांघ्र्यब्दसमो वारस्तथाब्दार्धसमा घटी सस्वकार्धाब्दतुल्यानि पलान्येतद्युतिर्ध्रुवः ।
जन्मवारादिसंयुक्तो ध्रुवस्सप्तविभाजितः शेषतुल्ये विजानीयाद् दिनाद्येऽब्द-प्रवेशनम्।।

अर्थात्—गत-वर्ष की संख्या जितनी हो उसको सवाया करके दिनादिक वर्ष संख्या को आधा कर घट्यादि और उसी वर्ष-संख्या को ड्योढ़ा कर पलादिक होता है । इन सबों को जोड़कर गतवर्ष की ध्रुवा होती है, उसमें जन्मवारादिक जोड़कर ७ के भाग देने से वर्ष-प्रवेश का वारादिक होता है ।

जैसे–गतवर्ष ३६ का सवाया दिन ४५।०।०

,, आधा घटी ०।१८।०

,, ड्योढ़ा पल ०।०।५४

———————————

जोड़ने से गतवर्ष का ध्रुवादिनादि = ४५।१८।५४

जन्मेष्टकाल दिनादि = १।४४।३५

———————————

जोड़ने से = ४७। ३।२९ दिन के स्थान में ७ का भाग देने से शेष = ५।३।२९ वर्षप्रवेश का दिनादि पूर्वतुल्य ही हुआ ।

अत्रोपपत्तिः–एकस्मिन् सौरवर्षे भास्करोक्तसावनदिनाद्यम् ३६५।१५'।३०'' । २''' तत्र क्रियालाघवार्थमाचार्येण किञ्चिदधिकं गृहीतम् ३६५।१५' ।३१'' ३०''' वाराः सप्तैवातः सप्ततष्टितम् १।१५'।३१''।३०''' अतोऽनुपातेन गतसौरवर्ष-सम्बन्धिसावनदिनाद्याम् = ग.व. (१।१५' ३१'' ३०''') = ग.व. (१+१५/६०।३१''+३०/६०) = ग.व. (१+१/४+६३''/२) = ग.व. (१+१/४+६३'/२×६०)

दि. घ.

= ग.व. (१+१/४+२१/४०) = ग.व. १+ ग.व. १/४ + ग.व. २१''/४० एतज्जन्मसमयादग्रतो गतवर्षसम्बन्धिदिनाद्यमतो

जन्मकालिकवाराद्येन सहितं सृष्ट्यादितो वाराद्यं, सप्ताधिके सप्ततष्टितमत उपपन्नम् ।। १६ ।।

वर्षप्रवेशकालिक तिथिसाधन—

**शिवघ्नोऽब्द स्वखाद्रीन्दुलवाढ्यः खाग्निशेषितः ।**
**जन्मतिथ्यन्वितस्तत्र तिथावब्दप्रवेशनम् ।। १७ ।।**

**व्याख्या**:- अब्द: शिवघ्न: स्वखाद्रीन्दुलवाढ्य: जन्मतिथ्यन्वित: खाग्निशेषित: (त्रिशद्भक्तावशिष्ट:) तत्र तिथौ अब्दप्रवेशनं (वर्षप्रवेश:) स्यात्।।१७।।

भा०–गतवर्ष को ११ से गुणाकर गुणनफल में अपना १७० वाँ भाग जोड़कर उसमें जन्मकालिक तिथिसंख्या मिलाकर ३० का भाग देने से जो शेष बचे उस तिथि में वर्षप्रवेश समझना ।। १७ ।।

विशेष– इस प्रकार तिथि के आनयन में कदाचित् १ तिथि का अन्तर भी हो सकता है, इसलिये १ तिथि आगे पीछे वर्षप्रवेश दिन में जो तिथि हो वही ग्रहण करनी चाहिये, क्योंकि वर्षप्रवेश का दिन वास्तव ही आता है ।। १७ ।।

उदाहरण–गतवर्ष ३६ को ११ से गुणाकर ३९६ इसमें इसी का १७० वाँ भाग 'लब्धि' २ जोड़ने से ३९८ इसमें जन्मतिथि (कृष्णपक्ष की दशमी की संख्या) २५ जोड़ने से ४२३ इसमें ३० का भाग देकर शेष ३ शुक्लपक्ष की तृतीया हुई । परञ्च पञ्चाङ्ग में देखने से तृतीया बुधवार को है और वारानयन-विधि-से गुरुवार आया है उक्त दिन चतुर्थी है, अत: वर्षप्रवेश की तिथि चतुर्थी ही सिद्ध हुई ।। १७ ।।

अत्रोपपत्ति:–एकस्मिन् सौरवर्षे तिथिप्रमाणम् ३७१। ३'।५२''।३०''' त्रिंशता तष्टितम् ११।३।५२।३० अतोऽनुपातेन गतसौरवर्ष-तिथ्यादिकम् = गव (११।३' ।५२''।३०''')

= गव ११।३।५३'') = गव (११+३' +५३'/६०) = (११+२३३'/६०) = गव (११+ २३३/६०×६०) = गव (११+ ११/१७०) स्वल्पान्तरात् । एतज्जन्मकालिकतिथ्यादिना सहितञ्चेत् तदा

शुक्लप्रतिपदादितस्तिथ्यादिकं स्यात् । तिथ्यस्त्रिंशत् तेन त्रिंशत्तष्टितमित्युपपन्नम्।। १७ ।।

प्रसङ्गवश-जन्मनक्षत्र ओर योग पर से वर्ष का नक्षत्र और योग का ज्ञान—

''अब्दो दसगुणो हीन: खवेदाश्विलवैर्निजै: ।

द्विधा जन्मभयोगाढ्यो भतष्टोऽब्दे भयोगकौ ।।''

गतवर्ष-संख्या को १० से गुणाकर उसमें अपना २४० वाँ भाग घटा कर फिर उसे दो स्थान में रखकर एक स्थान में जन्मनक्षत्र, दूसरे स्थान में जन्मयोग की संख्या जोड़कर पृथक्-पृथक् २७ का भाग देकर जो शेष बचे वह वर्षप्रवेश का नक्षत्र तथा योग होता है । कदाचित् १ अन्तर भी होता है ।

उदाहरण–गतवर्ष ३६ को १० से गुणाकर ३६० इसमें जन्म-नक्षत्र की संख्या २० मिलाकर ३८० हुआ इसमें २७ से भाग देकर शेष २ वर्ष-प्रवेशकालिक भरणी नक्षत्र हुआ । फिर उसी दशगुणित वर्ष संख्या ३६० में जन्मकालिक योग की संख्या ११ जोड़कर २७ का भाग देने से शेष १ वर्षप्रवेश दिन का विष्कुम्भयोग हुआ ।

जन्मलग्न से वर्षप्रवेशकालिक लग्न का ज्ञान—

''खरामनन्दघ्नगताब्दवृन्दात् त्रिघ्नाब्दवस्वंशयुतात् त्रिशत्या ।

अवाप्तराश्यादियुतं स्वजन्मलग्नं भवेदब्दविबेशलग्नम् ।।''

गतवर्ष संख्या को ९३० से गुणाकर उसमें त्रिगुणित गतवर्ष के अष्टमांश जोड़कर ३०० का भाग देकर लब्धराश्यादि को जन्मलग्न में जोड़ने से वर्षकालिकलग्न हो जाता है । यदि जोड़ने से संख्या १२ से अधिक हो तो उसे १२ से तष्टित कर लेना चाहिए ।

उदाहरण–गतवर्ष संख्या ३६ को ९३० से गुणाकर ३३४८० इसमें त्रिगुणित गतवर्ष १०८ के अष्टमांश १३।३० मिलाकर ३३४९३।३० में ३०० के भाग देकर राश्यादि १११।१९।२१।० में जन्मलग्न संख्या ८ जोड़कर ११९।१९।२१।०, इसे १२ से तष्टित करने पर ११।१९।२१।० वर्षकालिक लग्न हुआ । परञ्च स्पष्टलग्नानयन ('तत्काले

सायनार्कस्य' इत्यादि आगे की) रीति से मेषलग्न आता है । इससे स्पष्ट है कि जन्मकालिक नक्षत्र, योग और लग्न से वर्षकालिक नक्षत्र, योग और लग्न में तिथि के समान ही ? अन्तर होता है । इसलिये सूक्ष्म प्रकार से ही लग्न आदि बनाकर फल कहना चाहिये ।

तात्कालिकस्पष्ट-ग्रहसाधन—

**गतैष्यदिवसाद्येन गतिर्निघ्नी खषड्हृता ।**
**लब्धमंशादिकं शोध्यं योज्यं स्पष्टो भवेद् ग्रहः ।। १८ ।।**

**व्याख्याः-** गतैष्यदिवसाद्येन गतिर्निघ्नी (ग्रहगतिर्गुणिता) खषड्हृता लब्धं अंशादिकं 'पक्तिग्रहे क्रमेण' शोध्यं, योज्यं 'तदा' स्पष्टो ग्रहो भवेत् ।। १८ ।।

भा०—गत दिनादि (ऋण-चालन) तथा एष्य दिनादि (धन-चालन) से ग्रहों की गति 'कला विकला' को गुणाकर ६० का भाग देने से लब्धि अंशादि को पंक्तिस्थ ग्रहों में क्रम से ऋण-चालन में घटाने और धन-चालन में जोड़ने से तात्कालिक स्पष्ट ग्रह होते हैं ।। १८ ।।

विशेष—पञ्चाङ्ग में जिस समय का स्पष्ट ग्रह बना रहता है वह पंक्तिकाल कहलाता है । यदि पंक्तिकाल ही इष्टकाल भी हो तो वे ही ग्रह इष्टकाल के भी होते है। यदि पंक्तिकाल से इष्टकाल आगे हो तो इष्टकाल के दिनादि में पंक्ति के दिनादि को घटाकर शेष एष्य दिनादि (धन-चालन) कहलाता है । यदि पंक्तिकाल से पहिले ही इष्टकाल हो तो पंक्ति दिनादि में इष्टदिनादि घटाने से शेष गत दिनादि (ऋण-चालन) कहलाता है । अभ्यासार्थ पद्य—

''ऋणाख्यं चालनं ज्ञेयमग्रपंक्तीष्टकालयोः ।
अन्तरं तु धनाख्यं स्यात्पृष्ठपंक्तीष्टकालयोः ।।" इति ।।

उदाहरण—चैत्रशुक्ल ४ गुरुवार इष्ट घटी ३।२९ है । और चैत्रशुक्ल ३ बुधवार की पंक्ति घटी ४५।७ है । यहाँ पंक्ति से इष्टकाल आगे है । अतः इष्ट के दिनादि ५।३।२९ में पंक्ति के दिनादि ४।४५।७ घटाने से ०।१८।२२ यह धन चालन (एष्यदिनादि) हुआ । अब एष्य दिनादि ०।१८।२२ से सूर्य की गति 'कला विकला' ५९।२६ को गुणाकर गोमूत्रिका क्रम से (अर्थात् विकलात्मक खण्ड से

गुणे हुए फल को एक स्थान आगे बढ़ाते हुए रखकर) योग करने से ०।१०६२।१७६६।५७२, इसको ६० से सबर्णन करने पर कलादि १८।११ इसमें ६० का भाग देने से अंशादि ०।१८।११ इसको (धन चालन होने के कारण) पंक्तिस्थ सूर्य के अंशादि में जोड़ने से तात्कालिक स्पष्ट सूर्य ११।१२।२२।१७ हुआ* इसी प्रकार मंगलादि ग्रहों की गति कला को चालन से गुणाकर जोड़ने से स्पष्ट होते हैं।

पंक्ति—

चै. शु. ३ बुध ४५।७ मि. मा.

सू. ११/१२/४/६ गति ५९/२६

मं. ०/०/३९/५७ गति ४४/१९

बु. ११/२/४३/२४ गति ११०/१७

बृ. ८/२/५८/५४/ गति ३/५

शु. १०/१८/३/२१ गति ७३/५५

श. १०/२०/४४/७ गति ७/४३

के. २/१७/२९/५७ गति ३/११

गणित क्रिया प्रदर्शन—

(०।१८।२२) ५९' =०।१०६२।१२९८

(०।१८।२२)×२६=४६८।५७२

————————————

योग करने से =०'।१०६२।१७६६।५७२

——————————————

६० से सवर्णन करने से = १०६२।१७६६।५७२

२९ ९

———————————

१०९१।१७७५

कलादि = १८'।११'' इसमें ६० का भाग देने से अंशादि ०।१८।११

पंक्तिस्थ सूर्य राश्यादि ११।१२।०४।१६।०।१८।११

———————————————

जोड़ने से स्पष्ट सूर्य = ११।१२।२२।१७

*इस प्रकार से साधित सूर्य यदि जन्मकालिक सूर्य के राश्यादि तुल्य हो तो वर्षप्रवेश के वारादि को शुद्ध समझना । यदि कलादि में कुछ अन्तर हो तो वर्ष तन्त्र अ० १ श्लोक ३-६ के नियम से शुद्ध कर लेना चाहिये ।

विशेष–जो ग्रह वक्री हो उसमें विपरीत करने (अर्थात् धन चालन फल को घटाने से और ऋण चालन फल को जोड़ने) से स्पष्ट होता है । इसी लिये राहु केतु के सर्वदा वक्रगति होने के कारण विपरीत संस्कार किया जाता है । अत: यहाँ धन चालन फल को घटाने से केतु स्पष्ट किया गया है ।।

इस प्रकार–तात्कालिक स्पष्टग्रह चक्र

सू. ११/१२/२२/१७/५९/२६

मं. ०/०/५३/३१/४४/१९

बु. ११/३/१७/९/११०/१७

बृ. ८/२/५९/५१/३/५

शु. १०/१८/२५/५९/७३/५५

श. १०/२०/४६/२९/७/४३

के. २/१७/२८/५९/३/११

च. ०/२०/४९/२/८५०/४९

ग्र. राश्यादि गति

विशेष–अधिक गति होने के कारण चालन से स्पष्ट चन्द्रमा ठीक नहीं आता है । इसलिये तात्कालिक भयात और भभोग पर से ही चन्द्रमा स्पष्ट होता है । अत: भयात और भभोग की सरल परिभाषा—

नक्षत्रारम्भत: स्वेष्ठकालं यावत् गतं भवेत् ।

घट्यादिकं भयातं तत्, भोगो भभोगक: ।।

अर्थात् नक्षत्र जब से आरम्भ होता है तब से इष्टकाल पर्यन्त जितना घटी-पल व्यतीत हुआ हो वह भयात, तथा नक्षत्र के आरम्भ से अन्त पर्यन्त

(सम्पूर्ण मान) भभोग कहलाता है । इस प्रकार पञ्चाङ्ग से भयात और भभोग का ज्ञान सुलभ है ।। १८ ।।

उपपत्ति:—यद्येकेन दिनेन ग्रहगतिकला लभ्यन्ते तदा मिश्रकालेष्टकालान्तररूपेण गतैष्यदिवसाद्येन किमित्यनुपातेन लब्धा गतैष्यदिवसादिसम्बन्धिन्यो ग्रहगतिकलास्ता: षष्टिभक्ता: फलमंशाद्यम् = $\frac{\text{ग्र ग क} \times \text{ग ए दि–}}{१ \times ६०}$ इति

गतदिवसाद्युत्पन्नफलं मिश्रकालिकग्रहेषु ऋणमेष्यदिवसाद्युत्पन्नफलन्धनं कार्यन्तदेष्टकाले ग्रहा भवन्ति । अत उपपन्नम ।। १८ ।।

भयात और भभोग पर से चन्द्रसाधन—

**खषड्घ्नं भयातं भभोगोद्धृतं तत् खतर्कघ्नधिष्ण्येषु युक्तं द्विनिघ्नम् ।**
**नवाप्तं शशी भागपूर्वस्तु भुक्ति: खखाभ्राष्टवेदा भभोगेन भक्ता: ।। १९ ।।**

**व्याख्या:-** भयातं खषड्घ्नं भभोगोद्धृतं 'यत् फलं' तत् खतर्क-( ६० ) घ्नधिष्ण्येषु युक्तं, द्विनिघ्नं, नवाप्तं भागपूर्व: शशी (चन्द्र:) स्यात् । तु (पुन:) खखाभ्राष्टवेदा ४८००० भभोगेन भक्ता भुक्ति: (भवति) ।। १९ ।।

भा०–भयात को ५० से गुणाकर भभोग का भाग देने से जो लब्ध हो उसको ६० से गुणित गत नक्षत्र की संख्या में जोड़ना, फिर उसे २ से गुणाकर ९ का भाग देने से अंशादि स्पष्ट चन्द्रमा होता है । और ४८००० में भभोग का भाग देने से चन्द्रमा की गति स्पष्ट होती है ।। १९ ।।

उदाहरण–भयात ३१।४०। भभोग ५६।२५ है । अब भयात के एक जातीय (पलात्मक) १९०० को ६० से गुणा करने से ११४००० इसमें भभोग के एक जातीय पल ३६८५ का भाग देने से ३३।४०।४१, इसमें गत नक्षत्र अश्विनी की संख्या १ को ६० से गुणाकर = ६० जोड़ने से ९३।४०।४१, इसको २ से गुणाकर १८७।२१।२२ इसमें ९ का भाग दिया तो लब्धि अंशादि २०।४९।२ चन्द्रमा हुआ । अत: स्पष्ट चन्द्रमा राश्यादि ०।२०।४९।२ हुआ । तथा भभोग को ६० से गुणाकर एक जातीय बनाने के कारण ४८००० को भी ६० से गुणाकर २८८०००० इसमें

भभोग ५६।२५ के एक जातीय ३३८५ का भाग दिया तो लब्धि ८५०।४ चन्द्रमा की स्पष्ट गति हुई ।। १९ ।।

उपपत्ति:–अधिकगतिवशाच्चन्द्रस्यानयनन्तद्भुक्तनक्षत्रेभ्य: क्रियते–यदि भभोगघटीभिरेकं नक्षत्रं लभ्यते तदा भयातघटीभि: किमित्यनुपातेन लब्धं वर्तमाननक्षत्रस्य गतावयवरूपम = $\frac{१ \times भया.}{भभो.}$ । इदं गताश्विन्यादिनक्षत्रसहितं जातश्चन्द्रभुक्ताश्विन्यादिनक्षत्रमानम् = ग.न. + $\frac{१ \times भया.}{भभो.}$ । ततोऽनुपातो यदि सप्तविंशतिनक्षत्रैशचक्रांशा लभ्यन्ते तदा चन्द्रभुक्तनक्षत्रै: किमित्यागताश्चन्द्रभुक्तांशा:– = $\frac{३६० \times (ग.न. + १ \times भया./भभो.)}{२७}$

= $\frac{६ \times ६० \text{ (ग.न. + ३ × भया./भभो.) = २ (६० ग.न.+६० भया/भभो)}}{२७}$

अत उपपन्नं भागपूर्व इत्यन्तम् । अथ भुक्त्यानयनम्—तत्र चक्रकला: सप्तविंशत्या भक्ता लब्धा मध्यमानेनैकनक्षत्रस्य भोगकला: = २१६००/२७ = ८०० ततोऽनुपातो यदि भभोग घटीभिरष्टौ शतानि कला: लभ्यन्ते तदा षष्टिघटीभि: किमित्यागता व्यवहारयोग्या तात्कालिकी चन्द्रगति = ८०० × ६०/ भभो. = ४८०००/ भभो. अत उपपन्नम् ।। १९ ।।

दशम-लगनसाधनार्थं नत-उन्नत साधन—

**पूर्वं नतं स्याद्दिनरात्रिखण्डं दिवानिशोरिष्टघटीविहीनम् ।**
**दिवानिशोरिष्टघटीषु शुद्धं द्युरात्रिखण्डं त्वपरं नतं स्यात् ।। २० ।।**

**व्याख्या**:- दिनरात्रिखण्डं (दिनार्धं रात्र्यर्धं च) 'क्रमात्' दिवानिशो: इष्ट-घटी-विहीनं 'चेत्' तदा पूर्वं नतं स्यात्। 'चेत्' दिवानिशो: इष्टघटीषु क्रमेण, द्युरात्रिखण्डं शुद्धं तदाऽपरं (पश्चिमं) नतं स्यात् ।। २० ।।

भा०–दिनार्ध में दिनगत घटी और रात्र्यर्ध में रात्रिगत घटी घट जाय तो शेष पूर्व नत, तथा दिनगत इष्ट-घटी में ही दिनार्ध, और रात्रिगत इष्टघटी में रात्र्यर्ध घट जाय तो पश्चिम नत होता है ।। २० ।।

उदाहरण–यहाँ दिनार्ध १५।९ से दिनगत ३।२९ अल्प है, इसलिये दिनार्ध में इष्टघटी घटाने से ११।४०, यह दिवा पूर्व नत हुआ ।। २० ।

उपपत्ति:–ऊर्ध्वयाम्योत्तरवृत्तादुदयक्षितिजावधि: पूर्वकपालस्तथास्तक्षितिजावधि: पश्चिमकपाल: । एवमधोयाम्योत्तरवृत्तादस्तक्षितिजावधि: पूर्वकपालस्तथोदयक्षितिजावधि: पश्चिमकपाल: क्षितिजादूर्ध्वस्थे रवौ दिनमध: स्थिते रात्रिरिति बालैरपि ज्ञायते । अथ याम्योत्तरवृत्ताद्ग्रहावध्यहोरावृत्ते नतं, क्षितिजावधि दिनार्द्धम् । अधोयाम्योत्तरवृत्तात् क्षितिजावधि रात्र्यर्द्धम् । दिवोदयक्षितिजाद् ग्रहावधिर्दिनगतेष्टकाल:, रात्रावस्तक्षितिजाद् ग्रहावधिको रात्रिगतेष्टकाल: अतो दिवा पूर्वकपालस्थे ग्रहे दिनार्द्धादिष्टकालोऽल्पस्तेनेष्टकालोनन्दिनार्द्धं दिवापूर्वनतम्। तथा पश्चिमकपालस्थे ग्रहे दिनार्द्धादिष्टकालोऽधिकस्तेन दिनार्द्धोन इष्टकालो दिवा पश्चिमनतम् । एवं रात्रावपि नतवासना ज्ञेयेत्युपपन्नम् ।। २० ।।

विशेष–लग्नसाधन के लिये अयनांश साधन प्रकार—

''एकद्विवेदोनशकस्त्रिनिघ्नो भक्तो द्विशत्याऽयनभागका: स्यु: ।
अंशीकृतोऽर्कस्त्रिगुणो नखाप्तस्तावन्मिताभिर्विकलाभिराढ्या: ।।"

अर्थात्—शाके में ४२१ घटा कर शेष को ३ से गुणाकर २०० का भाग देने से वर्षादि में अयनांश होते हैं । तथा सूर्य को अंशात्मक बनाकर ३ से गुणाकर २० का भाग देने से जो लब्धि हो उतनी विकला अयनांश में मिलाने से इष्टकालिक अयनांश होते हैं ।

उदाहरण–शाके १८५७ में ४२१ घटाकर शेष १४३६ को ३ से गुणाकर ४३०८ इसमें २०० का भाग देने से लब्ध अंशादि २१।३२।२४, यह वर्षारम्भकालिक अयनांश हुआ । इसमें तात्कालिक सूर्य ११।१२।२२।१७ के अंश ३४२ को ३ से गुणाकर १०२६ इसमें २०

का भाग देने से लब्धि विकला ५१, वर्षारम्भकालिक अयनांश में जोड़ने से तात्कालिक अयनांश २१।३३।१५ हुए ।। २० ।।

अथ लग्नानयन—

**तत्काले सायनार्कस्य भुक्तभोग्याशंसङ्गुणात् ।**
**स्वोदयात्खाग्नि ३० लब्धं यद्भुक्तं भोग्यं रवेस्त्यजेत् ।। २१ ।।**
**इष्टनाडी-पलेभ्यश्च गतगम्यान्निजोदयात् ।**
**शेषं खत्र्या ३० हतं भक्तमशुद्धेन लवादिकम् ।। २२ ।।**
**अशुद्ध-शुद्धभे हीन युक्तनुर्व्ययनांशकम् ।**

**व्याख्या**:- तत्काले सायनार्कस्य भुक्तभोग्यांशसङ्गुणात् स्वोदयात् खाग्नि ( ३० ) लब्धं (त्रिशदाप्तं पलादिकं) यत् रवेः भुक्तं, भोग्यं वा 'तत्' इष्टनाडी-पलेभ्य-स्त्यजेत् 'तथा' गतगम्यान् निजोदयान् च त्यजेत्। शेषं खत्र्याहतं अशुद्धेन भक्तं 'लब्धं' लवादिकं अशुद्धशुद्धभे 'क्रमेण' 'हीनयुक्' 'तत् पुनः' व्ययनांशकं (अयनांशहीनं) तनुः (लग्नं) भवति ।। २१-२२१/२ ।।

भा०–तात्कालिक स्पष्ट सूर्य में अयनांश जोड़ने से सायन सूर्य होता है। यदि भुक्त प्रकार से लग्न बनाना हो तो सायन सुर्य के भुक्तांश से, यदि भोग्य प्रकार से लग्न बनाना हो तो भोग्यांश से, उसी राशि के स्वदेशीय उदय पल को गुणाकर ३० का भाग देने से क्रम से सूर्य का भुक्त पल और भोग्य पल होता है। उसको पलात्मक इष्टकाल में घटाना फिर शेष पलों में भुक्त प्रकार से गत राशियों के उदयमान्, भोग्य प्रकार हो तो गम्य (अग्रिम) राशियों के उदय मान घटायें, जिन राशियों के मान घट जायें वे शुद्ध संज्ञक, तथा जिसका मान न घटे वह अशुद्ध संज्ञक समझना । अन्त में इष्टकाल के बचे (शेष) पलों को ३० से गुणाकर अशुद्ध राशि के स्वोदयमान का भाग देने से लब्धि अंशादि को 'भुक्त प्रकार हो तो अशुद्ध राशि की संख्या में घटाने से' यदि भोग्य प्रकार से हो तो शुद्धराशि की संख्या में जोड़ने से, जो हो उसमें अयनांश घटाने से लग्न हो जाता है ।। २१-२२ ।।

विशेष–सायन सूर्य के भुक्तांश से लग्नसाधन भुक्तप्रकार, और भोग्यांश से भोग्य प्रकार कहलाता है । यदि ३० घटी से अल्प इष्टकाल हो तो उसके द्वारा भोग्य प्रकार से और ३० से अधिक इष्टकाल हो तो ६० में घटाकर शेष को इष्टकाल मानकर भुक्त प्रकार से लग्न बनाने में सुलभता और सूक्ष्मता होती है–कहा भी है—

''लग्नं सूर्योदयादिष्ट-दण्डैर्भोग्यप्रकारतः ।
षष्टिशुद्धेष्टदण्डैस्तु साध्यं भुक्तप्रकारतः ।।" इति ।

इसका विशेष वर्णन विवरण और लङ्कोदय आदि साधन सोदाहरण 'लग्नप्रदीप' में देखिये ।

''लङ्कोदय"

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मेष | २७८ | मीन, | वृष | २९९ | कुम्भ, | मिथुन | ३२३ | मकर, |
| कर्क | ३२३ | धन, | सिंह | २९९ | वृश्चिक, | कन्या | २७८ | तुला, |

''मिथिलोदय"

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मेष | २१८ | मीन, | वृष | २५१ | कुम्भ, | मिथुन | ३०३ | मकर, |
| कर्क | ३४३ | धन, | सिंह | ३४७ | वृश्चिक, | कन्या | ३३८ | तुला, |

उदाहरण–यहाँ इष्टकाल ३।२९ है, इसलिये भोग्य प्रकार से ही लग्न बनाने में सूक्ष्मता होगी । अतः स्पष्टसूर्य ११।१२।२२।१७ में अयनांश २१।३३।१५ जोड़ने से सायन सूर्य ०।३।५५।३२ इसके भोग्यांश २६।४।२७ इसको मेष के स्वोदय (मिथिलोदय) २१८ से गुणा करने से ५६८४।१३।४४ इसमें ३० का भाग देने से लब्ध भोग्य पल १८९।२८।२७ इसको इष्टघटी ३।२९ पलात्मक २०९ में घटाने से शेष १९।३१।३३ इसमें गम्य (मेष के अग्रिम) वृष का मान २५१ नहीं घट सकता है, इसीलिये वृष अशुद्ध संज्ञक और मेष शुद्धसंज्ञक हुआ । अब इष्टशेष १९।३१।३३ को ३० से गुणाकर ५८५।४६।३० इसमें अशुद्ध (वृष) के उदय २५१ का भाग देने से लब्ध अंशादि २।२०।२ इसमें शुद्ध राशि (मेष) की संख्या १ राशि जोड़ने से १।२।२०।२ फिर इसमें अयनांश २१।३६।१५ घटाने से राश्यादि लग्न ०।१०।४६।४७ हुआ ।। २१-२२।।

उपपत्तिः—तत्र लगतीति लग्नमिति व्युत्पत्येष्टकाले गर्भोदय-क्षितिजे क्रान्तिवृत्तस्य यः प्रदेशो लग्नस्तदेव लग्नम् । तस्य मेषादितो राश्यादिज्ञानं सावनेष्टकाल-तात्कालिकार्कज्ञानेन क्रियते—क्षितिजादूर्ध्वस्थे रवौ रविलग्नयोरन्तरे क्रान्तिवृत्ते रवेर्भोग्यांशा लग्नस्य भुक्तांशास्तदन्तर्वर्तिराश्यंशाश्च वर्तन्ते तथाऽर्कात् क्षितिजं यावदहोरात्रवृत्ते सावनेष्टकालस्तस्मिन् रवेर्भोग्यपलानि लग्नस्य भुक्तपलानि तदन्तरालराश्युदयपलानि च वर्तन्ते । तत्र रवेर्भोग्यपलज्ञानार्थमनुपातो—यदि त्रिंशदंशैरर्काधिष्ठितराश्युदयपलानि लभ्यन्ते तदा रविभाग्यांशैः किमिति लब्धानि रवेर्भोग्यपलानि = (ररास्वो × रभो अं)/३० एतानीष्टनाडीपलेभ्यः शोध्यानि शेषपलेभ्यो यावतां राशीनामुदयमानानि शुद्ध्येयुस्तानि शोध्यानि यस्य राशेरुदयमानं न शुद्ध्येत् सोऽशुद्धसंज्ञकस्तथावशिष्टपलानि लग्नस्य भुक्तानि ताभ्यो लग्नभुक्तांशानयनमनुपातेन यद्यशुद्धराश्युदयपलैस्त्रिशदंशा लभ्यन्ते तदा लग्नभुक्तपलैः शेषरूपैः किमिति लब्धा लग्नभुक्तांशाः = (३० × शेष)/अराउ एतत्सहिता शुद्धराशिसंख्या जातं नाडीक्रान्ति वृत्तसन्पातरूपमेषादितो लग्नस्य राश्यादिकमानम् । अत उपपन्नम् भोग्यप्रकारेण लग्नानयनम् । अथ यदि लग्नादग्रतो (क्षितिजादधो) रविर्वर्तते तदा लग्नरव्यन्तरे क्रान्तिवृत्ते लग्नस्य भोग्यांशा रवेर्भुक्तांशास्तदन्तरालराश्यंशाश्च वर्तन्ते । तथाऽहोरात्रवृत्तेऽर्कात् क्षितिजावधि रात्रिशेषेष्टकाले लग्नभोग्यपलानि रविभुक्तपलानि तदन्तरालराश्युदयपलानि च वर्तन्ते । तत्र पूर्ववदनुपातेन रवेर्भुक्तपलानि = (रराउ×रभुअं)/३० एतानीष्टपलेभ्यः शोध्यामि तथा रविलग्नान्तरालराश्युदयपलानि च शोध्यानि शेष लग्नस्य भोग्यपलमानमतोऽनुपातेन लग्नस्य भोग्यांशाः =(३०×शेष)/अराउ एतानशुद्धराशौ विशोध्य जातं सायनमेषादितो लग्नराश्यादिकमिदमयनांशोनितञ्जातं निरयणमेषादितो राश्यादिकं लग्नम् । आद्याचार्योदितानि फलानि निरयणमेषादित एवातो व्ययनांशकरणं सयुक्तिकम् । अतो व्ययनांशकमित्यन्तमुपपन्नम् ।। २२ ।।

दशमलग्नानयन—

**एवं लङ्कोदयैर्भुक्तं भोग्यं पलीकृतात् ।। २३ ।।**

**पूर्वपश्चान्नतादन्यत्प्राग्वत्तद्दशमं भवेत् ।। २३.५ ।।**

**व्याख्या**:- एवं लङ्कोदयैः सायनरवेः, भुक्तं, भोग्यं 'क्रमेण' पलीकृतात् पूर्वपश्चान्नतात् शोध्यं, अन्यत् 'कर्म' प्राग्वत् तत् दशमं 'दशमलग्नं' भवेत् ।। २३ ।।

भा०–इसी प्रकार लङ्कोदय से सायनसूर्य के भुक्त भोग्य पल साधन से पलात्मक पूर्वनत और पश्चिमनत में घटाना और क्रिया पूर्ववत् (लग्नानयन के समान ही) करने से दशमलग्न होता है । अर्थात्–पूर्वनत को इष्टकाल मानकर भुक्तप्रकार से, और पश्चिमनत को इष्टकाल मानकर भोग्य प्रकार से लङ्कोदय द्वारा लग्न बनाने से दशम लग्न होता है ।। २३-२३.५ ।।

उदाहरण–यहाँ दिनार्ध १५।९ में इष्टकाल ३।२९ घटाकर पूर्वनत ११।४ है । इसलिए भुक्तप्रकार से लङ्कोदय द्वारा दशम का साधन होगा । अतः सायन सूर्य ०।३।५५।३२ के भुक्तांश ३।५५।३२ को मेष के लङ्कोदय २७८ से गुणाकर १०९१।१८२६ इसमें ३० का भाग देने से भुक्तपल ३६।२२।३६ इसको पूर्वनत ११।४० के पल ७०० में घटाने से ६६३।३७।२४ फिर इसमें गत (सायनसूर्य के पीछे की) राशि मीन के लङ्कोदय २७८ घटाने से ३८५।३७।२४ फिर इसमें कुम्भ के लङ्कोदय २९९ घटाने से शेष ८६।३७।२४ इसमें मकर का लङ्कोदय ३२३ नहीं घटता है । अतः मकर अशुद्ध और कुम्भ शुद्ध संज्ञक हुआ । अब पल शेष ८६।३७।२४ को ३०से गुणा करने से २५९८।४२।० इसमें अशुद्ध मकर के लङ्कोदय ३२३ का भाग देने से अंशादि ८।२।४४ इसको भुक्त प्रकार होने के कारण अशुद्ध (मकर) की संख्या १० राशि में घटाने से ९।२१।५७।१६ इसमें अयनांश २१।३३।१५ घटाने से राश्यादि दशम लग्न ९।०।२४।१ हुआ।।२३.५ ।।

उपपत्तिः–एतेन नतकालात्तात्कालिकार्कज्ञानेन दशमलग्नानयनं करोति । दशमलग्नन्तूर्ध्वयाम्योत्तरक्रान्तिवृत्तसम्पातरूपम् । याम्योत्तरवृत्तं निरक्षदेशीय-क्षितिजमतोऽत्र राशीनां निरक्षोदयमानग्रहणमेव समुचितम् । पूर्वनते दशमलग्नादग्रतो

रविरतो दशमलग्नार्कान्तरे रविभुक्तांशा दशमलग्नभोग्यांश अन्तरालराश्यंशाश्च वर्तन्ते तथा तत्सम्बन्धीत्येव नतपलान्यहोरात्रवृत्तेऽर्काद्याम्योत्तरवृत्तावधिकानि भवन्त्यतः पूर्ववत् (प्रथमलग्नानयनवत्) रविभुक्तपलानि प्रसाध्यतानि, तदन्तरालराश्युदयपलानि च पूर्वनतपलेभ्यो विशोध्यानि, अवशिष्टपलानि दशमलग्नभोग्यपलान्येव तेभ्यो दशमलग्नभोग्यांशानानीयाशुद्धराशेर्विशोध्य दशमलग्नं राश्यादिकं ज्ञेयम् । एवम्पश्चिमनते दशमलग्नात् पृष्ठतो रविरतो रविभोग्यांशेभ्यो भोग्यपलान्यानीयोक्तदिशा दशमलग्नं राश्यादिकं सुबोधमत उपपन्नम्, प्राग्वत्तद्दशमम्भवेदित्युपपन्नं सर्वम् ।।२३.[५]।।

सन्धि सहित भावों का साधन प्रकार—

**सषड्भे लग्नखे जायातुर्यौ लग्नोनतुर्यतः ।। २४ ।।**
**षष्ठांशयुक् तनुः सन्धिरग्रे षष्ठांशयोजनात् ।**
**त्रयः ससन्धयो भावाः षष्ठांशोनैकयुक्सुखात् ।। २५ ।।**
**अग्रे त्रयः षडेवं ते भार्धयुक्ताः परेऽपि षट् ।**

**व्याख्याः-** लग्नखे सषड्भे 'क्रमेण' जायातुर्यौ (भावौ) भवत। लग्नोनतुर्यतः षष्ठांशयुक् तनुः सन्धिः स्यात्। अग्रे षष्ठांशयोजनात् त्रयः ससन्धयो भावा भवन्ति। षष्ठांशोनैकयुक् सुखात् अग्रे त्रयः 'ससन्धयः' भावा भवन्ति। एवं षड् भावाः। ते भार्धं ६ युक्ताः (षड्भसहिताः) परेऽपि षट् 'भावाः' भवन्ति ।। २४-२५।।

भा०–लग्न में ६ राशि जोड़ने से सप्तमभाव, और दशम में ६ राशि जोड़ने से चतुर्थभाव होता है । लग्न को चतुर्थभाव में घटाकर शेष के षष्ठांश को लग्न में जोड़ने से लग्न की सन्धि होती है । उसमें फिर षष्ठांश जोड़ने से द्वितीयभाव, द्वितीयभाव में षष्ठांश जोड़ने से द्वितीय की सन्धि, उसमें फिर षष्ठांश जोड़ने से तृतीयभाव, फिर उसमें षष्ठांश जोड़ने से तृतीय की सन्धि, इस प्रकार सन्धि सहित ३ भाव होते हैं । फिर उसी षष्ठांश को एक राशि (अर्थात् ३० अंश) में घटाकर शेष को चतुर्थभाव में जोड़ने से चतुर्थ की सन्धि, फिर सन्धि में जोड़ने से पञ्चमभाव, पञ्चभाव में उसी को जोड़ने से पञ्चम की सन्धि, फिर सन्धि में जोड़ने से षष्ठभाव और षष्ठभाव में जोड़ने में षष्ठ की सन्धि होती

है । इस प्रकार ६ भाव होते हैं । इन स-सन्धि ६ भावों में ६,६ राशि जोड़ने से सन्धि सहित सप्तम आदि द्वादश पर्यन्त ६ भाव होते हैं । इस प्रकार ससन्धि द्वादशभाव सिद्ध होते हैं ।। २४-२५ ।।

विशेष–दो-दो भावों के बीच में एक-एक सन्धि, और दो-दो सन्धियों के बीच में एक-एक भाव रहता है । जो पूर्व भाव की विरामसन्धि वही अग्रिम भाव की आरम्भ सन्धि कहलाती है । जैसे लग्न और धनभाव के बीच की सन्धि लग्न की विरामसन्धि और धनभाव की आरम्भ सन्धि कहलाती है । इसी प्रकार सब सन्धियों को समझना ।। २५ ।।

उपपत्ति:–क्रान्तिवृत्ताधोयाम्योत्तरवृत्तसम्पातश्चतुर्थलग्नम् । तथा क्रान्तिवृत्तपश्चिम क्षितिजसम्पात: सप्तमलग्नम् । महद्वृत्तयो: सम्पातद्वयं षड्भान्तरितं भवतीति गोलीयरेखागणितयुक्तया स्फुटमत: क्रान्तिवृत्तपूर्व-क्षितिजसम्पातरूपप्रथमलग्नात् सप्तमलग्नं षड्भान्तरितं तस्मात् प्रथमलग्नं सषड्भं सप्तमलग्नं भवति तथा दशमं सषड्भं चतुर्थलग्नं भवतीति सयुक्तिकम् ।

अथ लग्नचतुर्थलग्नयोरन्तरस्य क्रान्तिवृत्तप्रदेशस्य समाना: षड्विभागा ये तत्र लग्नादग्रत: प्रथम: षष्ठांशो लग्नद्वितीयभावयो: सन्धि: । द्वितीयो विभागो द्वितीयभाव: । तृतीयो भागो द्वितीयतृतीयभावयो: सन्धि: । चतुर्थो भागस्तृतीयभाव: । पञ्चमो विभागस्तृतीयचतुर्थभावयो: सन्धि: । षष्ठो विभागस्तु चतुर्थभाव एव । अतो लग्नचतुर्थ लग्नान्तरषष्ठांशेन (च-ल/६) सहितं लग्नं सन्धि: स्यादेव, स सन्धि: षष्ठांशेन सहितो द्वितीयभाव: । स च षष्ठांशसहित: सन्धि: । एवं षष्ठांशयोजनेन त्रय: ससन्धयो भावा भवितुमर्हन्तीत्युपपन्नम् ।

एवं चतुर्थलग्नसप्तमलग्नान्तरस्य क्रान्तिवृत्तखण्डस्य ये समा: षड्भागास्तेषु प्रथमश्चतुर्थपञ्चमयो: सन्धि: । द्वितीयो विभाग: पञ्चमो भाव: । एवं त्रय: ससन्धयो भावा: सन्ति । प्रथमलग्न-सप्तमलग्नान्तरं षड् राशयस्तेन प्रथमलग्नतुर्यलग्नान्तरोना: षड् राशयश्चतुर्थसप्तमयोरन्तरम् = ६—(च-प्रल) अतोऽस्य षष्ठांशेन १—(चल-प्रल/६) अनेन सहित: सुखभाव:

चतुर्थपञ्चमभावयो: सन्धि: = च + १— चल–ल/ ६ एवं षष्ठांशयोजनेन चतुर्थादग्रे त्रय: ससन्धयो भावा भवन्तीति ।

एवं सप्तमदशमयोरन्तरे सप्तमादय: ससन्धयस्त्रयो भावा: सन्ति । दशमप्रथमलग्नयोरन्तरे त्रय: ससन्धयो भावा वर्तन्ते । तथा च महद्वृत्तयो: सम्पातद्वयस्य षड्भान्तरितत्वाद्यदेव प्रथमसप्तमान्तरन्तदेव चतुर्थदशमान्तरमाभ्याश्चचतुर्थसप्तमान्तरोभयनिष्ठखण्डविशोधनेन यदेव लग्नतुर्यलग्नान्तरन्तदेव सप्तमदशमान्तरम् । अतो लग्नादयस्त्रय: ससन्धयो भावा: सषड्भा: सप्तमादयस्त्रय: ससन्धयो भावा: स्यु: । एवं यावदेव चतुर्थसप्तमान्तरं तावदेव दशमप्रथमान्तरमतश्चतुर्थादय: ससन्धयस्त्रयो भावा: सषड्भा: दशमादयस्त्रय: ससन्धयो भावा: स्युरित्युपपन्नभार्द्धयुक्ता: परेऽपि षडिति । सर्वे भावा द्वयोर्द्वयो: सन्ध्योर्मध्ये वर्तन्तेऽतोभावस्य पृष्ठस्थ: सन्धिरारम्भाख्यो भवति तथाऽग्रिमो विरामाख्यो भवतीति सर्वत्र ज्ञेयम् ।।२५।।

उदाहरण–लग्न ०।१०।४६।४७ में ६ राशि जोड़ने से–सप्तमभाव ६।१०।४६।४७, और दशम ९।०।२४।१ में ६ राशि जोड़ने से चतुर्थभाव ३।०।२४।१ हुआ । अब चतुर्थ में लग्न को घटाकर शेष २।१९।३७।१४ का षष्ठांश ०।१३।१६।१२।२० को लग्न ०।१०।४६।४७।० में जोड़ने से लग्न की सन्धि ०।२४।२।५९।२० इसमें फिर षष्ठांश को ही जोड़ने से सन्धि सहित ३ भाव हुए । स्पष्ट आगे चक्र १ में देखिए ।

फिर षष्ठांश ०।१३।१६।१२।२० को १ राशि में घटा कर शेष ०।१६।४३।४७।४० को चतुर्थभाव में पुन: पुन: जोड़ने से सन्धि सहित चतुर्थ, पञ्चम और षष्ट भाव हुए, चक्र २ में देखिये ।

लग्न में ६ राशि जोड़ने से सप्तम, लग्न की सन्धि में ६ राशि जोड़ने से सप्तम की सन्धि, एवं द्वितीय में ६ राशि जोड़ने से अष्टभाव, तृतीय में ६ राशि जोड़ने से नवम, चतुर्थ में ६ राशि जोड़ने से दशम, पञ्चम में ६ राशि जोड़ने से एकादश, तथा षष्ठ में ६ राशि जोड़ने से द्वादशभाव होता है । इस प्रकार सन्धि सहित द्वादशभाव नीचे चक्र में स्पष्ट है ।

चक्र १

| | |
|---|---|
| लग्न | ०/१०/४६/४७/० |
| षष्ठांश | ०/२३/१६/१२/२० |
| लग्न सं. | ०/२४/२/५९/२० |
| द्वि. भा. | १/०७/१९/११/४० |
| द्वि. सं. | १/२०/३५/२४/० |
| तृ. भा. | २/०३/५१/२६/२० |
| तृ. सं. | २/१७/७/४८/४० |

चक्र २

| | |
|---|---|
| च. भा. | ३/०/२४/१/० |
| षष्ठांशोनैक | ०/१६/४३/४७/४० |
| च. सं. | ३/१७/७/४८/४० |
| पं भाव | ४/०३/५१/३६/२० |
| पं. सं. | ४/२०/३५/२४/० |
| ष. भा. | ५/०७/१९/११/४० |
| ष. सं. | ५/२४/०२/५९/२० |

ससन्धि–द्वादशभाव चक्र

१ त. ०/१०/४६/४७/० सं ०/२४/२/५९/२०
२ ध. १/७/१९/११/४० सं. १/२०/३५/२४/०
३ स. २/३/५१/३६/२० सं. २/१७/७/४८/४०
४ सु. ३/०/२४/१/० सं. ३/१७/७/४८/४०
५ सु. ४/३/५१/३६/२० सं. ४/२०/३५/२४/०
६ रि. ५/७/१९/११/४० सं. ५/२४/२/५१/२०
७ जा. ६/१०/४६/४७/० सं. ६/२४/२/५९/२०
८ मृ. ७/७/१९/११/४० सं. ७/२०/३५/२४/०
९ ध. ८/३/५१/३६/२० सं. ८/१७/७/४८/४०
१० क. ९/०/२४/१/० सं. ९/१७/७/४८/४०
११ आ. १०/३/५१/३६/२० सं. १०/२०/३५/२४/०
१२ व्य. ११/७/१९/११/४० सं. ११/२४/२/५९/२०

लग्नानयन में विशेष—

**भुक्तं भोग्यं स्वेष्टकालान्न शुध्येत् त्रिंशन्निघ्नात्स्वोदयाप्तं लवाद्यम् ।**
**हीनं युक्तं भास्करे तत्तनुः स्याद्रात्रौ लग्नं भार्द्धयुक्ताद्रवेस्तु ।। २६ ।।**

**व्याख्याः-** भुक्तं भोग्यं 'यदि' स्वेष्टकालात् न शुद्धयेत् 'तदा' त्रिशन्निघ्नात् 'स्वेष्टकालात्' स्वोदयाप्तं भास्करे हीनं, युक्तं तत् तनुः स्यात्। रात्रौ (रात्रिगतेष्टकाले) भादर्धयुक्ताद्रवेः लग्नं साध्यम् ।। २६ ।।

भा०–पूर्व प्रकार से साधित सूर्य का भुक्त पल, और भोग्य पल यदि इष्टकाल के पल में नहीं घटे (अर्थात् इष्टकाल से अधिक हो) तो उस इष्टकाल को ही ३० से गुणाकर सायन रवि जिस राशि में हो उसके उदयमान से भाग देकर लब्धि अंशादि को सूर्य में भुक्तप्रकार हो तो घटाने से और भोग्य प्रकार हो तो जोड़ने से लग्न होता है । और यदि रात्रिगत इष्टकाल हो तो रवि में ६ राशि जोड़कर लग्न साधन करना चाहिये ।। २६ ।।

उदाहरण–मान लो कि पूर्वकथित दिन में इष्टकाल १।५९ है तो इसके पल १०९ में पूर्व साधित सायनसूर्य के भोग्यपल १८९ नहीं घट सकता, इसलिये पलात्मक इष्टकाल १०९ को ही ३० से गुणाकर ३२७० इसमें मेष के उदय २१८ का भाग देने से लब्धि अंशादि १५।०।० आया, इसको स्पष्ट सूर्य ११।१२।२२।१७ में जोड़ने से ११।२७।२२।१७ लग्न राश्यादि हुआ ।

यदि दिनमान से इष्टकाल अधिक हो तो उसमें दिनमान घटाकर शेष रात्रिगत इष्टघटी होती है । जैसे इष्टकाल ३३।४३ है तो इसमें दिनमान ३०।१८ घटाकर शेष रात्रिगत इष्टकाल ३।२५ इसी को इष्टकाल मानकर लग्न बनाना है, तो सायन-सूर्य में ६ राशि जोड़कर भोग्य प्रकार से लग्न बनेगा।

जैसे–राश्यादि सायनसूर्य ४।२१।१।५६ इसमें ६ राशि जोड़ने से १०।२१।१।५६ इसके भोग्यांश ८।५८।४ इसको (सायनसूर्य कुम्भ में है अत: कुम्भ के स्वोदय २५१ से गुणा करने से २२५०।५४।४४ इसमें ३० का भाग देकर लब्ध भोग्य पलादि ७५।१।४९ इसको इष्टकाल ३।२५ के पल २०५ में घटाकर शेष १२९।५८।११ इनमें अग्रिम मीन का उदय २१८ नहीं घटता है अत: मीन अशुद्ध हुआ । अब शेष १२९।५८।११ को ३० से गुणाकर ३८९९।५।३० इसमें अशुद्ध (मीन) के उदय २१८ का भाग देने से लब्ध अंशादि १७।५३।८ को शुद्ध राशि कुम्भ की संख्या ११ में जोड़ा तो ११।१७।५६।८ इसमें अयनांश २१।२५।३ घटाने से प्रथम लग्न राश्यादि १०।२६।२८।५ हुआ ।। २६ ।।

उपपत्ति:–यदा लग्नार्कावेकस्मिन्नेव राशौ स्तस्तदा रवेर्भुक्तांशतोऽथवा भोग्यांशतो लग्नार्कान्तरांशा अल्पा भवन्त्यत एव लग्नार्कान्तरांशोत्पन्नासुरूपेष्टकालादर्कस्य भुक्तासवोऽथवा भोग्यासवोऽधिका एवातस्तत्रेष्टपलेभ्य एवानुपातेन लग्नार्कान्तरांशानेतान् ३० × इघ/राउ आनीय लग्नादधिकेऽर्के विशोध्य हीनेऽर्के संयोज्य लग्नं भवितुमर्हत्येति स्फुटमेव । रात्रिगतेष्टकाले यावन्त एवास्तक्षितिजरव्यन्तरांशास्तावन्त

एवोदयक्षितिजसषड्भसूर्ययोरन्तरांशा इति गोलीयरेखागणितेन स्फुटमेवेत्यतो-ऽस्तक्षितिजाद् यावद्रात्रिगतेष्टघटिकाग्रे रविस्तावद्दिनगतघटिकाग्रे सषड्भसूर्य उदयक्षितिजात् तिष्टतीत्यतो रात्रिगतेष्टकाले भार्धयुक्तरवितो लग्नाननयने लाघवं स्फुटमेवेत्युपपन्नम् ।। २६ ।।

भाव और सन्धिग्रहों के फल—


**खेटे भावसमे पूर्णं फलं सन्धिसमे तु खम् ।। २७ ।।**
**खेटे सन्धिद्वयान्तःस्थे फलं तद्भावजं भवेत् ।**
**हीनेऽधिके द्विसन्धिभ्यां भावे पूर्वाऽपरे फलम् ।। २८ ।।**

**व्याख्याः-** भावसमे खेटे पूर्णं फलं, सन्धिसमे (सन्ध्यंशादितुल्ये) खेटे तु खे (शून्यं) फलं भवति। सन्धिद्वयान्तस्थे (सन्धिद्वयमध्यस्थे) खेटे तद्भावजं फलं भवेत् । द्विसन्धिभ्यां हीनेऽधिके 'क्रमेण' पूर्वापरे भावे फलं भवेत्।।२७-२८।।


भा०–जब ठीक भाव के तुल्य ग्रह होते हैं तो उस भाव का पूर्णफल देते हैं । और ठीक-ठीक सन्धि के बराबर होते हैं तो शून्य (कुछ भी नहीं) फल देते हैं । जिन दो सन्धियों के बीच में ग्रह हों वे, उन्हीं दोनों सन्धि के बीच वाले भाव का फल देते है । भाव की आरम्भसन्धि से अल्प ग्रह पूर्वभाव में और विरामसन्धि से अधिक ग्रह अग्रिम भाव में ही अपना फल देते है ।।२७-२८।।

इसलिये जिन दो सन्धियों के बीच ग्रह हों, उसको उन दो सन्धियों के बीच वाले भाव में लिखने से लग्न राशिकुण्डली के अनुसार भावकुण्डली में कभी-कभी कोई ग्रह १ स्थान आगे पीछे भी पड़ जाता है ।

जैसे उपरोक्त वर्षलग्नकुण्डली—



भावकुण्डली—




स्पष्ट ग्रह देखिये–लग्न कुण्डली में द्वादश स्थानस्थ सूर्य ११।१२।२२।१७ यह व्ययभाव की आरम्भ और विरामसन्धि के मध्य में है इसलिये यह व्ययभाव में ही लिखा जायेगा और उसी भाव का फल भी देगा । तथा लग्नकुण्डली में तृतीय स्थानस्थ केतु २।१७।२८।५९ यह तृतीयभाव की विरामसन्धि से २१ विकला अधिक है इसलिये केतु भावकुण्डली के चतुर्थभाव में लिखा जायेगा और फल भी चतुर्थभाव का ही देगा । इसी प्रकार देखकर सब ग्रह को भावकुण्डली में लिखना चाहिये । भावकुण्डली देखिये।।२७-२८।।

उपपत्तिः–आरम्भसन्धितो भावस्य प्रवृत्तिर्भवत्यतस्तत एव फलस्य प्रवृत्तिर्भवितुं योग्या विरामसन्धौ च भावस्य निवृत्तिस्तत्रैव फलस्य शून्यत्वं भवितुमर्हत्यतस्तयोर्मध्ये (भावाग्रे) फलस्य पूर्णत्वञ्च समुचितमेवातः ''खेटे भावसमे पूर्ण फलं सन्धिसमे तु खम्" इति दिव्यदृगाद्योदितं सयुक्तिकम् । तथारम्भसन्धितोऽल्पो ग्रहः पूर्वस्मिन् भावे वर्ततेऽतस्तत्फलमपि पूर्वभावजमेव समुचितं तथा विरामसन्धितोऽधिको ग्रहोऽग्रिमभावे स्यादतस्तत्फलमप्यग्रिम-भावजमेव तथा सन्धिद्वयमध्यस्थिते ग्रहे फलमपि सन्धिद्वयमध्यस्थभावजं भवितुमर्हत्यत उपपन्नं सर्वम् ।। २७-२८ ।।

**ज्यौतिषशास्त्र में भ्रम-लग्न साधन का क्रम!**

यवनों द्वारा जब से भारतीय संस्कृति और संस्कृत साहित्य का विनाश प्रारम्भ हुआ, संस्कृत-पठन पाठन बन्द कर दिये गये और उन लोगों ने अपने

मत का प्रचार कराना प्रारम्भ कर दिया, तब से कुछ समय के लिये भारत में संस्कृत साहित्य का लोप सा हो गया । पुन: विवेकशील-यवन सम्राट् के समय में संस्कृत विद्या का प्रचार प्रारम्भ हुआ । उस समय में यवनों द्वारा निर्मित यवन भाषा में ज्यौतिष ग्रन्थों का संस्कृत में अनुवाद कराया गया और यहाँ के लोगों को वही पाठ पढ़ाया गया, जो कोई बचे-खुचे महर्षि प्रणीत ग्रन्थों का अध्ययन-अध्यापन करते थे, उनको राजदण्ड दिया जाता था । इस हेतु उस समय भारत में प्रौढ़ त्रिस्कन्धज्यौतिषविज्ञों का अभाव सा हो गया । पश्चात् यवन ज्यौतिषियों ने प्रमाद या अपने कुतर्क से दृष्टफलोपयुक्त सिद्धान्त-स्कन्धोक्त भवृत्तीय स्वस्वदेशोदय सिद्ध लग्न से ही लग्न (तनु) आदि भावों की कल्पना की जिसे यवनों से वेतन पाने वाले भारतीय (नीलकण्ठ) आदि ज्यौतिषियों ने उनके मत से ही अदृष्ट फल कथनार्थ में भी दृष्टफलोपयुक्त लग्न का ही साधन प्रकार बनाया । जिसमें अनेक दोष दृष्टिगोचर होने पर ज्यौतिषतत्त्वज्ञ स्वदेशभक्त कमलाकर भट्ट आदि ने उसका विरोध किया, किन्तु यवनों के प्राबल्य से उनके सद्विचार भी सब नहीं समझ सके, जो कोई समझे भी वे प्रचार नहीं कर सके । इसलिये यवनों का मत अन्धपरम्परा बन गयी और सब अपनी परम्परा को भूल गये, जिसको बीसवीं विक्रम शताब्दी में भी काशी हिन्दूविश्वविद्यालय-ज्योतिष-विभागाध्यक्ष त्रिस्कन्धज्यौतिषविज्ञ पं० रामयत्न ओझा ने समझा–तदन्तर मैंने जब ओझा जी कृत 'फलितविकाश' को देखकर पूर्ण अनुसन्धान किया तो निश्चित हो गया कि वास्तव में हम लोग इतने दिन भ्रम में थे और हैं । इस विषय को स्पष्ट उदाहरणों के द्वारा पाठकों के उपकारार्थ संक्षेप में यहाँ लिख रहा हूँ । यथा—

नक्षत्राणां समूहो य: स राशिरिति कथ्यते ।
भवृत्तस्यार्कभागोऽपि राशिरेवाभिधीयते ।।

आकाश में जो नक्षत्रों (ताराओं) के समूह हैं, उसे ही राशि कहते हैं, एवं क्रान्तिवृत्त के बारहवें भाग को भी राशि ही कहते हैं ।

सूर्य अपनी पूर्वाभिमुखगति से जिस मार्ग से चलता हुआ प्रतीत होता है उसे भवृत्त या क्रान्तिवृत्त कहते हैं । उसके निकटस्थित रेवतीतारान्त बिन्दु से

क्रान्तिवृत्त से तुल्य १२ भाग मेषादि नाम से १२ राशियाँ कही जाती हैं । मेषादि प्रतिराशि के आदि और अन्तर्गत दो-दो कदम्बप्रोतवृत्त के बीच में जितने नक्षत्र समूह हैं उन सबों की मेष आदि राशि ही संज्ञा है । वे ही नक्षत्रबिम्बों के समूह राशि का शरीर तथा क्रान्तिवृत्त में राशि का स्थान कहा जाता है ।

इसलिये स्थान और बिम्ब (देह) भेद से राशि दो प्रकार की होती है । उनमें नक्षत्रबिम्बसमूहरूप राशि तो प्रत्यक्ष दृश्य है, तथा स्थानरूप राशि तो क्रान्तिवृत्तस्थित बिन्दुरूप है ।

कोशकारों ने राशियों के उदय को लग्न नाम कहा है, वे क्षितिज में लगने के कारण अन्वर्थ संज्ञक हैं । राशियों के दो भेद होने के कारण लग्न भी दो प्रकार के होते हैं एक भबिम्बीय (नक्षत्रबिम्बोदयवश), द्वितीय भवृत्तीय (क्रान्तिवृत्तीय-स्थानोदयवश) ।

उन दोनों प्रकार के लग्नों में–जन्म यात्रा-विवाह-यज्ञादि सत्कर्मों में भबिम्बीय लग्न फलप्रद होता है । तथा ग्रहण आदि (ग्रह नक्षत्र बिम्बोदयान्त) प्रत्यक्ष विषय के कालादि ज्ञान के लिये भवृत्तीय लग्न का प्रयोजन होता है । अतएव 'अदृष्टफल' सिद्ध्यर्थ विवाह, यात्रादि कार्य में बिम्बीय लग्न और ग्रहणादि काल ज्ञानार्थ स्थानीय लग्न को ग्रहण करना चाहिये ।

उपपत्ति:–इसकी यह है कि-राशि के बिम्बों के क्षितिज में उदय होने से उसकी किरणें पृथ्वी पर फैलती हैं । उन किरणों के गुण (शुभ या अशुभ) का प्रभाव समय और प्राणियों पर पड़ता है, इसलिये अदृष्ट फल प्राप्ति की कामना से यात्रा विवाहादि में बिम्बीयलग्न ग्रहण करने का मुनियों ने आदेश किया है । तथा भवृत्तीय (बिन्दुरूप) लग्न से ग्रहण में-ग्रास-स्पर्श मोक्षादि का सूक्ष्म ज्ञान होता है । इसलिये दृष्ट विषय ज्ञानार्थ अपने-अपने स्थानीय उदयमान सिद्ध भवृत्तीय लग्न का उपयोग करने का आदेश है ।

मुनियों ने बिम्बोदय (लग्न) से तनु-धन आदि भावों के फल ज्ञानार्थ तुल्य मान से १२ भावों की कल्पना की है । इसलिये ही बिम्बीय लग्न का भावलग्न नाम रखा गया है । उन बारह (१२) राशियों के उदयमान तुल्य ५, ५ घटी होते हैं । इसलिये समस्त पृथ्वी पर जन्म लेनेवालों के शुभाशुभ फल

जानने के लिये सर्वत्र ५ घटी मान से ही १२ भावों का साधन किया है । तथा ग्रहणादि ज्ञानार्थ गणित (सिद्धान्त) स्कन्ध में कान्तिवृत्तीय लग्न ग्रहण किया है, प्राणियों को अपनी-अपनी दृष्टि से ही कोई दृश्य पदार्थ प्रत्यक्ष होता है, इसलिये सिद्धान्त स्कन्ध में अपने-अपने स्थानीय भवृत्तीय राश्युदय द्वारा लग्न साधन किया है ।

प्राणियों को सदा राशि के बिम्बवश ही शुभाशुभ फल की प्राप्ति होती है, क्रान्तिवृत्तगत बिन्दुरूप-स्थान से नहीं ।

जिस समय भवृत्तीय स्थान बिन्दुओं का अपने-अपने क्षितिज में उदय होता है उस समय सब नक्षत्रों के बिम्बों का उदय नहीं होता है । स्थान के उदय समय में नक्षत्रों के बिम्ब अपने-अपने शर के द्वारा या तो क्षितिज के ऊपर अथवा क्षितिज से नीचे रहते हैं । २४ से अधिक अक्षांश देश में सब नक्षत्रों की सदा ही यही स्थिति रहती है । (क्योंकि अश्विन्यादि सब नक्षत्रों के कुछ न कुछ शर उपलब्ध होते ही हैं ) ।

तस्माद् दृष्टफलायैव विलग्नं क्रान्तिवृत्तगम् ।
अदृष्टफलसिद्ध्यर्थं बिम्बीयं भावसंज्ञकम् ।।
साधितं मुनिवर्यैस्तन्न ज्ञात्वाज्ञेन केनचित् ।
यवनेन प्रमादाद्वा कुतर्काद्वा स्फुटभ्रमात् ।।
स्वस्वदेशोदयैः सिद्धाल्लग्नोनात् तुर्यभावतः ।
षष्ठांशयोजनाद् भावा आर्षभिन्नाः प्रसाधिताः ।।
अभवन् सहसा केचिद् विज्ञास्तदनुगास्ततः ।
भारते यवनाक्रान्ते परतन्त्रत्वमागते ।।
ज्योतिर्विदोऽत्र सर्वेऽपि संमील्य ज्ञानलोचनम् ।
विस्मृत्यैव शुभां रीतिं नीलकण्ठमुखा विदः ।।
अन्धेन नीयमानान्धा इव संचलिता मुधा ।।

इसी (ऊपर कहे हुए) हेतु से दृष्टफल (ग्रहण, ग्रहबिम्बोदयादि) ज्ञान के लिये स्वस्वदेशोदयसिद्ध स्थानीय लग्न तथा अदृष्ट (विवाह यात्रादि में शुभाशुभ) फलज्ञानार्थ बिम्बीयभावलग्न का साधन मुनियों ने किया । किन्तु किसी ने

मुनियों के कहे हुए तत्त्व को न जानकर प्रमाद या कुतर्क अथवा स्वदेशोदयसिद्ध लग्न को स्पष्ट (भावलग्न से अच्छा) होने के भ्रम से स्वदेशोदयसिद्धलग्न से ही आर्षविरुद्ध द्वादशभावों का साधन प्रकार ''लग्नोनतुर्यत:, षष्ठांशयुक्" इत्यादि बनाया । फिर सहसा (इस प्रकार में दोषों को बिना विचारे ही प्रमादवश) बहुत से ज्योतिषी भी उसके अनुयायी बन गये । एवं भारत पर यवनों के आक्रमण से परतन्त्र हो जाने पर सब ज्यौतिषियों ने इसी मत को अपनाया, फिर नीलकण्ठ आदि भी अपने ज्ञानरूप नेत्र को मूँदकर अन्धे के सहारा चलने वाले अन्धों के समान चलने लगे जो परम्परा-सी बन गई ।

तत: परं श्रीकमलाकरेण ज्योतिविदम्भोजदिवाकरे ।
विनिन्द्य शर्वानपि जातकज्ञान् ग्रन्थे निजे तत्त्वविवेकसंज्ञे ।।
यथोदितं च स्वमतं तथाहं वदामि विज्ञा ? इह तन्मुखोक्तया ।
''महर्षिभि: स्वीयकृतौ निरुक्ता लग्नांशतुल्या रविसंख्यका ये ।।
भावा: समा एव सदा फलार्थं ग्राह्यास्त एव ग्रहगोलविद्भि: ।
मुन्युक्तभावत् परतोऽपि पूर्वं तिथ्यंशकैस्तस्य फलं निरुक्तम् ।।
लोकेषु मूर्खोदरपूरणार्थं मूर्खैर्विलग्नाद्रविसंख्यका ये ।
भावा निरुक्ता: स्वधियात्वनार्षा: सम्यक् फलार्थं नहि तेऽवगम्या: ।।"

''तदनन्तर इस अनर्थ को देखकर ज्योतिर्वित् कमल वन में सूर्य के समान श्रीकमलाकरभट्ट ने अपने तत्त्वविवेक नामक अति श्रेष्ठ सिद्धान्त ज्यौतिषग्रन्थ में उन ज्यौतिषियों की निन्दा करते हुए जिस प्रकार अपना मत कहा है उसको मैं उन्हीं शब्दों में ही यहाँ कहता हूँ ।।" यथा–''महर्षियों ने अपने ग्रन्थ में लग्न के अंश तुल्य ही (लग्न राश्यादि मे एक एक राशि जोड़कर) अंशवाले तुल्य उदयमान से जो द्वादशभावों का साधन किया है–हे ग्रहगोलज्ञ! सर्वदा फल (अदृष्ट फल) ज्ञानार्थ उन्हीं भावों को ग्रहण करना चाहिये । उन मुनियों के कहे हुए भावों से १५ अंश पूर्व से १५ अंश आगे तक (पूरे ३० अंश के भीतर) उस भाव का फल कहा गया है । किन्तु लोक में मूर्खों ने अपने सदृश मूर्खों के पेट पालने के लिये अनार्ष (आर्षविरुद्ध स्वस्वोदुमानसिद्ध) जो

द्वादशभावों की (अपने कुतर्क द्वारा कल्पना की है उन भावों को फलकथन विवाह यात्रादि) में कभी भी उपयुक्त नहीं मानना चाहिये ।

इस प्रकार भट्ट का कहना सर्वदा सत्य और युक्ति संयुक्त है, इसका कारण मैं भी पूर्व कह चुका हूँ , तथा और भी सुनिये ।

पृथ्वी पर रहने वाले सबके क्षितिज में जिस प्रकार बिम्बीय १२ राशियों के उदय सर्वदा होते हैं, उस प्रकार स्थानीय (भवृत्तीय) सब राशियों के उदय नहीं होते हैं ।

भूगोल में रेखारूप क्रान्तिवृत्त की स्थिति पूर्वापर रूप है । अत: भचक्र के पूर्वापर भ्रमण होने के कारण सर्वत्र सबके क्षितिज में क्रान्तिवृत्तीय सब राशियों के उदय नहीं होते हैं । किन्तु बिम्बीय राशियों की स्थिति दक्षिणोत्तर भाव से (उत्तर कदम्ब से दक्षिण कदम्ब तक) सावयवरूप फैले हुए हैं, इसलिए भचक्र के पूर्वापर भ्रमण होने के कारण पृथ्वी पर रहने वाले सबके क्षितिज में सब बिम्बीय राशियों के उदय होते ही हैं । इस विषय को गोलगणितज्ञजन अच्छी तरह जानते हैं ।

किसी स्थान में १० ही स्थानीय राशियों के उदय होते हैं तो कहीं ८, कहीं ६, कहीं ४, और कहीं २ ही राशि का सदा उदय होता है । इस विषय को अच्छी तरह गोलज्ञजन जानते हैं । ऐसी स्थिति है तो-जिस स्थान में सब राशियों के उदय नहीं होते हैं–वहाँ द्वादशभावों की सिद्धि किस प्रकार हो सकती है ।

इस पृथ्वी पर ६६ अक्षांश स्थान में जब कदम्ब तारा नित्य खमध्य में आती है तो एक साथ १२ राशियों का उदय होता है, उस समय वहाँ कौन लग्न माना जाय ? ।

राशि का आधा (१५ अंश) होरा होती है । इस बात को सब मानते हैं, इसलिये राशिलग्नोदयमान का आधा होरालग्नोदयमान होना चाहिये । यह भी सब पण्डित जानते हैं । जब होरालग्न का उदयमान अढ़ाई घटी हो तो लग्न का मान पाँच घटी होना चाहिये । इस स्वत: सिद्ध बात को एक बालक (अबोध) भी जान सकता है फिर बुद्धिमान् की तो बात ही क्या ? ।

इस प्रकार अदृष्टफलार्थ स्वस्वोदयलग्न में अनेको असङ्गति है । जैमिनि मत से आयुदार्य साधन करने में सभी विज्ञजन होरालग्न तो मुन्युक्त (अढ़ाई घटी मान सिद्ध) लेकर बिचार करते हैं किन्तु वहाँ लग्नमान स्वदेशोदयसिद्ध लेते हैं इससे आश्चर्य और क्या हो सकता है ? जहाँ पलभा १ ३ है वहाँ होरालग्न के उदयमान स्वोदयसिद्ध पूर्णलग्न का अल्प हो जाता है । क्या यह महाआश्चर्य नहीं है ?

यथा उदाहरण–पलभा १ ३, इसको १०से गुणा करने से प्रथम चरखण्ड १ ३ ० इसको मेष के लङ्कोदयमान २७८ में घटाने से मेष राशि (३० अंश) उदयमान १४८ पल और होरा लग्न (१५ अंश) का उदयमान अढ़ाई घटी अर्थात् १५० पल होता है ।

एवं जहाँ पलभा २८ है वहाँ मीन और मेष का स्वदेशोदय पल शून्य से भी अल्प हो जाता है, वहाँ स्वोदय द्वारा किस प्रकार भावों की सिद्धि हो सकती हैं ।

उदाहरण–पलभा २८ इसको १० से गुणा करने से प्रथम चरखण्ड २८०, इसको मेष लङ्कोदय में घटाने से मीन और मेष का स्वोदय ऋणात्मक दो पल होता है, जो शून्य से भी अल्प है ।

और भी–मुनियों का कथन है कि–मीन लग्न के अन्त और मेष लग्न के आरम्भ में आधा-आधा घटी लग्नगण्डान्त होता है । उसको सब सत्कार्यों में त्याग देना चाहिये । किन्तु जहाँ स्वदेशोदय सिद्ध लग्नमान गण्डान्त घटी के तुल्य या उससे भी अल्प हो तो हे विज्ञजन ! वहाँ मुनि वचनों की सङ्गति किस प्रकार हो सकती है ।

एवं जैमिनि-पराशरादि–महर्षियों ने–जन्म, यात्रा, विवाहादि के लिये भू-केन्द्रिय दृष्टिवश लग्न आदि द्वादशभावों का साधन करके त्रिकोण (१-५-९) भावेशों के शुभप्रद और द्वितीय सप्तमभावेशों को मारकेश (मरण कारक) बताया है । अष्टमभाव को 'मृत्यु' और नवमभाव को 'धर्म या भाग्य' स्थान कहा है । इसलिए सबों ने (भारतीय महर्षि-आचार्य और यवनाचार्य) मेषलग्न में जन्म लेने वालों के लिये मङ्गल को लग्नेश, सूर्य को पञ्चमेश और गुरु को

धर्मेश होने के कारण नित्य सर्वत्र शुभप्रद तथा शुक्र को द्वितीयेश और सप्तमेश होने से मारकेश (मरणकारक) बताया है । वृष लग्न वालों के लिए धर्मेश और कर्मेश होने के कारण शनि को राजयोग कारक कहा गया है । मिथुन लग्न वालों के लिये बुध को लग्नेशसुखेश होने से शुभप्रद कहा है । तथा कर्क लग्न वालों के लिये लग्नेश होने के कारण चन्द्रमा को शुभ और केन्द्र त्रिकोणेश होने के कारण मङ्गल को राजयोग कारक बताया है (देखिये बृहत्पाराशरादि आर्षग्रन्थ या यवन जातकादि ग्रन्थ) । एवं मृत्यु (८) भाव के द्रेष्काण को मरणकारक कहा गया है तथा महर्षियों और यवनों के सब ग्रन्थों में–रवि और चन्द्रमा को केवल एक भाव का स्वामी तथा मङ्गलादिग्रहों को दो दो भावों का स्वामी कहा गया है । तदनुसार ही सब लग्नों में ग्रहों की स्थिति से शुभाशुभ फल भी कहा है ।

ये सब बातें आर्षलग्न (सर्वत्र तुल्योदय) सिद्ध भावों से ही सिद्ध हो सकती है, अनार्ष (स्वस्वोदय) सिद्ध लग्न भावों द्वारा नहीं । क्योंकि स्वस्वोदय द्वारा सर्वत्र सब भावों की सिद्धि हो ही नहीं सकती, तथा एक ही ग्रह ३, ४, ५, ६ भावों के स्वामी हो जाने से सब फलित ग्रन्थ व्यर्थ हो जाते हैं । भारत से बाहर के देश में सहस्रों दोष उत्पन्न होते हैं । भारत में भी कभी सूर्य और चन्द्रमा २, २ भावों के स्वामी हो जाते, कभी मङ्गलादि ग्रह ३, ४ भावों के स्वामी हो जाते हैं, वहाँ भी फलित ग्रन्थों की व्यर्थता हो जाती है ।—

अन्यत्र की बात जाने दीजिये—भारत के प्रधान नगर काशी में ही देखिये, स्वोदयसिद्ध लग्न से कितना अनर्थ होता है ।

उदाहरण–जन्मस्थान काशी । संवत् २०१५ अधिक श्रावण शुक्ल १ गुरुवार सूर्योदय समय में किसी का जन्म हुआ । इष्टकाल = ०।०, सूर्य ३०।४४।२८, अयनांश २३।१५।३२, दिनार्थ १६, ४८ ।।

स्वोदय सिद्ध (अनार्ष) भाव—

तनु ३/०/४४/२८/०

धन ३/२८/९/४/२०

सह ४/२५/३३/४०/४०

सुख ५/२२/५८/१७/०

पुत्र ६/२५/३३/४०/४०

रिपु ७/२८/९/४/२०

तुल्योदयसिद्ध (आर्षभाव)—

तनु ३/०/४४/२८

धन ४/०/४४/२८

सह ५/०/४४/२८

सुख ६/०/४४/२८

पुत्र ७/०/४४/२८

रिपु ८/०/४४/२८

अनार्ष—

स्त्री ९/०/४४/२८/०

मृत्यु ९/२८/९/४/२०

धर्म १०/२५/३३/४०/४०

कर्म ११/२२/५८/१७/०

आय ०/२५/३३/४०/४०

व्यय १/२८/९/४/२०

आर्ष—

स्त्री ९/०/४४/२८

मृत्यु १०/०/४४/२८

धर्म ११/०/४४/२८

कर्म ०/०/४४/२८

आय १/०/४४/२८

व्यय २/०/४४/२८

यहाँ अनार्ष लग्न भावों को देखिये–तनुभाव में कर्क और धन भाव में भी कर्क है । लग्नेश भी चन्द्रमा और द्वितीयेश भी चन्द्रमा । इस प्रकार चन्द्र ही

लग्नेश और मारकेश भी सिद्ध होता है, जब कि चन्द्रमा किसी भी फलित ग्रन्थों में २ भावों का स्वामी नहीं कहा गया है । तथा कर्क लग्न वालों के लिये–मङ्गल को (५, १०) त्रिकोणकेन्द्राधिप होने से निश्चिर 'राजयोगकारक' कहा गया है। जो यहाँ अनार्ष लग्न से प्रत्यक्ष षष्ठायपति सिद्ध होता है, जिसे परम अनिष्ठ कारक बताया गया है तथा एक ही शनि तीन भावों का स्वामी होता है । इस प्रकार काशी में ही एक ही भाव के ३ ग्रह स्वामी तथा एक ही ग्रह ३ भावों का स्वामी हो जाता है ।

एवं सब ग्रन्थों में लग्न से २२वाँ द्रेष्काण (अर्थात् मृत्युभाव के प्रथम द्रेष्काण) को मृत्युकारक कहा गया है । २२वाँ द्रेष्काण तो लग्न (कर्क) से ७ राशि के अनन्तर कुम्भ मे ही हो सकता है । किन्तु यहाँ अनार्षलग्नभाव से मकर का तृतीय द्रेष्काण है, जो लग्न से २१वाँ पड़ता है । एवं प्रत्येक भावों के फलों में प्रत्यक्ष विपरीत्य हो जाता है ।

परञ्च आर्षलग्न और भावों को देखिये–इससे जैसे फलितग्रन्थों (आर्ष या अनार्ष सबों) में फल कहे गये हैं, वे सभी सङ्गत होते हैं ।

यह तो काशी की स्थिति है । भारत में ही काश्मीर आदि स्थान में जहाँ ८ या १० पलभा है, सहस्रशः दोष उपस्थित होते हैं ।

**स्थानलग्नवशाद्यस्माद् भावसिद्धिर्न जायते ।**
**तस्माद् जातकयात्रादौ भावलग्नात् फलं वदेत् ।।**

चूँकि स्वोदयमानसिद्ध लग्न से भावसिद्ध नहीं होती अतः भावलग्न से ही फल कहना चाहिये ।

**''एवं प्रत्यक्षदोषेऽपि तन्मार्गमनुयान्ति ये ।**
**यान्तु ज्ञानाक्षिहीनास्ते, किन्तु सद्दृग्युता अपि ।।**
**गच्छेयुस्तत्सरण्या चेत् ततो दुःखतरं हि किम् ? ।**
**यतो हि रक्षिते लग्ने धर्मरक्षा भवत्यतः ।।**
**रक्ष्यन्तामार्षपद्धत्योऽथ वा ताभ्यो जलाञ्जलिः ।।**
**दीयतामिति पन्थानौ द्वावेव भवतां पुरः ।।**

**दृग्मीलितदृष्ट्येदं पश्यद्भिर्ज्ञानचक्षुषा ।**
**आत्मानं साक्षिणं कृत्वा येनेष्टं तेन गम्याताम् ।।"**

जहाँ शुभकृत्य के लिये आर्षपद्धति से 'धनुलग्न' निश्चित रूप से होना चाहिये, वहाँ अनार्षपद्धति से कभी धनु, कभी वृश्चिक और कभी मकर हो जाते है । इसको धर्मपद्धति पर कुठाराघात नहीं तो और क्या कहा जा सकता है ।

जिन्होंने संहिता-होरा और सिद्धान्य ज्योतिष का अध्ययन किया है वे इस विषय को अच्छी तरह जानते हैं और जानेंगे, उन सुहृद्वर्गो से मेरी करबद्ध प्रार्थना है कि आप असत् मार्ग को छोड़कर सत्यपथ पर चलें । इतने दिन हम लोगों ने प्रमादवश जो किया वह तो बीत गया उसके लिये पण्डितों को शोक नहीं करना है, आगे फिर प्रमाद न हो ऐसा यत्न सर्वदा करना चाहिये ।

अब मैं यात्रा यज्ञ-विवाह-जातकादि के शुभाशुभ फल ज्ञानार्थ मुनियों ने जिस लग्न का आदेश और उसका साधन जिस प्रकार बतलाया है–उसे सकल साधारणजनों के उपकारार्थ-सोदाहरण दिखलाता हूँ ।

यथा–जन्मकालादि से शुभाशुभ फल समझने के लिये–मैत्रेय से महर्षि पराशर ने कहा है–

**''अथाहं संप्रवक्ष्यामि तवाग्रे द्विजसत्तम ? ।।**
**भाव-होरा-घटी-संज्ञ-लग्नानीति पृथक् पृथक्" ।।**

महर्षि पराशर ने कहा, हे द्विजश्रेष्ट (मैत्रेय) ! अब मैं भावलग्न, होरालग्न और घटीलग्न को पृथक्-पृथक् कहता हूँ ।

वि०–स्वभावत: प्राणियों के मन में सामान्यतया शरीर, धन, पराक्रम, सुख, सन्तान, आरोग्य, स्त्री, आयु, धर्म, कर्म आय और व्यय इन भावों का उदय हुआा करता है, उसके शुभाशुभत्व मुख्यतया जिस काल के द्वारा होता है उसको भावलग्न कहते हैं । सूर्योदय के अनन्तर ६० घटी में १ भचक्र भ्रमण के कारण–१२ राशियों के उदय हो जाते हैं । अत: नाक्षत्रअहोरात्र में ६० घटी होने के कारण ५-५ घटी में एक-एक भावराशि का उदय हुआ करता है ।

अत: लग्न साधन प्रकार—

**इष्टं घट्यादिकं भक्त्वा पञ्चभिर्भादिकं फलम् ।**
**योज्यमौदयिके सूर्ये भावलग्नं स्फुटं च तत् ।।**

सूर्योदय से घट्यादि इष्टकाल में ५ के भाग देकर लब्धि राश्यादि फल को औदयिक सूर्य में जोड़ने से स्पष्ट भावलग्न होता है ।

वि०—पूर्व कहा जा चुका है कि लग्न दो प्रकार के होते हैं । उनमें अपनी-अपनी दृष्टिवश (अपने-अपने स्थानीय राश्युदय द्वारा सिद्ध) जिस लग्न से ग्रहणादि की गणना होती है वह केवल 'लग्न' शब्द से बोधित किया गया है । तथा जिससे उपरोक्त भावों के फल का ज्ञान होता है, वह 'भावलग्न' से व्यवहृत है । उसके अन्तर्गत उसी के सूक्ष्म अवयव आधा और पञ्चमांश के उदय होरालग्न और घटीलग्न नाम से व्यवहृत है ।

**तथा सार्धद्विघटिका–मितादर्कोदयाद् द्विज ।**
**प्रयाति लग्नं तन्नाम होरालग्नं प्रचक्षते ।।**
**इष्टघट्यादिकं द्विघ्नं पञ्चाप्तं भादिकं च यत् ।**
**योज्यमौदयिके भानौ होरालग्नं स्फुटं च तत् ।।**

एवं अढ़ाई घटीमान से जिसका उदय मान होता है उसे होरालग्न कहा गया है । उसका साधन प्रकार यह है कि–इष्ट घटीपल को २ से गुणा करके उसमें ५ का भाग देने से जो अंशादि लब्धि हो उसको उदयकालिक सूर्य में जोड़ने से राश्यादि होरालग्न होता है ।

घटीलग्न साधन—

**कथयामि घटीलग्नं श्रृणु त्वं द्विजसत्तम ।**
**सूर्योदयात् समारभ्य स्वेष्टकालावधि क्रमात् ।।**
**एकैकघटिकामानात् लग्नं यद्याति भादिकम् ।**
**तदेव घटिकालग्नं कथितं नारदादिभि: ।।**
**राशयस्तु घटीतुल्या: पलार्धप्रमितांशका: ।**
**योज्यमौदयिके भानौ घटीलग्नं स्फुटं हि तत् ।।**

हे द्विजोत्तम ! अब मैं घटीलग्न कहता हूँ । सूर्योदय से आरम्भ करके अभीष्टकालपर्यन्त एक-एक घटी मान से जो बीतता है–उसको नारदादि महर्षियों ने घटीलग्न कहा है । उसका साधन प्रकार यह है कि–इष्टकाल जितनी घटी हो उतनी राशिसंख्या तथा जितने पल हों उसके आधा अंशादि मानकर औदयिक सूर्य में जोड़ने से राश्यादि घटीलग्न स्पष्ट हो जाता है ।

वि०–सूर्य में राश्यादि फल जोड़ने से १२ से अधिक हो तो उसे १२ से शेषित कर लेना चाहिये ।

भावलग्न साधनोदाहरण—

औदयिक सूर्य ५।२४।१४।४८, सूर्योदय से इष्टघटीपल ११।१३, इसमें ५ के भाग देने से राश्यादि २।७।१८ लब्धि को औदयिक सूर्य में जोड़ने से ८।१।३२।४८ यह राश्यादि भावलग्न अर्थात् तनुभाव हुआ । इसमें १५ अंश जोड़ने से सन्धि होती है और लग्न में १ राशि जोड़ने से ९।१।३२।४८ यह द्वितीय भाव । एवं आगे भी सन्धि और भाव समझना चाहिए ।

यथा–द्वादशभाव चक्र

| | | |
|---|---|---|
| त– | १ | ८/१/३२/४८ |
| सं | | ८/१६/३२/४८ |
| ध– | २ | ९/१/३२/४८ |
| सं | | ९/१६/३२/४८ |
| भ्रा– | ३ | १०/१/३२/४८ |
| सं | | १०/१६/३२/४८ |
| सु– | ४ | ११/१/३२/४८ |
| सं | | ११/१६/३२/४८ |
| पु.– | ५ | ०/१/३२/४८ |
| सं | | ०/१६/३२/४८ |
| रि– | ६ | १/१/३२/४८ |
| सं | | १/१६/२/४८ |
| का– | ७ | २/१/३२/४८ |

सं २/१६/३२/४८
मृ– ८ ३/१/३२/४८
सं ३/१६/३२/४८
ध– ९ ४/१/३२/४८
सं ४/१६/३२/४८
क– १० ५/१/३२/४८
सं ५/१२/३८/४८
आ– ११ ६/१/३२/४८
सं ६/१६/३२/४८
व्य– १२ ७/१/३२/४८
सं ७/१६/३२/४८

स्पष्टग्रह—

र. ५/२४/२६/१ शेष. ५९/३२
चं. ४/१०/३३/५८ शेष. ८२६/२१
मं. ५/६/१/१ शेष. ३९/५
बु. ५/२८/३८/५५ शेष. २७/५१. ब
गु. ४/१/५५/४५ शेष. १०/३९
शु. ६/६/६/४० शेष. ७४/२६
श. २/२६/२८/९ शेष. ६/३७
रा. ७/२७/३/५ शेष. ३/११
के. १/२७/३/५ शेष. ३/११

लग्नचक्र लिखने की रीति—

**लग्नराशिः पुरः स्थाप्यस्ततो राशीन् क्रमाल्लिखेत् ।**
**तत्र तत्र ग्रहः स्थाप्यो यस्मिन् राशौ च यः स्थितः ।।**


१२ कोष्ठों का एक चक्र बनाकर उसके प्रथम (सामने वाले) कोष्ठ में लग्न राशि को लिखकर आगे क्रम से सब राशियों को लिखें, फिर जो ग्रह जिस राशि में हो उस राशि में उसको लिखे ।

चलित भावचक्र—


**एवं भावफलं ज्ञातुं भावचक्रं पृथग् लिखेत् ।**
**सन्धेरल्पो ग्रहः पूर्व-भावे स्थाप्योऽधिकोऽग्रिमे ।।**
**सन्ध्यंशादिसमे सन्धौ ततो वाच्यं शुभाशुभम् ।**
**जन्म-यात्रा-विवाहादि-सत्कर्मसु विचक्षणैः ।।**

इस प्रकार भावों के फल जानने के लिये एक भावचक्र पृथक् लिखना चाहिये । उसमें सन्धि से ग्रह अल्प हो तो पूर्व भाव में, सन्धि से अधिक हो तो अग्रिम भाव में ग्रह को लिखना । यदि सन्धि के अंशतुल्य ग्रह के अंश हो तो उसी सन्धि स्थान में उस ग्रह को लिखना चाहिये ।

राशिलग्नकुण्डली




चलितभावकुण्डली




जैसे–भावलग्न धनु है अतः चक्र के प्रथम (सम्मुख) स्थान में ९ लिखकर क्रम से सब राशि लिखी गई है । उसमें सूर्य कन्या राशि में है अतः ६ में सूर्य लिखा गया ।

इस प्रकार लग्नराशि कुण्डली में सूर्य दशवें स्थान में है, तथा दशवाँ कर्म भाव है, उसके अग्रिम सन्धि से सूर्य अधिक है अत: उस सन्धि के अगले भाव (११ भाव) में सूर्य लिखा गया । एवं अन्य अन्य ग्रहों को लिखकर उपरोक्त चक्र में दिखाया है । दोनों प्रकार कुण्डली का प्रयोजन—

**राशिचक्राच्च खेटानां चिन्त्यं स्थानादिजं बलम् ।**
**स्वोच्च-स्वराशि-मित्रर्क्ष-नीचाद्याश्रयजं फलम् ।।**
**सूर्याद् वेशिमुखा योगाश्चन्द्राच्च सुनफादय: ।**
**संख्याश्रयादिका योगा विचिन्त्या दैवचिन्तकै: ।।**
**ग्रहयोगफलं तद्वत् फलं खेटर्क्षयोगजम् ।**
**किन्तु-केन्द्रत्रिकोणादि संज्ञा चक्रद्वयादपि ।।**

लग्नराशि चक्र में स्थित ग्रहों के उच्च-गृह-नीच-मित्रगृह आदि तथा सूर्य से वेशि, वाशि आदि एवं चन्द्रमा से अनफा, सुनफादि योग तथा संख्या, आश्रय और नाभस आदि योग, ग्रहराशियोग आदि का विचार लग्नराशि चक्र से ही करना चाहिये । किन्तु भाव या ग्रह से केन्द्र, त्रिकोण आदि संज्ञा दोनों चक्र ही से समझना चाहिये ।

**लग्नाद्भावफलं यद् यद् ग्रहयोगात् प्रकीर्तितम् ।**
**तत् तत् शुभाशुभं सर्वं भावचक्राद् विचिन्तयेत् ।।**
**खेटे भावसमे पूर्णं शून्यं सन्धिसमे स्मृतम् ।**
**फलं तद्भावखेटोत्थं ज्ञेयं मध्येऽनुपातत: ।।**

लग्न से तनु आदि भावों में ग्रहयोग सम्बन्धी जो जो फल गये हैं उनको भावचक्र से समझना चाहिये । भाव के अंशादि तुल्य ग्रह हों तो पूर्ण फल और सन्धि के अंशादि तुल्य हों तो शून्यफल एवं सन्धि और भाव के बीच में हों तो अनुपात से फल समझना चाहिये ।

वि०–अनुपात यह है कि–सन्धि से १५ अंश अन्तर पर (भावतुल्य होने से) पूर्णफल (६० कला) तो इष्ट सन्धि ग्रहान्तर में क्या ? इस त्रैराशिक से लब्धि भावफल = ६०' (सं ग्र)/१५ = ४' (सं ग्र) । इससे उपपन्न होता है कि–

''सन्धिग्रहान्तरांशाद्यं वेदैः क्षुण्णं कलादिकम् ।

फलं तद्भावखेटोत्थं विज्ञेयं दैवचिन्तकैः ।।

अर्थात् सन्धि ग्रहान्तरांश संख्या को ४ से गुणा करने से भाव फल का मान होता है । जैसे सूर्य–५।२४।१४।४८ और सन्धि ५।१६।३२।४८ इन दोनों का अन्तर अंशादि ७।४२।० को ४ से गुणा करने से ३०।४८।० यह सूर्य सम्बन्धी ११ भाव का फल प्रमाण हुआ ।

एवं कलादि फल ४० से ऊपर पूर्ण, ४० से नीचे २० तक मध्यम और २० से अल्प हो तो हीन समझा जाता है ।

होरालग्नोदाहरण–इष्टघटी ११।१३ को दूना करने से २२।२६, इसमें ५ का भाग देने से लब्धि राश्यादि ४।१४।३६ को औदयिक सूर्य ५।२४।१४।४८ में जोड़ने से १०।८।५०।४८ यह राश्यादि होरालग्नमान हुआ ।

घटीलग्नोदाहरण–इष्ट घटीपल ११।१३, घटी तुल्य ११ राशि और पल १३ के आधा ६ अंश ३० कला इसको औदयिक सूर्य में जोड़ने से ५।०।४४।४८ यह राश्यादि—घटीलग्नमान हुआ ।

भावों का विंशोपक फल—

**ग्रहसन्ध्यन्तरं कार्यं विंशत्या २० गुणितं भजेत् ।**

**भावसन्ध्यन्तरेणाप्तं फलं विंशोपकाः स्मृताः ।। २९ ।।**

**व्याख्या**:- ग्रहसंध्यन्तरं (भावतोऽग्रे ग्रहे विरामसन्धिना, भावतः पृष्ठस्थे आरम्भसन्धिना ग्रहान्तरं) कार्यं 'तत्' विंशत्या गुणितं भावसन्ध्यन्तरेण भजेत् प्राप्तं फलं विंशोपकाः स्मृताः ।। २९ ।।

भा०–जिस भाव और सन्धि के बीच में ग्रह हो उस सन्धि और ग्रह का अन्तर करना, उसको २० से गुणाकर गुणनफल में भाव और सन्धि के अन्तर का भाग देना, लब्ध विंशोपात्मकभाव का फल होता है ।। २९ ।।

विशेष–भाव के बराबर ग्रह हो तो भावफल सम्पूर्ण २० होता है । इस (उक्त) प्रकार से विंशोपक फल १४ से अधिक आवे तो पूर्ण ही समझना, १४

से अल्प ७ पर्यन्त मध्यम, और ७ से अल्प हीन फल समझना चाहिये । इसलिये सन्धि में अंश तुल्य ग्रह का अंश होता है तो फल १ से भी अल्प होता है ।। २९ ।।

उदाहरण–स्पष्टसूर्य ११।१२।२२।१७ यह द्वादशभाव और उसकी सन्धि के मध्य में है, इसलिये द्वादश की सन्धि ११।२३।५९।१४ से सूर्य ११।१२।२२।१७ को घटाकर शेष ११।३६।५७ के एकजातीय ४१८१७ को २० से गुणाकर ८३६३४० इसमें द्वादशभाव और सन्धि के अन्तर १६।४८।२३ के एकजातीय ६०४०३ का भाग देने से लब्ध विंशोपक फल १३।५१ (स्वल्पान्तर से) इससे सिद्ध हुआ कि सूर्य का द्वादशभाव सम्बन्धी फल मध्यम मीन से होगा ।। २९ ।।

उपपत्तिः–भावप्रवृत्तौ फलस्य प्रवृत्तिः, ततः क्रमोपचयेन भावाग्रे पूर्णता ततः क्रमोपचयेन सन्धौ फलस्य नाशः, अतो मध्येऽनुपातो-यदि भावतुल्ये ग्रहे भावसन्ध्यन्तरतुल्यग्रहान्तरेण पूर्ण फलं विंशतिसमं तदेष्टसन्धिग्रहान्तरेण किमिति = २० × (ग्र सं) = भा सं फलं विशोपकसंज्ञं यतः पूर्णफलं विंशतिसममेव कल्पितम् ।। २९ ।।

पञ्चवर्गी बलसाधनार्थ राशिस्वामी और द्रेष्काणपति—

**भोमोशनः सौम्यशशीरविविवित्सितारेज्यार्किमन्दाङ्गिरसो गृहेश्वराः ।**
**आद्याः कुजाद्या रवितोऽपि मध्यमा, सितातृतीयाः क्रियतो दृकाणपाः ।। ३० ।।**

**व्याख्याः-** भौमोशनः सौम्यशशीरविविवित्सिताऽऽरेज्यार्किमन्दाङ्गिरसो गृहेश्वराः (मेषादिराश्यधिपाः) भवन्ति। क्रियतः (मेषारभ्य) आद्याः सिताद्याः मध्यमाः (द्वितीयाः) रवितः, तृतीयाः, सितात् दृवकाणपाः 'भवन्ति' ।। ३० ।।

भा०–मङ्गल, शुक्र, बुध, चन्द्र, रवि, बुध, शुक्र, मङ्गल, गुरु, शनि, शनि और गुरु ये क्रम से मेषादि १२ राशियों के स्वामी हैं। प्रथम द्रेष्काण हो तो मेषादि राशियों में क्रम से मङ्गलादि ग्रह, द्वितीय द्रेष्काण हो तो रव्यादि ग्रह, तथा यदि तृतीय द्रेष्काण हो तो शुक्रादि ग्रह द्रेष्काणपति होते हैं ।। ३० ।।

विशेष–राशि का तृतीयांश द्रेष्काण कहलाता है । अतः १ राशि में १०, १० अंश के तीन द्रेष्काण होते हैं ।। ३० ।।

स्पष्टार्थ द्रेष्काणपति चक्र—

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | मे | वृ | मि | क | सिं | क | तु | बृ |
| | घ | मं | कु | मी | राशि | | | |
| १० | मं | बु | गु | शु | श | र | चं | मं |
| | बु | गु | शु | श | | | | |
| २० | र | चं | मं | बु | गु | शु | श | र |
| | चं | मं | बु | गु | द्रेष्काणपति | | | |
| ३० | शु | श | र | चं | मं | बु | गु | शु |
| | श | र | चं | मं | | | | |

उदाहरण–जैसे स्पष्टसूर्य ११।१२।२२।१७ यह किसके द्रेष्काण में है यह विचारना है तो यहाँ सूर्य मीन के द्वितीय द्रेष्काण में है । अतएव रव्यादि क्रम की गणना से मीन में द्वितीय द्रेष्काणपति गुरु हुआ, जो चक्र में भी स्पष्ट है । इसी प्रकार सब ग्रह और भावों के द्रेष्काणपति समझना । इस द्रेष्काण को पञ्चवर्गी बल में ही ग्रहण करना चाहिए, द्वादशवर्गी के लिए द्रेष्काणपति आगे कहे गये हैं ।। ३० ।।

ग्रहों के उच्चनीच-राश्यंश और उच्चबल साधन—

**सूर्यादितुङ्गर्क्षमजोक्षनक्र-कन्याकुलीरान्त्यतुला लवैः स्युः ।**
**दिग्भिर्गुणैरष्टयमैः शरैकैर्भूतैर्भसंख्यैर्नखसम्मितैश्च ।। ३१ ।।**
**तत्सप्तमं नीचमनेन हीनो ग्रहोऽधिकश्चेद्रसभाद्विशौध्यः ।**
**चक्रात्तदशाङ्कलवो बलं स्यात्क्रियैणतौलीन्दुभतो नवांशाः ।। ३२ ।।**

**व्याख्या:-** अजोक्षनक्रकन्याकुलीरान्त्यातुलाः 'क्रमेण' दिग्भिः गुणैः अष्टयमैः शरैकैः, भूतैः, भसंख्यैः, नखसम्मितैः लवैः (अंशैः) सूर्यादितुङ्गर्क्षे उच्चभं तथा तत्सप्तमं नीचं च ज्ञेयम्। अनेन (स्वस्वनीचेन) हीनः ग्रहः कार्यः,

'स' रसभादधिकश्चेत् 'तदा' चक्राद् (द्वादशराशितः) विशोध्यः, तदंशाङ्कलवः बलं स्यात् । अथ - मेषादिराशिषु - क्रमेण क्रियैणतौलीन्दुभतः नवांशा भवन्ति ।। ३१-३२ ।।

भा०–सूर्य का मेष १० अंश, चन्द्र का वृष ३ अंश, मङ्गल का मकर २८ अंश, बुध का कन्या १५ अंश, गुरु का कर्क ५ अंश, शुक्र का मीन २७ अंश, और शनि का तुला २० अंश तक उच्च है । तथा उच्च से सप्तम राशि इतने ही अंशों से नीच होता है । ग्रहों में अपने-अपने नीच राश्यंश को घटाना, यदि ६ राशि से अधिक बचे तो उसको (१२) में घटाकर शेष लेना फिर उसे अंशात्मक बनाकर ९ का भाग देने से लब्धि उच्चबल होता है । मेषादि राशियों में क्रम से मेष, मकर, तुला और कर्क आरम्भ कर ९, ९ राशियों के नवांश होते हैं । स्पष्टार्थ नीचे चक्र देखिये ।। ३१-३२ ।।

स्पष्टार्थ उच्च नीच चक्र—

| | | उच्च | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि | मेष | राशि | ० | अंश | १० |
| चन्द्र | वृष | राशि | १ | अंश | ३ |
| मङ्गल | मकर | राशि | ९ | अंश | २८ |
| बुध | कन्या | राशि | ५ | अंश | १५ |
| गुरु | कर्क | राशि | ३ | अंश | ५ |
| शुक्र | मीन | राशि | ११ | अंश | २७ |
| शनि | तुला | राशि | ६ | अंश | २० |

नीच

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि | तुला | राशि | ६ | अंश | १० |
| चन्द्र | वृश्चिक | राशि | ७ | अंश | ३ |
| मङ्गल | कर्क | राशि | ३ | अंश | २८ |
| बुध | मीन | राशि | ११ | अंश | १५ |
| गुरु | मकर | राशि | ९ | अंश | ५ |
| शुक्र | कन्या | राशि | ५ | अंश | २७ |
| शनि | मेष | राशि | ० | अंश | २० |

नवांशज्ञानचक्र—

| | मे. | वृ. | मि. | क. | सिं. | क. | तु. | वृ. | ध. | म. | कु. | मी. | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ३।२० | मे. | म. | तु. | क. | मे. | म. | तु. | क. | मे. | म. | तु. | क. | १ |
| ६।४० | वृ. | कु. | वृ. | सिं | वृ. | कु. | वृ. | सिं | वृ. | कु. | वृ. | सिं | २ |
| १०।० | मि. | मी. | ध. | क. | मि. | मी. | ध. | क. | मि. | मी. | ध. | क. | ३ |
| १३।२० | क. | मे. | म. | तु. | क. | मे. | म. | तु. | क. | मे. | म. | तु. | ४ |
| १६।४० | सिं. | वृ. | कु. | वृ. | सिं. | वृ. | कु. | वृ. | सिं. | वृ. | कु. | वृ. | ५ |
| २०।० | क. | मि. | मी. | ध. | क. | मि. | मी. | ध. | क. | मि. | मी. | ध. | ६ |
| २३।२० | तु. | क. | मे. | म. | तु. | क. | मे. | म. | तु. | क. | मे. | म. | ७ |
| २६।४० | वृ. | सिं. | वृ. | कु. | वृ. | सिं. | वृ. | कु. | वृ. | सिं. | वृ. | कु. | ८ |
| ३०।० | ध. | क. | मि. | मी. | ध. | क. | मि. | मी. | ध. | क. | मि. | मी. | ९ |

उदाहरण–स्पष्ट सूर्य ११।१२।२२।१७ इसमें सूर्य के नीचराश्यंश ६।१० को घटाया तो ५।२।२२।१७ यह ६ से अल्प है अत: इसी के अंश १५२।२२।१७ में ९ का भाग देकर लब्ध १६।५५ यह सूर्य का उच्च-बल हुआ। इसी प्रकार अन्य ग्रहों के भी उच्चबल साधना करना ।। ३१-३२ ।।

उपपत्ति:–नीचोच्चयोरन्तरं षड्राशितुल्यमतो ग्रहणामुच्चात्सप्तमे नीचस्थानं समुचितमेव । तथा चोच्चस्थे बलं पूर्ण विंशतितुल्यं ततः क्रमापचयेन नीचे शून्यं, पुनः क्रमोपचयेनोच्चे पूर्णमिति षड्राश्यन्तर एव बलस्योपचयापचयावतो नीचग्रहान्तरे षड्राश्यधिके चक्राद्विशोधनं सयुक्तिकमेव । ततो यदि उच्चस्थे ग्रहे चक्रार्धाशतुल्येन नीचग्रहान्तरेण पूर्ण (२०) बलं तदेष्टनीचग्रहान्तरेण किमिति = २० (ग्र-नी)/१८० = ग्र-नी/९ = इष्टोच्चबलमित्युपपन्नम् । नवांशोपपत्तिस्तु चक्रदर्शनेनैव सिद्ध्यति।।३१-३२।।

मेषादिराशियों में हद्दाधिपति—

**मेषेऽङ्गतर्काष्टशरेषुभागा जीवास्फुजिज्ज्ञारशनैश्चराणाम् ।**
**वृषेऽष्टषण्णागशराऽनलांशाः शुक्रज्ञजीवार्किकुजेशहद्दाः ।। ३३ ।।**
**युग्मे षडङ्गेषु-नगाङ्गभागाः सौम्यास्फुजिज्जीवकुजार्किहद्दाः ।**
**कर्केऽद्रितर्काङ्गनगाब्धिभागाः कुजास्फुजिज्ज्ञज्यशनैश्चराणाम् ।। ३४ ।।**
**सिंहेऽङ्गभूताद्रिरसाङ्गभागा देवेज्यशुक्रार्किबुधारहद्दाः ।**
**स्त्रियां नगाशाब्धिनगाक्षिभागाः सोम्योशनोजीवकुजार्किनाथाः ।। ३५ ।।**
**तुले रसाष्टाद्रिनगाक्षिभागाः कोणज्ञजीवास्फुजिदारनाथाः ।**
**कीटे नगाब्ध्यष्टशराङ्गभागा भौमास्फुजिज्ज्ञेज्यशनैश्चराणाम् ।। ३६ ।।**
**चापे रवीष्वम्बुधिपञ्चवेदा जीवास्फुजिज्ज्ञारशनैश्चराणाम् ।**
**मृगे नगाद्र्यष्टयुगश्रुतीनां सौमेज्यशुक्रार्किकुजेशहद्दाः ।। ३७ ।।**
**कुम्भे नगाङ्गाद्रिशरेषुभागाः शुक्रज्ञजीवारशनैश्चराणाम् ।**
**मीनेऽर्कवेदानलनन्दपक्षाः सितेज्यसौम्यारशनैश्चराणाम् ।। ३८ ।।**

**व्याख्या:-** मेषे अङ्गतर्काष्टशरेषुभागाः क्रमेण जीवास्फुजिज्ज्ञारशनैश्चराणां हद्दा भवन्ति। एवं वृषादिष्वपि हद्दांशा ज्ञेयाः ।। ३३-३८ ।।

भा०–मेष में ६, ६, ८, ५, ५ अंश क्रम से गुरु, शुक्र, बुध, मंगल और शनि के हद्दांश होते हैं । इसी प्रकार प्रति राशियों में हद्दाधिपति समझना । स्पष्टार्थ चक्र देखिये । मेष में आदि के ६ अंश का गुरु, बाद के ६ अंश का शुक्र, उसके बाद ८ अंश का बुध, उसके बाद ५ अंश मंगल फिर अन्त में ५

अंश का शनि हद्देश होता है । इसी प्रकार प्रति राशि में हद्दा का ज्ञान करना।।३३-३८।।

हद्दाधिपति चक्र—

| मे. | वृ. | मि. | क. | सिं. | क. | तु. | वृ. | ध. | म. | कु. | मी. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ६ गु | ८ शु | ६ बु | ७ मं | ६ गु | ७ बु | ६ श | ७ मं | १ गु | ७ बु | ७ शु | १२शु |
| ६ शु | ६ बु | ६ शु | ६ शु | ५ शु | १०शु | ८ बु | ४ शु | ५२शु | ७गु | ६ बु | ४ गु |
| ८ बु | ८ गु | ५ गु | ६ बु | ७ श | ४ गु | ७ गु | ८ बु | ४ बु | ८ शु | ७ गु | ३ बु |
| ५ मं | ५ श | ७ मं | ७ गु | ६ बु | ७ मं | ७ शु | ५ गु | ५ मं | ४ श | ५ मं | ९ मं |
| ५ श | ३ मं | ६ श | ४ श | ६ मं | २ श | २ मं | ६ श | ४ श | ४ मं | ५ श | २ श |

स्वस्वाधिकार में पञ्चवर्गीबल—

**त्रिंशत्स्वभे विंशतिरात्मतुङ्गे हद्देऽक्षचन्द्रा दशकं दृकाणे ।**
**मुसल्लहे पञ्चलवाः प्रदिष्टा विंशोपका, वेदलवैः प्रकल्प्याः ।। ३९ ।।**

**व्याख्याः-** स्वभे त्रिंशत्, आत्मतुङ्गे विंशतिः, हद्दे अक्षचन्द्राः, दृकाणे दशकं, मुसल्लहे (नवांशे) पञ्चलवाः प्रदिष्टाः (कथिताः)। वेदलवैः (बलयोगचतुर्थांशैः) विंशोपकाः प्रकल्प्याः ।। ३९ ।।

भा०–अपनी राशि (गृह) में ३०, अपने परमोच्च में २०, अपने हद्दा में १५, अपने दृक्काण में १०, अपने नवांश में ५ का बल होता है। सब बलों के योग का चतुर्थांश करने से जो हो उतना विंशोपक बल समझना ।। ३९ ।।

उपपत्तिः–अत्र गृहादिबलयोगचतुर्थांश = ८०/४ = २० विंशोपाख्यं परमं बलं सयुक्तिकमेवात इष्टबलयोगश्चतुर्भक्त इष्टं विंशोपाख्यबलं भवितुमर्हत्येवेति ।। ३९ ।।

मित्र आदि के अधिकार में पञ्चवर्गीबल—

**स्वस्वाधिकारोक्तबलं सुहृद्भे पादोनमर्धं समभेऽरिभेऽङ्घ्रिः ।**
**एवं समानीय बलं तदैक्ये वेदोद्धृते हीनबलः शरोनः ।। ४० ।।**

**व्याख्याः-** स्वस्वाधिकारोक्तबलं सुहृद्भे पादोन, समभे, अर्धं, अरिभे अंघ्रिः एवं बलं समानीय तदैक्ये वेदोद्धृते शरोनः (पञ्चाल्पः) हीनबलः स्यात् ।। ४० ।।

भा०–अपने अधिकारों में जो बल कहे गये हैं वे मित्र की राशि में चतुर्थांशोन, सभकी राशि में आधा और शत्रु की राशि में चतुर्थांश होता है । इस प्रकार सब ग्रहों के पञ्चवर्गी बल साधनकर उनके योग में ४ का भाग देने से (विंशोपक बल होता है वह) ५ से अल्प हो तो ग्रह हीन बल समझा जाता है।।४०।।

विशेष–''शराल्पो हीनवीर्यः स्यान्मध्यवीर्यः शराधिकः ।
दशाधिको बली प्रोक्तः पञ्चवर्गीबले ग्रहः ।। ''

पञ्चवर्गीबल ५ स अल्प हो तो हीनबल, ५ से अधिक १० तक मध्यबल, और १० से अधिक हो तो ग्रह बली समझा जाता है ।। ४० ।।


वर्षप्रवेश में ग्रहों के मित्र, सम, शत्रु—

''मित्रं त्रिकोणत्रिभवस्थितश्चेद् द्व्यर्यषष्ठरिष्फेषु समो ग्रहः स्यात् ।
केन्द्रेषु शत्रुः कथितो मुनीन्द्रैर्वर्षादिवेशे फलनिर्णयार्थम् ।।''

वर्षलग्न कुण्डली में परस्पर ५।९ और ३।११ में स्थित ग्रह मित्र होते हैं । २, ६, ८, १२ में सम और १।४।७।१० में शत्रु होते हैं ।

उदाहरण–सूर्य से ३, ५, ९, ११ इन स्थानों में कोई ग्रह नहीं है इसलिए सूर्य के मित्र कोई नहीं हुए । २ और १२ में चन्द्र, मंगल, शुक्र, शनि हैं, इसलिए सूर्य के सम हुए । तथा १ और १० स्थान में बुध और बृहस्पति हैं इसलिए ये दोनों सूर्य के शत्रु हुए । इसी प्रकार सब ग्रहों के मित्र, सम शत्रु चक्र में लिखे गये हैं ।

वर्षलग्नकुण्डली—




पञ्चवर्गीफल–गृह, हद्दा, द्रेष्काण, नवांश और उच्च ये पञ्चवर्गी नाम से प्रसिद्ध हैं । इन पाँचों बल के योग का चतुर्थांश पञ्चवर्गीबल कहलाता है ।

मित्रसमशत्रुचक्र—

| ग्रह | सू. | चं. | मं. | बु. | गु. | शु. | श. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मित्र | × | गु शु श | गु शु श | × | चं मं शु श | चं मं गु | चं मं गु |
| सम | चं मं शु श | सू बु | सू बु | चं मं शु श | × | सू बु | सू बु |
| शत्रु | बु गु | मं | चं | सू गु | सू बु | श | श |

यदि सूर्य का पञ्चवर्ग बल बनाना हो तो स्पष्ट सूर्य ११।१२।२२।१७ इसके अनुसार—

(१) गृहबल–सूर्य गुरु की राशि (मीन) में है । गुरु सूर्य का शत्रु है इसलिए गृहबल का चतुर्थांश ७।३० गृहबल हुआ ।

(२) हद्दाबल–मीन राशि में १२ अंश के बाद १३वें अंश में सूर्य है, १२ के बाद १६ तक ४ अंश गुरु का हद्दा हैं, इसलिये शत्रुहद्दा में होने के कारण हद्दाबल का चतुर्थांश ३।४५ यह हद्दाबल हुआ ।

(३) द्रेष्काणबल–मीन राशि के द्वितीय द्रेष्काण में सूर्य है, मीन में द्वितीय द्रेष्काण का स्वामी गुरु ही है अत: शत्रु के द्रेष्काण में होने

के कारण द्रेष्काणबल १० का चतुर्थांश २।३० यह द्रेष्काणबल हुआ ।

(४) नवांशबल–मीन के चतुर्थ नवांश में सूर्य है । मीन में ४ था नवांश तुला (अर्थात् शुक्र) का है । शुक्र सूर्य का सम है, अत: नवांशबल ५ का आधा २।३० यह नवांशबल हुआ ।

(५) उच्चबल–(३२ श्लोक के उदाहरण में) सूर्य का उच्चबल १६।५५ है इस प्रकार सूर्य के पञ्चवर्गी बलों के योग ३३।१० के चतुर्थांश ८।१७ यह विंशोपकात्मक पञ्चवर्गीबल हुआ । यह ५ से अधिक १० से अल्प है, इसलिए सूर्य मध्यबली हुआ । इसी प्रकार चन्द्रादि सब ग्रहों के बल साधनकर चक्र में रखे गये हैं ।।

ग्रहों के पञ्चवर्गीबल चक्र—

| ग्रह | सूर्य | चन्द्र | मङ्गल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गृह | ७।३० | ७।३० | ३०।० | ७।३० | ३०।० | ७।३० | ३०।० |
| हद्दा | ३।४५ | ३।४५ | ११।१५ | ७।३० | १५।० | ११।१५ | ११।१५ |
| द्रे. | २।३० | ७।३० | १०।० | ५।० | २।३० | ५।० | ५।० |
| नवां | २।३० | २।३० | ५।० | २।३० | ३।४५ | ३।४५ | ३।४५ |
| उच्च | १६।५५ | १८।९ | १३।१ | १।१८ | ३।३३ | १५।४३ | ६।३४ |
| योग | ३३।१० | ३९।२४ | ६९।१६ | २३।४८ | ५४।४८ | ४३।१३ | ५६।३४ |
| विंशो. | ८।१७ | ९।५४ | १७।११ | ५।५७ | १२।४२ | १०।४८ | १४।८ |

अथ द्वादशवर्गी संज्ञा—

**क्षेत्रं होरात्र्यब्धिपञ्चाङ्गसप्तवस्वङ्काशेशार्कभागाः सुधीभिः ।**
**विज्ञातव्या लग्नसंस्थाः शुभानां वर्गाः श्रेष्ठाः पापवर्गास्त्वनिष्टाः ।। ४१ ।।**

**व्याख्याः-** क्षेत्रं होरात्र्यब्धिपञ्चाङ्गसप्तवस्वङ्काशेशार्कभागाः सुधीभिः लग्न संस्था वर्गा विज्ञातव्याः, तत्र, शुभानां वर्गाः श्रेष्ठाः पापवर्गास्तु अनिष्टा भवन्ति ।। ४१ ।।

भा०–गृह, होरा, द्रेष्काण, चतुर्थांश, पञ्चमांश, षष्ठांश, सप्तमांश, अष्टमांश, नवमांश, दशमांश, एकादशांश और द्वादशांश ये लग्नादिकों में १२ वर्ग समझने चाहिये इनमें शुभग्रह के वर्ग शुभ और पापग्रह के वर्ग अनिष्ट होते हैं।। ४१ ।।

होरा-द्रेष्काण और चतुर्थांश—

**ओजे रवीन्द्वोः सम इन्दुरव्योर्होरे गृहार्धप्रमिते विचिन्त्ये ।**
**द्रेष्काणपाः स्वेषुनवर्क्षनाथास्तुर्यांशपाः स्वर्क्षजकेन्द्रनाथाः ।। ४२ ।।**

**व्याख्याः-** ओजे (विषमराशौ) रवीन्द्वोः समे (समराशौ) इन्दुरव्योः क्रमेण गृहार्धप्रमिते होरे विचिन्त्ये। तथा स्वेषुनवर्क्षनाथाः द्रेष्काणपा (राशित्रिभागेशाः) भवन्ति तथा स्वर्क्षजकेन्द्रनाथाः तुर्यांशपाः 'भवन्ति' ।। ४२ ।।

भा०–एक राशि में दो होरा होती हैं । विषमराशि में प्रथम होरा (१५ अंश तक) सूर्य की बाद दूसरी होरा चन्द्रमा की होती है । समराशि में पहिले चन्द्रमा की तब सूर्य की होरा होती है । तथा प्रत्येक राशि में प्रथमद्रेष्काण उसी राशि का (अपना ही), दूसरा द्रेष्काण उस राशि से ५वीं राशि का और तीसरा द्रेष्काण उस राशि से ९वीं राशि का होता है । एवं जिस राशि में चतुर्थांश विचार करना हो तो प्रथम चतुर्थांश उसी राशि का, द्वितीय चतुर्थांश उससे चतुर्थ राशि का, तृतीय चतुर्थांश उससे सप्तम राशि का और चौथा चतुर्थांश उससे दशम राशि का होता है ।। ४२।।

पञ्चमांश और द्वादशांशपति—

**ओजर्क्षे पञ्चमांशेशा कुजार्कीज्यज्ञभार्गवाः ।**
**समभे व्यत्ययाज्ज्ञेया द्वादशांशाः स्वभात्स्मृताः ।। ४३ ।।**

**व्याख्याः-** ओजर्क्ष कुजार्कीज्यज्ञभार्गवाः 'क्रमेण' पञ्चमांशेशा भवन्ति। समभे व्यत्ययाद् ज्ञेयाः। तथा स्वभात् द्वादशांशाः स्मृताः ।। ४३ ।।

भा०–विषमराशियों में क्रम से मंगल, शनि, गुरु, बुध, और शुक्र ये पञ्चमांशेश होते हैं । समराशियों में उत्क्रम से शुक्र, बुध, गुरु, शनि और मंगल पञ्चमांशेश होते हैं । तथा जिस राशि में द्वादशांश विचारना हो उसी राशि से आरम्भ कर क्रम से १२ राशियों के द्वादशांश विचारना होते हैं ।। ४३ ।।

विशेष–पञ्चवर्गी में (३० श्लोक के अनुसार) द्रेष्काणपति लेना चाहिये और द्वादशवर्गी में ४२ श्लोकानुसार । तथा त्रिशांश के स्थान में पञ्चवर्गी में हद्दा लिया गया है और पञ्चमांश में यहां ६।६ अंश के बराबर खण्ड माने गये हैं ।

षष्ठांश, सप्तमांश, अष्टमांश, नवांश, और एकादशांशपति—

**लवीकृतो व्योमचरोऽङ्गशैलवस्वङ्कदिग्रुद्रगुणाः खरामैः ।**
**भक्तो गतास्तर्कनगाष्टनन्ददिग्रुद्रभागाः कुयुताः क्रियात्स्युः ।। ४४ ।।**

**व्याख्या:-** व्योमचरो (ग्रहो) लवीकृतः (अंशीकृतः) अङ्ग-शैल-वस्वङ्कदिग्रुद्रगुणाः 'पृथक्' खरामैः भक्तः 'लब्धतुल्याः' क्रियात् (मेषात्) क्रमेण गताः तर्क-नगाष्ट-नन्ददिग्रुद्रभागाः 'भवन्ति ते, कुयुताः वर्तमानाः स्युः।।४४।।

भा०–ग्रहों को अंशात्मक बनाकर ६ स्थान में रखें और क्रम से ६, ७, ८, ९, १०, ११ गुणा करके प्रत्येक में ३० का भाग देने से लब्धि मेषादिक्रम से गत षष्ठांश, सप्तमांश, अष्टमांश, नवांश, दशमांश और एकादशांश होते हैं । और १ जोड़ने से वर्तमान होते हैं ।। ४४ ।।

द्वादशवर्गी उदाहरण–सूर्य ११।१२।२२।१७ गुरु के गृह में है, इसलिए गृहेश गुरु समराशि की प्रथम होरा में है । अतः होरेश चन्द्रमा द्वितीय द्रेष्काण में है अतः मीन से ५वाँ कर्क का अधिप चन्द्रमा द्रेष्काणेश हुआ । द्वितीय चतुर्थांश में है अतः मीन से चतुर्थ मिथुन का स्वामी (बुध) चतुर्थांशपति हुआ । समराशि के तृतीय खण्ड में है अतः पञ्चमांशेश गुरु हुआ । षष्ठांशज्ञानार्थ-सूर्य ११।१२।२२।१७ के अंश ३४२।२२।१७ को ६ से गुणाकर २०५४।१३।४२ इसमें ३० के भाग देने से लब्धि ६८ गतषष्ठांश १ जोड़ने से ६९ वर्तमान षष्ठांश, १२ से तष्टित करने से ९वाँ धनु का षष्ठांश हुआ, अतः षष्ठांशपति गुरु हुआ । फिर अंशात्मक सूर्य को ७ से गुणाकर ३० से भाग देने से लब्धि ७७१ में १ जोड़कर १२ से तष्टित करने से वर्तमान ४ कर्कराशीश चन्द्रमा सप्तमांशेश हुआ । एवं अष्टमांश आदि सब वर्गों के स्वामी नीचे चक्र में लिखे गये हैं ।। ४४ ।।

विशेष–राश्यादिक ग्रह को ३० से गुणाकर अंशात्मक बनाना, फिर ६ आदि अंकों से गुणाकर ३० का भाग देना । इस प्रकार ३० से गुणा और ३० का भाग देना व्यर्थ क्रिया और गौरव मात्र है ।

वास्तव में राश्यादिक ग्रह को ६ आदि अंको से गुणा करने से ही मेषादि षष्टांशादि का अधिपति हो जाता है । इसलिए यहाँ इस प्रकार का पाठ सुलभ है–

''राश्यादिको व्योमचरोङ्ग-शैलवस्वङ्कदिग्रुद्रगुणोऽर्कतष्टः ।
स वर्तमानोङ्ग-नगाष्टनन्द-दिग्रुद्रभागाधिपतिः क्रियाद्यः ।।"

अर्थात्–राश्यादिक ग्रह को ६, ७, ८, ९, १०, ११ से पृथक्-पृथक् गुणाकर १२ से तष्टित कर शेष क्रम से वर्तमान षष्ठांशाद्यधिपति होते हैं।।

अथवा—

ग्रहो राश्यादिको येन षट्काद्यङ्केन सङ्गुणः ।
मेषाद्यो रविभिस्तष्टस्तद्भागाधिपतिर्भवेत् ।।

या–(षष्ठांश आदि वर्ग जानने के लिए) राश्यादि ग्रह को ६ आदि जिस अङ्क से गुणा करे, मेषादि उस अंश का अधिप होता है । १२ से अधिक होने से १२ से तष्टित कर लेना चाहिए ।

जैसे–सूर्य राश्यादि ११।१२।२२।१७ इसका षष्ठांशपति जानना है तो राश्यादि को ६ से गुणा कर ६६।७२।१३२।१०२ सवर्णन करने से ६८।१४।१३।४२ यह १२ से अधिक है अतः १२ से तष्टित कर शेष ८।१४।१३।४२ वर्तमान धनु का षष्ठांश है, अतः षष्ठांशपति गुरु, पूर्व तुल्य ही आया । इसी प्रकार ७ आदि से गुणा करने से सप्तमांश आदि वर्गाधीश होते हैं ।। ४४ ।।

ग्रहों का द्वादशवर्गी चक्र—

| | र. | चं. | मं. | बु. | गु. | शु. | श. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ गृ. | गु. | मं. | मं. | गु. | गु. | श. | श. |
| २ हो. | चं. | चं. | सू. | चं. | र. | चं. | चं. |
| ३ द्रे. | चं. | गु. | मं. | गु. | गु. | बु. | श. |
| ४ चं. | बु. | शु. | मं. | गु. | गु. | र. | र. |
| ५ पं. | गु. | बु. | मं. | शु. | मं. | बु. | बु. |
| ६ ष. | गु. | सू. | बु. | शु. | मं. | चं. | र. |
| ७ स. | सू. | शु. | शु. | बु. | गु. | बु. | बु. |
| ८ अ. | मं. | मं. | मं. | र. | र. | मं. | शु. |
| ९ न. | शु. | मं. | गु. | चं. | मं. | गु. | मं. |
| १० द. | शु. | सू. | गु. | चं. | गु. | श. | श. |
| ११ ए. | बु. | शु. | श. | बु. | बु. | गु. | श. |
| १२ द्वा. | श. | गु. | गु. | श. | मं. | गु. | गु. |

उपपत्तिः—यदि त्रिंशदंशैः षट् षष्ठांशास्तदा ग्रहभुक्तांशैः किमिति = ६ × ग्रअं/६० = लब्धितुल्य —मेषादिगत षष्ठांशाः, वर्तमानषष्ठांशज्ञानार्थं सैकतासयुक्तिकेति । एवं सप्तमांशाद्यानयनमप्यनुपातेनोपपद्यते ।।

वस्तुतस्त्व—यद्येकराशौ षट्षष्टांशास्तदा ग्रहभुक्तराश्यादौ किमिति = ६ × राश्यादिग्रह = मेषादिषष्ठांशा उपपद्यन्ते । एवमेव सप्तादिभिर्गुणिते ग्रहराश्यादौ सप्तमांशादयोऽप्युपपद्यन्ते । आचार्योक्तौ तु त्रिंशता संगुण्य पुनस्त्रिंशता भजनं गौरवास्पदमेवाऽतो मत्कल्पित पाठ एव साधुरिति निष्पक्षपातहृदयैः सुधीभिर्विवेचनीयम् ।। ४४ ।।

द्वादशवर्गी का फल—

**एवं द्वादशवर्गो स्याद् ग्रहाणां बलसिद्धये ।**
**स्वोच्चमित्रशुभात् श्रेष्ठा नीचारिक्रूरतोऽशुभा ।। ४५ ।।**

**व्याख्या**:- एवं (अनेन विधिना) ग्रहाणां बलसिद्धये द्वादशवर्गी स्यात्। 'सा' स्वोच्चमित्रशुभात् श्रेष्ठा, नीचारिक्रूरतः अशुभा भवति ।। ४५ ।।

भा०–इस प्रकार ग्रहों के बल सिद्ध्यर्थ द्वादशवर्गी है । यह अपनी, अपने उच्च की, अपने मित्र की और शुभग्रह की हो तो शुभ, तथा अपने नीच की, शत्रु की और पापग्रह की हो तो अशुभ होती है ।। ४५ ।।

**एवं ग्रहाणां शुभपापवर्गपङ्क्तिद्वयं वीक्ष्य शुभाधिकत्वे ।**
**दशाफलं भावफलं च वाच्यं शुभं त्वनिष्टं ह्यशुभाधिकत्वे ।। ४६ ।।**

**व्याख्या:-** एवं ग्रहाणां शुभपापवर्ग पंक्तिद्वयं वीक्ष्य शुभाधिकत्वे सति दशाफलं भावफलं शुभं वाच्यम्, अशुभाधिकत्वे तु अनिष्टं फलं वाच्यम् ।। ४६ ।।

भा०–इस प्रकार ग्रहों के शुभवर्ग और पापवर्ग दोनों देखकर यदि अधिक-वर्ग शुभग्रह के हो तों उनके दशाफल और भावफल शुभ तथा पापग्रह के अधिक वर्ग हों तो उनके दशाफल और भावफल अनिष्ट होते हैं ।। ४६ ।।

**क्रूरोऽपि सौम्याधिकवर्गशाली शुभौऽतिसौम्य: शुभखेचरश्चेत् ।**
**सौम्योऽपि पापाधिकवर्गयोगान्नेष्टोऽतिनिन्द्य: खलु पापखेट: ।। ४७ ।।**

**व्याख्या:-** क्रूरोऽपि सौम्याधिकवर्गशाली शुभ: स्यात्। चेत् शुभखेचर: सौम्याधिकवर्गशाली तदा अतिसौम्य: स्यात्। सौम्योऽपि (शुभग्रहोऽपि) पापाधिकवर्गयोगान्नेष्ट: स्यात् । पापखेटस्तु पापाधिकवर्गयोगात् अतिनिन्द्य: खलु: ।। ४७ ।।

भा०–पापग्रह भी अधिक शुभवर्ग में पड़े तो शुभ हो जाता है और शुभग्रह अधिक शुभवर्ग में पड़े तब तो अत्यन्त ही शुभ हो जाता है । इसी प्रकार शुभग्रह भी अधिक पापवर्ग में पड़े तो पाप (अशुभ) हो जाता है, और पापग्रह अधिक पापवर्ग में पड़े तब तो अत्यन्त ही (अशुभ) हो जाता है ।। ४७ ।।

भावों का शुभाशुभ वर्ग—

**राशीशमित्रोच्चरिपुक्रमेण चिन्त्यं तनोरप्यनयैव रीत्या ।**
**भावेषु सर्वेष्वपि वर्गचक्रं विलोक्य तत्तत्फलमूहनीयम् ।। ४८ ।।**

**व्याख्या:-** तनो: अपि अनयैव रीत्या राशीशमित्रोच्चरिपुक्रमेण 'शुभाशुभत्वं' चिन्त्यम्। एवं सर्वेष्वपि भावेषु वर्गचक्रं विलोक्य तत्तत्फलं ऊहनीयम् ।। ४८ ।।

भा०–लग्न के भी राशिस्वामी के उच्च, मित्र, शत्रु के अनुसार इसी प्रकार शुभाशुभ वर्ग विचार करना । लग्न ही क्या ? सभी भावों के शुभाशुभ वर्गचक्र देखकर उन-उन भावों का फल विचार करना ।। ४८ ।।

लग्नादि भावों से विचारणीय—

**शरीरवर्णचिह्नायुर्वयोमानं सुखासुखम् ।**
**जाति शीलं च मतिमाँल्लग्नात्सर्वं विचिन्तयेत् ।। ४९ ।।**

**व्याख्या:-** 'मतिमान् विचिन्तयेत्' । इति सर्वत्रान्वयः, अन्यत् स्पष्टार्थम् ।। ४९ ।।

भा०–शरीर, वर्ण (श्याम, गौर, नील, पीत, आदि), चिह्न, आयुर्दाय, वयस्, सुख, दुःख, जाति, शील (आचार) इनका शुभाशुभत्व विचार बुद्धिमान् को लग्न से करना चाहिये ।। ४९ ।।

**सुवर्णरूप्यरत्नानि धातुर्द्रव्यं सखा धने ।**
**विक्रमे भ्रातृभृत्याध्वपित्र्यस्खलनसाहसम् ।। ५० ।।**

भा०–सुवर्ण, रूप (चाँदी), रत्न (हीरा आदि), धातु (गैरिक आदि), द्रव्य (कांसा, पीतल आदि), सखा (मित्र) इनका धन (द्वितीय) भाव से विचार करना । तथा भाई, नौकर, अध्वा (मार्ग चलना), पिता का कार्यस्खलन तथा साहस कर्म ये विक्रम (तृतीय) भाव से विचारना चाहिये ।। ५० ।।

**पितृवित्तं निधिः क्षेत्रं गृहं भूमिश्च तुर्यतः ।**
**पुत्रे मन्त्रधनोपायगर्भविद्यात्मजेक्षणम् ।। ५१ ।।**

भा०–पिता का धन, गड़ा हुआ धन, खेती, मकान, भूमि ये चतुर्थ भाव से, और मन्त्र, धन का उपाय, गर्भ, विद्या, पुत्र-पुत्री ये पञ्चम भाव से विचारना चाहिये ।। ५१ ।।

**रिपौ मापुलमान्द्यारिचतुष्पाद्बन्धभीर्व्रणान् ।**
**द्यूने कलत्रवाणिज्यनष्टविस्मृतिसङ्कथा ।। ५२ ।।**
**हृताध्वकलिमार्गादि चिन्त्यं द्यूने ग्रहोऽशुभः ।**

भा०–मामा, रोग, शत्रु, चतुष्पद, बन्धन (पराश्रयता), भय, ब्रण (घाव) ये षष्ठभाव से तथा स्त्री, वाणिज्य, नष्टवस्तु, विस्मृति (भूलना), हृताध्व (चोरी गयी चीज का पता), कलि (कलह), मार्ग (यात्रा) ये सप्तम से विचारना चाहिये। एवं प्रश्नसमय सप्तमभाव में कोई भी ग्रह का रहना अशुभ सूचक होता है तथा अशुभग्रह का विचार सप्तम से करना ।। ५२ ।।

**मृत्यौ चिरन्तनं द्रव्यं मृतवित्तं रणो रिपुः ।। ५३ ।।**
**दुर्गस्थानं मृतिर्नष्टं परीवारो मनोव्यथा ।**

भा०–पुराना द्रव्य, मरे हुए का धन, संग्राम, शत्रु, दुर्गस्थान, मरण, नष्टवस्तु, कुटुम्ब और मानसिव्यथा ये अष्टमस्थान से विचारना ।। ५३ ।।

**धर्मे रतिस्तथा पन्था धर्मोपायं विचिन्तयेत् ।। ५४ ।।**
**व्योम्नि मुद्रां परं पुण्यं राज्यवृद्धिं च पैतृकम् ।**

भा०–रति (क्रीड़ा या भक्ति), यात्रा, और धर्म क्रिया या उपाय ये नवम भाव से, तथा मुद्रा (द्रव्य आदि), उत्कृष्ट पुण्य, राज्य-वृद्धि (भाग्योदय), पिता सम्बन्धी वस्तु ये दशमभाव से विचारना चाहिये ।। ५४ ।।

**आये सर्वार्थधान्यार्घकन्यामित्रचतुष्पदाः ।। ५५ ।।**
**राज्ञोवित्तं परीवारो लाभोपायांश्च भूरिशः ।**
**व्यये वैरिनिरोधार्तिव्ययादि परिचिन्तयेत् ।। ५६ ।।**

भा०–सब प्रकार के धान्य (अन्न) का मोल, कन्या, मित्र, चतुष्पद, राजद्रव्य, परिवार और लाभ का उपाय ये एकादश भाव से तथा शत्रुओं का निरोध, आर्ति (पीड़ा) और व्यय (खर्च) ये द्वादश भाव से विचारना चाहिये।।५५-५६।।

केन्द्रसंज्ञा और ग्रहों की बलिष्टता—

**लग्नाम्बुद्यूनकर्माणि केन्द्रमुक्तं च कण्टकम् ।**
**चतुष्टयं चाऽत्र खेटो बली लग्ने विशेषतः ।। ५७ ।।**

**व्याख्या**:- लग्नाम्बुद्यूनकर्माणि केन्द्रं च पुनः कण्टकं, चतुष्टयं च उक्तम्। अत्र (केन्द्रे) खेटो बली भवति, लग्ने विशेषतो बली भवति ।। ५७ ।।

भा०–१।४।७।१० ये चारों स्थान केन्द्र, कण्टक और चतुष्पद कहलाते हैं । इस स्थानों में ग्रह बली होता है । इनमें सब स्थानों की अपेक्षा लग्न में ग्रह विशेष बली होता है ।। ५७ ।।

**लग्नकर्मास्ततुर्यायसुताङ्कस्थो बली ग्रहः ।**
**यथाऽऽदिमं विशेषेण सत्रिवित्तेषु चन्द्रमाः ।। ५८ ।।**
**कुजः सत्रिषु पृच्छायां सूतौ चान्यत्र चिन्तयेत् ।**
**भावा नवेत्थं शस्ताः स्युः रिष्फाष्टरिपवोऽशुभाः ।**
**दीप्तांशातिक्रमे शस्ता इमेऽपीति विचिन्तयेत् ।। ५९ ।।**

**व्याख्या**:- 'कोऽपि' ग्रहो लग्नकर्मास्ततुर्य्यायसुताङ्कस्थो बली भवति, तत्रापि यथाऽऽदिमस्थानं विशेषेण बली, चन्द्रमाः सत्रिवित्तेषु, कुजः सत्रिषु पूर्वोक्तलग्नादिस्थानेषु बली भवति। इत्थं इमे नव भावाः शस्ताः, रिष्फाष्टरोपवोऽशुभा। इमे रिष्फाष्टरिपवोऽपि ग्रहाणां दीप्तांशातिक्रमे 'दीप्तांशाधिकान्तरिताः' शस्ता इति विचिन्तयेत् ।। ५८-५९ ।।

भा०–१।१०।७।४।११।५।९ इन स्थानों में स्थित सब ग्रह बली होते हैं । इन पठित स्थानों में भी यथा क्रम से पूर्व-पूर्व स्थान में विशेष बली (अर्थात् नवम से पञ्चम में विशेष बली, पञ्चम से भी एकादश में, ११ से भी ४ में, ४ से भी ७ में, ७ से भी १० में और १० से भी लग्न में बली) होता है । और चन्द्रमा ३, २ स्थान में भी बली होता है । तथा मंगल ३ में भी बली होता है। यह जन्मकाल और प्रश्नकाल में भी विचारना चाहिये । इस प्रकार से ये नवों भाव प्रशस्त हैं । तथा ४।८।१२ यह तीन भाव अशुभ हैं । इन तीन अशुभ भावों में भी ग्रह यदि अपने दीप्तांश को अतिक्रमण किये हों (अर्थात्

भाव के अंशो से ग्रह के अंश दीप्तांशतुल्य, अधिक वा उससे भी अधिक हों) तो ये (४।८।१२) भाव भी प्रशस्त ही समझे जाते हैं ।। ५८-५९ ।।

वर्षेश निर्णयार्थ त्रिराशिपति—

**त्रिराशिपाः सूर्यसितार्किशुक्रा दिने निशोज्येन्दुबुधक्षमाजाः ।**
**मेषाच्चतुर्णां हरिभाद्विलोमं नित्यं परेष्वार्किकुजेज्यचन्द्राः ।। ६० ।।**

**व्याख्याः-** दिने 'वर्षप्रवेशे' मेषाच्चतुर्णां राशीनां क्रमेण सूर्य-सितार्किशुक्राः त्रिराशिपा भवन्ति। निशि इज्येन्दुबुधक्षमाजाः क्रमेण मेषाच्चतुर्णां त्रिराशिपा भवन्ति। हरिभात् सिंहात् चतुर्णां राशीनां विलोमं ज्ञेयम्। तथा परेषु धनुरादिषु नित्यं (दिवा-रात्रौ) क्रमेण आर्किकुजेज्यचन्द्राः त्रिराशिपा भवन्ति ।। ६० ।।

भा०–दिन में वर्ष-प्रवेश हो तो मेष, वृष, मिथुन, कर्क लग्नों में क्रम से सूर्य, शुक्र, शनि और शुक्र ये त्रिराशिपति होते हैं । रात्रि में मेषादि चारों लग्न में क्रम से बृहस्पति, चन्द्रमा, बुध और मंगल त्रिराशिपति होते हैं । और सिंहादि चार राशियों में इसके विलोम (अर्थात् दिनवाले ग्रह रात्रि में और रात्रिवाले दिन में) क्रम से त्रिराशिपति होते हैं । तथा धनु आदि ४ राशियों में नित्य (दिन और रात्रि में) क्रम से शनि , मंगल, बृहस्पति और चन्द्रमा ये त्रिराशिपति होते हैं ।। ६० ।।

स्पष्टार्थ त्रिराशिपति चक्र—

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मे. | वृ. | मि. | क. | सि. | क. | तु. | बु. | ध. | म. | कु. | मी. | राशि |
| सू. | शु. | श. | शु. | गु. | चं. | बु. | मं. | श. | मं. | गु. | चं. | दिवा लग्ने |
| गु. | चं. | बु. | मं. | सू. | शु. | श. | शु. | श. | मं. | गु. | चं. | रात्रि लग्ने |

द्रेष्काणेश और त्रिराशिपति का प्रयोजन—

**वर्षेशार्थं दिननिशा-विभागोक्तास्त्रिराशिपाः ।**
**पञ्चवर्गीबलाद्यर्थं द्रेष्काणेशान्विचिन्तयेत् ।। ६१ ।।**

**व्याख्याः-** दिननिशाविभागेनोक्तास्त्रिराशिपा वर्षेशार्थं ज्ञेयाः। तथा द्विविधद्रेष्काणेशान् क्रमेण पञ्चवर्गीबलाद्यर्थं—पूर्वोक्तान् पञ्चवर्गीबलार्थं, अन्यान् द्वादशवर्गी बलार्थं

भा०–यहाँ दिन रात्रि के विभाग से जो त्रिराशीश कहे गये हैं वे वर्षेश के लिए । और पहले जो द्रेष्काणपति दो प्रकार से कहे गये हैं वे पञ्चवर्गीबल और आदि शब्द से द्वादश वर्गी के लिये । अर्थात् ''आद्या: कुजाद्या:'' इत्यादि प्रकार से द्रेष्काणपति पञ्चवर्गी बल के लिये और ''स्वेषुनवर्क्षनाथा: '' इत्यादि प्रकार से जो द्रेष्काणपति कहे गये हैं, वे द्वादशवर्गी के लिये हैं ।। ६१ ।।

अथ मुथहा साधन—

**स्वजन्मलग्नात्प्रतिवर्षमेकैकराशिभोगान् मुथहा भ्रमोऽत: ।**
**स्वजन्मलग्नं गतवर्षयुक्तं तदर्कतष्टं भमुखेन्थिहा स्यात् ।। ६२ ।।**
**प्रत्यहं शरलिप्ताभिर्वर्धते साऽनुपातत: ।**
**सार्द्धमंशद्वयं मास इत्याहु: केऽपि सूरय: ।। ६३ ।।**

**व्याख्या:-** स्वजन्मलग्नात् प्रतिवर्षं एकैकराशिभोगात् मुथहाभ्रम: स्यात्। अत: स्वजन्मलग्नं गतवर्षयुक्तं तत् अर्क-(१२) तष्टं भमुखा राश्यादिका इन्थिहा (ग्रहविशेष:) स्यात्। सा (इन्थिहा) प्रत्यहं शरलिप्ताभिर्वर्धते, 'अत:' अनुपातत: मासे सार्द्धमंशद्वयं 'भवति'। इति केऽपि सूरय: आहु:।।६२-६३।।

भा०–अपने जन्मलग्न से प्रति वर्ष १ राशि के भोग से मुथहा चलती है। इसलिए अपने जन्मलग्न में गतवर्ष जोड़ कर १२ से तष्टित करने से शेष राश्यादि मुथहा होती है । एक दिन में मुथहा पाँच-पाँच कला बढ़ती है, इसलिए अनुपात से १ मास में अढ़ाई अंश (२।३०) होती है, ऐसा बहुत पण्डितों ने (मासप्रवेश और दिनप्रवेश में मुथहा का साधन) कहा है । मुथहा ही इन्थिहा कहलाती है ।।

वर्षेश के अधिकारी और निर्णय—

**जन्मलग्नपतिरब्दलग्नपो मुन्थहाधिप इतस्त्रिराशिप: ।**
**सूर्यराशिपतिरह्नि चन्द्रभाधीश्वरो निशि विमृश्य पञ्चकम् ।। ६४ ।।**
**बली य एषां तनुमीक्षमाण: स वर्षपो लग्नमनीक्षमाण: ।**
**नैवाब्दपो दृष्ट्यतिरेकत: स्याद्बलस्य साम्ये विदुरेवमाद्या: ।। ६५ ।।**
**दृगादिसाम्येऽप्यथ निर्बलत्वे वर्षाधिप: स्यान्मुथहेश्वरस्तु ।**

**व्याख्या**:- जन्मलग्नपतिः अब्दलग्नपः, मुन्थहाधिपः, इतः (अस्मात् ''त्रिराशिपा'' इत्यादि प्रकारात्) त्रिराशिपः, अह्नि सूर्यराशिपतिः, निशि चन्द्रभाघीश्वरः, इति पञ्चकं विमृश्य, एषां यः बली तनुमीक्षमाणः स वर्षपः स्यात्। लग्नमनीक्षमाणः (सबलोऽपि लग्नमपश्यन्) अब्दपो नैव भवति। बलस्य साम्ये दृष्ट्यतिरेकतः दृष्ट्याधिक्यात् वर्षेशो भवति। एवं आद्या विदुः दृगादिसाम्ये, अथ निर्बलत्वे सति मुथहेश्वरो वर्गाधिपः स्यात् ।। ६४-६५ ।।

भा०–जन्मलग्नेश (१) वर्षलग्नेश (२) मुन्थहेश (३) त्रिराशिपति (४) ये और दिन में वर्षलग्न हो तो सूर्यशीश (५) यदि रात्रि में वर्षलग्न हो तो पञ्चम अधिकारी चन्द्रराशीश (५) इन पाँचों का विचार कर इनमें जो बली हो और लग्न को देखता हो वह वर्षेश होता है । यदि लग्न को न देखे तो बली होने पर भी वर्षेश नहीं होता है । अर्थात् उस हालत में लग्न को देखनेवाला अल्पबली ही वर्षेश होता है । लग्न देखनेवाले अधिकारियों के बल में यदि समता हो तो जिसकी दृष्टि लग्न पर विशेष हो वह वर्षेश होता है । ऐसा आद्याचार्यों ने कहा है। यदि दृष्टि की भी समता अथवा पाँचों अधिकारी निर्बल (हीन बल) हो तो उस हालत में मुथहेश्वर वर्षेश होता है ।। ६४-६५ ।।

विशेष–इस प्रकार लग्न पर दृष्टिवश से वर्षेश का निर्णय हुआ । यदि लग्न पर उक्त ५ में किसी अधिकारी की दृष्टि न हो तो उस हालत में निर्णय करते हैं—

विशेष—

**पञ्चापि चेन्नो तनुमीक्षमाणा वीर्याधिकोऽब्दस्य विभुर्विचिन्त्यः ।। ६६ ।।**
**बलादिसाम्ये रविराशिपोऽह्नि निशीन्दुराशीडिति केचिदाहुः ।**
**येनेत्थशाल्यऽब्दविभुः शशी स वर्षाधिपोऽर्केन्दुभपोऽन्यथात्वे ।। ६७ ।।**

**व्याख्या**:- चेत् पञ्चापि तनुमीक्षमाणाः नो तदा तेषु पञ्चस्वेव वीर्याधिकः अब्दस्य विभुः विचिन्त्यः। तत्रापि बलादिसाम्ये अह्नि रविराशिपः, निशि इन्दुराशीट् 'अब्दाधिपः' इति केचित् आहुः। 'स्वमते तु'–पञ्चसु अधिकरिष्वेव

येन ग्रहेण शशी इत्थशाली स अब्दविभुः। अन्यथात्वे अर्केन्दुभपः (दिने रविराशिपः, रात्रौ चन्द्रराशीशः) वर्षाधिपः स्यात् ।। ६६-६७ ।।

भा०–यदि पाँचों अधिकारी लग्न को न देखते हों तो उस हालत में इन पाँचों में जो अधिक बली हो वह वर्षेश होता है । यदि बल में समता हो तो–''दिन में सूर्यराशिपति और रात्रि में चन्द्रराशिपति वर्षेश होता है ।" इस प्रकार किसी आचार्य का मत है । परञ्च–स्वमत कहते हैं कि–(लग्न को न देखते हुए बल में समता हो तो) इन पाँचों वर्षेशाधिकारी में चन्द्रमा को जिस ग्रह से इत्थशाल हो वही वर्षेश होता है । अन्यथा (अर्थात् किसी के साथ चन्द्रमा इत्थशाल न हो तो) दिन में सुर्यराशीश और रात्रि में चन्द्रराशीश वर्षपति होता है ।। ६६-६७ ।।

विशेष–यहाँ बहुत से टीकाकार आचार्य के आशय को नहीं समझकर, प्रामादिक अशुद्ध पाठ के आधार पर असङ्गत अर्थ किये हैं । जिसका खण्डन भूमिका देखिये ।। ६७ ।।

राहु का मुख, पृष्ठ और पुच्छ—

**भोग्या राहोर्लवास्तस्य मुखं पृष्ठं गता लवाः ।**
**ततः सप्तमभं पुच्छं विमृश्येति फलं वदेत् ।। ६८ ।।**

**व्याख्याः-** राहोर्भोग्या लवास्तस्य (राहोः) मुखं, गता लवास्तस्य पृष्टं, तत सप्तमभं राहोः पुच्छं, केतुसंज्ञं, इति विमृश्य फलं वदेत् ।। ६८ ।।

भा०–जिस राशि में राहु हो उसके भोग्य अंश राहु का मुख, और भुक्त अंश पृष्ठ, तथा राहु से सप्तम राशि उसका पुच्छ (केतु) कहलाता है । इस प्रकार विचार करके फल कहना चाहिये (राहु के भुक्त भोग्य विपरीत होते हैं)।।६८।।

सूर्यादि ग्रहों के स्वरूप—

**सूर्यो नृपो ना चतुरस्रमध्यं दिनेन्द्रदिक्स्वर्णचतुष्पदोग्रः ।**
**सत्त्वं स्थिरस्तिक्तपशुक्षितिस्तु पित्तं जरन्पाटलमूलवन्यः ।। ६९ ।।**

**व्याख्याः-** सूर्यः नृपः क्षत्रियः ना (पुरुषः) इत्यादि सर्व-अधोभाषार्थविलोकनेन स्पष्टम् ।। ६९ ।।

भा०—सूर्य-क्षत्रिय, पुरुष, चतुरस्र आकार (अर्थात् दोनों हाथ फैलाने से जितना प्रमाण हो उतनी ही ऊँचाई वाला) मध्याह्न में बली, पूर्वदिक् स्वामी, सुवर्णद्रव्याधिप, चतुष्पद का स्वामी, उग्र पापग्रह, सत्त्वगुण, स्थिर, तिक्तरसप्रिय, पशुओं की भूमि में रहनेवाला, पित्तप्रकृति, वृद्ध, पाटल (श्वेत रक्त मिला) वर्ण, मूल (धान्य आदि) का अधिष्ठाता तथा वनचरों का स्वामी है ।। ६९ ।।

**वैश्यः शशी स्त्री जलभूस्तपस्वी गौरोऽपराह्णाम्बुगधातुसत्त्वम् ।**
**वायव्यदिक्श्लेष्मभुजङ्गरूप्यस्थूलो युवा क्षारशुभः सिताभः ।। ७० ।।**

**व्याख्याः-** शशी (चन्द्रः) वैश्यः स्त्री-इत्यादि स्पष्टोऽन्वयः ।। ७० ।।

भा०—चन्द्रमा-वैश्य, स्त्री, जलार्द्रभूमिचारी, तपस्वी, गौरवर्ण, अपराह्ण में बली जलचरों का स्वामी, धातु (गैरिकादि) का स्वामी, सत्त्वगुणी, वायव्यदिशा का स्वामी, कफप्रकृति, सर्पों का स्वामी, रुप्य (चाँदी) का स्वामी, अत्यन्त पुष्ट, युवा, लवणरस-प्रिय, शुभग्रह और श्वेत-वर्ण है ।। ७० ।।

**भौमस्तमः पित्तयुवोग्रवन्यो मध्याह्नधातुर्यमदिक् चतुष्पात् ।**
**ना राट् चतुष्कोणसुवर्णकारो दग्धाऽवनीव्यङ्गकटुश्च रक्तः ।। ७१ ।।**

**व्याख्याः-** भौमः (मंङ्गलः) तमः (तमोगुणः) इत्यादि सर्व स्फुटम् ।। ७१ ।।

भा०—मङ्गल-तमोगुणी, पित्तप्रकृति, युवा, उग्र (पापग्रह), वन जन्तुओं का स्वामी, मध्याह्न में बली, धातु, दक्षिण दिशा का स्वामी, ना (पुरुष), राट् (क्षत्रिय), चतुष्कोण आकृति, सुनारों का स्वामी, दग्धभूमि में रहनेवाला, अङ्गरहित, कटुरस प्रिय और रक्त-वर्ण है ।। ७१ ।।

**ग्राम्यः शुभो नीलसुवर्णवृत्तः शिश्विष्टकोच्चः समधातुजीवः ।**
**श्मशानयोषोत्तरदिक्प्रभातं शूद्रः खगः सर्वरसो रजो ज्ञः ।। ७२ ।।**

**व्याख्याः-** ज्ञः (बुधः) ग्राम्यः (ग्रामचारी) इति-अग्रेऽपि स्फुटम् ।। ७२ ।।

भा०–बुध-ग्राम में रहनेवाला, शुभग्रह, नीलवर्ण, सुवर्णद्रव्य का स्वामी, गोलाकृति, बाल्यावस्थावाला, उच्च स्थान प्रिय, समधातु (तुल्य कफ-पित्त-वात वाला), जीवों का स्वामी, श्मशान-भूमिचारी, स्त्री-ग्रह, उत्तरदिशा का स्वामी, प्रातःकाल में बली, शूद्रवर्ण, पक्षियों का स्वामी, सर्वरसप्रिय और रजोगुणी है ।। ७२ ।।

**गुरुः प्रभाते नृ-शुभेशदिग् द्विजः पीतो द्विपाद्-ग्राम्यसुवृत्तजीवः ।**
**वाणिज्यमाधुर्यसुरालयेशो वृद्धः सुरत्नं समधातु—सत्त्वम् ।। ७३ ।।**

**व्याख्याः-** गुरुः (बृहस्पतिः) प्रभाते प्रातर्बलीत्यग्रेऽपि स्पष्टम् ।। ७३ ।।

भा०–गुरु-प्रातःकाल में भी बली, पुरुष, शुभग्रह, ईशानदिक् स्वामी, ब्राह्मण, पीतवर्ण, द्विपद, गाँव में रहनेवाला, सवृत्त (गोल आकृति), जीवों का स्वामी, वाणिज्य करने वाला, मधुर-रस प्रिय, देवालय का स्वामी, वृद्ध, रत्नों का स्वामी, सम धातु (तुल्य कफ-पित्त-वात), और सत्त्व-गुण वाला है ।। ७३ ।।

**शुक्रः शुभ :स्त्री जलगोऽपराह्णाः श्वेतः कफी रुप्यरजोऽम्लमूलम्।**
**विप्रोऽग्निदिङ्मध्यवयो रतीशो जलावनीस्निग्धरुचिर्द्विपाच्च ।। ७४ ।।**

भा०–शुक्र-शुभग्रह, स्त्री, जलचारी, अपराह्ण में बली, श्वेतवर्ण, कफ-प्रकृति, रुप्यों का स्वामी, रजोगुणी, अम्ल (खट्टा) रसप्रिय, मूलों का स्वामी, ब्राह्मण, अग्नि दिशा का स्वामी, मध्यवय (युवा), रतीश (क्रीड़ा प्रिय), जल भूमि में रहने वाला, स्निग्ध रुचि (चिक्कनकान्ति) वाला और द्विपद है ।। ७४ ।।

**शनिर्विहङ्गोऽनिलवन्यसन्ध्याशूद्राङ्गनाधातुसमः स्थिरश्च ।**
**क्रूरः प्रतीची तुवरोऽतिवृद्धोत्करक्षितीट् दीर्घसुनीललोहम् ।। ७५ ।।**

**व्याख्याः-** शनिः–विहङ्गः-(पक्ष्यधिपः) अनिलो वातप्रकृतिः,. एवमग्रे स्पष्टम् ।। ७५ ।।

भा०–शनि-पक्षियों को स्वामी, अनिल (वायु तत्त्व), वन जन्तुओं का स्वामी, सन्ध्या काल में बली, शूद्र, स्त्री-ग्रह, धातु सम, स्थिर, पापग्रह, पश्चिम दिशा का स्वामी, तुवर (कषाय रस प्रिय), अत्यन्त वृद्धावस्था, उत्करभूमि (कतवारखाना) का स्वामी, लम्बा आकार, नीलवर्ण और लोहे का स्वामी है।।७५।।

**राहुस्वरूपं शनिवन्निषादजातिर्भुजङ्गोऽस्थिपनैर्ऋतीशः ।**
**केतुः शिखी तद्वदनेकरूपः खगस्वरूपात्फलमूह्यमित्थम् ।। ७६ ।।**

**व्याख्याः-** राहुस्वरूपं शनिवत्, विशेषस्तु–निषादजातिः, भुजङ्गः (सर्पाधिपः), अस्थिसारः, नैऋतीशः । केतुः शिखी (शिखावान्) अन्यत् स्पष्टम् ।। ७६ ।।

भा०–राहु का स्वरूप शनि के सदृश ही है, विशेष निषाद जाति और सर्प, हड्डी तथा नैर्ऋत दिशा का स्वामी है । केतु भी उसी प्रकार है, विशेष- शिखावान् और अनेक प्रकार के रूप वाला है । ग्रहों के स्वरूप से ही जन्म, वर्ष और प्रश्न काल में फल-विचार करना चाहिये ।। ७६ ।।

मित्र-शत्रु भेद से ग्रहों की ४ प्रकार की दृष्टि, उनमें मित्र दृष्टि—

**दृष्टिः स्यान्नवपञ्चमे बलवती प्रत्यक्षतः स्नेहदा**
**पादोनाऽखिलकार्यसाधनकरी मेलापकाख्योच्यते ।**
**गुप्तस्नेहकरी तृतीयभवभे कार्यस्य संसिद्धिदा**
**त्र्यंशोना कथिता तृतीयभवने षड्भागदृष्टिर्भवे ।। ७७ ।।**

**व्याख्याः-** 'ग्रहाणां स्वाधिष्ठतस्थानात्' नवपञ्चमे दृष्टिः बलवती स्यात्, सा प्रत्यक्षतः स्नेहदा, पादोना अखिलकार्यसाधनकरी मेलापकाख्या च उच्यते। तृतीयभवभे दृष्टिः गुप्तस्नेहकरी, कार्यस्य संसिद्धिदा स्यात्, 'तत्र' तृतीयभवने त्र्यंशोना, भवे (एकादशे) षड्भागदृष्टिर्भवति ।। ७७ ।।

भा०–अपने-अपने स्थान से ९।५ स्थानों पर ग्रहों की दृष्टि बलवती और प्रत्यक्ष स्नेह (मैत्री) कराने वाली, पादोन (३ चरण) होती है परञ्च सम्पूर्ण

कार्य को सिद्ध करने वाली तथा मेलापका कहाती है । और ३।११ स्थान पर जो दृष्टि होती है वह गुप्तरूप से स्नेह करानेवाली, कार्य को सिद्ध करनेवाली होती है विशेष यह है कि–तृतीय स्थान पर तृतीयांश हीन (०।४०) और ११ स्थान पर षष्ठांश (०।१०कला) दृष्टि होती है ।। ७७ ।।

शत्रु दृष्टि और मध्यम दीप्तांश—

**दृष्टिः पादमिता चतुर्थदशभे गुप्तारिभावा स्मृताऽन्योन्यं**
**सप्तमभे तथैकभवने प्रत्यक्षवैराऽखिला ।**
**दुष्टं दृक्त्रितयं क्षुताह्वयमिदं कार्यस्य विध्वंसदं**
**संग्रामादिकलिप्रदं दृश इमाः स्युर्द्वादशांशान्तरे* ।। ७८ ।।**

**व्याख्याः-** चतुर्थदशमे दृष्टिः पादमिता चतुर्थांशतुल्या, सा गुप्तारिभावा स्मृता। अन्योन्यं सप्तमभे तथैकभवने अखिला दृष्टिः प्रत्यक्षवैरा स्मृता। इदं दृक्त्रितयं दुष्टं, क्षुताह्वयं, कार्यस्य विध्वंसदं, संग्रामादिकलिंप्रदं स्यात्। इमाः दृशः द्वादशांशान्तरे (मध्यममानेन द्वादशदीप्तभागान्तरे) स्युः ।। ७८ ।।

भा०–अपने स्थान से ४।१० स्थानों पर दृष्टि १ चरण (०।१५) गुप्तरूप से शत्रुता करानेवाली होती है । तथा परस्पर सप्तम में और एक स्थान में सम्पूर्ण दृष्टि और प्रत्यक्ष रूप से शत्रुता कराने वाली होती है । ये तीनों (परस्पर दशम चतुर्थ, परस्पर सप्तम और एक स्थान की) दृष्टि दुष्ट फल देने वाली क्षुत नाम की सब कार्यों का नाश करने वाली और संग्राम आदि कलह कराने वाली होती है । और ये दृष्टि मध्यममान से १२ अंश के भीतर ही समझी जाती है । अर्थात् द्रष्टा और दृश्य का अन्तरांश १२ अंश के भीतर अर्थात् दीप्तांश से अल्प हो तो तभी यथोक्तफल प्राप्त होता है ।। ७८ ।।

गणित द्वारा सूक्ष्म (स्पष्ट) दृष्टि—

**अपास्य पश्यं निजदृश्यखेटादेकादिशेषे ध्रुवलिप्तिकाः स्युः ।**
**शून्यं खवेदास्तिथयोऽक्षवेदाः खं षष्टिरभ्रं शरवेदसंख्या ।। ७९ ।।**
**तिथ्यः खचन्द्रा वियदभ्रतर्काः शेषांशयातैष्यविशेषघातात् ।**
**लब्धं खरामै३० रधिकोनकैष्ये स्वर्णध्रुवेताः स्फुटदृष्टिलिप्ताः ।। ८० ।।**

**व्याख्या**:- निजदृश्यखेटात् पश्यं 'द्रष्टारं' अपास्य एकादिशेषेषु क्रमेण शून्यं, खवेदाः तिथयः, अक्षवेदाः, खं, षष्टिः, अभ्रं, शरवेदसंख्या, तिथ्यः, खचन्द्राः, वियत्, अभ्रतर्काः, 'इति' ध्रुवलिप्तिकाः स्युः। शेषांशयातैष्यविशेषघातात् खरामैः लब्धं, क्रमेण, अधिकोनवैष्ये ध्रुवे स्वर्णं (अधिकैष्ये ध्रुवे धनं, ऊनैष्ये ऋणं) कार्यं ताः स्फुटदृष्टिलिप्ताः भवन्ति ।। ७९-८० ।।

भा०–द्रष्टा ग्रह को अपने दृश्य में घटाकर १ आदि राशि शेष में क्रम से ०।४०।१५।४५।०।६०।०।४५।१५।१०।०।६० ये दृष्टि के कलात्मक गत ध्रुव होते हैं। तथा शेष अंशादि को गत और ऐष्य (अग्रिम) ध्रुव के अन्तर से गुणाकर ३० का भाग देकर लब्ध फल को गत ध्रुव से अग्रिम अधिक हो तो गत ध्रुव में जोड़ने से और अग्रिम ध्रुव अल्प हो तो गत ध्रुव में ही घटाने से स्पष्ट दृष्टि कला होती है ।। ७९-८०।।

दृष्टिध्रुव चक्र—

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राशि शेष | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ |
| | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | | |
| ध्रुवाङ्क | ० | ४० | १५ | ४५ | ० | ६० | ० |
| | ४५ | १५ | १० | ० | ६० | | |

उपपत्तिः–पश्यदृश्यग्रहयोरन्तरं १ राशितुल्यं तदा मिथो द्विर्द्वादशस्थितत्वाद् दृष्टिः शून्यं । यदि राशिद्वयमन्तरं तदा तृतीयस्थानस्थितत्वाद् दृष्टिः ०।४० कलाः एवमग्रेऽपिध्रुवाङ्का उपपद्यन्ते । शेषांशैरनुपातो यदि त्रिंशदंशैर्गतैष्यध्रुवयोत्तरं लभ्यते तदा शेषांशैः किमिति = (ग./ऐ.) शे. अं./३० फलमिदं एष्यध्रुवस्याधिक्ये वृद्धित्वात् गते ध्रुवे धनम्, एष्यस्य न्यूनत्वे क्षयत्वात् गतध्रुवे हीनं कार्यम् । इत्युपपन्नम् ।।

उदाहरण–जो देखता है वह पश्य (द्रष्टा), जिसको देखता हो वह दृश्य कहलाता है । जैसे–रवि के ऊपर चन्द्रमा की दृष्टि कितनी है यह लाना है तो यहाँ द्रष्टा चन्द्रमा और दृश्य रवि हुआ । अब स्पष्ट रवि ११।१२।२२।१७ में

स्पष्ट चन्द्रमा ०।२०।४९।२ को घटाने से शेष १०।२१।३३।१५ दशवाँ गत ध्रुव १० हुआ । और ऐष्य ध्रुव., दोनों का अन्तर १० से शेष अंशादि २१।३३।१५ को गुणाकर २१५।३२।३० इसमें ३० का भाग देकर लब्धि ७।११ इसको ऐष्य ध्रुव को अल्प होने के कारण गत ध्रुव १० में घटाने से २।४९ यह रवि के ऊपर चन्द्र की स्पष्ट दृष्टि हुई । इसी प्रकार सब ग्रहों पर सब ग्रहों की दृष्टि साधन कर चक्र में रखी गयी है, ग्रन्थ के अन्त में देखिये ।। ७९-८० ।।

अथ ग्रहमैत्री और स्पष्ट दीप्तांश—

**पश्यन्मित्रदृशा सुहृद्रिपुदृशा शत्रुः समस्त्वन्यथा**
**तिथ्यर्काष्टनगाङ्कशैलखचराः सूर्यादिदीप्तांशकाः ।**
**चक्रे वामदृगुच्यते बलवती मध्याद्यथा वेश्मनी-**
**त्येकर्क्षेऽपि दृगुच्यतेऽर्थजननीत्येके विदुः सूरयः ।। ८१ ।।**

**व्याख्याः-** मित्रदृशा पश्यन् सुहृद्, रिपुदृशा पश्यन् शत्रुः, अन्यथा समः स्यात्। तिथ्यर्काष्टनगाङ्कशैलखचराः क्रमेण सुर्यादिदीप्तांशका भवन्ति। चक्रे वामदृग् बलवती उच्यते, यथा मध्यात् (दशमस्थानात्) वेश्मनि (चतुर्थे), एकर्क्षेऽपि दृक् अर्थजननी उच्यते इत्येके सूरयो विदुः ।। ८१ ।।

भा०–उपरोक्त मित्र दृष्टि से देखनेवाला मित्र, और शत्रु दृष्टि से देखनेवाला परस्पर शत्रु होता है अन्यथा (जिस पर दृष्टि न हो वह) सम होता है। और १५, १२, ८, ७, ९, ७, ९ इतने क्रम से सूर्यादि ग्रहों के दीप्तांश हैं । और द्वादश राशियों के चक्र (लग्न कुण्डली) में वाम दृष्टि बलवती होती है, जैसे–मध्य (दशम) स्थान से चतुर्थ स्थानस्थ ग्रह पर दृष्टि बलवती है । तथा एक राशिस्थ दृष्टि भी कार्य सिद्धि करने वाली होती है, ऐसा बहुत पण्डितों ने कहा है ।। ८१ ।।

विशेष–एक समुख दृष्टि और २ पार्श्व (दक्षिण, वाम) दृष्टि, इस तरह ग्रहों की ३ प्रकार की दृष्टि होती है । उनमें १।७ इस दो स्थानों पर सम्मुख तथा स्वस्थान से ३।४।५ इस तीन स्थानों पर वाम और ११, १०, ९ इन तीन

स्थानों पर दक्षिण दृष्टि कहलाती है । इस प्रकार प्रत्येक ग्रह ८ स्थान को देखता है । इसलिये १।७ में सम्मुख होने के कारण अखिल दृष्टि कही गयी है । तथा तृतीय (वाम) में ०।४० और दक्षिण (एकादश) में ०।१० कला कही गयी है। इसी प्रकार यहाँ दशम की अपेक्षा चतुर्थ पर, और नवम की अपेक्षा पञ्चम पर दृष्टि बलवती (अर्थात् परस्पर चतुर्थ दशमस्थ ग्रहों में एक की चतुर्थ दृष्टि और एक की दशम दृष्टि) होती है । इन दोनों में दूर दृष्टि से समीप की दृष्टि बलवती होती है ।

जैसे–वर्षलग्न कुण्डली देखिये–रवि पर शुक्र की तृतीय और शुक्र पर रवि की एकादश दृष्टि है, यहाँ रवि की अपेक्षा शुक्र की दृष्टि अधिक हुई । रवि की बृहस्पति पर दशम और बृहस्पति की रवि पर चतुर्थ दृष्टि है, इसलिये रवि की अपेक्षा बृहस्पति की अधिक दृष्टि है । इसी प्रकार परस्पर नवम पञ्चमस्थ गुरु-मङ्गल में मङ्गल की अपेक्षा गुरु की दृष्टि बलवती (अधिक) है ।। ८१ ।।

इस प्रकार दृष्टि के आशय को नहीं समझ कर 'विश्वनाथ' तथा उनके अनुकरण करनेवाले टीकाकारों ने लग्न से ही वाम और दक्षिण भाग मान लिया है जो असङ्गत है ।

दीप्तांश का प्रयोजन—


**पुरः पृष्ठे स्वदीप्तांशैर्विशिष्टं दृक्फलं ग्रहः ।**
**दद्यादतिक्रमे तेषां मध्यमं दृक्फलं विदुः ।। ८२ ।।**

**व्याख्या**:- ग्रहः पुरः (अग्रे) पृष्ठे (पश्चात्) च स्वदीप्तांशैः विशिष्टं दृक्फलं दद्यात्। तेषां (दीप्तांशानां) अतिक्रमे मध्यमं दृक्फलं विदुः ।। ८२ ।।

भा०–ग्रह अपने-अपने दृष्टि स्थानों में दीप्तांशों के भीतर दृष्ट अंश से आगे और पीछे विशिष्ट दृष्टिफल देते हैं और दीप्तांशों से अधिक अंशों में मध्यम दृष्टि फल देते हैं ।। ८२ ।।

विशेष–जितने अंश पर ग्रह रहता है अपनी दृश्य राशि के उतने ही अंश पर उसकी दृष्टि पड़ती है और उस अंश से आगे और पीछे अपने दीप्तांशतुल्य दृग्रश्मि फैलती है । इसलिए दीप्तांश पर्यन्त अधिक दृष्टि होने के

कारण विशेष दृक् फल कहा गया है । क्योंकि दृष्टि के अनुसार ही सम्बन्ध और फल हुआ करता है । दृश्य राशि में भी दीप्तांश के बाहर दृष्टि की अल्पता होने के कारण मध्यम फल होता है ।।




उदाहरण–कुण्डली देखिये–मेष के १३ अंश पर शुक्र है और कर्क में १३ अंश पर चन्द्रमा, १८ अंश पर शनि, और ११अंश पर गुरु है । यहाँ शुक्र की दृष्टि कर्क के १३वें अंश पर पड़ती है और उससे दीप्तांश ७ तुल्य आगे अर्थात् २०वें अंश तक तथा दीप्तांश तुल्य पीछे अर्थात् छठे अंश तक स्पष्टतया दृष्टि है । इसलिए चन्द्रमा पर तो पूर्ण दृष्टि ६० कला हुई, और उसकी अपेक्षा गुरु पर और गुरु की अपेक्षा भी शनि पर कुछ कम दृष्टि हुई क्योंकि जितना ही अंशान्तर अल्प होता है उतनी ही दृष्टि में अधिकता होती है । तथा ९ वें स्थान में होने के कारण मङ्गल पर भी शुक्र की दृष्टि है । परञ्च दीप्तांश से बाहर होने के कारण मध्यम दृष्टि है । परस्पर दृष्ट ग्रहों का अन्तर दीप्तांश से अल्प हो तो दीप्तांश के भीतर अन्यथा बाहर समझना चाहिये ।

इति गूढ़ार्थप्रकाशिकासहितनीलकण्ठ्यां ग्रहराशिस्वरूपनिरूपण-प्रथमाध्यायः ।। १ ।।

**अथ षोडशयोगाध्यायः**

षोडशयोगों के नाम—

**प्रागिक्कवालोऽपर इन्दुवारस्तथेत्थशालोऽपर ईसराफः ।**
**नक्तं ततः स्याद्यमया मणाऊ कबूलतो गैरिकबूलमुक्तम् ।। १ ।।**
**खल्लासरं रद्दमथो दुफालिकुत्थं च दुत्थोत्थदवीरनामा ।**
**तंबी रकुत्थौ दुरफश्च योगाः स्युः षोडशैषां कथयामि लक्ष्म ।। २ ।।**

**व्याख्याः-** प्राक् (प्रथमः) 'इक्कवाल' इत्यादियोगनामानि स्फुटान्येवेति ।। १-२ ।।

भा०—इक्कवाल १, इन्दुवार २, इत्थशाल ३, ईसराफ ४, नक्त ५, यमया ६, मणाऊ७, कबूल ८, गैरिकबूल ९, खल्लासर १०, रद्द ११, दुफालिकुत्थ १२, दुत्थोत्थदवीर १३, तंबीर १४, कुत्थ १५, दुरफ १६ ये षोडश योग हैं । इनके लक्षणों को कहता हूँ ।। १-२ ।।

इक्कवाल और इन्दुवार योगों के लक्षण—

**चेत्कण्टके पणफरे च खगाः समस्ताः**
**स्यादिक्कवाल इति राज्यसुखाप्तिहेतुः ।**
**आपोक्लिमे यदि खगाः स किलेन्दुवारो**
**न स्याच्छुभः क्वचन ताजिकशास्त्रगीतः ।। ३ ।।**

**व्याख्याः-** चेत् समस्ताः खगाः कण्टके पणफरे 'स्युः तदा' इक्कवालः स्यात्, इति (अयं) राज्यसुखाप्तिहेतुर्भवति। यदि समस्ताः खगाः आपोक्लिमे स्युस्तदा इन्दुवारः स्यात्। स किल (निश्चयेन) ताजिकशास्त्रगीतः क्वचन (कुत्रापि जन्म समये प्रश्नसमयेऽपि वा) शुभो न स्यात् ।। ३ ।।

भा०—यदि सब ग्रह केन्द्र और पणफर में ही हों तो इक्कवाल योग कहलाता है, जो राज्य और सुख को देनेवाला होता है । अगर सब ग्रह आपोक्लिम में ही हों तो इन्दुवार नामक योग होता है, वह ताजिकशास्त्र में कहीं भी (जन्म वर्ष या प्रश्न में) शुभ नहीं कहा गया है ।। ३ ।।

इत्थशालयोग की विशेषता–जैसे किसी कार्याधिकारी से साक्षात् या परम्परा सम्बन्ध होने पर ही कार्य सिद्ध होता है, और बिना सम्बन्ध (यानि बिना उसके सामने जाने) से कार्य सिद्ध नहीं होता है, उसी प्रकार लग्नेश और कार्येश के परस्पर दर्शन आदि सम्बन्ध बिना कार्य सिद्ध नहीं होता है । इसलिये लग्नेश और कार्येश के परस्पर दृष्टि सम्बन्ध से मिलना (योग होना) ''इत्थशाल योग" कहलाता है । यह परस्पर मिलने से आनन्दित होने के कारण कार्यकारक होता है । तथा दोनों के मिलने के बाद जब फिर दोनों में विच्छेद होने लगता है तब वियोग से खेदित होने के कारण कार्य सिद्ध नहीं होता इसलिये ''ईसराफ योग" कहलाता है ।

इससे सिद्ध हुआ कि शीघ्र (अधिक) गति वाला ग्रह मन्दगति ग्रह की तरफ चलकर उससे मिले । यानि दोनों पर दोनों की दृष्टि पड़े) तब इत्थशाल योग होता है । इस प्रकार का मिलन जब मार्गी ग्रह शीघ्रगति थोड़े अंश में और मन्दगति अधिक अंश में भी हो तभी हो सकता है । अथवा वक्री (उल्टा चलने वाला) शीघ्रगति ग्रह अधिक अंश पर और मन्द गति अल्प अंश पर हो तब भी ईथ्यशाल होता है । निष्कर्ष हुआ कि परस्पर दृष्ट लग्नेश और कार्येश का अंशान्तर उत्तरोत्तर अल्प हो तो 'इत्थशाल' योग होता है । और अंशान्तर ज्यों ज्यों अल्प होता है त्यों त्यों दृष्टि में अधिकता होने के कारण योग में भी विशेषता होती है । जब दोनों का अंश बराबर हो जाता (अर्थात् अंशान्तर शून्य हो जाता) है तब पूर्ण दृष्टि होने के कारण योग की भी पूर्णता होती है । जो आगे आचार्योक्त लक्षण और उदाहरणों से स्पष्ट है ।। ३ ।।

इत्थशाल योग का लक्षण—

**शीघ्रोऽल्पभागैर्धनभागमन्देऽग्रस्थे निजं तेज उपाददीत ।**
**स्यादित्थशालोऽयमथोविलिप्ता–लिप्तार्धहीनो यदि पूर्ण एषः ।। ४ ।।**

**व्याख्या**:- यदि शीघ्रः (अधिकगतिग्रहः) अल्पभागैः स्थितः, अग्रस्थे (स्वसम्मुखस्थिते) धनभागमन्दे (अधिकांशे मन्दगतिग्रहे) निजं तेजः उपाददीत तदाऽयं 'इत्थशालः' स्यात्। यदि ''मन्दात् शीघ्रः' विलिप्तालिप्तार्धहीनस्तदा

एष: पूर्ण: स्यात्। अन्यथा सामान्यो वर्तमानो वा इत्थशाल इत्यर्थादेव सिद्ध्यति।।४।।

भा०–यदि शीघ्र गति ग्रह का भुक्तांश थोड़ा हो और अपने सम्मुख स्थित अधिक अंश पर स्थित मन्द गति ग्रह को अपना तेज देता हो (अर्थात् अपने दीप्तांशके भीतर देखता हो) तो इत्थशाल नामक योग होता है । यदि मन्दगति ग्रह से शीघ्रगति केवल एक आध विकला हीन (पीछे) हो तो यह योग पूर्ण समझा जाता है । अर्थात् शीघ्रगति ग्रह के अंश कला विकला मन्द ग्रह के तुल्य हो या आध कला से कम विकला मात्र अल्प हो तो पूर्ण, अन्यथा सामान्य या वर्तमान 'इत्थशाल' योग होता है ।। ४ ।।

विशेष–आचार्य के आशय को नहीं समझकर कितने टीकाकार ''धनभागमन्देऽग्रस्थे" के स्थान में ''धनभागमन्दे ग्रस्ते" पाठ कल्पना करके 'ग्रस्ते' का अर्थ करते हैं– ''दीप्तांश के भीतर हो" परञ्च 'दीप्तांश' के भीतर हो यह तो ''निजं तेज उपाददीत" इसी से सिद्ध है । क्योंकि 'दीप्तांश' का ही पर्याय तेज है । अत: तेज देना ही दीप्तांश से व्याप्त करना है । इसलिये यहाँ ''अग्रस्थे" यही पाठ समीचीन है, क्योंकि जिधर ग्रह जाता है उधर अग्र कहलाता है । जब मन्दगति की तरफ शीघ्र जायेगा तभी अंशान्तर अल्प होकर इत्थशाल होगा । यदि शीघ्रगति ग्रह उल्टा चलेगा तब मन्दगति उससे पीछे पड़ेगा और उत्तरोत्तर अंशान्तर अधिक होने से योग का अभाव होकर ईसराफ हो जायेगा। इससे यह भी सिद्ध हुआ कि शीघ्र गति ग्रह वक्री होकर मन्द गति की अपेक्षा अधिक अंश में हो तब भी उत्तरोत्तर अंशान्तर अल्प होने से इत्थशाल होता है । वक्री ग्रह अधिक अंश पर रहता है तो उसका भुक्तांश अल्प समझा जाता है । इसलिये यहाँ अंशपद से भुक्तांश समझना–अर्थात् शीघ्र गति ग्रह के भुक्तांश अल्प हो और मन्दगति ग्रह के भुक्तांश अधिक हों और दोनों का अंशान्तर दीप्तांश से अल्प हो तथा परस्पर दृष्टि स्थान में हो तो इत्थशाल होता है । परञ्च वक्र ग्रह का इत्थशाल पूर्ण फलप्रद नहीं होता है इसलिये उसी का रद्दनाम होता है । तथा थोड़े अंश पर रहकर भी शीघ्रगति वक्र हो तो इत्थशाल नहीं होता अर्थात् वहाँ ईसराफ हो जाता है ।

इसलिये इत्थशाल और ईसराफ के मदुक्त लक्षण—

मिथोदृक्खगयोर्दीप्त-भागाल्पा अन्तरांशकाः ।
उत्तरोत्तरमल्पाश्चेदित्थशालः शुभस्तदा ।।
अन्तरांशास्तयोश्चेत् स्युरधिका उत्तरोत्तरम् ।
ईसराफोऽशुभोऽसौ चेत् पापयोः, शुभयोः समः ।।

अर्थात्–परस्पर दृष्ट दो ग्रहों का अंशान्तर उत्तरोत्तर अल्प होनेवाला हो तो शुभप्रद इत्थशाल योग होता है । यदि अन्तरांश उत्तरोत्तर अधिक होनेवाला हो तो ईसराफ योग होता है । वह (ईसराफ) पाप ग्रहों से हो तो अशुभ और शुभ ग्रहों से हो तो मध्यम (न शुभ, न अशुभ) समझा जाता है । यहाँ ध्यान रखने योग्य बात यह है कि अल्प अंशवाला ग्रह तेज देनेवाला और अधिक अंशवाला ग्रह तेज लेनेवाला होता है ।। ४ ।।


वर्तमान और पूर्ण इत्थशाल कहकर २ भेद से भविष्यत् इत्थशाल कहते हैं—

**शीघ्रो यदा भान्त्यलवस्थितः सन् मन्देऽग्रभस्ते निदधाति तेजः।**
**स्यादित्थशालोऽयमथैष शीघ्रो दीप्तांशकांशैरिह मन्दपृष्ठे ।। ५ ।।**
**तदा भविष्यद्गणनीयमित्थशालं त्रिधैवं मुथशीलमाहुः ।**
**लग्नेशकार्याधिपयोर्यथैष योगस्तथा कार्यमुशन्ति सन्तः ।। ६ ।।**

**व्याख्याः-** शीघ्रो यदा भान्त्यलवस्थितः सन् अग्रभस्ये (स्वसम्मुखस्थे दृग्विहीनद्वितीयादिस्थानस्थे) मन्दे (मन्दगतिग्रहे) निजं तेजः निदधाति तदाऽयं 'भविष्यत्' इत्थशालः स्यात्। अथ एष शीघ्रो दीप्तांशकांशैः मन्दपृष्ठे 'स्यात्' तदापि भविष्यत् इत्थशालं गणनीयम्। एवं त्रिधा (वर्तमान-भूत-भविष्यद्रूपं) मुथशीलमाहुः। लग्नेशकार्याधिपयोः यथा एष योगः स्यात्, तथा कार्यं सन्तः उशन्ति (कथयन्ति) ।। ५-६ ।।

भा०–शीघ्रगति ग्रह यदि राशि के ३० वें अंश में हो और द्वितीय आदि अदृष्ट राशि में स्थित मन्दगति ग्रह को अपना तेज देता हो (अर्थात् मन्दगति ग्रह यदि शीघ्र के दीप्तांश से अल्प अंश में हो) तब भी इत्थशाल होता है, वह भविष्य कहलाता है । तथा यदि शीघ्रगति ग्रह ठीक अपने दीप्तांश तुल्य

मन्दगति ग्रह से पीछे हो तो भी भविष्यत् इत्थशाल समझना, इस प्रकार तीन भेद से (अर्थात् वर्तमान, पूर्ण और भविष्य) इत्थशाल होते हैं । यह योग लग्नेश और कार्येश में जिस प्रकार हो उसी प्रकार से कार्य की सिद्धि मुनियों ने कही है–अर्थात् लग्नेश कार्येश में सामान्य (वर्तमान) इत्थशाल हो तो सामान्य रूप से, वर्तमान समय में कार्य हो रहा है । पूर्ण इत्थशाल हो तो पूर्ण रूप से कार्यसिद्धि हो चुकी है । यदि भविष्यत् इत्थशाल हो तो कार्यसिद्धि भविष्य में कहनी चाहिए ।। ५-६ ।।




उदाहरण–(१) दो ग्रहों का मिलना इत्थशाल और बिछुड़ना ईसराफ कहलाता है । लग्नकुण्डली देखिये । सन्तानभाव का विचार करना है तो लग्नेश मङ्गल और कार्येश सूर्य हुआ । इनमें सूर्य शीघ्रगति और मङ्गल मन्दगति है । यहाँ मन्दगति मङ्गल के अंश ७ से शीघ्रगति सूर्य के अंश १ अल्प हैं तथा दोनों का अंशान्तर ६ यह मङ्गल के दीप्तांश८ से अल्प है तथा दोनों में नवम पञ्चम (मैत्री) दृष्टि भी है, इसलिए सामान्य इत्थशाल योग हुआ । अत: पुत्र सुख सामान्य किन्तु अवश्य होना सिद्ध हुआ है ।

(२) यदि धनलाभ का विचार करना है तो कार्येश शुक्र हुआ । वह लग्नेश की अपेक्षा शीघ्रगति और मार्गी है तथा लग्नेश से केवल १ विकला न्यून है दोनों में दृष्टि भी है अत: पूर्ण इत्थशाल योग हुआ । अत: धनलाभ पूर्ण होना सिद्ध होता है । अर्थात् धनलाभ हो चुका और हो भी रहा है ।

(३) यदि भाग्योदय का विचार करना है तो भाग्येश गुरु है, वह मन्दगति और लग्नेश शीघ्रगति है । दोनों में दृष्टि है परञ्च अंशों का अन्तर ८

शीघ्र गति के ठीक दीप्तांश तुल्य है । इसलिये वर्तमान समय में शीघ्रगति (मङ्गल) मन्दगति (बृहस्पति) को अपना तेज नहीं देता है, परञ्च थोड़ी देर में दोनों का अन्तर दीप्तांश से अल्प होने वाला है अत: इत्थशाल भी होने वाला है। इसलिये यह भविष्यत् इत्थशाल हुआ । इसलिये भाग्योदय भी निकट भविष्य में कहना चाहिये ।

(४) यदि भूमि (खेती) का विचार करना है तो कार्येश चन्द्रमा-मिथुन के ३०वें अंश के अन्त में है अब वह अगले राशि (कर्क) के प्रथम अंश में प्रवेश करने वाला है इसलिये यहाँ भी भविष्य इत्थशाल हुआ । कारण यह कि जब लग्नेश कार्येश में परस्पर दृष्टि भी हो दोनों के अन्तरांश दीप्तांश से अल्प और शीघ्रगति के अंश मन्दगति के अंश से भी अल्प हो तभी वर्तमान इत्थशाल योग होता है । इसलिये जब तक चन्द्रमा ३०वें अंश में है तब तक दृष्टि के अभाव में अंश अधिक होने के कारण इत्थशाल का भी अभाव ही समझना । परञ्च जब भी अग्रिम राशि के प्रथम अंश में प्रवेश करेगा तभी इत्थशाल हो जायेगा इसलिये भविष्य ही सिद्ध होता है ।।

विशेष–''शनीज्य भौमार्क-सितज्ञचन्द्रा: ज्ञेया: बुधै: शीघ्रजवा: क्रमेण"

अर्थात्–मध्यम-मानसे शनि, गुरु, भौम, रवि, शुक्र, बुध, चन्द्र ये क्रम से अधिक गतिवाले हैं । परञ्च इत्थशालादिका विचार तात्कालिक स्पष्ट गति से ही करना चाहिये ।।

फल कहने में विशेषता—

**लग्नेशकार्याधिपतत्सहाया यत्र स्युरस्मिन् पतिसौम्यदृष्टे ।**
**तदा बलाढ्यं कथयन्ति योगं विशेषत:स्नेहदृशाऽपि सन्त: ।। ७ ।।**

**व्याख्या**:- लग्नेश-कार्याधिप-तत्सहाया यत्र स्यु: अस्मिन् प्रतिसौम्य-दृष्टे तदा सन्त: योगं बलाढ्यं कथयन्ति, स्नेहदृशा विशेषत: बलाढ्यं कथयन्ति।।७।।

भा०–लग्नेश, कार्येश और इन दोनों के सहायक (मित्र) जिस भाव में हो उस भाव पर उसी भाव के स्वामी और शुभग्रह की दृष्टि हो तो मुनियों ने योग

को बलवान् कहा है । यदि मित्र दृष्टि हो तो विशेषकर बलवान् योग होता है।।७।।

भूत, भविष्य और वर्तमान फल कहने का प्रकार—

**स्वर्क्षादिसत्स्थानगतः शुभैश्चेद्युतेक्षितोऽभूद्भविताऽथवाऽऽस्ते ।**
**तदा शुभं प्रागभवत्सुपूर्णमग्रे भविष्यत्यथ वर्तते च ।। ८ ।।**
**व्यत्यस्तमस्माद्विपरीतभावेऽथेष्टर्क्षतोऽनिष्टगृहं प्रपन्नः ।**
**अभूच्छुभं प्रागशुभं त्विदानीं संयातुकामेन च भावि वाच्यम् ।। ९ ।।**

**व्याख्याः-** स्वर्क्षादिसत्स्थानगतः शुभैः युतेक्षितश्चेत् अभूत्, भविता, अथवा आस्ते, तदा क्रमेण सुपूर्णं शुभं, प्रागभूत्, अग्रे भविष्यति अथ वर्तते च इति वक्तव्यम्। अस्माद् विपरीतभावे व्यत्यस्तं वाच्यम्, अथ इष्टर्क्षतः अनिष्टगृहं प्रपन्न अभूत् तदा शुभं प्राग् इदानी अशुभं वर्तते। संयातुकामेन 'भावि फलं' वाच्यम् ।। ८-९ ।।

भा०–स्वराशि स्वोच्च आदि शुभस्थान स्थित ग्रह यदि शुभ ग्रह से युत दृष्ट हो गया हो तो शुभ फल भी हो गया, युत दृष्ट होने वाला हो तो फल भी होने वाला है यदि युत व दृष्ट वर्तमान हो तो फल भी वर्तमान है ऐसा कहना । इससे विपरीत भाव में उल्टा कहना–अर्थात् नीचादि अशुभ स्थान में पाप ग्रह से युत दृष्ट हो गया हो तो अशुभ फल भी पहिले हो चुका है, युत दृष्ट होने वाला हो तो फल भी होने वाला और अशुभ से युत दृष्ट वर्तमान हो तो अशुभ फल भी वर्तमान है । तथा शुभ भवन से अशुभ भवन में आकर वर्तमान हो तो शुभफल पहिले हो चुका, अभी अशुभ फल वर्तमान है । तथा जिस प्रकार के स्थान में जाने वाला हो उस प्रकार का भावी फल कहना ।। ८-९ ।।

ईसराफ योग का लक्षण—

**शीघ्रो यदा मन्दगतेरथैकमप्यंशमभ्येति तदेशराफः ।**
**कार्यक्षयो मूसरिफे खलोत्थे सौम्ये न हिल्लाजमतेन चिन्त्यम् ।। १० ।।**

**व्याख्याः-** अथ शीघ्रो यदा मन्दगतेः एकमप्यंशं अग्रे अभ्येति तदा ईसराफः स्यात्। खलोत्थे मूसरिफे कार्यक्षयः स्यात्। सौम्ये मूसरिफे 'सति' कार्यक्षयः न 'इति' हिल्लाजमतेन चिन्त्यम् ।। १० ।।

भा०–यदि मन्गाति ग्रह से शीघ्र गति ग्रह १ अंश (अंश शब्द भाग वाचक है अतः १ कला विकला) भी अधिक हो जाय तो ईसराफ योग होता है। ईसराफ का ही नाम मुसरीफ भी है । मुसरीफ योग पाप ग्रहजनित हो तो कार्य का नाश होता है । यदि शुभ ग्रह जनित हो तो कार्य का नाश नहीं होता है । यह हिल्लाज नामक आचार्य के मत से समझना ।। १० ।।

उदाहरण–पीछे लग्न कुण्डली देखिये–मन्द गति मंगल के ७ से शीघ्रगति बुध के ८ अंश अधिक है अतः ईसराफ योग हुआ ।। १० ।।

नक्तयोग का लक्षण—

**लग्नेशकार्याधिपयोर्न दृष्टि-र्मिथोऽथ तन्मध्यगतोऽपि शीघ्रः ।**
**आदाय तेजो यदि पृष्ठसंस्थान्यसेदथान्यत्र हि नक्तमेतत् ।। ११ ।।**


**व्याख्याः-** लग्नेशकार्याधिपयोः मिथो दृष्टिः न अथ तन्मध्यगतः शीघ्रोऽपि यदि पृष्ठसंस्थात् तेजः आदाय अन्यत्र न्यसेत् तदा एतत् नक्तं स्यात् ।। ११ ।।

भा०–लग्नेश कार्येश में परस्पर दृष्टि न हो, और उन दोनों के अंशापेक्षया मध्य में स्थित शीघ्रगति ग्रह यदि पृष्ठस्थित (अर्थात् लग्नेश कार्येश में जो अधिक गतिवाला अल्प अंश से हो उस) ग्रह से तेज लेकर अग्रस्थ मन्दगति ग्रह को देता हो तो नक्त योग होता है ।। ११ ।।

नक्तयोग का उदाहरण—

**स्त्रीलाभपृच्छात्तनुरस्ति कन्या स्वामी बुध: सिंहगतो रसांशै: ।**
**सूर्यांशकैर्देवगुरु: कलत्रे दृष्टिस्तयोर्नास्ति मिथोऽथ चन्द्र: ।। १२ ।।**
**चापे वृषे चोभयदृश्यमूर्ति: शीघ्रोऽष्टभागैरथवा भवांशै: ।**
**आदाय तेजो बुधतो ददौ यज्जीवाय लाभ: परत: स्त्रिया: स्यात् ।। १३ ।।**

भा०–मानो स्त्री लाभ के लिए प्रश्न लग्न कन्या है । लग्नेश बुध ६ अंश से सिंह में है, तथा कार्येश गुरु १२ अंश से सप्तम भाव (मीन) में है, दोनों में परस्पर दृष्टि नहीं है । अब इन दोनों के मध्य वृष, अथवा धनु के ८वां ११ अंश में होकर चन्द्रमा दोनों को देखता हुआ बुध से तेज लेकर गुरु को देता है, इसलिए यह नक्त योग हुआ । अत: दूसरे के द्वारा स्त्री का लाभ होगा, ऐसा समझना ।। १२-१३ ।।




विशेष–जहाँ शीघ्रगति ग्रह का तेज मन्दगति ग्रह स्वयं ग्रहण करता है वहाँ इत्थशाल योग होता है । और जहाँ दूसरे शीघ्रगति ग्रह के द्वारा तेज ग्रहण करता है वहाँ नक्तयोग होता है । और यदि अन्य मन्दगति शीघ्र गति से मन्दगति ग्रह तेज ग्रहण करता हो तो यमयायोग होता है ।। १२-१३ ।।

यमया योग का लक्षण—

**अन्त:स्थितो मन्दगतिस्तु पश्येद्दीप्तांशकैर्द्वावथ शीघ्रतस्तु ।**
**नीत्वा महो यच्छति मन्दगाय कार्यस्य सिद्ध्यै यमया प्रदिष्ट ।। १४ ।।**

**व्याख्या:-** तु पुन: 'यदि लग्नेशकार्येशयो:' अन्त:स्थितो (मध्यस्थो) मन्दगति दीप्तांशकै: द्वौ (लग्नेशकार्येशौ) पश्येत्। अथ शीघ्रत: मह: नीत्वा मन्दगाय यच्छति (ददाति) तदा कार्यस्य सिद्ध्यै यमया-नामा योग: प्रदिष्ट ।। १४ ।।


भा०–यदि लग्नेश कार्येश में परस्पर दृष्टि न हो और अंशापेक्षया उन दोनों के बीच में दोनों की अपेक्षा मन्दगति ग्रह यदि शीघ्रगति से तेज लेकर मन्दगति ग्रह को देता हो तो कार्य सिद्धिकारक यमया नामक योग होता है ।। १४ ।।

उदाहरण—

**राज्याप्तिपृच्छातुललग्ननाथो मेषे सितस्त्वष्टिलवैर्वृषस्थ: ।**
**चन्द्रो रसांशैर्यदि राज्यनाथो दृष्टिस्तयोर्नास्ति गुरुस्तु मन्द: ।। १५ ।।**
**दिगंशकै: कर्कगयस्तु पश्यन्नुभौ महो दीप्तलवै: स चान्द्रम् ।**
**ददौ सितायेति पदस्य लाभोऽमात्येन भावीति विमृश्य वाच्यम् ।।१६।।**

भा०–मानो राज्य लाभ के लिए प्रश्न लग्न तुला है, लग्नेश शुक्र १६ अंश से मेष में है ।

यमया योग—




और राज्य भाव का स्वामी चन्द्रमा ६ अंश से वृष में है । इन दोनों में दृष्टि नहीं हैं । और इन दोनों की अपेक्षा मन्दगति गुरु १० अंश से कर्क में स्थित होकर दोनों को

दीप्तांशों से देखता हुआ चन्द्रमा से तेज लेकर शुक्र को देता है, इसलिए राज्य का लाभ मन्त्री द्वारा होगा ऐसा कहना चाहिये । क्योंकि गुरु मन्त्रिग्रह है ।।१५-१६।।

मणऊ योग का लक्षण—

**वक्रः शनिर्वा यदि शीघ्रखेटात् पश्चात्पुरस्तिष्ठति तुर्यदृष्ट्या ।**
**एकर्क्ष-सप्तर्क्षभुवा दृशा वा पश्यन्तथांशैरधिकोनकैश्चेत् ।। १७ ।।**
**तेजो हरेत्कार्यपदेत्थशाली स्थितोऽपि वाऽसौ मणऊ शुभो न ।**

**व्याख्याः-** यदि उभयोः (लग्नेशकार्येशयोः) इत्थशालोऽस्ति तथा वक्रो (मङ्गलो) वा शनिः यदि शीघ्रखेटात् पुरस्तिष्ठति, तुर्यदृष्ट्या, एकर्क्षसप्तर्क्षभुवाष्टदृशा वा अधिकोनकैः अंशैः पश्यन् कार्यपदेत्थशाली स्थितोऽपि तेजो हरेत् तदा 'मणऊ' योगः स्यात्। असौ शुभो न स्यात् ।।१७।।


भा०–(लग्नेश कार्येश में इत्थशाल हो इस हालत में) मंगल वा शनि उन दोनों (लग्नेश कार्येश) में एक से पश्चात् (अल्प अंश) तथा दूसरे से आगे (अधिक अंश से) हो और चतुर्थ (शत्रु) दृष्टि से देखता है । अथवा एक से अधिक अंश और एक से अल्प अंश होकर एकस्थ दृष्टि वा सप्तम दृष्टि से कार्येश के साथ इत्थशाल करता हुआ तेज हरण करता हो तो यह दोनों प्रकार से मणऊ योग होता है । तथा यह योग शुभ नहीं होता है ।। १७ ।।

युक्ति–जैसे दाता के पास कोई याचक पहुँच जाता है तो उसको अभीष्टदान मिल जाता है । परञ्च उसके बीच कोई प्रभावशाली दुष्ट पहुँच जाये तो दान पाने में विघ्न हो जाता है । उसी प्रकार लग्नेश कार्येश में इत्थशाल होने पर भी–उसके बीच में पाप ग्रह (मं.श.) पड़ जाए तो कार्य में बाधा होना स्वाभाविक है ।

उदाहरण—

**स्त्रीलाभपृच्छातनुरस्ति कन्याऽत्र ज्ञो दिगंशैस्तिथिभिः सुरेज्यः ।। १८ ।।**
**कलत्रगः खेऽवनिजो भवांशैः पूर्वं बुधो भौमहृतस्वतेजाः ।**
**जीवेन पश्चान्मिलतीति लाभो नार्यास्तु नो पृष्ठगतेऽथवाऽस्मिन् ।। १९ ।।**

भा०–स्त्री लाभ के लिए प्रश्न लग्न कन्या है,




लग्नेश बुध १० अंश से कन्या ही में है, और कार्येश बृहस्पति १५ अंश से सप्तम भाव में है, तथा मंगल ११ अंश (अर्थात् एक से अधिक और एक से अल्प अंश) से दशम भाव में है यहाँ लग्नेश कार्येश में इत्थशाल है परञ्च बुध का तेज पहिले मङ्गल ले लेता है, पश्चात् उस तेज को बृहस्पति को देता है । इसलिए यह मणऊ योग हुआ । अत: स्त्री का लाभ नहीं हो सकता, ऐसा समझना । अथवा मङ्गल बुध के पीछे भी होकर इत्थशाल करें तो भी मणऊ योग कार्यनाशक होता है ।। १८-१९ ।।

मणऊयोग का भेद—

**यदीत्थशालोऽस्त्युभयो: स्वदीप्तहीनांशकैश्चेदधिकौ कुजार्की ।**
**एकर्क्षगौ लग्नपकार्यपो: स्तस्तेजोहरौ कार्यहरौ निरुक्तौ ।। २० ।।**


**व्याख्या:-** यदि उभयो: इत्थशालोऽस्ति चेत् स्वदीप्तहीनांशकैरधिकौ कुजार्की एकर्क्षगौ लग्नपकार्यपो: तेजोहरौ स्त: तदा कार्यहरौ निरुक्तौ ।।२०।।

भा०–यदि लग्नेश और कार्येश में इत्थशाल हो और उन दोनों से शनि वा मंगल अपने दीप्तांश से अल्प अंशतुल्य अधिक होकर लग्नेश के या कार्येश के साथ रह कर तेज हरण करता हो तो भी मणऊयोग कार्य का नाशकारक कहा गया है ।। २० ।।

उदाहरण—

**राज्याप्तिपृच्छातुललग्ननाथ: कर्के सितोंशैस्तिथिभिर्दिगंशै: ।**
**वृषे शशी भूपलवै: कुजश्च हरन् द्वयोर्भां हरते च राज्यम् ।। २१ ।।**

भा०–राज्यलाभार्थ तुला प्रश्न लग्न है,




लग्नेश (शुक्र) १५ अंश से कर्क में, और कार्येश (चन्द्रमा) १० अंश से बुध में है यहाँ दोनों में इत्थशाल है, फिर मङ्गल भी १६ अंश से वृष ही में (कार्येश के साथ) रह कर दोनों के साथ इत्थशाल करता हुआ दोनों से अधिक अंश होने के कारण दोनों के तेज को हर्ण करता है इस लिए यह भी मणऊयोग कार्यनाशक हुआ।।२१।।

कम्बूलयोग का सामान्य लक्षण—

**लग्नकार्येशयोरित्थशालेऽत्रेन्द्वित्थशालतः ।**
**कम्बूलं श्रेष्ठमध्यादि-भेदैर्नानाविधं स्मृतम् ।। २२ ।।**

**व्याख्या:-** लग्नकार्येशयोः (लग्नाधिपकार्याधिपयोः) इत्थशालेऽत्र इन्द्वित्थशालतः श्रेष्ठमध्यादिभेदैः (उत्तमाद्यधिकारभेदैः) नानाविधं कम्बूलं स्मृतम् ।। २२ ।।

भा०–लग्नेश और कार्येश में इत्थशाल हो उनमें दोनों या किसी एक के साथ चन्द्रमा का इत्थशाल हो तो उत्तम, मध्यम आदि भेदों से नानाप्रकार (अर्थात् १६ प्रकार) के कम्बूलयोग होते हैं ।। २२ ।।

यथा उत्तमाधिकारस्थचन्द्र से ४ प्रकार के कम्बूल—

**यदीन्दुः स्वगृहोच्चस्थस्तादृशौ लग्नकार्यपौ ।**
**इत्थशाली कम्बूलं तदुत्तमोत्तममुच्यते ।। २३ ।।**
**स्वीयहद्दाद्रेक्काणाङ्कभागस्थेनेत्थशालतः ।**

**मध्यमोत्तमकम्बूलं हीनाधिकृतिनोत्तमम् ।। २४ ।।**
**उत्तमाधमा नीचरिपुगेहस्थितेन चेत् ।**

भा०–यदि चन्द्रमा अपनी राशि वा उच्च (उत्तमाधिकार) में हो, तथा लग्नेश कार्येश भी उत्तम अधिकार (स्वाराशि स्वोच्च) में हो तो उत्तमोत्तम कम्बूल १, तथा लग्नेश कार्येश यदि स्वहद्दा, द्रेष्काण वा नवांश (मध्यमाधिकार) में हो तो उत्तम-मध्यम कम्बूल २, यदि अधिकार शून्य हो तो उत्तम कम्बूल ३, यदि नीच शत्रुराशि में हो तो उत्तमाधम कम्बूल होता है । कम्बूल ही का नाम कबूल भी समझना ।। २३-२४ ।।

पुन: मध्यमाधिकारस्थ चन्द्र से ४ प्रकार के कम्बूल—
**स्वद्रेक्काणांशगश्चन्द्रः स्वभोच्चस्थेत्थशालकृत् ।। २५ ।।**
**मध्यमोत्तममेतच्च पूर्वस्मान्न विशिष्यते ।**
**स्वहद्दादिपदस्थेन कम्बूलं मध्यमध्यमम् ।। २६ ।।**
**मध्यमं च कम्बूल स्याद्धीनाधिकृतिखेटजम् ।**
**मध्यमाधमकम्बूलं नीचारिभगखेटजम् ।। २७ ।।**

भा०–चन्द्रमा यदि अपने द्रेष्काण नवांश या हद्दा (मध्यमाधिकार) में हो और लग्नेश कार्येश अपनी उच्चराशि वा गृह में हो तो मध्यमोत्तम कम्बूल होता है । यह पूर्वोक्त उत्तम-मध्यम से विशेष नहीं होता अर्थात् उसके समान ही होता है । तथा लग्नेश कार्येश अपने हद्दादि मध्यमाधिकार में हो तो मध्यमध्यम कम्बूल होता है । तथा लग्नेश कार्येश अधिकार हीन हो तो मध्यम कम्बूल होता है । यदि लग्नेश कार्येश नीच, शत्रु राशि में हो तो मध्यमाधम कम्बूल होता है।।२५-२६-२७।।

तथा अधिकारहीन चन्द्र से ४ प्रकार के कम्बूल—
**इन्दुः पदोनः स्वर्क्षोच्चस्थितेनाप्युत्तमं तु तत् ।**
**स्वहद्दादिगतेनापि पूर्ववन्मध्यमुच्यते ।। २८ ।।**
**पदोनेनापि मध्यं स्यादिति युक्तं प्रतीयते ।**
**नीचारिस्थेनेत्थशालेऽधमकम्बूलमुच्यते ।। २९ ।।**

भा०–चन्द्रमा पद (उच्च-नीच-मध्य-अधिकार) से हीन हो और लग्नेश कार्येश यदि स्वोच्चस्वराशि (उत्तमाधिकार) में हो तो केवल उत्तम कम्बूल, स्वहद्दादि (मध्याधिकार) में हो तो मध्यम कम्बूल होता है, यदि पदोन (अधिकार हीन, हो तो भी 'लग्नेश कार्येश और चन्द्रमा के अधिकार शून्य होने के कारण' मध्यम कम्बूल हो सकता है ऐसा युक्तियुक्त प्रतीत होता है । तथा नीच शत्रु राशि (अधमाधिकार) में लग्नेश कार्येश हो तो अधम कम्बूल होता है ।।२८-२९।।

अधमाधिकारस्थ चन्द्रमा से ४ प्रकार के कम्बूल—

**नीचशत्रुभगश्चन्द्रः स्वभोच्चस्थेत्थशालकृत ।**
**अधमोत्तमकम्बूलं पूर्वतुल्यफलप्रदम् ।। ३० ।।**
**चन्द्रो नीचारिगेहस्थः स्वहद्दादिगतेन चेत् ।**
**तत्रेत्थशाली कम्बूलमुच्यतेऽधममध्यमम् ।। ३१ ।।**
**इन्दुर्नीचारिगेहस्थः पदोनेत्थशालकृत् ।**
**कम्बूलमधमं ज्ञेयं पूर्वतुल्यफलप्रदम् ।। ३२ ।।**
**नीचारिभस्थखेटेन नीचारिभगतः शशी ।**
**तदित्थशाली कम्बूलमधमाधममुच्यते ।। ३३ ।।**

भा०–चन्द्रमा नीच, शत्रु राशि (अधमाधिकार) में हो–और लग्नेश कार्येश, स्वराशि, स्वोच्च में हो तो अधमोत्तम कम्बूल होता है वह पूर्वतुल्य (अर्थात् उत्तमाधम समान) ही होता है । यदि चन्द्रमा नीचादि राशि में हो और लग्नेश कार्येश स्वहद्दादि में होकर इत्थशाल करते हों तो अधममध्यम कम्बूल होता है । यदि चन्द्रमा नीच, शत्रु राशि में हो और लग्नेश कार्येश अधिकार हीन होकर इत्थशाल करें तो अधम कम्बूल पूर्वतुल्य फल देता है । यदि चन्द्रमा नीच वा शत्रुराशि में हों और लग्नेश कार्येश भी नीच, शत्रु राशि में हो और इत्थशाल हो तो अधमाधम कम्बूल होता है । इस प्रकार कम्बूल के १६ भेद हुए।।३०-३३।।

उपरोक्त कम्बूलयोगों के उदाहरण की योजना—

**मेषे रविः कुजो वाऽपि वृषे कर्के तथा शशी ।**
**तत्रेत्थशाली कम्बूलमुत्तमोत्तमकार्यकृत् ।। ३४ ।।**

भा०–मेष में सूर्य अथवा मङ्गल हो तथा वृष वा कर्क में चन्द्रमा हो और इनमें इत्थशाल हो तो दोनों के उत्तमाधिकार (स्वोच्च स्वराशि) होने के कारण कार्य सिद्धिप्रद उत्तमोत्तम कम्बूल समझना ।। ३४ ।।

अधमाधम कम्बूल का उदाहरण—

**वृश्चिकस्थः शशी भौमः कर्के तत्रेत्थशालतः ।**
**अधमाऽधमकम्बूलं कार्यविध्वंसदुःखदम् ।। ३५ ।।**

भा०–चन्द्रमा वृश्चिक में, और मंगल कर्क में हो और इनमें इत्थशाल हो तो दोनों के अधमाधिकार (नीच राशि) में होने के कारण अधमाधम कम्बूल कार्यनाशक और दु:खप्रद होता है ।। ३५ ।।

**एवं पूर्वोक्तभेदानामुदाहरणयोजना ।**
**उक्तलक्षणसम्बन्धादूहनीया विचक्षणैः। ।। ३६।।**

भा०–इस प्रकार पूर्वोक्त भेदों के उदाहरण की योजना यथोक्त-लक्षण के सम्बन्धानुसार करनी चाहिये । अर्थात् लग्नेशकार्येश और चन्द्रमा दोनों जिस प्रकार के अधिकार में रहते हैं उसी प्रकार का कम्बूल योग होता है ।। ३६ ।।

स्पष्टार्थ चक्र—

| | लग्नेश कार्येश का अधिकार— | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | उत्तमाधि. | मध्यमाधि. | अधमाधि. | शून्याधिकार |
| चन्द्र का अधिकार | उत्तमाधि. | उत्तमोत्तम १ | उत्तममध्य २ | उत्तमाधम ३ | उत्तम ४ |
| | मध्यमाधि. | मध्यमोत्तम ५ | मध्यमध्य ६ | मध्याधम ७ | मध्यम ८ |
| | अधमाधि. | अधमोत्तम ९ | अधममध्य १० | अधमाधम ११ | अधम १२ |
| | शून्याधि. | उत्तम १३ | मध्यम १४ | अधम १५ | सम १६ |

किसी ने शीघ्र मन्दगति ग्रह दोनों के एक राशि में रहने पर इत्थशाल आदि योग का फल कहा है उसका खण्डन—

**''मेषस्थेऽब्जे शनी" त्यादिदृष्टान्तान्मन्दशीघ्रयोः ।**
**एकर्क्षावस्थितावित्थशालादीनपरे जगुः ।। ३७ ।।**
**तदयुक्तं नीचगस्य नीचेन रिपुणा रिपोः ।**
**इत्थशालः कार्यनाशीत्युक्तं तत्र यतः स्फुटम् ।। ३८ ।।**

भा०–किसी ने ''मेषस्थेऽब्दजे शनिना" इत्यादि निम्नलिखित दृष्टान्त (उदहारण) द्वारा-शीघ्र मन्दगति ग्रहों के एक राशि में अवस्थित रहने पर ही इत्थशाल आदि योग कहे हैं । परञ्च वह अयुक्त है, क्योंकि–''नीचस्थ ग्रहों को नीचस्थ ग्रह से और शत्रु राशिस्थ ग्रहों को शत्रु राशिस्थ ग्रहों से ही जो इत्थशाल होता है वह कार्य नाशक है, ऐसा समरसिंहादिकृत ताजिक में स्पष्ट है ।।

परञ्च ''मेषस्थेऽब्जे शनिना" इत्यादि दृष्टान्त से दोनों नीच राशि में नहीं हो सकते क्योंकि एक ही राशि दो ग्रहों की नीच नहीं होती है । इसलिये उक्त दृष्टान्त अयुक्त है ।। ३७-३८ ।।

यथा ताजिक संज्ञातन्त्र में समरसिंह का वाक्य—

''मेषस्थेऽब्जे शनिना कर्कस्थे भृगुवा स्त्रियां कविना ।
मकरस्थे गुरुणा सह मीनस्थे ज्ञेन न शुभं च ।।"

अर्थात्–मेष में चन्द्रमा हो और मेषस्थ शनि से इत्थशाल हो, तथा कर्कस्थ चन्द्र को कर्कस्य मंगल से, कन्यास्थ चन्द्र को कन्यास्थ शुक्र से, मकरस्थ चन्द्र को मकरस्थ गुरु से और मीनस्थ चन्द्र को मीनस्थ बुध से इत्थशाल हो तो शुभ नहीं है ।

परञ्च कर्कस्थ चन्द्रमा को कर्कस्थ मङ्गल से इत्थशाल होने पर उत्तमाधम कम्बूल होता है, क्योंकि चन्द्रमा उत्तम अधिकार (स्वराशि) में है, और मङ्गल अधम अधिकार (नीच राशि) में है । तो यह कार्य नाशक कैसे हो सकता है ? क्योंकि समरसिंह का वाक्य है, जैसे—

''यदि नीचो नीचेन च मुथशिलकारी तथा रिपुर्द्विषता ।

तत् कम्बूलं नेष्टं चन्द्रोऽपि विनाशकोऽमुष्मिन् ।।"

अर्थात्–नीचस्थ ग्रह नीचस्थ से और शत्रुराशिस्थ शत्रुराशिस्थ से कम्बूल योग करे तो कार्य नाशक होता है ।। ३८ ।।

कम्बूल के फलों में न्यूनाधिकता की कल्पना—

**लग्नकार्यपयोरित्थशाले चैकोऽस्ति नीचगः ।**
**स्वर्क्षादिपदहीनोन्योऽन्येन्दुः कम्बूलयोगकृत् ।। ३९ ।।**
**तत्र कार्याल्पता ज्ञेया यथा जात्यन्यमर्थयन् ।**
**अन्यजातिः पुमानर्थं तथैतत्कवयो विदुः ।। ४० ।।**

भा०–लग्नेश और कार्येश में इत्थशाल योग हो तो इन दोनों में एक नीच में हो और दूसरा अपने गृह 'आदि' शब्द से नवांश द्रेष्काण, उच्च नीच शत्रु राशि से हीन हो इस हालत में यदि चन्द्रमा कम्बूल योगकारक हो जाये तो इस कम्बूल योग में कार्य की अल्पता समझना, जैसे अन्यजाति पुरुष भिन्न जातियों के यहाँ याचना करने पर भी अल्प धन पाता है, उसी प्रकार इसे भी पण्डितों ने कहा है ।। ३९-४० ।।

शून्यमार्गगत ग्रह का लक्षण—

**यस्याधिकारः स्वर्क्षादिः शुभो नाप्यशुभोऽपि न ।**
**केनाप्यदृश्यमूर्तिश्च स शून्याध्वग इष्यते ।। ४१ ।।**

**व्याख्याः-** यस्य ग्रहस्य स्वर्क्षादिः शुभोधिकारः न, अशुभोऽपि (नीचादिः) अधिकारो न, केनापि ग्रहेण अदृश्यमूर्ति। (न इष्टः) स ग्रहः शून्याध्वगाः (शून्यमार्गगतः) उच्यते ।। ४१ ।।

भा०–जिस ग्रह को स्वगृहादि शुभ अधिकार वा स्वनीचादि अशुभ अधिकार न हो और किसी भी ग्रह से इष्ट नहीं हो तो वह शून्यमार्गगत कहलाता है ।। ४१ ।।

गैरिकम्बूलयोग का लक्षण—

**लग्न-कार्येशयोरित्थशाले शून्याध्वगः शशी ।**
**उच्चादिपशून्यत्वान्नेत्थशालोऽस्य केनचित् ।। ४२ ।।**
**यद्यन्यर्क्षं प्रविश्यैष स्वर्क्षोच्चस्थेत्थशालवान् ।**
**गैरिकम्बूलमेतत्तु पदोनेनाऽशुभं स्मृतम् ।। ४३ ।।**


**व्याख्याः-** लग्नकार्येशयोः इत्थशाले सति, शशी शून्याध्वगः, अस्य उच्चादिपदशून्यत्वात् केनचित् इत्थशाली न, यदि एष (चन्द्रः) अन्यर्क्षं प्रविश्य स्वर्क्षोच्चस्थेत्थशालवान् 'तदा' गैरिकम्बूलं स्यात्। एतत् पदोनेन कारणेन अशुभं स्मृतम् ।। ४२-४३ ।।

भा०–लग्नेश कार्येश में इत्थशाल हो और चन्द्रमा उच्च आदि पद से हीन होकर शून्यमार्गगत हो और इस (चन्द्रमा) को लग्नेश या कार्येश किसी से इत्थशाल न हो, परञ्च यही चन्द्रमा यदि अग्रिम राशि में प्रवेश कर उसी राशि में स्थित स्वर्क्षस्वोच्चस्थ ग्रह से इत्थशाल करने वाला हो (अर्थात् चन्द्रमा राशि के अन्तिम अंश में रहकर जिस राशि में प्रवेश करने वाला हो वह राशि जिस ग्रह का गृह वा उच्च हो वह ग्रह उस राशि में चन्द्रमा के दीप्तांशावधि अंश में हो) तो गैरिकम्बूल योग होता है । यह गैरिकम्बूल योग दूसरे की सहायता से कार्यकारण होता है । यदि अग्रिम राशिस्थ ग्रह भी पदोन (अधिकार हीन) हो तो अशुभ होता है ।। ४२-४३ ।।

**लप्स्ये सुखमिति प्रश्ने सिंहलग्ने रविः क्रिये ।**
**अष्टांशैः सुखपः कुम्भे भौमोंऽशै रविभिस्तयोः ।। ४४ ।।**
**इत्थशालोऽस्ति तत्रेन्दुः कन्यायां चरमेंऽशके ।**
**स्वर्क्षादिपदहीनस्य नेत्थशालोऽस्य केनचित् ।। ४५ ।।**
**स स्वोच्चगेन शनिनाऽन्यर्क्षस्थेनेत्थशालकृत् ।**
**गैरिकम्बूलमन्येन सहायाल्लाभदायकम् ।। ४६ ।।**

भा०–''मैं सुखलाभ करूँगा ? इस प्रकार के प्रश्न में मानों सिंह लग्न है ।

गैरिककम्बूल—




लग्नेश (रवि) मेष में ८ अंश है, और सुखभावेश मङ्गल १२ अंश से कुम्भ में है इन दोनों में इत्थशाल योग है, यहाँ चन्द्रमा कन्या के अन्तिम (३० वाँ) अंश है तो यह स्वर्क्षादिपदहीन और इसे किसी के साथ इत्थशाल भी नहीं है, परञ्च यह (चन्द्रमा) अग्रिम तुलाराशि में जाकर उसमें स्वोच्चस्थ शनि से इत्थशाल करनेवाला है । इसलिए यह गैरिकम्बूल योग हुआ, इस योग में दूसरे की सहायता से सुख लाभ होगा ऐसा कहना । अगर शनि भी अपने उच्च में न रहता, रवि भी उच्च में न रहता तब अशुभ होता ।। ४४-४६ ।।

खल्लासरयोग का लक्षण—

**शून्येऽध्वनीन्दुरुभयोर्नेत्थशालो न वा युतिः ।**
**खल्लासरो न शुभदः कम्बूलफलनाशनः ।। ४७ ।।**

**व्याख्याः-** इन्दुः, शून्येऽध्वनि, उभयोः (लग्नेश-कार्येशयोः) केनचित् इत्थालो न वा युतिः 'तदाऽयं' खल्लासरः स्यात्, स कम्बूलफलनाशनः, न शुभदः स्यात् ।। ४७ ।।

भा०–यदि चन्द्रमा शून्यमार्ग में हो और लग्नेश तथा कार्येश को किसी के साथ इत्थशाल वा योग न हो तो खल्लासर नामक योग होता है, यह कम्बूल फल का नाशकारक शुभप्रद नहीं होता है ।। ४७ ।।

रद्दयोग का लक्षण—

**अस्तनीचरिपुवक्रहीनभा दुर्बलो मुथशिलं करोति चेत् ।**
**नेतुमेष न विभुर्यतो महोऽन्ते मुखेऽपि न स कार्यसाधकः ।। ४८ ।।**

**व्याख्या:-** अस्तनीचरिपुवक्रहीनभा दुर्बलो ग्रहश्चेत् (यदि) मुथशिलं करोति तदा एष दुर्बलो यतो महः तेजो) नेतुं विभुः (समर्थो) न, अतः अन्ते, मुखे (आदौ) अपि कार्यसाधकः न स्यात् ।। ४८ ।।

भा०–जो ग्रह अस्त, नीच अथवा शत्रु राशि में हो वक्री हो और हीन किरण वाला हो अर्थात् इन कारणों से दुर्बल होकर मुथशिल योग करता हो तो यह दुर्बल होने के कारण तेज लेने में समर्थ नहीं होता इसलिये अन्त अथवा आरम्भ में कहीं भी कार्यसाधक नहीं होता है । अर्थात् ऐसा इत्थशाल योग रद्द (व्यर्थ) हो जाता है ।।

रद्दयोग में विशेष—

**केन्द्रस्थ आपोक्लिमगं युनक्ति भूत्वादितो नश्यति कार्यमन्ते ।**
**आपोक्लिमस्थो यदि केन्द्रयातं विनश्य पूर्वं भवतीह पश्चात् ।। ४९ ।।**

**व्याख्या:-** (दुर्बलो ग्रहः) केन्द्रस्थः सन् आपोक्लिमगं ग्रहं युनक्ति (तेजो ददाति) तदा आदितो कार्यं भूत्वाऽन्ते नश्यति। यदि आपोक्लिमस्थः सन् केन्द्रयातं युनक्ति तदा कार्यं पूर्वं विनश्य पश्चात् भवति ।। ४९ ।।

भा०–पूर्वोक्त दुर्बल ग्रह यदि केन्द्रस्थ होकर आपोक्लिमस्थ ग्रह से मिलता हो (अर्थात् आपोक्लिम वाले को अपना तेज देता हो) तो आरम्भ समय में कार्य कुछ होता है परञ्च अन्त में नष्ट हो जाता है । यदि आपोक्लिम ही में रह कर केन्द्रस्थ ग्रह को अपना तेज देता हो तो आरम्भ में कार्य विफल होता है, परञ्च बाद में कार्य सिद्ध होता है ।। ४९ ।।

दुफालिकुत्थयोग का लक्षण—

**मन्दः स्वभोच्चादिपदे स्थितश्चेत् पदोनशीघ्रेण कृतेत्थशालः ।**
**तत्रापि कार्यं भवतीति वाच्यं वक्रादिनिर्वीर्यपदे न चेत्स्यात् ।। ५० ।।**

**व्याख्या:-** पद्यमेतत् भाषावलोकनेन स्पष्टार्थम् ।। ५० ।।

भा०–लग्नेश और कार्येश में जो मन्द गति ग्रह हो वह अपने उच्चादि शुभ पद में हो और उच्चादि पद से हीन शीघ्र गति ग्रह से इत्थशाल योग करता हो तो ''दुफालिकुत्थ योग" कहलाता है, इसमें भी कार्य होता है ऐसा कहना, किन्तु शीघ्र गति ग्रह वक्र नीच आदि निर्बल स्थान में न हो तब ।। ५० ।।

विशेष–निर्बल स्थान में रहने से कार्य सिद्ध नहीं होता इसलिए रद्द कहलाता है । और शीघ्र गति पद हीन मात्र हो निर्बल न हो तो दुफालिकुत्थ कहलाता है ।। ५० ।।

दुत्थोत्थदवीरयोग का लक्षण—

**वीर्योनितौ कार्यविलग्ननाथौ स्वर्क्षादिगेनान्यतरो युनक्ति ।**
**अन्यौ यदा द्वौ वलिनौ तदान्यसहाय्ययः कार्यमुशन्ति सन्तः ।। ५१ ।।**


भा०–कार्येश और लग्नेश अस्त नीचादि स्थान में स्थित होकर निर्बल हों, इन दोनों में से एक यदि स्वर्क्षादि स्थानस्य किसी अन्य ग्रह के साथ इत्थशाल करता हो और दो अन्य ग्रह बली हो तो दुत्थोत्थदवीर नामक योग होता है, इसमें दूसरे की सहायता से कार्य की सिद्धि पण्डितों ने कही है ।। ५१ ।।

तम्बीरयोग का लक्षण—

**बली राश्यन्तगोऽन्यर्क्षगामी दीप्तांशकैर्महः ।**
**दत्तेऽन्यस्मै कार्यकरस्तम्बीरो लग्नकार्यपोः ।। ५२ ।।**

**व्याख्या:-** लग्नकार्यपोः (लग्नेश-कार्येशयोर्मध्ये) बली ग्रहो राश्यन्तगोऽन्यर्क्षगामी सन् दीप्तांशैः अन्यस्मै (अन्यग्रहाय) महः (तेजो) दत्त 'तदाऽयं' कार्यकरस्तम्बीरो नाम योगः स्यात् ।। ५२ ।।

भा०–यदि लग्नेश कार्येश में कोई एक बली राशि के अन्तिम अंश में होकर अग्रिम राशि में जाने वाला हो और उस अग्रिम राशि में दीप्तांशावदि अंश में स्थित अन्य ग्रह को अपना तेज देने वाला हो तो कार्य सिद्धिकारक तम्बीर नामक योग होता है ।। ५२ ।।




उदाहरण–धन लाभ के लिए मिथुन लग्न में किसी ने प्रश्न किया । वहाँ चन्द्रमा (धन भावेश) वृष के ३०वें अंश में है । और मिथुन में ७ अंश पर गुरु है । तथा लग्नेश (बुध) तुला में है, तो यहाँ लग्नेश, कार्येश में इत्थशाल नहीं है–और उच्चस्थ बली चन्द्रमा अग्रिम राशि में जाकर गुरु को अपना तेज देने वाला है इसलिये यह तम्बीर योग हुआ । यह भविष्यत् इत्थशाल का भेद है।।५२।।

सब ग्रह का लग्नेश कार्येश बली हो तो कुत्थयोग होता है ।

अत: बल के स्थान—

**लग्नेऽथ केन्द्रे निकटेऽपि वास्य विलग्नदर्शी स्वगृहोच्चदृक्के ।**
**मुसल्लहे स्वे निजहदृगो वा बली ग्रहो मध्यगतिस्त्वशीघ्रः ।। ५३ ।।**

**व्याख्या**:- यो ग्रहः लग्ने, केन्द्रे, अस्य निकटे (पणफरे), विलग्नदर्शी, स्वगृहोच्चदृक्के, स्वे मुसल्लहे (स्वनवमांशे) वा निजहदृगः स बली भवति। मध्यगतिः, अशीघ्रः (मध्यगतेरल्पगतिश्च) बली भवति ।। ५३ ।।

भा०–लग्न में, केन्द्र में अथवा इसके निकट (पणफर), में स्थित ग्रह बली होता है । लग्न को देखने वाला, अपनी राशि, उच्च दृक्काण, नवांश और अपनी हद्दा में ग्रह बली होता है । और मध्य गति तुल्यगति हो वा अशीघ्र (मध्य गति से भी अल्प) गति हो तो बली होता है ।। ५३ ।।

**कृतोदयो मार्गगतिः शुभेन युतेक्षितः क्रूरखगस्य दृष्ट्या ।**
**क्षुताख्यया नाधिगतो न युक्तःक्रूरेण सायं च सितेन्दुभौमाः ।। ५४ ।।**
**यदोदयन्ते परत्रिभागै–र्जीवार्कजावह्नि नराः सवीर्याः ।**
**अन्ये निशीनस्य नवैकभागे स्थिताः स्थिरर्क्षे च बलेन युक्ताः ।। ५५ ।।**

भा०–जो ग्रह उदित हो, मार्ग गति हो, शुभग्रह से युत दृष्ट हो, पाप ग्रह की शुभदृष्टि से देखा नहीं जाता हो, पाप से युक्त न हो वह बली होता है । तथा शुक्र, चन्द्रमा, मंगल ये यदि सायंकाल उदित हो और गुरु शनि ये रात्रि के उत्तरार्ध में उदित हों तो बली होते हैं । पुरुष ग्रह दिन में, स्त्री ग्रह रात्रि में बली होते हैं । जिस राशि अंश में सूर्य हो उसमें जो ग्रह नहीं रहता है वह बली होता है । तथा स्थिरराशि में भी ग्रह बली होता ।। ५४-५५ ।।

**स्त्रियश्चतुर्थात्पुरुषा वियद्धाद्भषट्कगा ओजभगाः पुमांसः ।**
**समे परे स्युर्बलिनो विमृश्य विशेषमेतेषु फलं निगद्यम् ।। ५६ ।।**

भा०–चतुर्थभाव से आरम्भ कर ६ स्थानों में स्त्रीग्रह, और १० भाव से आरम्भ कर ६ स्थानों में पुरुष ग्रह बली होते है । तथा विषमराशि नवांश में पुरुषग्रह और समराशि नवांश में स्त्रीग्रह बली होते हैं । इन बलों में विशेष विचार से फल कहना चाहिये । अर्थात् इन बलों में जितने बल से ग्रह युक्त होते हैं उतने ही फल भी देते हैं (यह कुत्थ योग कहलाता है) ।। ५६ ।।

सब ग्रह का कार्येश निर्बल हो तो दुरफयोग होता है,

अतः निर्बल (दुरफ) स्थान—

**लग्नात्षष्ठाष्टमेऽन्त्येऽनृजुररिगृहगो नीचगो वक्रगामी ।**
**क्रूरैर्युक्तोऽस्तगो वा यदि च मुथशिली क्रूरनीचारिभस्थैः ।।**

**क्षुद्दृष्ट्या क्रूरदृष्टो व्ययपरिपुमृतिगैरित्थशालं विधित्सुः ।**

**कुर्वन् वा निर्बलोऽयं स्वगृहनगभगो राहुपुच्छास्यवर्ती ।। ५७ ।।**

भा०–लग्न से ६, ८, १२ में स्थित ग्रह, वक्री, शत्रु, गृहगत, नीचगत वक्री, होने वाला, पाप ग्रह से युक्त, अस्तंगत पाप, नीच और शत्रु राशिस्थ ग्रह से इत्थशाल करने वाला, क्षुत दृष्टि से पाप ग्रह से दृष्ट, १२, ८, ६ स्थान स्थित ग्रहों से इत्थशाल करने की इच्छा रखने वाला, वा इत्थशाल करने वाला और स्वराशि से सप्तम में स्थित ग्रह, तथा राहु के पुच्छ या मुख में रहने वाला ग्रह निर्बल (दुरफकारक) होता है ।। ५७ ।।

**अनीक्षमाणस्तनुमस्तभागस्थितः स्वभोच्चादिपदैश्च शून्य ।**

**क्रूरेसराफी न स वीर्ययुक्तः कार्यं विधातुं न विभुर्यतोऽसौ ।। ५८ ।।**

भा०–लग्न को नहीं देखनेवाला, अस्तराशि के नवांशगत, उच्चादि पद से शून्य, पाप ग्रह से इसराफ योग करने वाला, ये सब ग्रह निर्बल (दुरफयोगकारक) होते हैं क्योंकि ये कार्य करने में समर्थ नहीं होते हैं ।। ५८ ।।

चन्द्रमा के विशेष दुरफस्थान—

**चन्द्रः सूर्याद्द्वादशे वृश्चिकाद्ये खण्डे नेष्टोऽन्त्ये तुलायां विशेषात् ।**

**राशीशेनादृष्टमूर्तिर्न सर्वैर्दृष्टो ज्ञेयः शून्यमार्गः पदोनः ।। ५९ ।।**

भा०–सूर्य से १२वें स्थान में चन्द्रमा हो तो निर्बल होता है । तथा वृश्चिक के पूर्वार्ध मे और तुला के उत्तरार्द्ध में विशेष कर निर्बल होता है । यदि राशीश से नहीं देखा जाता हो, वा सब ग्रहों से अदृष्ट हो, शून्य मार्ग में हो, वा अधिकारहीन हो तो निर्बल होता है ।। ५९ ।।

**क्षीणो भान्ते नो शुभो जन्मकाले पृच्छायां वा चन्द्र एवं विचिन्त्यः ।**

**शुक्ले भौमः कृष्णपक्षेऽर्कसूनुः क्षुद्दृष्ट्येन्दुं वीक्षते नो शुभोऽसौ ।। ६० ।।**

भा०–क्षीण (कृष्णपक्ष की ११ से शुक्ल प्रतिपद् पर्यन्त) तथा राशि के अन्तिम नवांश में चन्द्रमा शुभ नहीं होता है । इस प्रकार जन्मकाल और प्रश्नकाल में भी विचार करना चाहिये । शुक्लपक्ष में मङ्गल और कृष्णपक्ष में शनि क्षुत दृष्टि से चन्द्रमा को देखे तो शुभ नहीं होता है ।। ६० ।।

दुरूफयोग में दोष की अल्पता—

**शुक्ले दिवा नृगृहगोऽर्कसुतः शशाङ्कं कृष्णे कुजो निशि समर्क्षगतः प्रपश्येत् ।**
**दोषाल्पतां वितनुतेऽपरथा बहुत्वं प्रश्नेऽथवा जनुषि बुद्धिमतोहनीयम् ।। ६१ ।।**

भा०–दिन के समय शुक्ल पक्ष में पुरुष (विषम) राशिस्थ शनि और रात्रि के समय कृष्णपक्ष में सम राशिस्थित मङ्गल यदि चन्द्रमा को देखे तो दोष को अल्प बना देता है । अन्यथा (अर्थात्–इस प्रकार न देखे तो) दोष में अधिकता होती है । इस प्रश्नलग्न और जन्मलग्न से भी बुद्धिमान को समझना चाहिये ।। ६१ ।।

ग्रहों के ५ प्रकार के हर्ष स्थान—

**नन्द-त्रि-षड्लग्न-भवर्क्ष-पुत्र-व्यया इनाद्धर्षपदं स्वभोच्चम् ।**
**त्रिभं त्रिभं लग्नभतः क्रमेण स्त्रीणां नृणां रात्रिदिने च तेषाम् ।। ६२ ।।**

भा०–लग्न से ९, ३, ६, १, ११, ५ और १२ क्रम से ये स्थान सूर्यादि ग्रहों के हर्ष स्थान हैं, तथा अपनी-अपनी राशि और उच्च भी हर्ष पद होते हैं । लग्न से ३, ३ राशि क्रम से स्त्री ग्रह और पुरुष ग्रह के हर्ष पद होते हैं । और स्त्री ग्रह के लिये रात्रि और पुरुष ग्रह के लिये दिन भी हर्ष पद हैं ।। ६२ ।।

**श्रीगर्गान्वयभूषणं गणितविच्चिन्तामणिस्तत्सुतो-**
**ऽनन्तोनन्तमतिर्व्यधात्खलमतध्वस्त्यै जनुःपद्धतिम् ।**
**तत्सूनुः खलु नीलकण्ठविबुधो विद्वच्छिवानुज्ञया**
**योगान् षोड्श हर्षभानि च तथा संज्ञाविवेकेऽभ्यधात् ।। ६३ ।।**

भा०–गर्ग मुनि के कुल (गोत्र) में चिन्तामणि नामक ज्यौतिषी हुए । उनके पुत्र अनन्तदैवज्ञ हुए जिन्होंने असद्ग्रन्थों के अशुद्ध मत का खण्डन कर, शुद्ध जन्मपद्धति बनायी । उनके पुत्र नीकण्ठ नामक दैवज्ञ ने इस संज्ञा तन्त्र में षोडशयोग और हर्षस्थान को कहा है ।। ६३ ।।

इति गूढ़ार्थप्रकाशिकासहितनीलकण्ठ्यां षोडशयोगाध्यायः ।। २ ।।

**ऋथ सहमाध्यायः**

पुण्य-आदि ५० सहमों के नाम—

**पुण्यं गुरुर्ज्ञान-यशोऽथ मित्रं माहात्म्य-माशा च समर्थता च ।**
**भ्राता ततो गौरव-राज-तात-माता सुतो जीवितमम्बुकर्मं ।। १ ।।**
**मान्द्यं च मन्मथ-कली परतः क्षमोक्ता**
**शास्त्रं सबन्धुसहमं त्वथ बन्दकं च ।**
**मृत्योश्च सद्म परदेश-धनाऽन्यदाराः**
**स्यादन्यकर्म सवणिक् त्वथ कार्यसिद्धिः ।। २ ।।**
**उद्वाह-सूति-सन्तापाः श्रद्धा प्रीतिर्बलं तनुः ।**
**जाड्य-व्यापारसहमे पानीयपतनं रिपुः ।। ३ ।।**
**शौर्योपाय-दरिद्रत्वं गुरुताऽम्बुपथाभिधम्**
**बन्धनं दुहिताऽश्वश्च पञ्चाशत्सहमानि हि ।। ४ ।।**

भा०–पुण्य १, गुरु २, ज्ञान ३, यश ४, मित्र ५, माहात्म्य ६, आशा ७, सामर्थ्य ८, भ्राता ९, गौरव १०, राज ११, पिता १२, माता १३, पुत्र १४, जीवन १५, जल १६, कर्म १७, रोग १८, कन्दर्प १९, कलह २०, क्षमा २१, शास्त्र २२, बन्धु २३, बन्दक २४, मृत्यु २५, परदेश २६, धन २७, पर-स्त्री २८, अन्य कर्म २९, वाणिज्य ३०, कार्यसिद्धि ३१, विवाह ३२, प्रसूति ३३, सन्ताप ३४, श्रद्धा ३५, प्रीति ३६, बल ३७, देह ३८, जड़ता ३९, व्यापार ४०, जलपतन ४१, शत्रु ४२, शौर्य ४३, उपाय ४४, दरिद्रता ४५, गुरुता ४६, जलपथ ४७, बन्धन ४८, कन्या ४९ और अश्व ५० ये पचास प्रकार के सहम कहलाते हैं ।। १-२ ।।

(१) पुण्यसहम साधन—

**सूर्योनचन्द्रान्वितमह्नि लग्नं वीन्द्वर्कयुक्तं निशि पुण्यसंज्ञम् ।**
**शोध्यर्क्षशुद्ध्याश्रयभान्तराले लग्नं न चेत्सैकभमेतदुक्तम् ।। ५ ।।**

**व्याख्याः-** अह्नि (दिने वर्षप्रवेशादीष्टकाले सति) सूर्योनचन्द्रान्वितं लग्नं कार्यं, निशि वीन्द्वर्कयुक्तं लग्नं कार्यम्, शोध्यर्क्षशुद्धयाश्रयमान्तराले

(शोध्यर्क्षादग्रे, शुद्धाश्रयात् पृष्ठे) लग्नं न चेत् तदा सैकभं कार्यम्, एतत् पुण्यसंज्ञं उक्तम् ।। ५ ।।

भा०–दिन में लग्न हो तो चन्द्रमा में सूर्य को घटा कर शेष को लग्न में जोड़ने से, यदि रात्रि में लग्न हो तो सूर्य ही में चन्द्रमा को घटाकर शेष को लग्न में जोड़ने से पुण्यसहम होता है । विशेष यह है कि यदि शोध्य राशि और शुद्धाश्रय राशि के मध्य में (अर्थात् शोध्य राशि से आगे और शुद्धाश्रय राशि के पीछे) लग्न न हो तो उक्त सहम में १ राशि और जोड़ने से पुण्यसहम होता है ।

उदाहरण–जो घटाया जाता है वह शोध्य और जिसमें घटाया जाता है वह शुद्धाश्रय कहाता है । यहाँ वर्षप्रवेश इष्टकाल ३।२९ दिन का है, इसलिये चन्द्रमा ०।२०।४९।२ में सूर्य ११।१२।२२।१७ को घटाकर शेष १।८।२६।४५ में लग्न ०।१०।४६।४७ जोड़ने से १।१९।१३।३२ यह पुण्यसहम हुआ । यहाँ शोध्य (सूर्य) और शुद्धाश्रय (चन्द्रमा) के मध्य में लग्न है, अत: सैक नहीं किया गया है ।। ५ ।।

गुरु विद्या और यश-सहम साधन—

**व्यत्यस्तमस्माद् गुरुविद्ययोस्तु संसाधनं पुण्यवियुक्सुरेज्य: ।**
**दिवा विलोमं निशि पूर्ववत्तु यशोऽभिधं तत्सहमं वदन्ति ।। ६ ।।**

भा०–इस (पुण्य सहमसाधन) से विलोम (अर्थात् दिनवत् रात्रि में और रात्रिवत् दिन में) गुरु और विद्या ज्ञान सहम का साधन होता है ।

एवं दिन में लग्न हो तो पुण्यसहम को बृहस्पति में घटाना और रात्रि में उल्टा (बृहस्पति को ही पुण्य में घटाना) तथा पूर्ववत् क्रिया करना (अर्थात् लग्न जोड़ना और शोध्यर्क्ष शुद्धाश्रय राशि के मध्य में लग्न न हो तो १ राशि जोड़ना) तो यश सहम होता है ।। ६ ।।

उदाहरण–दिन में इष्टकाल है इसलिये पुण्यसहम के उल्टा करने (अर्थात् चन्द्रमा ०।२०।४९।२ को ही सूर्य ११।१२।२२।१७ में घटा कर शेष १०।२१।३३।१५ में लग्न ०।१०।४६।४७ जोड़कर ११।२।२०।२ इसमें १ राशि जोड़ने) से ०।२।२०।२ यह गुरु और विद्या

दोनों सहम हुए । यहाँ शोध्य (चन्द्रमा) की राशि और शुद्धाश्रय (सूर्य) के मध्य में लग्न नहीं है इसलिये सैक किया गया है । शोध्य से आगे और शुद्धाश्रय से पीछे शोध्य शुद्धाश्रय के मध्य कहलाता है । इसे ध्यान में रखना चाहिये ।

यशसहम–बृहस्पति ८।२।५९।५१ में पुण्यसहम १।१९।१३।३२ को घटाकर ६।१३।४६।१९ इसमें लग्न ०।१०।४६।४७ को जोड़ने से ६।२४।३३।६ यह यशसहम हुआ । यहाँ शोध्य और शुद्धाश्रय के मध्य में लग्न है इसलिये सैकता नहीं हुई ।। ६ ।।

मित्र-सहम साधन—

**पुण्यसद्म गुरुसद्मतस्त्यजेद्व्यत्ययो निशि सितान्वितं च तत् ।**
**सैकता तनुवदुक्तरीतितो मित्रनामसहमं विदुर्बुधाः ।। ७ ।।**

भा०–दिन में पुण्यसहम को गुरुसहम में घटाना और रात्रि में उल्टा (गुरुसहम को ही पुण्य में घटाना) फिर उसमें स्पष्ट शुक्र को जोड़ना और लग्न के समान ही यहाँ भी सैकता करना (अर्थात् शोध्य शुद्धाश्रय के मध्य में शुक्र न हो तो १ राशि जोड़ देना) तो मित्र नामक सहम होता है ।। ७ ।।

उदाहरण–दिन में लग्न है, अतः पुण्यसहम १।१९।१३।३२ को गुरुसहम ०।१।२०।२ में घटाने से १०।१३।६।३० इसमें शुक्र १०।१५।२५।५९ को जोड़ने से ८।२८।३२।२९ यह मित्रसहम हुआ । यहाँ शोध्य और शुद्धाश्रय के मध्य में शुक्र है अतः सैकता नहीं हुई ।। ७ ।।

विशेष ध्येय–जिस सहम साधन में किसी भाव या ग्रह के योग करने का आदेश उक्त न हो वहाँ पूर्ववत् लग्न को ही जोड़ना चाहिये ।। ७ ।।

महात्म्य और आशा सहम साधन—

**पुण्याद्भौमं शोधयेदुक्मवत्स्यान्माहात्म्यं तन्नक्तस्माद्विलोमम् ।**
**शुक्रं मन्दादह्नि नक्तं विलोममाशाख्यं स्यादुक्तच्छेषमूह्यम् ।। ८ ।।**

भा०–दिन में पुण्यसहम में मङ्गल को घटा कर, रात्रि में विलोम करके उक्त रीति से क्रिया करने (अर्थात् लग्न जोड़ने और शोध्य शुद्धाश्रय के मध्य में लग्न न हो तो सैकता करने) से माहात्म्यसहम होता है ।

तथा दिन में शुक्र को शनि में घटाना, रात्रि में उल्टा (शनि को ही शुक्र में घटाना) फिर शेष क्रिया उक्तवत् करने (लग्न जोड़ने और सैकता करने) से आशा नामक सहम होता है ।। ८ ।।

उदाहरण–पुण्यसहम १।१९।१३।३२ में मङ्गल ०।०।५३।३१ को घटा कर शेष १।१८।२०।१ इसमें लग्न ०।१०।४६।४७ जोड़ने से १।२९।६।४८ यह माहात्म्यसहम हुआ । शुक्र १०।१५।२२।५९ को शनि १०।२०।४६।२९ में घटाकर ०।५।२३।३० इसमें लग्न जोड़कर १ जोड़ने से १।२६।९।३२ यह आशासहम हुआ ।। ८ ।।

सामर्थ्य तथा भ्राता-सहम साधन—

**सामर्थ्यमारात्तनुपं विशोध्य नक्तं विलोमं तनुपे कुजे तु ।**
**जीवाद्विशुध्येत्सततं पुरावद् भ्राताऽर्किहीनाद्गुरुत: सदोह्य: ।। ९ ।।**

भा०–दिन में लग्नेश को मङ्गल में घटाना, रात्रि में विलोम करना, अगर मङ्गल ही लग्नेश हो तो दिन या रात्रि ही में मङ्गल को बृहस्पति में घटाकर पूर्ववत् (लग्न जोड़ने से) सामर्थ्यसहम होता है ।

तथा दिन या रात्रि सर्वदा बृहस्पति में शनि को घटाने और पूर्ववत् क्रिया करने से भ्रातासहम होता है ।। ९ ।।

उदाहरण–यहाँ लग्नेश मङ्गल ही है अत: मङ्गल ०।०।५३ को बृहस्पति ८।२।५९।५१ में घटाकर ८।२।६।२० इसमें लग्न जोड़ने से ८।१२।५२।७ भ्रातासहम हुआ ।। ९ ।।

गौरव, राज और तात-सहम साधन—

**दिने गुरोश्चन्द्रमपास्य नक्तं रविंक्रमादर्कविधू च देयौ ।**
**रित्योक्तया गौरवमर्कमार्केरपास्य वामं निशि राजतातौ ।। १० ।।**

भा०–दिन में चन्द्रमा को बृहस्पति में घटाकर सूर्य को जोड़ना और रात्रि में सूर्य को बृहस्पति में घटा कर चन्द्रमा को जोड़ना पूर्ववत् (शोध्य शुद्धाश्रय के बीच में चन्द्र, सूर्य न हो तो) सैकता करने से गौरवसहम होता है ।

एवं दिन में शनि में सूर्य को घटाने और रात्रि में सूर्य में शनि को घटाने और पूर्ववत् लग्न जोड़ने से राज और तातसहम होते हैं ।। १० ।।

उदाहरण–चन्द्रमा ०।२०।४९।२ को बृहस्पति ८।२।५९।५१ में घटाकर शेष ७।१२।१०।४९ में सूर्य ११।१२।२२।१७ को जोड़ने से ६।२४।३३।६ इसमें १ जोड़ कर गौरवसहम ७।२४।३३।६ हुआ । तथा शनि १०।२०।४६।२९ में सूर्य ११।१२।२२।१७ को घटाकर शेष ११।८।२४।१२ में लग्न जोड़ने से ११।१९।१०।५९ यही राज और तातसहम हुआ ।। १० ।।

माता, पुत्र जीवन, और जल सहम साधन—

**मातेन्दुतोपास्य सितं विलोमं नक्तं सुतोऽहर्निशमिन्दुमीज्यात् ।**
**स्याज्जीविताख्यं गुरुमार्कितोऽह्नि वामं निशीदं सममम्बयाम्बु ।। ११ ।।**

**व्याख्या:-** 'दिने' इन्दुतः सितं अपास्य, नक्तं (रात्रौ) विलोमं तदा माता स्यात्। अहर्निशं ईज्यात् इन्दुं अपास्य सुतः स्यात्। अह्नि आर्कितः गुरुं अपास्य, निशि वामं इदं जीविताख्यं स्यात्। अम्बया समं अम्बु (जलसहमं) स्यात् ।। ११ ।।

भा०–दिन में चन्द्रमा शुक्र को घटाने से और रात्रि में उल्टा ही घटाने से मातासहम होता है । दिन या रात्रि सर्वदा बृहस्पति में चन्द्रमा को घटा कर पुत्रसहम होता है । दिन में शनि में बृहस्पति को घटाने और रात्रि में विलोम करने से जीवितसहम, होता है । एवं मातासहम के तुल्य ही जलसहम भी होता है।।११।।

उदाहरण–चन्द्रमा ०।२०।४९।२ में शुक्र १०।१५।२५।५९ को घटाने से २।५।२३।३ इसमें लग्न ०।१०।४६।४७ जोड़कर २।१६।९।५० यह मातासहम हुआ । तथा बृ० ८।२।५९।५१ में चन्द्रमा ०।२०।४९।२ को घटाकर ७।१२।१०।४९ इसमें लग्न ०।१०।४६।४७ जोड़कर सैक करने से ८।२२।५७।१६ यह पुत्रसहम हुआ । शनि १०।२०।४५।२९ में बृहस्पति ८।२।५०।५१ को घटाकर

२।१७।५४।३८ इसमें लग्न जोड़कर सैक करने से जीवितसहम २।१८।३२।२५ अर्थात् जीवनसहम हुआ । और मातासहम के तुल्य ही जलसहम समझना ।। ११ ।।

कर्म-रोग मन्मथ सहम का साधन—

**कर्म ज्ञमारान्निशि वाममुक्तं रोगाख्यमिन्दुं तनुतः सदैव ।**
**स्यान्मन्मथो लग्नपमिन्दुतोऽह्नि वामं निशीन्दुं तनुपं सदाऽर्कात् ।। १२ ।।**

भा०–दिन में बुध को मंगल में घटाने से और रात्रि में विलोम करने (मंगल को ही बुध में घटाने) से कर्मसहम होता है । तथा लग्न में चन्द्रमा को घटाने से रोगसहम होता है । तथा दिन में लग्नेश को चन्द्रमा में घटाने और रात्रि में उल्टा घटाने से मन्मथ (कन्दर्प) सहम होता है । यदि चन्द्रमा ही लग्नेश भी हो तो सदा सूर्य में घटाकर मन्मथसहम होता है ।। १२ ।।

विशेष–ग्रन्थ बढ़ जाने के भय से यहाँ से आगे उदाहरण नहीं दिखाये गये हैं । वह पूर्व रीति से साधन के अनुसार समझ लेना चाहिये । अर्थात् शुद्धाश्रय में शोध्य को घटाकर लग्न जोड़ने और पूर्वरीति से सैकता करने से सहम होते है ।। १२ ।।

कलि, क्षमा और शास्त्रसहम का साधन—

**कलिक्षमे स्तो गुरुतो विशुद्धे कुजे विलोमं निशि पूर्वरीत्या ।**
**शास्त्रं दिने सौरिमपास्य जीवाद् वामं निशि ज्ञस्य युतिः पुरावत् ।। १३ ।।**

भा०–मंगल को बृहस्पति में घटाकर और रात्रि में विलोम कर (मंगल में ही बृहस्पति को घटाकर) पूर्व रीति (लग्न जोड़ने) से कलि और क्षमा दोनों तुल्य ही होते हैं । और दिन में बृहस्पति में शनि को घटाने और रात्रि में विलोम करने (शनि में ही बृहस्पति को घटाने) से जो शेष बचे उसमें बुध को जोड़कर पूर्ववत् सैकता करने से शास्त्रसहम होता है ।। १३ ।।

विशेष–शास्त्र सहम में लग्न नहीं जोड़कर बुध जोड़ना और शोध्य शुद्धाश्रय के मध्य में बुध न हो तो १ जोड़ने से सहम होता है ।। १३ ।।

बन्धु, बन्दक, और मृत्यु सहम—

**दिवानिशं ज्ञाच्छशिनं विशोध्य बन्ध्वाख्यमेतन्निशि बन्दकं स्यात् ।**
**वामं दिवैतन्मृतिरष्टमर्क्षादिन्दुं विशोध्योक्तवदार्कियोगाद् ।। १४ ।।**

भा०–दिन या रात्रि में बुध में चन्द्रमा को घटाकर पूर्ववत् लग्न जोड़ने से बन्धु सहम होता है । रात्रि में वर्ष प्रवेश हो तो यही बन्दक सहम होता है, तथा दिन में विलोम (चन्द्रमा में ही बुध को घटाकर) बन्दक सहम होता है । तथा सर्वदा अष्टम भाव में चन्द्रमा को घटाकर शेष में शनि को जोड़े और शोध्य शुद्धाश्रय के मध्य में शनि नहीं हो तो सैक करने से मृत्यु सहम होता है ।।१४।।

देशान्तर और धन सहम साधन—

**दशान्तराख्यं नवमाद्विशोध्य धर्मेश्वरं सन्ततमुक्तवत्स्यात् ।**
**अहर्निशं वित्तपमर्थभावाद्विशोध्य पूर्वोक्तवदर्थसद्म ।। १५ ।।**

भा०–सर्वदा नवम भाव में नवमेश को घटाकर उक्तवत् (लग्न जोड़ने से) देशान्तर सहम होता है । और सर्वदा द्वितीय भाव में द्वितीयभावेश को घटाकर पूर्ववत् (लग्न जोड़ने से) धन सहम होता है ।। १५ ।।

परस्त्री, परकर्म और वाणिज्यसहम साधन—

**सितादपास्यार्कमथान्यदाराह्वयं सदा प्राग्वदथान्यकर्म ।**
**चन्द्राच्छनिं वाममथो निशायां, शश्वद्वणिज्यं दिनबन्दकोक्त्या ।। १६ ।।**

भा०–सर्वदा शुक्र में सूर्य को घटाकर पूर्ववत् (लग्न जोड़ने से) अन्यदारा (परस्त्री) सहम होता है । और दिन में शनि को चन्द्रमा में घटाने और रात्रि में विलोम (चन्द्रमा को ही शनि में घटाने) से उक्तवत् लग्न जोड़ने से अन्यकर्म सहम होता है । और दिन में बन्दक सहम की रीति से साधित सर्वदा के लिये वाणिज्य सहम होता है ।। १६ ।।

कार्यसिद्धि और विवाह सहम साधन—

**शनेर्दिबार्क निशि चन्द्रमार्कैर्विशोध्य सूर्येन्दुभनाथयोगात् ।**
**स्यात्कार्यसिद्धिः सततं विशोध्य मन्दं सितात्स्यात्तु विवाहसद्म ।। १७ ।।**

भा०–दिन में सूर्य को शनि में घटाकर सूर्यराशीश को जोड़ने से और रात्रि में चन्द्रमा को शनि में घटाकर चन्द्रराशीश को जोड़ने से कार्यसिद्धि सहम होता है । यहाँ भी पूर्ववत् क्रिया करना (अर्थात् शोध्यशुद्धाश्रय के मध्य सूर्यराशीश या चन्द्रराशीश नहीं हो तो सैक करना) और सर्वदा शनि को शुक्र में घटाकर पूर्ववत् (लग्न जोड़ने से) विवाह सहम होता है ।। १७ ।।

प्रसूति और सन्ताप सहम का साधन—

**गुरोर्बुधं प्रोज्झ्य भवेत्प्रसूतिर्वामं निशीन्दुं शनितो विशोध्य ।**
**षष्ठं क्षिपेदुक्तदिशा सदैव सन्तापसद्मा ''ऽऽरमपास्ये शुक्रात्'' ।। १८ ।।**

भा०–दिन में बुध को बृहस्पति में घटाने और रात्रि में विलोम करके पूर्ववत् (लग्न जोड़ने से) प्रसूति सहम होता है । और सदा शनि में चन्द्रमा को घटाकर शेष में षष्ठभाव को जोड़कर उक्त रीति से (शोध्यशुद्धाश्रय के मध्य षष्ठ भाव न हो तो सैक करने से) सन्ताप सहम होता है । ''आरमपास्य शुक्रात'' इसका आगे के श्लोक से सम्बन्ध है ।। १८ ।।

**श्रद्धा सदा प्रोक्तदिशाऽथ पुण्यं विद्याख्यतः प्रोज्झ्य सदा पुरोक्त्या ।**
**प्रीत्याख्यमुक्तं बलदेहसंज्ञे यशःसमे, ''जाड्यमपास्य भौमात्'' ।। १९ ।।**

भा०–सर्वदा मंगल को शुक्र में घटाने से उक्त रीति से (लग्न जोड़ने से) श्रद्धा सहम होता है । तथा सर्वदा पुण्यसहम को विद्या सहम में घटाने से पूर्ववत् (लग्न जोड़ने से) प्रीति सहम होता है । तथा यश सहम के समान ही बल और देह सहम होते हैं । ''जाड्यमपास्यात् भौमात्'' इसका आगे के श्लोक में सम्बन्ध है ।। ११ ।।

जाड्य व्यापार और पानीयपतन सहम साधन—

**शनिं विलोमं निशि चान्द्रियोगाद् व्यापारमाराज्ज्ञमपास्य शश्वत् ।**
**पानीयपातः शशिनं विशोध्य सौरेर्विलोमं निशि पूर्ववत्स्यात् ।। २० ।।**

भा०–दिन में शनि को मंगल में घटाकर रात्रि में विलोम (मंगल को ही शनि में घटाकर) शेष में चान्द्रि (बुध) को जोड़ने से जाड्य सहम होता है, यहाँ भी शोध्य शुद्धाश्रय के मध्य में बुध नहीं हो तो सैक करान चाहिये । तथा सर्वदा मङ्गल में बुध को घटाने से व्यापार सहम होता है । और दिन में चन्द्रमा को शनि में घटाने और रात्रि में विलोम करके पूर्ववत् (लग्न जोड़ने से) पानीयपात सहम होता है ।। २० ।।

शत्रु, शौर्य और उपाय सहम का साधन—

**मन्दं कुजात्प्रोज्झ्य रिपुर्विलोमं रात्रौ भवेद्भौमविहीनपुण्यात् ।**
**शौर्यं विलोमं निशि पूर्ववत्स्यादुपाय इज्यं शनितो विशोध्य ।। २१ ।।**

भा०–दिन में शनि को मंगल में घटाने से, रात्रि में विलोम (मंगल को ही शनि में घटाने) से पूर्ववत् लग्न जोड़ने से रिपु (शत्रु) सहम होता है । और दिन में मंगल को पुण्य सहम में घटाकर, रात्रि में विलोम कर पूर्ववत् लग्न जोड़ने से शौर्य सहम होता है । और दिन में बृहस्पति को शनि में घटाकर, रात्रि में विलोम करके पूर्ववत् लग्न जोड़ने से उपाय सहम होता है । यहाँ ''वामं निशि'' यह अग्रिम श्लोक से आता है ।। २१ ।।

द्रारिद्र्य और गुरुता सहम का साधन—

**वामं निशि ''ज्ञं तु विशोध्य पुण्याज्ज्ञयुग्विलोमं निशि तद्दरिद्रम् ।**
**सूर्योच्चतः सूर्यमपास्य नक्तं चन्द्रं तदुच्चाद्गुरुता पुरोक्त्या ।। २२ ।।**

भा०–''वामं निशि'' इसका पूर्व श्लोक से सम्बन्ध है । अब दिन में बुध को पुण्य सहम में घटाने और रात्रि में विलोम करने से शेष में पूर्ववत् बुध को ही जोड़कर द्रारिद्र्य सहम होता है । तथा दिन में सूर्य के उच्च में सूर्य को घटाने और रात्रि में चन्द्रमा को चन्द्रोच्च में घटाने से पूर्ववत् (शेष में लग्न को जोड़कर) गुरुता सहम होता है ।। २२ ।।

जलपथ और बन्धन सहम का साधन—

**कर्कार्धतः (३।१५) प्रोज्झ्य शनिं स्याज्जलाध्वान्यथा निशि ।**
**पुण्याच्छनिं विशोध्याह्नि वामं निशि तु बन्धनम् ।। २३ ।।**

भा०–दिन में कर्क के आधा (३।१५।०।०) में शनि को घटाने से और रात्रि में उल्टा (शनि में ३।१५।०।० को) घटाने से और पूर्ववत् लग्न जोड़ने से जलपथ सहम होता है । तथा दिन में शनि को पुण्य सहम में घटाने और रात्रि में रात्रि में उल्टा करने से पूर्ववत् (लग्न योग और सैकता करने से) बन्धन सहम होता है ।। २३ ।।

कन्या और अश्व सहम का साधन—

**चन्द्रं सितादपास्योक्तं सदा कन्याख्यमुक्तवत् ।**
**पुण्यादर्कमपास्याय-योगादश्वोऽन्यथा निशि ।। २४ ।।**

भा०–सर्वदा चन्द्रमा को शुक्र में घटाने और पूर्वोक्तवत् (लग्न जोड़ने से) कन्या सहम होता है । और दिन में सूर्य को पुण्य सहम में घटाने और रात्रि में विलोम करने से शेष में आय (एकादश भाव) जोड़कर अश्व सहम होता है । यहाँ भी शोध्य और शुद्धाश्रय के मध्य में एकादश भाव न हो तो सैक करना चाहिये ।। २४ ।।

सहम फल प्राप्ति समय का साधन—

**स्वनाथहीनं सहमं तदंशाः स्वीयोदयघ्ना विहृतास्त्रिशत्या ।**
**तत्सद्मपाको दिवसैर्हि लब्धैः स्यात्तद्दशायां तदसम्भवे वा ।। २५ ।।**

**व्याख्या:-** सहमं स्वनाथहीनं कार्यम्, तदंशाः स्वीयोदयघ्नाः (सहमाश्रितराशिस्वोदयेन गुणिताः) ते च त्रिशत्या विहृताः, लब्धैर्दिवसैः (वर्षप्रवेशादग्रे) तत्सद्म पाकः (फलाप्तिः) स्यात्। तदसम्भवे तद्दशायां (सहमेशदशायां) फलपाको ज्ञेयः ।। २५ ।।

भा०–राश्यादिक सहम में सहमेश को घटाकर शेष के अंशादि बनाकर उसको सहमाक्रान्त राशि के स्वदेशीय उदय पल से गुणाकर ३०० का भाग देने से लब्धि तुल्य दिनों में उस सहम का फल प्राप्त होता है । यदि ऐसा

असम्भव हो (अर्थात् सहमेश और सहम का अन्तर शून्य हो जाने से लब्धि दिन शून्य हो जाए और फल प्राप्ति का सम्भव न हो तो सहमेश की दशा में सहम फल होता है ।। २५ ।।

विशेष–सहमेश से जितने अंश आगे सहम रहता है लगभग उतने ही दिनों में सहम का फल प्राप्त होता है, इससे सिद्ध होता है कि सहमेश और सहम तुल्य ही तो सहम फल वर्तमान ही रहेगा अगर उस समय उक्तफल का असम्भव हो तो सहमेश की दशा अन्तर दशा में उसका फल लाभ कहना।।२५।।

उदाहरण–पुण्य सहम वृषराशि में है अत: सहमेश शुक्र हुआ । अत: पुण्य १।१९।१३।३२ में सहमेश शुक्र १०।१८।२५।५६ को घटाकर शेष ३।०।४७।३३ के अंशादि ९०।४७।३३ को वृष के मिथिला देशीय उदयमान २५१ से गुणाकर २२५९०।११७।८२८३ = २२७८८।५५।३ इसमें ३०० का भाग देने से लब्धि दिनादि ७५।५७।४७ अर्थात् वर्षारम्भ से इतने दिनों में विशिष्ट पुण्य का लाभ होगा ऐसा समझना।।२५।।

उप०–किमपि सहमं स्वस्वामिराश्यंशतुल्यं चेत् तदा वर्षप्रवेशकाल एव तत्सहमफलस्य प्राप्तिर्भवति । अत: स्वस्वामितो यावद्भिरंशैरग्रतो भवति तदंशोत्पन्नदिनादिभि: कालैस्तत्फलं भवितुमर्हति । तदर्थमनुपातो यदि त्रिंशदंशै: सहमनिष्ठराश्युदयपलानि लभ्यन्ते तदा स्वनाथोनसहमांशै: किमिति = सनिराउ × (स–स्वना)/ ३० अन्तरांशसम्बन्धिपलानि । दशभक्तानि तत्सम्बन्धिविषुवांशा: = सनिराउ × (स–स्वना)/ ३०० एत एव स्वल्पान्तरात् क्षेत्रांशा: सौरदिवसा: स्वीकृता आचार्येणाऽत उपपन्नम् ।। २५ ।।

सहमेश का बल—

**स्वोच्चादिसत्पदगतो यदि लग्नदर्शी**
**वीर्यान्वितः सहमपो यदि नेक्षतेङ्गम् ।**
**नाऽसौ बली रविशशिश्रितभेशदर्श-**
**पूर्णान्तलग्नपबलस्य विचारणेत्थम् ।। २६ ।।**

भा०–यदि सहमेश स्वोच्च, आदि शब्द से स्वराशि, स्वनवांश, मित्र राशि, शुभ ग्रह की राशि आदि शुभ स्थानों में हो और लग्न को देखता हो तो बली होता है । यदि लग्न को न देखता हो तो वह बली नहीं होता है । इसी प्रकार रविराशीश, चन्द्रराशीश, दर्शान्तलग्नेश, पूर्णान्तलग्नेश के बल भी समझना चाहिये ।। २६ ।।

**पञ्चवर्गीबलेनोनो न हर्षस्थानमाश्रितः ।**
**अबलोऽयं लग्नदर्शी बली स्वल्पेऽस्ति चेत्पदे ।। २७ ।।**

भा०–यदि पञ्चवर्गी बल से हीन हो वा हर्ष स्थान में न हो तो वह निर्बल होता है । परञ्च यदि अपने अल्प पद (अधिकार) में भी होकर यदि लग्न को देखता हो तो बली होता है ।। २७ ।।

विशेष–स्वराशि, स्वोच्च उत्तम पद, स्वहद्दा मध्यमपद, और स्वद्रेष्काण स्वनवांश स्वल्प पद कहलाता है ।। २७ ।।

सहम फल की वृद्धि ह्रास—

**स्वस्वामिना शुभखगैः सहितं च दृष्टं**
**स्वामी बली च यदि तत्सहमस्य वृद्धिः ।**
**यत्स्वामिना शुभखगैश्च न युक्तदृष्टं**
**तत्सम्भवो नहि भवेदिति चिन्त्यमादौ ।। २८ ।।**

भा०–जो सहम अपने स्वामी और शुभ ग्रह से युत दृष्ट हो और स्वामी बली हो तो उस सहम की वृद्धि होती है । तथा जो सहम अपने स्वामी या शुभ

ग्रह से युत दृष्ट न हो उस सहम की वृद्धि सम्भव भी नहीं होती है । इसका पहिले ही विचार कर लेना चाहिये ।। २८ ।।

**अष्टमाधिपतिना युतेक्षितं पापदृग्युतमथेत्थशालि तैः ।**
**सम्भवेऽपि विलयं प्रयाति तत्तेन जन्मनि पुरेदमीक्ष्यताम् ।। २९ ।।**

भा०–जो सहम अष्टमेश से युत दृष्ट हो, या पाप ग्रह से युत दृष्ट हो वा पाप या अष्टमेश से इत्थशाली हो तो उस सहम का सम्भव रहने पर भी (अर्थात् शुभ स्वामी से युत दृष्ट रहने पर भी नाश हो जाता है । इसलिए सर्वप्रथम जन्म काल में भी इसका विचार कर लेना चाहिये ।। २९ ।।

वर्ष में किस-किस सहम का कहना—

**आदौ जन्मनि सर्वेषां सहमानां बलाऽबलम् ।**
**विमृश्य सम्भवो येषां तानि वर्षे विचिन्तयेत् ।। ३० ।।**

भा०–सबसे पहले जन्म काल में सब सहमों का बलाबल विचार कर जिसका सम्भव हो (अर्थात् जो सहम शुभ स्वामी से युत दृष्ट हो, जिसका स्वामी बली हो) उसी सहम का विचार वर्ष में करना चाहिये ।। ३० ।।

पुण्य सहम की विशेषता—

**सबले पुण्यसहमे धर्मसिद्धिर्धनागमः ।**
**शुभस्वामीक्षितयुते व्यत्यये व्यत्ययं विदुः ।। ३१ ।।**

भा०–यदि पुण्य सहम बली हो और स्वामी शुभग्रह से युत दृष्ट तो धर्म की सिद्धि और धन का लाभ होता है । यदि उल्टा हो तो फल भी उल्टा समझना (अर्थात् पुण्य सहम निर्बल हो, शुभ स्वामी युत दृष्ट न हो, पापग्रह से युत दृष्ट हो तो धर्म और धन की हानि समझना) ।। ३१ ।।

अशुभ स्थानस्थ सहम फल—

**लग्नात्षष्ठाष्टरिःफस्थं धर्मभाग्ययशोहरम् ।**
**शुभस्वामिदृशां प्रान्ते सुखधर्मादिसम्भवः ।। ३२ ।।**

भा०–वर्ष लग्न से ६, ८, १२ स्थान में पुण्य सहम हो तो धर्म, भाग्य और यश का नाश करता है । यदि इन्हीं स्थानों में शुभ स्वामी से दृष्ट हो तो वर्ष के अन्त में सुख, धर्म आदि सम्भव होता है ।। ३२ ।।

योग और दृष्टि में विशेषता—

**पापयुक् शुभदृष्टं चेदशुभं प्राक् ततः शुभम् ।**
**शुभयुक्तं पापदृष्टमादौ शुभमसत्परे ।। ३३ ।।**

भा०–पापग्रह से युक्त और शुभग्रह से दृष्ट हो तो पहले अशुभ फल पीछे शुभ फल । तथा शुभग्रह से युत और पाप से दृष्ट हो तो प्रथम शुभ पश्चात् अशुभ फल होता है । अर्थात् प्रथम योग का फल मिलता है, पीछे दृष्टि का फल प्राप्त होता है ।। ३३ ।।

पुण्य सहम की प्रशंसा—

**यत्राऽब्दे पुण्यसहमं शुभं सोऽत्र शुभावहः ।**
**अनिष्टेऽस्मिन् शुभो नेति पुण्यमादौ विचारयेत् ।। ३४ ।।**

भा०–जिस वर्ष में पुण्य सहम सबल हो वह वर्ष शुभप्रद होता है । और जिस वर्ष में पुण्य सहम अनिष्ट स्थान में हो वह वर्ष शुभ नहीं होता है । इसलिये पुण्य सहम का प्रथम विचार करना चाहिये ।। ३४ ।।

**सूतौ षष्ठाऽष्टरिःफस्थं मध्ये पापहतं पुनः ।**
**पुण्यं धर्मार्थसौख्यघ्नं पत्यौ दग्धे फलं तथा ।। ३५ ।।**

भा०–यदि सूत (जन्मकाल) में ६, ८, १२ स्थान में पुण्य सहम हो और वर्ष में पापग्रह से हत (युत दृष्ट) हो तो धर्म, धन और यश का नाशकारक होता है । पुण्य सहमेश भी दग्ध (अस्त नीचादि गत) हो तो भी ऐसा ही फल समझना ।। ३५ ।।

रोग और मृत्यु आदि सहम की विशेषता—

**सहमान्यखिलानीत्थं सूतौ वर्षे विचिन्तयेत् ।**
**मान्द्यारिकलिमृत्यूनां व्यत्ययाद‍ादिशेत् फलम् ।। ३६ ।।**

भा०–इसी प्रकार जन्मकाल और वर्षकाल में समस्त सहमों का विचार करना चाहिये । रोग, शत्रु, कलि और मृत्यु सहम का फल विपरीत समझना चाहिये । अर्थात् ये सहम जितने सबल होंगे, उतने ही उस सहम फल की हानि और जितने निर्बल स्थान में होंगे उतने ही उस सहम की वृद्धि समझना । उदाहरणार्थ ४४ श्लोक देखिये ।। ३६ ।।

उदाहरण–जैसे कार्यसिद्धि आदि सहमों के फल—

**कार्यसिद्धिसहमं युतं शुभैर्दृष्टमूथशिलगं जयप्रदम् ।**
**सङ्गरेऽपि शुभपापदृष्टियुक् क्लेशतो जय उदीरितो बुधैः ।। ३७ ।।**

भा०–यदि कार्यसिद्धि सहम शुभ ग्रह से युत दृष्ट इत्थशाली हो तो संग्राम में जयप्रद होता है । यदि शुभ और पाप दोनों से युत दृष्ट हो तो क्लेश से विजय होती है। अर्थात् केवल पाप से दृष्ट युत हो तो जय नहीं होती है ।। ३७ ।।

**कलिसद्म मिश्रखगदृष्टिसंयुतं यदि पापमूथशिलगं कलेर्मृतिम् ।**
**अथ तत्र सौम्यसहितावलोकिते जयमेति मिश्रदृगिते कलिव्यथे ।। ३८ ।।**

**व्याख्या:-** मिश्रदृगिते (मिश्रग्रहदृष्टि गते) सति कलहव्यथे भवतः। अन्यत् स्पष्टम् ।। ३८ ।।

भा०–यदि कलि सहम पाप ग्रह से युत दृष्ट हो और पाप ग्रह से इत्थशाली हो तो कलह से मरण होता है । यदि केवल शुभ ग्रह से युत हो तो कलह में जय होती है । यदि मिश्र (पाप शुभ दोनों) से दृष्ट हो तो कलह और व्यथा होती है ।। ३८ ।।

**विवाहसद्माधिपसौम्यदृष्टं युतं शुभैर्मूथशिलं शुभाप्तिम् ।**
**कुर्याद्यदा मिश्रसमेतदृष्टं कष्टादथ क्रूरमृतीश्वरैर्न ।। ३९ ।।**

भा०—यदि विवाह सहम अपने स्वामी और शुभ ग्रह से युत दृष्ट या इत्थशाल योग करता हो तो शुभ प्राप्ति (अर्थात् विवाह प्राप्ति) होती है । मिश्र ग्रह से दृष्ट युत हो तो कष्ट (बहुत यत्न) से विवाह होता है । यदि पाप या अष्टमेश से युत दृष्ट हो तो विवाह नहीं होता है ।। ३९ ।।

**यशोऽधिपे नैधनगे खलेन युतेक्षिते सद्यशसो विनाशः ।**
**पापर्जितस्यायशसोऽस्ति लाभो नष्टौजसि स्यात्कुलकीर्तिनाशः ।। ४० ।।**

भा०—यश सहम का स्वामी ८ स्थान में हो, पाप ग्रह से युत दृष्ट हो तो सुयश का नाश, और पाप कर्म द्वारा सम्पादित अयश का लाभ होता है । यश सहम का स्वामी यदि निर्बल हो तो कुल की कीर्ति भी नष्ट हो जाती है ।। ४० ।।

**शुभेत्थशाले शुभदृग्युते वा बलान्विते स्याद्यशसोऽभिवृद्धिः ।**
**युद्धे जयो वाहनशस्त्रलाभः पापेसराफादयशोऽर्थनाशः ।। ४१ ।।**

भा०—यश सहमेश शुभ ग्रह से इत्थशाल करता वा युत दृष्ट हो, बली हो तो सुयश की वृद्धि, युद्ध में विजय और वाहन, वस्त्र की प्राप्ति होती है । यदि पापग्रह से ईसराफ योग हो तो अयश और धन का नाश होता है ।। ४१ ।।

**आशा तदीशश्च षडष्टरिष्फविवर्जितः सौम्ययुतेक्षितश्च ।**
**स्याद्वाञ्छितार्थाम्बरवाहनादिलाभः खलेक्षायुतितोऽतिदुःखम् ।। ४२ ।।**

भा०—आशा सहम और उसका स्वामी ६, ८, १२ इनसे भिन्न स्थान में हो तथा शुभ ग्रह से युत दृष्ट हो तो इच्छित धन, वाहन का लाभ होता है । और पापग्रह से दृष्ट युत हो तो अत्यन्त दुःख होता है ।। ४२ ।।

**मान्द्याधिपः पापयुतेक्षितश्च पापः स्वयं रोगकरो विचिन्त्यः ।**
**चेदित्थशाली मृतिपेन मृत्युस्तदा भवेद्धीनबलेतिकष्टात् ।। ४३ ।।**

भा०–मान्द्य (रोग) सहम का स्वामी पापग्रह से युत दृष्ट हो और स्वयं पाप भी हो तो रोगकारक समझना । अगर उसको अष्टमेश से इत्थशाल हो तो मृत्यु होती है । यदि रोगसहमेश हीन बल हो तो कष्ट से मृत्यु होती है ।।४३।।

**स्वस्वामिसौम्येक्षणभाजि मान्द्ये नाथे सवीर्येऽष्टषडन्त्यवर्जे ।**
**रोगस्तदा नैव भवेद्विमिश्रयुतेक्षिते रुग्भयमस्ति किञ्चित् ।। ४४ ।।**

भा०–रोग सहम अपने स्वामी और शुभग्रह से युत दृष्ट हो, रोग सहम के स्वामी सबल होकर ६, ८, १२ इनमें भिन्न स्थान में हो तो रोग नहीं होता है । यदि मिश्र ग्रह से युत दृष्ट हो तो कुछ रोग का भय समझना चाहिये ।। ४४ ।।

**अर्थाख्यं शुभनाथदृष्टसहितं द्रव्यागमात्सौख्यदं**
**पापैर्दृष्टयुतं च वित्तविलयं कुर्यादथो पापयुक् ।**
**सद्दृष्टं च शुभेत्थशालि यदि तत्पूर्वं धनं नाशयेत्**
**पश्चादर्थसमुद्भवं च ससुखं व्यत्यासतो व्यत्ययः ।। ४५ ।।**

भा०–धन सहम शुभग्रह और शुभग्रह स्वामी से युत दृष्ट हो तो द्रव्य के लाभ से सुखप्रद होता है । पापग्रह से युत दृष्ट हो तो धन का नाश करता है । यदि पाप से युक्त और शुभग्रह से दृष्ट हो तो पहले धन का नाश, पश्चात् धन का लाभ कराता है । इससे उल्टा में उल्टा होता है (अर्थात् शुभ से युत और पाप से दृष्ट हो तो पहले धन का लाभ, पीछे नाश कराता है ।। ४५ ।।

**रिपुदृष्ट्या रिपोर्भीतिस्तस्करादेर्धनक्षयः ।**
**मित्रदृष्ट्या मित्रयोगाद्धनं मानो यशः सुखम् ।। ४६ ।।**

भा०–धन सहम पर शत्रुग्रह की दृष्टि हो तो शत्रु का भय तथा चोर आदि से धन का नाश होता है । और मित्र की दृष्टि हो तो मित्रों की सहायता से धन, मान, यश और सुख होता है ।। ४६ ।।

**सत्स्वामिदृष्टं युतमात्मजस्य लाभं सुखं यच्छति पुत्रसद्म ।**
**पापान्वितं सौम्यखगेत्थशालि प्राग्दु:खदं पुत्रसुखाय पश्चात् ।। ४७ ।।**

भा०–पुत्रसहम शुभग्रह, शुभग्रह स्वामी से दृष्ट हो तो पुत्र का लाभ और सुख देता है । यदि पापाग्रह से युत हो और शुभग्रह से इत्थशाली हो तो पहले पुत्र का दु:ख पीछे पुत्र का सुख होता है ।। ४७ ।।

**पापान्वितं पापकृतेसराफं नाशाय पुत्रस्य गतौजसीशे ।**
**मृतौ सुतेशः सहमेश्वरोऽब्दे पुत्रस्य लब्ध्यै शुभमित्रदृष्टः ।। ४८ ।।**

भा०–पुत्रसहम पापग्रह से युक्त और पापग्रह से ईसराफ योग करता हो और पुत्र सहमेश निर्बल हो तो पुत्र का नाशकारक होता है । यदि जन्मकालिक पुत्र भावेश वर्षकाल में पुत्र सहमेश हो और शुभ मित्र से दृष्ट हो तो पुत्र लाभकारक होता है ।। ४८ ।।

**पित्र्यं सदीक्षितयुतं पतियुक्तदृष्टं**
**तातस्य यच्छति धनाम्बरमानसौख्यम् ।**
**पत्यौ गतौजसि मृतौ खलमूशरीफे**
**नाशः पितुश्चरगृहे परदेशयानात् ।। ४९ ।।**

भा०–पितृसहम यदि शुभग्रह से दृष्ट युत और स्वामी से दृष्ट युत हो तो पिता को धन, वस्त्र, मान और सुख देनेवाला होता है । यदि पितृसहम का स्वामी निर्बल हो, ८ वें स्थान में हो और पापग्रह से ईसराफ करता हो तो पिता का नाश होता है । यदि चर राशि में हो तो परदेश में जाने से मरण होता है ।। ४९ ।।

**शूभेत्थशाले खलखेटयोगे गदप्रकोपः प्रथमं महान् स्यात् ।**
**पश्चात् सुखं विन्दति पूर्ववीर्ये नाथे नृपान् मानयशोऽभिवृद्धिः ।। ५० ।।**

भा०–यदि तात सहम में शुभग्रह का इत्थशाल, और पापग्रह का योग हो तो पिता को पहले विशेष रोग का प्रकोप किन्तु पीछे सुख होता है । यदि तात सहमेश पूर्ण बली हो तो राजा से मान और यश की वृद्धि होती है ।। ५० ।।

**बन्धनाख्यसहमं युतेक्षितं स्वामिना नहि तदास्ति बन्धनम् ।**
**पापवीक्षितयुतेऽस्ति बन्धनं पापजे मुथशिले विशेषतः ।। ५१ ।।**

भा०–बन्धन सहम स्वामी से युत दृष्ट हो तो बन्धन नहीं होता है । यदि पापग्रह से युत दृष्ट हो तो बन्धन होता है, अगर पापग्रह का इत्थशाल हो तो विशेषकर बन्धन होता ही है ।। ५१ ।।

**गौरवाख्यसहमं युतेक्षितं स्वामिना शुभखगैः सुखाप्तये ।**
**राजगौरवयशोऽम्बराप्तये पापवीक्षितयुते पदक्षतिः ।। ५२ ।।**
**शुभाऽशुभैर्दृष्टयुतं खलैश्चेत् कृतेत्थशालं धनमाननाशम् ।**
**पूर्वं विधत्ते चरमे शुभेत्थशाले सुखं वाहनशस्त्रलाभम् ।। ५३ ।।**

भा०–गौरव सहम स्वामी शुभ ग्रह से युत दृष्ट हो तो सुख की प्राप्ति, राजा के यहाँ गौरव और यश, वस्त्र आदि की प्राप्ति होती है । पापग्रह की दृष्टि योग से पद (अधिकार) का नाश होता है । यदि शुभ अशुभ दोनों से दृष्ट युत हो और पाप से इत्थशाल हो तो पहले धन, मान का नाश होता है । यदि शुभ ग्रह से इत्थशाल हो तो चरम (वर्ष के अन्त) में वाहन और शस्त्रों का लाभ होता है।।५२-५३।।

**कर्मभावसहमाधिपाः शुभैः स्वामिना मुथशिला बलान्विताः ।**
**हेम-वाजि-गजभूमि-लाभदाः पापदृष्टियुतितोऽशुभप्रदाः ।। ५४ ।।**
**दग्धा वक्राः कर्मवैकल्यदास्ते युक्ता दृष्टाः सौरिणा ते विशेषात् ।**
**राज्यभ्रंशः कर्मनाशश्च राजकर्मेशौ चेन्मूसरीफौ खलेन ।। ५५ ।।**

भा०–कर्म भाव और कर्म सहम तथा उनके स्वामी, शुभ ग्रह और अपने स्वामी से इत्थशाल योग करते हों तथा बली हों तो सुवर्ण, घोड़े, हाथी, और भूमि से लाभदायक होते हैं । यदि उन पर पाप ग्रह की दृष्टि या योग हो तो अशुभ फल देते हैं । यदि दग्ध (अस्त) हों, वक्र हों तो कर्म में विफलताकारक होते हैं यदि शनि से युत दृष्ट हों तो विशेष कर कर्म की विफलता करते हैं । यदि राजसहमेश और कर्मसहमेश पाप ग्रह से ईसराफ योग करें तो राज्य का नाश और कर्म के नाशकारक होते हैं ।। ५४-५५ ।।

अब कुछ सहमों के नाम का स्पष्ट अर्थ कहते हैं—

**उपदेष्टा गुरुर्ज्ञानं विद्या शास्त्रं श्रुति-स्मृतिः ।**
**मोहो जाड्यं बलं सैन्यमङ्गं देहो जलं द्युतिः ।। ५६ ।।**
**गुरुता मण्डलेशत्वं गौरवं मानशालिता ।**
**निग्रहानुग्रहविभू राजा छत्रादिलिङ्गभाक् ।। ५७ ।।**

भा०–'गुरु' से यहाँ उपदेष्टा (गायत्री आदि उपदेश देने वाला) और विद्या शब्द से ज्ञान, शास्त्र शब्द से श्रुति (वेद), स्मृति (धर्मशास्त्र), जाड्य से मोह (अज्ञान), बल से सेना, देह से शरीर और जल शब्द से द्युति (शरीर की कान्ति) समझना चाहिये । तथा गुरुता से मण्डलेशत्व, गौरव से मानशालित्व (प्रतिष्ठा) राज शब्द से निग्रह अनुग्रह करने में समर्थ, छत्र आदि चिह्न धारण करने वाला राजा समझना चाहिये ।। ५६-५७ ।।

**माहात्म्यं मन्त्रगाम्भीर्यं धृतिर्बुद्ध्यादिशालिता ।**
**सामर्थ्यं देहजा शक्तिः शौर्यं यत्नोऽरिनिग्रहे ।। ५८ ।।**
**आशेच्छोक्ता मतिर्धर्म्या श्रद्धा बन्दः पराश्रयः ।**
**पानीयपतनं वृष्टिर्जलेऽकस्माच्च मज्जनम् ।। ५९ ।।**

भा०–माहात्म्य शब्द से मन्त्रगाम्भीर्य (गोपनीय विचार को गुप्त रखना), धैर्य तथा बुद्धि से युक्त रहने को धृति समझना । और सामर्थ्य शब्द से देह की शक्ति तथा शौर्य शब्द से शत्रु के निग्रह का यत्न समझना । आशा इच्छा को कहते हैं । धर्म में बुद्धि श्रद्धा कहलाती है । बन्द शब्द पराश्रय कहलाता है । पानीयपतन से वर्षा अथवा अकस्मात जल में डूबना समझा जाता है।।५८-५९।।

**आधि-व्याधि तापमान्द्ये सपिण्डा बन्धवः स्मृताः ।**
**सत्यालीकं वणिग्वृतिराधानं प्रसवः स्मृतः ।। ६० ।।**
**दासत्वं परकर्मोक्तमन्यत्स्पष्टं स्वनामतः ।**
**निरूप्याणि यथायोग्यं कुलजातिस्वरूपतः ।। ६१ ।।**

भा०–सन्ताप शब्द से आधि (मानसी-व्यथा), मान्द्य शब्द से व्याधि (रोग), बन्धु शब्द से सपिण्ड के लोग, वाणिज्य से सत्य-मिथ्या से व्यापार

करना और प्रसूति शब्द से गर्भाधान और परकर्म से नौकरी करना समझना चाहिये । और सहम अपने-अपने नाम से स्पष्ट ही है । इस प्रकार कुछ और जाति स्वरूप के अनुसार यथायोग्य फल का विचार करना चाहिये।।६०-६१।।

फल कहने में विशेषता—

**शुभयोगेक्षणात्सौख्यं पत्युर्वीर्यानुसारतः ।**
**दारिद्र्यमृतिमान्द्यारिकलिषूक्तो विपर्ययः ।। ६२ ।।**

भा०–सहम पर शुभग्रह की दृष्टि और योग हो तो स्वामी के बल के अनुसार सहम का सुख कहना चाहिये । परञ्च दारिद्र्य, मृत्यु, रोग, शत्रु और कलि सहमों का फल विपरीत समझना (अर्थात् जिस प्रकार के योग से अन्य सहमों का शुभत्व कहा गया है उस प्रकार के योग से इनमें अशुभत्व समझना चाहिये ।। ६२ ।।

**प्रश्नकालेऽपि सहमं विचार्य प्रष्टुरिच्छया ।**
**सर्वेषामुपयोगोऽत्र चित्रं पृच्छन्ति यज्जनाः ।। ६३ ।।**

भा०–पूछने वाले की इच्छा के अनुसार प्रश्नकाल में भी सहमों का विचार करना चाहिये । प्रश्नसमय में भी सब सहमों का उपयोग होता है । क्योंकि लोग अनेकों प्रकार के प्रश्न करते हैं ।। ६३ ।।

इति गूढ़ार्थप्रकाशिकासहित-नीलकण्ठ्यां संज्ञातन्त्रे सहमाध्यायः।।३।।

## अथ दशाऽन्तर्दशाध्यायः

**स्पष्टान्सलग्नान्खचरान् विधाय राशीन्विनाऽत्यल्पलवं तु पूर्वम् ।**
**निवेश्य तस्मादधिकाधिकांशक्रमादयं स्यात्तु दशाक्रमोऽब्दे ।। १ ।।**

**व्याख्याः-** सलग्नान् स्पष्टान् खचरान् विधाय तु (पुनः) राशीन् विना अत्यल्पलवं सर्वापेक्षया स्वल्पांश ग्रहं) पूर्व निवेश्य तस्मात् अधिकाधिकांशक्रमात् 'निवेश्याः' अयन्तुशब्दे (वर्षे) दशाक्रमः स्यात् ।। १ ।।

भा०–लग्न सहित रव्यादि सातों ग्रह स्पष्ट बनाकर राशियों को छोड़ कर सबसे अल्प अंश वाले को पहले लिखें फिर अधिकाधिक अंश वाले को क्रम से लिखें यही वर्ष में दशा का क्रम होता है ।। १ ।।

पात्यांश और दशा दिनादि साधन—

**ऊनं विशोध्याधिकतः क्रमेण शोध्यं विशुद्धांशकशेषकैक्यम् ।**
**सर्वाधिकांशोन्मितमेव तत्स्यादनेन वर्षस्य मितिस्तु भाज्या ।। २ ।।**
**शुद्धांशकांस्तान् गुणयेदनेन लब्धध्रुवाङ्केन भवेद्दशायाः ।**
**मानं दिनाद्यं खलु तद्ग्रहस्य फलान्यथासां निगदेत्तु शास्त्रात् ।। ३ ।।**

**व्याख्याः-** अधिकतः (अधिकांशग्रहात्) ऊनं (स्वल्पांशं) विशोध्य क्रमेण शोध्यम्। विशुद्धांशकशेषकैक्यं 'यत्' तत् सर्वाधिकांशोन्मितमेव स्यात्। अनेन तान् शुद्धांशकान् गुणयेत तत् दिनाद्यं ग्रहस्य दशायाः मानं भवेत्। अथ आसां (दशानां) फलानि शास्त्रात् निगदेत् (कथयेत्) ।। २-३ ।।

भा०–अल्प अंश वाले को अपने से अधिक अंश वाले में घटा-घटा कर क्रम से नीचे लिखे । इन घटाये हुए अंशों का योग सबसे अधिकांश के तुल्य होता है । इससे वर्ष के मान (३६० सौर दिन) में भाग देकर लब्ध 'दिनादि' ध्रुवांक से पृथक्-पृथक् उन शुद्धांशों (पात्यांशों) को गुणा करने से ग्रहों के दिनादि दशा के मान होते हैं । इन ग्रहों की दशाओं के फल शास्त्रानुसार करना चाहिये ।। २-३ ।।

उपपत्ति०–अल्पांशग्रहस्य राशौ प्रथमोपस्थितत्वात् प्रथमं तस्य दशा, ततोऽधिकाधिकाशक्रमात् तथा चांशसाम्ये बलक्रमात्, बलसाम्ये कक्षामानाधिक्यादल्पगतेरिति सयुक्तिकमेव । तथा यदि अ <क <ग, तदा अ । क-अ । ग-क ऐषां शेषांशानां योग: = ग, इत्यत: 'विशुद्धांशकशेषकैक्यं सर्वाधिकांशोन्मितमेवेत्युपपन्नम्' सर्वम् ।। ३ ।।

| दशा-उदाहरणचक्र— | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्पष्ट ग्रह | र. | चं. | मं. | बु. | गु. | शु. | श. | ल. |
| राश्यादि | ११<br>१२<br>२२<br>१७ | ०<br>२०<br>४९<br>२ | ०<br>०<br>५३<br>३१ | ११<br>३<br>१७<br>९ | ८<br>२<br>५९<br>५१ | १०<br>१८<br>२५<br>५९ | १०<br>२०<br>४६<br>२९ | ०<br>१०<br>४६<br>४७ |
| दशाक्रम ग्रह | मं. | गु. | बु. | ल. | र. | शु. | श. | च. |
| हीनांश | ०<br>५३<br>३१ | २<br>५९<br>५१ | ३<br>१७<br>९ | १०<br>४६<br>४७ | १२<br>२२<br>१७ | १८<br>२५<br>५९ | २०<br>४६<br>२९ | २०<br>४९<br>२ |
| पात्यांश | ०<br>५३<br>३१ | २<br>६<br>२० | ०<br>१७<br>१८ | ७<br>२९<br>३८ | १<br>३५<br>३० | ६<br>३<br>४२ | २<br>२०<br>३० | ०<br>२<br>३३ |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दशादिनादि | १५<br>२५<br>२९ | ३६<br>२४<br>४३ | ४<br>५९<br>१० | १२६<br>३५<br>४० | २७<br>३१<br>३१ | १०४<br>४९<br>५ | ४०<br>२९<br>४३ | ०<br>४४<br>६ |
| सूर्य—<br>११।१२।२२।१७ | ११<br>२७<br>४७<br>४६ | १<br>४<br>१२<br>२९ | १<br>९<br>११<br>३९ | ५<br>१८<br>४७<br>१९ | ६<br>१६<br>१८<br>५० | १०<br>१<br>८<br>२५ | ११<br>११<br>३८<br>८ | ११<br>१२<br>२२<br>१४ |

उदाहरण–स्पष्ट ग्रहों में सबसे अल्प अंश मंगल का है इसलिये मंगल के अंशादि प्रथम कोष्टक में लिखकर अधिकाधिक अंश क्रम से सबके अंशों को लिखकर हीनांश चक्र लिखा गया है । फिर पात्यांश कोष्ठ में प्रथम हीनांश को लिखकर फिर प्रथम को द्वितीय में, द्वितीय को तृतीय में इत्यादि क्रम से अपने-अपने अग्रिम में घटाकर पात्यांश लिखे गये हैं । इन पात्यांशों का योग २०।४९।२ अधिकांश के तुल्य हैं । इस पात्यांश के योग से वर्ष के दिनमान (३६०) में भाग देकर लब्धि दिनाधि ध्रुव १७।१७।३६ हुआ । इस ध्रुव १७।१७।३६ से मंगल के पात्यांश ०।५३।३१ को गुणा करने से दिनादि १५।२५।२९ यह मंगल की दशा हुई । इसी प्रकार सब ग्रह के पात्यांशों को ध्रुवांक से गुणा करने से दिनादि दशामान चक्र में लिखे गये हैं । दिनादि को सूर्य अंशादि में जोड़ने से अग्रिम दशारम्भ कालिक सूर्य होते हैं ।। २-३ ।।

दशा क्रम में विशेष—

**शुद्धांशसाम्ये बलिनो दशाद्या बलस्य साम्येऽल्पगतेस्तु पूर्वा ।**
**साम्ये विलग्नस्य खगेन चिन्त्या बलादिका लग्नपतेर्विचिन्त्या ।। ४ ।।**

भा०–यदि ग्रहों में अंशादि की समता हो तो उनमें बली ग्रह की प्रथम दशा होती है । यदि बल में भी समता हो तो उनमें प्रथम दशा अल्प गतिग्रह की होती है ।

यदि लग्न के अंश या बल ग्रह के तुल्य हो तो लग्न के स्थान में लग्न-पति के बल और गति ग्रहण कर विचार करना चाहिये ।। ४ ।।

अन्तर्दशा साधन—

**दशामानं वर्षमानं प्रकल्प्योक्तेन वर्त्मना ।**
**अन्तर्दशा साधनीयं प्राक्पात्यांशवशेन तु ।**
**आदावन्तर्दशापाकपतेस्तत्क्रमतोऽपरा ।। ५ ।।**

भा०–दशामान को ही वर्षमान कल्पना कर पूर्वोक्त पात्यांश द्वारा उक्तरीति से अन्तर्दशा साधन करना चाहिये । अर्थात् दशामान में पात्यांश के योग से भाग देकर लब्ध ध्रुवाङ्क से पृथक्-पृथक् पात्यांश को गुणा करने से अन्तर्दशामान दिनादिक होता है । पहली अन्तर्दशा दशापति की होती है फिर उसी से आरम्भ कर क्रम से और ग्रहों की दशा होती है ।। ५ ।।

अन्तर्दशा चक्र—

| ग्रह | मं. | बृ. | बु. | ल. | र. | शु. | श. | चं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अन्त- | ० | १ | ० | ५ | १ | ४ | १ | ० |
| र्दशा | ३९ | ३३ | १२ | ३३ | १० | २९ | ४४ | १ |
| दिनादि | ४० | ४१ | ५० | २८ | ५० | ४४ | १२ | २३ |
| | ११ | ११ | ११ | ११ | ११ | ११ | ११ | ११ |
| सूर्य | १३ | १४ | १४ | २० | २१ | २६ | २७ | २७ |
| | १ | ३५ | ४८ | २१ | ३२ | २ | ४६ | ४८ |
| | ५८ | ३९ | २९ | ५७ | ४७ | ३१ | ४३ | ३६ |

उदाहरण–मङ्गल की दिनादि दशा १५।२५।२९ में पात्यांश योग का भाग देकर लब्ध दिनादि ०।४४।२७।२७ (दिन घड़ी पल विपल) अन्तर्दशा का ध्रुव हुआ । इस ध्रुव से प्रत्येक ग्रहों के पात्यांश को गुणाकर दिनादि अन्तर्दशा चक्र में लिखी गयी है । इसी प्रकार से प्रत्येक ग्रह की दशा अन्तर्दशा होती है ।। ५ ।।

इति गूढ़ार्थप्रकाशिकासहित-नीलकण्ठ्यां दशान्तर्दशासाधनाध्यायः ।। ४ ।।

स्ववंश वर्णन—

**आसीदसीमगुणमण्डितपण्डिताग्र्यो-**
**व्याख्यद्भुजङ्गपगवीः श्रुतिवित्सुवृत्तः ।**
**साहित्यरीतिनिपुणो गणितागमज्ञ-**
**श्चिन्तामणिर्विपुलगर्गकुलावतंसः ।। १ ।।**
**तदात्मजोऽनन्तगुणोऽस्त्यनन्तो योऽधोक्तयुक्तीः किल कामधेनुम् ।**
**सन्तुष्टये जातकपद्धतिं च न्यरूपयद्दुष्टमतं निरस्य ।। २ ।।**
**पद्माम्बयाऽसावि ततो विपश्चिच्छ्रीनीलकण्ठः श्रुतिशास्त्रनिष्ठः ।**
**विद्वच्छिवप्रीतिकरं व्यधात्तं संज्ञाविवेके सहमावतंसम् ।। ३ ।।**

भा०–उच्च गर्गवंश में भूषण स्वरूप, असीम गुणों से युक्त, पण्डितों में श्रेष्ठ, महाभाष्य की व्याख्या करनेवाले, वेदार्थवेत्ता, सदाचारी, गणित शास्त्र को जानने वाले चिन्तामणि नामक पण्डित हुए । उनके पुत्र अनन्त गुणों से युक्त अनन्त नामक हुए । जिन्होंने उनकी उक्तिरूप कामधेनु को दूहा अर्थात्–'कामधेनुसारिणी' नामक ग्रन्थ पर टीका की, और पण्डितों के सन्तोषार्थ अयुक्त मतों का निराकरण करते हुए जातक पद्धति बनायी । और जिनसे 'पद्मा नाम की माता' से वेद में और शास्त्र में निष्ठ पण्डित श्रीनीलकण्ठ की उत्पत्ति हुई । उस नीलकण्ठ ने पं० श्रीशिव के प्रसन्नार्थ-संज्ञातन्त्र में सहमाध्याय को बनाया ।। १-२-३ ।।

इति गूढ़ार्थप्रकाशिकासहित-नीलकण्ठ्यां वंशवर्णनाध्यायः ।। ५ ।।

वर्ष फलोपयोगी त्रिपताकि चक्र–(क्षेपक)—

**रेखात्रयं तिर्यगथोर्ध्वसंस्थ-मन्योन्यविद्धाग्रगमेककोणात् ।**
**स्मृतं बुधैस्तत्त्रिपताकि चक्रं प्राङ्मध्यरेखाग्रगवर्षलग्नात् ।। १ ।।**
**न्यसेद्भचक्रं किल तत्र सैकां याताऽब्दसंख्यां विभजेन्नभोगैः ।**
**शेषोन्मिते जन्मगचन्द्रराशेस्तुल्ये च राशौ विलिखेच्छशाङ्कम् ।। २ ।।**
**परे चतुर्भाजितशेषतुल्ये स्थाने स्वराशेः खचरास्तु लेख्याः ।**
**स्वर्भानुविद्धे हिमगौ त्वरिष्टं तापोऽर्कविद्धे रुगिणात्मजेन ।। ३ ।।**
**महीजविद्धे तु शरीरपीडा शुभैश्च विद्धे बहुसौख्यलाभः ।**
**शुभाशुभं व्योमगवीर्यतोऽत्र फलञ्च वर्षस्य वदेत् सुधीमान् ।। ४ ।।**

भा०–३ पूर्वा-पर और ३ दक्षिणोत्तर रेखायें खींचकर परस्पर कोण से ३, ३ रेखाओं से विद्ध करने से त्रिपताकि चक्र बनता है । उसमें पूर्वापर रेखाओं के बीच वाली रेखा में वर्ष लग्न को लिख कर क्रम से १ २ राशियों को लिखें । फिर गत वर्ष संख्या में १ जोड़ कर ९ का भाग देकर जो शेष बचे, जन्म-कालिक चन्द्र राशि से उतने (शेष तुल्य) स्थान में चन्द्रमा को लिखें । फिर सैक गत वर्ष संख्या में ४ का भाग देकर जो शेष बचे, जन्मकालिक अपने २ आश्रित स्थानों से उतने (शेष तुल्य) स्थान में अन्य ग्रहों को लिखे । इस प्रकार राहु और चन्द्रमा में वेध होने (एक रेखा में पड़ने) से अरिष्ट सूर्य के बेध से सन्ताप और शनि से चन्द्र वेध हो तो रोग, मंगल से चन्द्र वेध हो तो शरीर पीड़ा, और शुभ ग्रह से चन्द्र वेध हो तो सुख लाभ होता है । इस प्रकार ग्रहों के बलानुसार त्रिपताकि चक्र से वर्ष फळ कहना चाहिये ।। १-२-३-४ ।।

विशेष–त्रिपताकि चक्र में राहुकेतु को उल्टा चलाना चाहिये ।

उदाहरण–गत वर्ष संख्या ३६ में १ जोड़कर ३७ इसमें ९ का भाग देकर शेष १ बचा इसलिये जन्मकालिक राशि में ही चन्द्रमा हुआ । और उसी सैक गत वर्ष संख्या में ४ का भाग देने से भी शेष १ ही बचता है । इसलिये शेष सब ग्रह भी जन्मकालिक स्थान में पड़े । यहाँ चन्द्रमा को केवल शुक्र से वेध है इसलिए सुखलाभ फल कहना ।।

अथ मुद्दादशा–(क्षेपक)—

**''जन्मर्क्षसंख्यासहिता गताब्दा दृगूनिता नन्दहृतावशेषात् ।**

**आ-चं-कु-रा-जि-श-बु-के-शु-पूर्वा मुद्दादशेशाः किल वर्षवेशे ।। ५ ।।**

अर्थ–जन्म नक्षत्र की संख्या में गत वर्ष जोड़कर जो हो उसमें स२ घटाकर ९ का भाग देने से १ आदि शेष में क्रम से सूर्य, चन्द्र, मंगल, राहु, गुरु, शनि, बुध, केतु, और शुक्र की मुद्दादशा वर्ष में होती है । कोई इसी को मुग्धादशा भी कहते हैं ।। ५ ।।

मुद्दादशा के मासादिक मान चक्र—

| ग्रह | सू. | चं. | मं. | रा. | गु. | श. | बु. | के. | शु. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मास | ० | १ | ० | १ | १ | १ | १ | ० | २ |
| दिन | १८ | ० | २१ | २४ | १८ | २७ | २१ | २१ | ० |

उदाहरण–जन्म नक्षत्र उत्तराषाढ़ा की संख्या २१ में गत वर्ष संख्या ३६ जोड़ कर ५७ इसमें २ घटाकर ९ का भाग देने से शेष १, अत: सूर्य की दशा आरम्भ में हुई उसी क्रम से वर्ष दशा चक्र—

| ग्रह | सू. | चं. | मं. | रा. | गु. | श. | बु. | के. | शु. | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मास | ० | १ | १ | १ | १ | १ | १ | ० | २ | |
| दिन | ८ | ० | २१ | २४ | १८ | २७ | २१ | २१ | ० | |
| रा.अं. | ११ | ० | १ | १ | ३ | ५ | ७ | ८ | ९ | १ |
| सूर्य | १२ | ० | ० | २१ | १५ | ३ | ० | २१ | १२ | १२ |

विशेष–जन्म कालिक नक्षत्र के गत भोग घटी से विंशोत्तरी महादशावत् प्रथम दशापति के दशामान को स्पष्ट कर लेना उत्तम पक्ष है । परञ्च स्वल्पान्तर के कारण लोग ऐसा नहीं करते हैं । किसी टीकाकार ने–वर्ष प्रवेश कालिक नक्षत्र के भयात भभोग द्वारा–दशा के भुक्त भोग्य बनाने को लिखा है–वह परम असङ्गत है । क्योंकि मुद्दादशा का तो जन्म नक्षत्र से ही सम्बन्ध है, वर्ष नक्षत्र से नहीं ।

इति मुद्दादशा ।

## अथ वर्षतन्त्रम् ।। २ ।।

### वर्षफलाध्याय: १

मङ्गलाचरण—

**स्वस्वाभिलाषं नहि लब्धुमीशा निर्विघ्नमीशानमुखाः सुरौघाः ।**
**विना प्रसादं किल यस्य नौमि तं ढुण्ढिराजं मतिलाभहेतुम् ।। १ ।।**

**व्याख्याः-** यस्य प्रसादं विना ईशानमुखा: (शिवाद्या:) सुरौघा: निर्विघ्नं स्वस्वाभिलाषं लब्धुं ईशा नहि 'भवन्ति' मतिलाभहेतुं तं ढुण्ढिराजं अहं नौमि ।। १ ।।

भा०—जिनके अनुग्रह बिना शंकर आदि देव समूह भी बिना विघ्न के अपने-अपने मनोरथ को नहीं प्राप्त कर सकते हैं ऐसे बुद्धिलाभ के हेतु उन ढुण्ढिराज (गणेश) जी को मैं प्रणाम करता हूँ ।। १ ।।

वर्षतन्त्र आरम्भ का प्रयोजन—

**जातकोदितदशाफलं च यत् स्थूलकालफलदं स्फुटं नृणाम् ।**
**तत्र न स्फुरति दैवविन्मतिस्तद्ब्रुवेऽब्दफलमादिताजिकात् ।। २ ।।**

भा०—जातक शास्त्र में कहा हुआ दशाफल स्थूल काल (वर्ष से अधिक समय) में फलप्रद होता है, उसमें ज्यौतिषियों की बुद्धि स्पष्टरूप से कार्य नहीं करती है, इसलिये मैं आदिताजिक ग्रन्थों से वर्षफल को कहता हूँ ।। २ ।।

जन्मकालिक सूर्य से सूक्ष्म वर्ष, मास, दिन, प्रवेश साधन—

**तत्कालेऽर्कोजन्मकालरविणा स्याद्यदा समः ।**
**तदा वर्षप्रवेशः स्यात् सौरादब्दमितिर्यतः ।। ३ ।।**
**एकैकराशिवृद्ध्या चेत्तुल्योंऽशाद्यैर्यदा रविः ।**
**तदा मासप्रवेशो द्युप्रवेशश्चेत् कलासमः ।। ४ ।।**
**मासार्कस्य तदाऽऽसन्नपंक्त्यर्केण सहान्तरम् ।**
**कालीकृत्यार्कगत्याप्त-दिनाद्येन यतोनितम् ।। ५ ।।**
**तत्पङ्क्तिस्थं च वाराद्यं मासार्केऽधिकहीनके ।**
**तद्वाराद्ये मासवेशो द्युवेशोऽप्येवमेव च ।। ६ ।।**

भा०–जिस समय तात्कालिक सूर्य जन्मकालिक सूर्य के तुल्य होते हैं, उसी समय वर्षप्रवेश हुआ करता है, क्योंकि वर्ष का मान सौर से ही लिया जाता है । और जन्मकालिक सूर्य में १,१ राशि जोड़ने से द्वितीय आदि मास प्रवेशकालिक रवि होते हैं, उनके अंशादि बराबर रहते हैं । तथा एक एक अंश जोड़ने से दिन प्रवेश कालिक सूर्य होते हैं, उनके कलादि तुल्य होते है । इस प्रकार वर्ष प्रवेश और मास या दिन प्रवेश कालिक सूर्य का ज्ञान करके समीप पंक्तिस्थ (पञ्चाङ्ग गत) सूर्य के साथ अन्तर की कला बनाकर पंक्तिस्थ सूर्य की गति से भाग देने से लब्धि दिनादि को पंक्ति के दिनादि में जोड़ने, घटाने से (अर्थात् पंक्ति के सूर्य से वर्ष मास-प्रवेशादि का सूर्य अधिक हो तो जोड़ने से, अल्प हो तो घटाने से) मास आदि प्रवेश का सूक्ष्म समय हो जाता है ।। ३-६ ।।

उदाहरण–जन्मकालिक सूर्य ११।१२।२२।१७ और इसका आसन्न पंक्ति चैत्र शुक्ल ३ बुधवार मिश्रमान ४५।७ कालिक सूर्य ११।१२।४।६ है, तो दोनों सूर्य के अन्तर ०।०।१८।११ इसके कलादि १८।११ में पंक्तिस्थ सूर्य की गति ५९।२६ का भाग देकर लब्धि दिनादि ०।१८।२२ को पंक्ति के दिनादि ४।४५।७ में जोड़ने से ५।३।२९ यह पूर्व रीति से साधित के समान ही वर्ष प्रवेश का वारादि हुआ । इस प्रकार मासप्रवेश कालिक सूर्य से मासप्रवेश, और दिनप्रवेश कालिक सूर्य से दिनप्रवेश का समय निकालना चाहिये ।। ३-६ ।।

अब वर्षेश के ५ अधिकारियों में वर्षलग्नपति १, जन्मलग्नपति २, मुन्थेश ३, त्रिराशीश ४, तथा सूर्यराशीश ५, होते हैं ।


यदि प्रश्न लग्न से वर्षफल कहा जाय तो गतवर्ष अज्ञात होने के कारण मुन्थेश, तथा जन्म लग्नेश का ज्ञान किस प्रकार करना ?

उसका प्रकार कहते हैं—

**द्विघ्नं प्रश्नाङ्गभागाद्यं शरलब्धं स्फुटेथिहा ।**
**प्रश्नाङ्गाद्धायनफले तुर्येशो लग्नपो भवेत् ।। ७ ।।**

भा०–प्रश्नकालिक लग्न के 'राशि छोड़कर' केवल अंशादि को २ से गुणाकर ५ के भाग देने से लब्ध राश्यादि स्पष्ट मुथहा होती है । और प्रश्न कालिक लग्न से वर्षलग्न कहने में चतुर्थेश ही लग्नपति (जन्म लग्नपति होता) है ।। ७ ।।

विशेष–वर्षेश के जो ५ अधिकारी हैं, वे प्रश्न लग्न से इस प्रकार होते हैं–(१) वर्ष लग्नपति के स्थान में प्रश्न लग्नेश, (२) उससे चतुर्थेश जन्म लग्नेश, (३) ''द्विघ्नं प्रश्नाङ्गभागाद्यं" इस प्रकार से मुथहेश, (४) त्रिराशिपति पूर्ववत्, (५) सूर्यराशीश या चन्द्रराशीश पूर्ववत् । प्रश्न से वर्षफल कहने में इस प्रकार पञ्चाधिकारियों का ज्ञान करना ।। ७ ।।




उदाहरण–मानो किसी ने वर्ष फल समझने के लिये दिन में प्रश्न किया, प्रश्न २।११।१६।१५ मिथुन । इसके अंशादि ११।१६।१५ को २ से गुणाकर २२।३२।३० इसमें ५ का भाग देकर लब्धि राश्यादि ४।१५।१५।० मुथहा हुई । अत: यहाँ प्रश्नलग्नपति बुध (१), जन्म लग्नपति (तुर्यपति) बुध (२) मुन्थेशसूर्य, (३) त्रिराशीश = शनि, (४) सूर्य राशिपति गुरु, (५) ये अधिकारी हुए ।। ७ ।।

उपपत्तिः–मुन्थाया एकस्मिन् राशौ (सौरमासे) सार्धद्वयांशभोगः, अतः प्रश्नलग्नांशवशेनात्र मुन्थानयनं कृतं, यदि सार्धांशद्वयेनैको राशिस्तदा प्रश्नलग्नभुक्तांशेन किमिति स्फुटेन्थिहा—प्रश्नलग्न भु० अ × २/५ = इत्युपपन्नम् ।

फल कहने के साधन—

**तात्कालिकास्तु खचरोहः सुधिया विधेयाः**
**स्पष्टो विलग्नमुखभावगणो विधेयः ।**
**वीर्यं तथोक्तविधिना निखिलग्रहाणा-**
**मब्दाधिपोऽपि पुनरुक्तवदेव बोध्यः ।। ८ ।।**

भा०–प्रश्न या वर्षप्रवेश समय में तात्कालिक स्पष्ट ग्रह और द्वादश भाव का साधन तथा सबके पञ्चवर्गी बल साधन पूर्वोक्त विधि से करना तथा पूर्वोक्त (प्रथमतन्त्रोक्त) विधि से वर्षपति का भी ज्ञान करना चाहिये ।। ८ ।।

वर्षेश का फल—

**अब्दाऽधिपो व्ययषडष्टमभिन्नसंस्थो**
**लब्धोदयोऽब्दजनुषोः सदृशो बलेन ।**
**निःशेषमुत्तमफलं विदधाति काये**
**नैरुज्य-राज्य-बललब्धिरतीवसौख्यम् ।। ९ ।।**

भा०–वर्षेश ६, ८, १२ इनसे भिन्न स्थान में हो, उदित हो वर्ष और जन्म समय में बली हो तो पूर्ण उत्तम फल, शरीर में नीरोगता, राज्यलाभ और अत्यन्त सुखदायक फल होता है ।। ९ ।।

**बलपूर्णेऽब्दपे पूर्णं शुभं मध्ये च मध्यमम् ।**
**अधमे दुःखशोकारिभयानि विविधाः शुचः ।। १० ।।**

भा०–वर्षेश पूर्ण बली हो तो शुभ फल पूर्ण, मध्य बली हो तो मध्यम फल देता है । यदि हीन बल हो तो दुःख, शोक, शत्रु का भय और अनेक प्रकार की विपत्तियाँ होती हैं ।। १० ।।

वर्षेश सूर्य का फल—

**सुर्येऽब्दपे बलिनि राज्यसुखात्मजार्थं**
**लाभः कुलोचितविभुःपरिवारसौख्यम् ।**
**पुष्टं यशो गृहसुखं विविधा प्रतिष्ठा**
**शत्रुर्विनश्यति फलं जनिखेटयुक्त्या ।। ११ ।।**
**स्यान्मध्यमे फलमिदं निखिलं तु मध्यं**
**स्वल्पं सुखं स्वजनतोऽपि विवादमाहुः ।**
**स्थानच्युतिर्न च सुखं कृशता शरीरे**
**भीतिर्नृपान्मुथशिलो न शुभेन चेत्स्यात् ।। १२ ।।**
**सूर्ये बलेन रहितेऽब्दपतौ विदेश**
**यानं धनक्षयशुचोऽरिभयं च तन्द्राः ।**
**लोकापवादभयमुग्ररुजोऽतिदुःखं**
**पित्रादितोऽपि न सुखं सुतमित्रभीतिः ।। १३ ।।**

भा०–पूर्ण बली सूर्य वर्षेश हो तो राज्य सुख, पुत्रसुख, कुलाचार पालनता, परिवार सुख, सुयश, गृह-सुख, विशेष प्रतिष्ठा और शत्रु का नाश होता है । परञ्च जन्मकालिक बल के अनुसार ही वर्ष काल में तारतम्य से फल कहना । मध्यम बली सूर्य वर्षेश हो तो उपरोक्त फल मध्यम रूप से, तथा अपने परिजनों में विवाद, स्थान की हानि, शरीर में कृशता और राजा से भय होता है । परञ्च यदि शुभग्रह से इत्थशाल न होता हो तभी अशुभ फल समझना । अर्थात् शुभ ग्रह से इत्थशाल होने पर अशुभ फल नहीं होता है । यदि बलहीन सूर्य वर्षेश हो तो विदेश यात्रा, धननाश, शोक, शत्रु भय, आलस्य, अपवाद, कठिन रोग, पिता माता से भी सुख हानि, पुत्र और मित्र से भी भय होता है।।११-१३ ।।

**चन्द्रर्क्षपे मुथशिलं येनाऽसावब्दपोऽस्य चेत् ।**
**कम्बूलमिन्दुना जन्म निशि वर्ष तदोत्तमम् ।। १४ ।।**

भा०–रात्रि में जन्म हो या उस समय चन्द्रराशिपति को जिस ग्रह से इत्थशाल हो वह यदि वर्षेश हो और उसे चन्द्रमा से कम्बूल हो तो वर्ष अत्युत्तम होता है ।। १४ ।।

विशेष–''जन्माङ्गपे मुथशिले'' ऐसा भी पाठ किसी-किसी हस्तलिखित पुस्तक में मिलता है । उसका अर्थ यह है कि जन्मलग्नेश को जिससे इत्थशाल हो वह वर्षेश होकर यदि चन्द्रमा से इत्थशाल करे तो वर्ष उत्तम होता है । परञ्च विश्वनाथ दैवज्ञ ने ''चन्द्रेऽब्दपे मुथशिलं'' इस प्रकार के पाठानुसार जो ''चन्द्रमा वर्षेश होकर जिससे इत्थशाल करे वह वर्षपति हो और यदि उसे चन्द्रमा से कम्बूल (इत्थशाल) हो'' ऐसा अर्थ किया है वह प्रामादिक और असङ्गत प्रतीत होता है कारण कि–चन्द्रमा से इत्थशाली होकर वर्षपति हो तो फिर चन्द्रमा से कम्बूल कहना व्यर्थ होता है–हेतु यह कि चन्द्रमा से इत्थशाल होना ही कम्बूल योग होता है । इसलिये ''चन्द्रर्क्षपे'' यही पाठ सङ्गत है ।। १४ ।।

क्रम से पूर्ण मध्य-हीन-बली वर्षेश चन्द्र का फल—

**वीर्यान्विते शशिनि वित्तकलत्र-पुत्र-**
**मित्रालयस्य विविधं सुखमाहुरार्याः ।**
**स्रग्गन्धमौक्तिकदुकूलसुखानुभूति-**
**र्लाभः कुलोचितपदस्य नृपैः सखित्वम् ।। १५ ।।**
**वर्षाधिपे शशिनि मध्यबले फलानि**
**मध्यान्यमूनि रिपुता सुतमित्रवर्गैः ।**
**स्थानान्तरे गतिरथो कृशता शरीरे**
**श्लेष्मोद्भवा च यदि पापकृतेसराफः ।। १६ ।।**

**नष्टेऽब्दपे शशिनि शीत-कफादिरोग-**
**श्चौर्यादिभिः स्वजनविग्रहमप्युशन्ति ।**
**दूरे गताः सुतकलत्रसुखाक्षयश्च**
**स्यान्मृत्युतुल्यमतिहीनबले शशाङ्के ।। १७ ।।**

भा०–पूर्णबली चन्द्र वर्षेश हो तो धन, स्त्री, पुत्र, मित्र, गृह आदि के अनेक सुख, वस्त्र, आभरणादि सुख, कुलोचित पद का लाभ और राजा से मैत्री होती है । मध्यबली चन्द्र वर्षेश हो तो उक्त सुख मध्यम, यदि पापग्रह से ईसराफ योग हो तो पुत्र मित्र से भी शत्रुता, स्थानान्तर गमन, कफ विकार से शरीर में क्षीणता होती है । हीनबली चन्द्र वर्षेश हो तो कफादि रोग, चोर का भय, स्वजन में कलह, दूर जाने पर स्त्री पुत्र के सुख की प्राप्ति नहीं होती है । यदि बलशून्य चन्द्रमा हो तो मरण तुल्य कष्ट की प्राप्ति होती है ।। १५-१७ ।।

पूर्ण-मध्य-हीन-बली वर्षेश मङ्गल का फल—
**भौमेऽब्दपे बलिनि कीर्तिजयारिनाशः**
**सेनापतित्वरणनायकता प्रदिष्टा ।**
**लाभः कुलोचितधनस्य नमस्तया च**
**लोकेषु मित्रसुतवित्तकलत्रसौख्यम् ।। १८ ।।**
**मध्येऽब्दपेऽवनिसुते रुधिरस्त्रवश्च**
**कोपोऽधिको प्रकटशस्त्रहतिक्षतानि ।**
**स्वामित्वमात्मगणतो बलगौरवं च**
**मध्यं सुखं निखिलमुक्तफलं विचिन्त्यम् ।। १९ ।।**
**हीनेऽब्दपेऽसृजि भयं रिपुतस्कराग्ने-**
**र्लोकापवादभयमात्मधियां विनाशः ।**
**कार्यस्य विघ्नमतिरोगभयं विदेश**
**यानं क्षयोऽपनयतो गुरुदृष्ट्यभावे ।। २० ।।**

भा०–पूर्णबली मङ्गल वर्षेश हो तो कीर्ति और जय होती है, शत्रु का नाश, सेनापतित्व, धनलाभ, लोक में आदर पुत्रादि का सुख होता है मध्य बली मङ्गल वर्षेश हो तो शोणित का स्त्रवण (निकलना), अधिक क्रोध, कलह, शस्त्र से आघात होता है।

आत्मीय लोगों में प्रभुत्व और पूर्वोक्त सुख मध्यम होता है । हीनबली मङ्गल वर्षेश हो और गुरु की दृष्टि नहीं हो तो शत्रु और अग्नि का भय, लोक में अपवाद, बुद्धि का नाश, कार्य में विघ्न, रोग का भय, विदेश यात्रा और अनीति से हानि होती है । अर्थात् गुरु की दृष्टि हो तो कम अशुभ होते हैं ।। १८-२० ।।

पूर्ण-मध्य-हीन-बली वर्षेश बुध का फल—

**सौम्येऽब्दपे बलवति प्रतिवादलेख्य-**
**सच्छास्त्रसद्व्यवहृतौ विजयीऽर्थलाभः ।**
**ज्ञानं कलागणितवैद्यभवं गुरुत्वं**
**राजाश्रयेण नृपता नृपमन्त्रिता वा ।। २१ ।।**
**अब्दाधिपे शशिसुते खलु मध्यवीर्ये**
**स्यान्मध्यमं निखिलमेतदथाध्वयानम् ।**
**वाणिज्यवर्तनमथात्मजमित्रसौख्यं**
**सौम्येत्थशालवशतोऽपरथा न सम्यक् ।। २२ ।।**
**सौम्येऽब्देऽधमबले बलबुद्धिहानि-**
**र्धर्मक्षयः परिभवो निजवाक्यदोषात् ।**
**निक्षेपतो विपदतीव मृषैव साक्ष्यं**
**हानिः परव्यवहृतेः सुतवित्तमित्रैः ।। २३ ।।**

भा०—पूर्णबली बुध वर्षेश हो तो प्रतिवाद, लेख, शास्त्र और व्यवहार में विजय धनलाभ होता है, राजा के आश्रय से गौरव, राजत्व वा मन्त्रित्व पद की प्राप्ति होती है मध्यबली बुध वर्षेश हो तो उपरोक्त फल मध्यम, यदि शुभग्रह से इत्थशाल हो तो आदि से सुख अच्छा होता है, अन्यथा सम्यक् फल नहीं होता है। अधमबली बुध वर्षेश हो तो बुद्धि की हानि, बल और धर्म का नाश, अपनी बात से हानि, दूसरों के यहाँ धन रखने से धन का नाश, झूठी गवाही, दूसरों के व्यवहार से पुत्र, धन और मित्रों की हानि होती है ।। २१-२३ ।।

पूर्ण-मध्य-हीन-बली वर्षेश गुरु का फल—

**जीवेऽब्दपे बलयुते परिवारसौख्यं**
**धर्मोगुणग्रहिलता धनकीर्ति पुत्राः ।**
**विस्वास्यता जगति सन्मतिविक्रमाप्ति-**
**र्लाभो निधेर्नृपतिगौरवमप्यरिघ्नम् ।। २४ ।।**
**अब्दाधिपे सुरगुरौ किल मध्यवीर्ये**
**स्यान्मध्यमं फलमिदं नृपसङ्गमश्च ।**
**विज्ञानशास्त्रपरताप्यशुभेसराफे**
**दारिद्र्यमर्थविलयश्च कलत्रपीडा ।। २५ ।।**
**जीवेऽब्दपेऽधमबले धनधर्मसौख्य-**
**हानिस्त्यजन्ति सुतमित्रजनाः सभार्याः ।**
**लोकापवादभयमाकुलताऽतिकष्टाद्**
**वृत्तिस्तनौ कफरुजो रिपुभिः कलिश्च ।। २६ ।।**

भा०–पूर्णबली गुरु वर्षेश हो तो परिवार सुख आदि शुभ फल, तथा मध्य बली गुरु वर्षेश हो तो उक्तफल मध्यम, परञ्च अशुभ ग्रह से ईसराफ योग हो तो दरिद्रता आदि अशुभ फल होता है । और हीनबली हो तो धन, धर्म और सुख की हानि, स्त्री, पुत्र मित्रों से त्याग, अपवाद, कष्ट से जीविका, कफरोग, शत्रु भय और कलह होता है ।। २४-२६ ।।

पूर्ण-मध्य-हीन-बली वर्षेश शुक्र का फल—

**शुक्रेऽब्दपे बलिनि नीरुजता विलास-**
**सच्छास्त्ररत्नमधुराशनभोगतोषाः ।**
**क्षेमप्रतापविजयावनिताविलासो**
**हास्यं नृपाश्रयवशेन धनं सुखं च ।। २७ ।।**
**अब्दाधिपे भृगुसुते खलु मध्यवीर्ये**
**स्यान्मध्यमं निखिलमेतदथाल्पवृत्तिः ।**
**गुप्तं च दुःखमखिलं मुनिबद्धवृत्तिः**
**पापारिवीक्षितयुते विपदोऽर्थनाशः ।। २८ ।।**

**शुक्रेऽब्दपेधमबले मनसोऽतितापो**
**लोकोपहासविपदो निजवृत्तिनाशः ।**
**द्वेषः कलत्रसुतमित्रजनेषु कष्टा-**
**दन्नाशनं च विफलक्रियता न सौख्यम् ।। २९ ।।**

भा०–पूर्णबली शुक्र वर्षेश हो तो नैरुज्य, विलास आदि शुभ फल और मध्यमबली हो तो मध्यम सुख और पापग्रह से युत दृष्ट हो तो दु:ख और धन नाश आदि, तथा हीनबली हो तो मनस्ताप, अपवाद, जीविका का नाश, अपने जनों से द्वेष, कष्ट से भोजनलाभ, कार्य में विफलता और कुछ भी सुख नहीं होता ।। २७-२९ ।।

पूर्ण-मध्य-हीन-बली वर्षेश शनि का फल—
**मन्देऽब्दपे बलिनि नूतनभूमिवेश्म-**
**क्षेत्राप्तिरर्थनिचयो यवनावनीशात् ।**
**आरामनिर्मितिजलाशयसौख्यमङ्ग-**
**पुष्टिः कुलोचितपदाप्तिगुणाग्रणित्वम् ।। ३० ।।**
**अब्दाधिपे रविसुते खलु मध्यवीर्ये**
**स्यान्मध्यमं निखिलमन्नभुजिस्तु कष्टात् ।**
**दासोष्ट्रमाहिषकुलान्यरितस्तु लाभः**
**पापं फलं भवति पापयुगीक्षणेन ।। ३१ ।।**
**मन्दे बलेन रहितेऽब्दपतौक्रियाणांबन्ध्यत्वर्थविलयोविपदोऽरिभीतिः ।**
**स्त्रीपुत्रमित्रजनवैरकषन्नभुक्तं सौम्येत्थशालयुजि सौख्यमपीषदाहुः ।। ३२ ।।**

भा०–पूर्णबली शनि वर्षेश हो तो नूतन भूमि लाभ आदि शुभ फल, तथा मध्यबली हो तो मध्य सुख और पाप से युत दृष्ट हो तो पाप फल होता है । हीन बली शनि वर्षेश हो तो क्रिया की व्यर्थता, धननाश आदि अशुभ होता है, किन्तु शुभग्रह से इत्थशाल हो तो ईषद् (किञ्चित्) सुख भी होता है।।३०-३२।।

विशेष—

**वर्षेश्वरो भवति यः स दशाधिपोऽब्दे**
**ज्ञेयोऽखिलोऽब्दजनुषोबलमस्य चिन्त्यम् ।**
**वीर्यान्वितेऽत्र निखिलं शुभमब्दमाहु-**
**र्हीनेत्वनुष्टफलता समता समत्वे ।। ३३ ।।**

भा०–जो वर्षेश होता है उसे सम्पूर्ण वर्ष का दशाधिप समझना, उसका जन्मकालिक और वर्षकालिक बल विचार करना, यदि वह पूर्णबली हो तो सम्पूर्ण वर्ष शुभ, हीनबली हो तो सम्पूर्ण वर्ष अनिष्ट फल, तथा मध्यबली हो तो वर्ष फल मध्यम समझना ।। ३३ ।।

**येनेत्थशालोऽब्दपतेर्ग्रहोऽसौ स्वीयस्वभावात्सुफलं ददाति ।**
**शुभेसराफे शुभमस्ति किञ्चिदनिष्टमेवाशुभमूसरीफे ।। ३४ ।।**

भा०–जिस ग्रह को वर्षेश से इत्थशाल होता हो वह अपने स्वाभानुसार फल देता है । यदि शुभग्रह से ईसराफयोग हो तो अल्प सुख और पापग्रह से ईसराफ योग हो तो अनिष्ट फल होता है ।। ३४ ।।

**हद्दे यादृशि यः खेट आधत्तेऽत्र च यो महः ।**
**जन्मन्यब्दे च तादृक्चेत्तदात्मफलस्त्वसौ ।। ३५ ।।**

भा०–जो वर्षेश या ग्रह जन्मकाल में जिस प्रकार के हद्दांश में हो और जिस प्रकार के ग्रह से तेज लेता हो (अर्थात् इत्थशाल करता हो) वर्ष काल में भी यदि उसी प्रकार के हद्दांश में हो और उसी प्रकार के ग्रह से तेज लेता हो तो वह ग्रह अपने फल को सम्यक् (पूर्णरूप से) देता है । अन्यथा मिश्रित फल देता है ।। ३५ ।।

**यो जन्मनि फलं धातुं विभुर्मूसरिफोऽस्य चेत् ।**
**अब्दलग्नाब्दपभवस्तस्मिन्नब्दे न तत्फलम् ।। ३६ ।।**
**व्यत्यासे फलमादेश्यमित्थशाले विशेषतः ।**
**नोभयं चेत्तदाऽप्यस्ति जन्माश्रयमिति स्फुटम् ।। ३७ ।।**

भा०–जो ग्रह जन्म समय में फल देने में समर्थ भी है, परञ्च यदि वर्ष लग्नेश और वर्षेश से ईसराफयोग हो जाय तो उस वर्ष में उस ग्रह का फल नहीं होता है। इससे विपरीत में फल होता है। यदि इत्थशालयोग हो तो विशेष रूप से फल होता है। यदि दोनों (इत्थशाल, ईसराफ) में एक भी न हो तो जन्मकालिक शुभाशुभत्व के अनुसार शुभाशुभ फल दे सकता है।।३६-३७।।

उदाहरण–

**पुत्राधिपो जन्मनि पुत्रभावं पश्यन् सुतं दातुमसौ समर्थः ।**
**वर्षेशपुत्राधिपमूसरीफे पुत्रस्य नाशो भवतीति वर्ये ।। ३८ ।।**

भा०–जैसे पुत्राधीश जन्मकाल में पुत्रभाव को देखता हुआ पुत्र देने में समर्थ हो, और वर्षकाल में पुत्राधिप और वर्षाधिप में ईसराफयोग हो जाय तो उस वर्ष में पुत्र देने में असमर्थ हो जाता है ।। ३८ ।।

**अब्देश्वरो गुरुर्मित्रहद्दे मित्रदृशा शशी ।**
**महोऽत्राधादमूदृक्स वर्येऽब्दस्तेन शोभनः ।। ३९ ।।**

भा०–तथा वर्षेश गुरु यदि जन्मकाल में मित्र के हद्दा में हो और चन्द्रमा से मित्रदृष्ट्या तेज लेता हो तथा वर्षकाल में इसी प्रकार का हो तो वह वर्ष अत्यन्त शुभ फलप्रद होता है ।। ३९ ।।

**एवमुन्नेयमन्यच्च शुभाऽशुभफलं बुधैः ।**
**बलाऽबलविवेकेन योगत्रयविमर्शतः ।। ४० ।।**

भा०–इस प्रकार तीनों योग (इत्थशाल, कम्बूल और ईसराफ) के विचार से बलाबल के अनुसार अन्य फल भी समझना चाहिए ।। ४० ।।

इति गूढ़ार्थप्रकाशिकासहित वर्षतन्त्रे वर्षेशफलाध्यायः ।। १ ।।

**अथ मुथहाफलाध्यायः**

मुथहा का फल निरूपण—

**स्वामिसौम्येक्षणात्सौख्यं क्षुतदृष्ट्या भयं रुजः ।**
**ददाति मुथहा तस्मात्फलमस्या निरूप्यते ।। १ ।।**
**वर्षलग्नात्सुखास्तान्त्यरिपरन्ध्रेष्वशोभना ।**
**पुण्यकर्मायगा स्वाम्यं दत्तेऽन्यत्रोद्यमाद्धनम् ।। २ ।।**

भा०–मुथहा अपने स्वामी और शुभग्रह की दृष्टि से सुख देती है और पापक्षुतदृष्टि से भय और रोग देती है । वर्षलग्न से ४।७।१२।६।८ इन स्थानों में स्थित मुथहा अशुभप्रदा और ९।१०।११ स्थानों में राज्य सुख देती है तथा शेष स्थानों में उद्यम से धन दिलाती है, अर्थात् मध्यम फल देती है ।। १-२ ।।

मुथहा के लग्नादि द्वादश भावफल—

**शत्रुक्षयं मानसुताश्वलाभं प्रतापवृद्धिं नृपतेः प्रसादम् ।**
**शरीरपुष्टिं विविधोद्यमांश्च ददाति वित्तं मुथहा तनुस्था ।। ३ ।।**

भा०–मुथहा लग्न में हो तो शत्रु का नाश, मान, पुत्र सुख और सवारी का लाभ, राजा का अनुग्रह, शरीर में पुष्टता और अनेक प्रकार के उद्योग से लाभ होता है ।। ३ ।।

**उत्साहतोऽर्थागमनं यशश्च स्वबन्धुसन्माननृपाश्रयाश्च ।**
**मिष्टान्नभोगो बलपुष्टिसौख्यं स्यादर्थभावे मुथहा यदाऽब्दे ।। ४ ।।**

भा०–द्वितीय भाव में मुन्था हो तो उत्साह से धन और यश का लाभ, बन्धुजनों में आदर, राजा के आश्रय, मधुर भोजन, बल, पुष्टि तथा सर्व सुख प्राप्त होता है ।। ४ ।।

**पराक्रमाद्वित्तयशः सुखानि सौन्दर्यसौख्यं द्विजदेवपूजा ।**
**सर्वोपकारस्तनुपुष्टिकीर्तिर्नृपाश्रयश्चेन्मुथहा च तृतीया ।। ५ ।।**

भा०–मुन्था तृतीय भाव में हो तो पराक्रम से धन, यश, सुख, सुन्दरता, ब्राह्मण और देवता में श्रद्धा, शरीर की पुष्टता और राजा से आश्रय का लाभ होता है ।। ५ ।।

**शरीरपीडा रिपुभीः स्ववर्ग्यवैरं मनस्तापनिरुद्यमत्वे ।**
**स्यान्मुथहायां सुखभावगायां जनापवादामयवृद्धिदुःखम् ।। ६ ।।**

भा०–चतुर्थभाव में मुन्था हो तो शरीर मे पीड़ा, शत्रु का भय, अपने कुटुम्बों में वैर, सन्ताप, आलस्य, अपवाद, रोग की वृद्धि और कष्ट होता है।।६।।

**यदीन्थिहा पञ्चमगाब्दवेशे सद्बुद्धि-सौख्यात्मजवित्तलाभः ।**
**प्रतापवृद्धिर्विविधा विलासा देवद्विजार्चा नृपतेः प्रसादः ।। ७ ।।**

भा०–मुन्था पञ्चम भाव में हो तो सुबुद्धि, सुख, पुत्र और धन का लाभ, प्रताप की वृद्धि, देव-ब्राह्मणों में भक्ति और राजा का अनुग्रह हो ।। ७ ।।

**कृशत्वमङ्गेषु रिपूदयश्च भयं रजस्तस्करतो नृपाद्वा ।**
**कार्यार्थनाशो मुथहारिगा चेद् दुर्बुद्धिवृद्धिः स्वकृतोऽनुतापः ।। ८ ।।**

भा०–षष्टभाव में मुन्था हो तो देह में दुर्बलता, शत्रु की वृद्धि, चोर और राजा का भय, कार्य और धन का नाश, कुबुद्धि और अपने कुकर्मों से पश्चात्ताप करना पड़े ।। ८ ।।

**कलत्र-बन्धु-व्यसनारिभीतिरुत्साहभङ्गो धनधर्मनाशः ।**
**द्यूनोपगा चेन्मुथहा तनोः स्याद्रुजामनोमोहविरुद्धचेष्टा ।। ९ ।।**

भा०–सप्तमभाव में मुथहा हो तो स्त्री और बन्धुओं में पीड़ा, शत्रु का भय, उत्साह का भङ्ग, धन, धर्म का नाश, शरीर में रोग, मन में उद्वेग और विरुद्ध कार्य की चेष्टा होती है ।। ९ ।।

**भयं रिपोस्तस्करतो विनाशो धर्मार्थयोर्दुर्व्यसनामयश्च ।**
**मृत्युस्थिता चेन्मुथहा नराणां बलक्षयःस्याद् गमनं च दूरे ।। १० ।।**

भा०–अष्टमभाव में मुथहा हो तो शत्रु का भय, धर्म और धन का नाश, दुर्व्यसन, रोग, बल का ह्रास और दूर गमन करना पड़ता है ।। १० ।।

**स्वामित्वमर्थोपगमो नृपेभ्यो धर्मोत्सवः पुत्र-कलत्रसौख्यम् ।**
**देवद्विजार्चा परमं यशश्च भाग्योदयो भाग्यगतेन्थिहायाम् ।। ११ ।।**

भा०–नवमभाव में मुन्था हो तो लोक में प्रभुत्व, राजा से धन लाभ, धर्मोत्सव, स्त्री-पुत्र का सुख, देव-ब्राह्मण में भक्ति, उत्तम सुयश और भाग्योदय होता है ।। ११ ।।

**नृपप्रसादं स्वजनोपकारं सत्कर्मसिद्धिं द्विजदेवभक्तिम् ।**
**यशोऽभिवृद्धि विविधार्थलाभं दत्तेऽम्बरस्था मुथहा पदाप्तिम् ।। १२ ।।**

भा०–दशमभाव में मुन्था हो तो राजा का अनुग्रह, साधुओं का उपकार, सब कार्य की सिद्धि, देव-ब्राह्मणों में प्रेम, यश की वृद्धि, अनेक प्रकार से लाभ और अधिकार प्राप्त होता है ।। १२ ।।

**यदीन्थिहा लाभगता विलास-सौभाग्य-नैरुज्य-मनः प्रसादाः ।**
**भवन्ति राजाश्रयतो धनानि सन्मित्रपुत्राभिमताप्तयश्च ।। १३ ।।**

भा०–मुन्थहा एकादशभाव में हो तो सुख, सौभाग्य, आरोग्य, मन की प्रसन्नता, राजा के आश्रय से धन लाभ, सुमित्र और पुत्र की प्राप्ति होती है।।१३।।

**व्ययोऽधिकोदुष्टजनैश्चसङ्गो रुजा तनौ विक्रमतोऽप्यसिद्धिः ।**
**धर्मार्थहानिमुथहा व्ययस्था यदा तदा स्याज्जनतोऽपि वैरम् ।। १४ ।।**

भा०–द्वादशभाव में मुन्था हो तो अधिक खर्च, दुर्जनों का सङ्ग, देह में रोग, उद्योग में निष्फलता, धर्म की हानि और अपने परिजनों में वैर होता है ।। १४ ।।

फलों में विशेषता—

**क्रूरैर्दृष्टः क्षुतद्दृशा यो भावो मुथहाऽत्र चेत् ।**
**शुभं तद्भावजं नश्येदशुभं चापि वर्द्धते ।। १५ ।।**

भा०–जो भाव पापग्रह से सतदृष्टि द्वारा देखा जाता हो, उस भाव में यदि मुथहा हो तो उसका शुभ फल नष्ट हो जाता है । और अशुभ फल की वृद्धि होती है ।। १५ ।।

**शुभस्वामियुक्तेक्षिता वीर्ययुक्सेन्थिहा स्वामिसोम्येत्थशालं प्रपन्ना ।**
**शुभं भावजं पोषयेन्नाशुभं साऽन्यथात्वेऽन्यथाभाव ऊह्यो विमृश्य ।। १६ ।।**

भा०–शुभ स्वामी से युत दृष्ट बलवती मुथहा शुभ भाव फल को पुष्ट करती और अशुभ फल को नहीं बढ़ाती है । इससे अन्यथा (पाप से युत दृष्ट हो तो) विपरीत फल अर्थात् अशुभ की वृद्धि, शुभ की हानि समझना ।। १६ ।।

**जनुर्लग्नतोस्तान्त्यषण्मृत्युबन्धु-स्थिताब्दे हता क्रूरखेटैस्तु सा चेत् ।**
**विनश्येत्स यत्रेन्थिहा भाव एवं शुभस्वामिदृष्टौ न नाशः शुभश्च ।। १७ ।।**

भा०–जन्मलग्न से ७, १२, ६, ८, ४ इन स्थानों में हो और वर्ष में पाप ग्रह से युक्त हो तो जिस भाव में मुन्था हो उस भाव का फल नाश हो जाता है । यदि शुभ स्वामी से दृष्ट हो तो उस भाव फल का नाश नहीं होता है, प्रत्युत शुभ होता है ।। १७ ।।

**यदोभयत्राऽपि हतो भावो नश्येत्स सर्वथा ।**
**उभयत्र शुभत्वे तु भावोऽसौ वर्धतेतराम् ।। १८ ।।**

भा०–मुथहा यदि जन्म और वर्ष दोनों समय पाप से युत हो तो उस भाव का नाश होता है । यदि दोनों समय शुभ स्थान में शुभ दृष्ट युत हो तो उस भाव की वृद्धि होती है ।। १८ ।।

**वर्षेऽप्यनिष्टगेहस्था यद्भावे जनुषि स्थिता ।**
**क्रूरोपघातात्तं भावं नाशयेच्छुभयुक् शुभा ।। १९ ।।**

भा०–यदि वर्षकाल में अनिष्ट स्थान में पापग्रह से दृष्ट युत मुन्था हो तो जन्मकाल में वह राशि जिस भाव में हो उस भाव का नाश होता है । शुभ युक्त हो तो शुभ होता है ।। १९ ।।

उदाहरण—

**जनुर्लग्नतस्तुयगा सौम्ययुक्ताऽब्दवेशे पितृस्वस्य लाभं विधत्ते ।**
**नृपाद्भीतिदा पापयुक्ताऽतिकष्टाष्टमादावपीत्थं विमर्शो विधेयः ।। २० ।।**

भा०–जैसे वर्ष में जन्मलग्न से चतुर्थ में मुन्था हो और शुभग्रह से युक्त हो तो पिता के धन का लाभ अर्थात्–चतुर्थभाव सम्बन्धी गृह-भूमि आदि का लाभ होता है । और पापयुक्त हो तो राजभय और कष्ट देने वाली होती है । इसी प्रकार अष्टमादिस्थान में भी विचार करना ।। २० ।।

**यस्मिन्भावे स्वामिसौम्येक्षिता चेद्भावो जन्मन्येष यस्तस्य वृद्धिः ।**
**एवं पापैर्नाश उक्तश्च तस्येत्यूह्यं वीर्याद्वर्षपः सौख्यमेव ।। २१ ।।**

भा०–वर्ष में जिस राशि में स्थित मुन्था स्वामी शुभग्रह से दृष्ट हो, जन्मकाल में वह राशि का जो भाव हो उसकी वृद्धि होती है, और पाप से दृष्ट हो तो उस भाव का नाश होता है । इस प्रकार और भी फल तारतम्य से समझना। यदि वर्षेश बली हो तो सुख होता है ।। २१ ।।

सूर्यादि ग्रहों की राशि में सूर्यादि ग्रहों से युक्त दृष्ट मुन्था का फल—

**यदीन्थिहा सूर्यगृहे युता वा सूर्येण राज्यं नृपसङ्गमं च ।**
**दत्ते गुणानां परमामवाप्तिं स्थानान्तरस्येति फलं दृशोऽपि ।। २२ ।।**

भा०–मुन्था यदि सूर्य की राशि में सूर्य से युत वा दृष्ट हो तो राज्य लाभ, राजा का सङ्ग, उत्तमगुणों का लाभ होता है । सूर्य की दृष्टि से भी यही फल होता है।।२२।।

**चन्द्रेण युक्तेन्दुगृहेऽथ दृष्टेन्दुनाऽपि वा धर्मयशोऽभिवृद्धिम् ।**
**नैरुज्यसन्तोषमतिप्रवृति ददाति पापेक्षणतोऽतिदु:खम् ।। २३ ।।**

भा०–यदि मुन्था चन्द्र की राशि में चन्द्रमा से दृष्ट हो तो धर्म आदि शुभ फल देती है । परञ्च पाप दृष्टि से दु:ख आदि अशुभ फल देती है ।। २३ ।।

**कुजेन युक्ता कुजभे कुजेन दृष्टा च पित्तोष्णरुजं करोति ।**
**शस्त्राभिघातं रुधिरप्रकोपं सौरीक्षिता सौरिगृहे विशेषात् ।। २४ ।।**

भा०–मङ्गल की राशि में मङ्गल से युत दृष्ट हो तो पित्त रोग आदि अशुभ फल देती है । यदि शनि की राशि से युत दृष्ट हो तो विशेषकर अशुभ फल देती है।।२४।।

**बुधेन शुक्रेण युतेक्षिता वा तद्भेऽपि वा स्त्रीमतिलाभसौख्यम् ।**
**धर्म यश्चाप्यतुलं विधत्ते कष्टं च पापेक्षणयोगत: स्यात् ।। २५ ।।**

भा०–बुध वा शुक्र की राशि में बुध शुक्र से युत दृष्ट हो तो स्त्री-लाभादि शुभ फल स्पष्टार्थ है । परञ्च पापग्रह के योग या दृष्टि से कष्ट होता है।।२५।।

**युतेक्षिता वा गुरुणा गुरोर्भे यदीन्थिहा पुत्र-कलत्रसौख्यम् ।**
**ददाति हेमाम्बररत्नभोगं शुभेत्थशालादिह राज्यलाभ: ।। २६ ।।**

भा०–गुरु की राशि में गुरु से युत दृष्ट हो तो पुत्र, स्त्री का सुख, सुवर्णादि द्रव्य, वस्त्र का लाभ तथा शुभग्रह से इत्थशाल हो तो राज्यलाभ होता है।। २६ ।।

**शनेर्गृहे तेन युतेक्षिता वा यदीन्थिहा वातरुजं विधत्ते ।**
**मानक्षयं वह्निभयं धनस्य हानिं च जीवेक्षणत: शुभाप्तिम् ।। २७ ।।**

भा०–शनि की राशि में शनि से दृष्ट युत हो तो वातरोग आदि अशुभ फल देती है । यदि बृहस्पति की दृष्टि हो तो शुभ फल देती है ।। २७ ।।

**तमोमुखे चेन्मुथहा धनाऽऽप्तिं यशः सुखं धर्मसमुन्नतिं च ।**
**सितेज्ययोगेक्षणतः पदाप्तिं सुवर्णरत्नाम्बरलब्धयश्च ।। २८ ।।**

भा०–राहु के मुख (भोग्य) भाग में मुन्था हो तथा गुरु, शुक्र की दृष्टि हो तो धन, यश, सुख, धर्म की उन्नति, अधिकार और वस्त्रादि की प्राप्ति होती है।।२८।।

**तत्पृष्ठभागे न शुभप्रदा स्यात्तत्पुच्छभागाद्रिपुभीतिकष्टम् ।**
**पापेक्षणादर्थसुखस्य हानिश्चेज्जन्मनीत्थं गृहवित्तनाशः ।। २९ ।।**

भा०–राहु के पृष्ठभाग में या पुच्छभाग में अशुभ फल देती है । यदि पाप से युत दृष्ट हो तो सुख की हानि और गृह धन का भी नाश होता है।।२९।।

**ये जन्मकाले बलिनोऽब्दकाले चेद्दुर्बलास्तैरशुभं समान्ते ।**
**विपर्यये पूर्वमनिष्टमुक्तं तुल्यं फलं स्यादुभयत्र साम्ये ।। ३० ।।**

भा०–जो ग्रह जन्म काल में बली और वर्ष में निर्बल होता है, वह वर्षारम्भ में शुभ और वर्ष के अन्त में अशुभ फल देता है । यदि जन्मकाल में निर्बल और वर्ष में बली हो तो वर्ष के आरम्भ में ही अशुभ और अन्त में शुभ फल देता है । यदि दोनों समय एक रूप हो तो वर्ष भर तुल्य फल देता है।।३०।।

**षष्ठेऽष्टमेऽन्ते भुवि वेन्थिहेशोऽस्तगोऽथ वक्रोऽशुभदृष्टयुक्तः ।**
**क्रूराच्चतुर्थास्तगतश्च भव्यो न स्याद्रुजं यच्छति वित्तनाशम् ।। ३१ ।।**

भा०–मुथहा का स्वामी ६।८।१२।४ स्थान में हो, अस्त या वक्र या पाप दृष्ट अथवा पापग्रह से ४।७ स्थान में हो तो शुभफल नहीं देकर रोगप्रद और धन नाशकारक होता है ।। ३१ ।।

**यद्यष्टमेशेन युतोऽथ दृष्टः क्षुताख्यदृष्ट्या न शुभस्तदाऽपि ।**
**योगद्वये स्यान्निधनं यदैकयोगस्तदा मृत्युसमत्वमाहु ।। ३२ ।।**

भा०–मुथहेश यदि अष्टमेश से युत हो और पापग्रह से क्षुतदृष्टि से देखा जाता हो तो अशुभ फल होता है । वे दोनों योग हों तो मरण और एक हो तो मृत्युतुल्य कष्ट होता है ।। ३२ ।।

**मुथहा तत्पतिर्वापि जन्मनीक्षितयुक् शुभैः ।**
**वर्षारम्भे शुभं दत्तेऽब्दे चेदन्तेऽन्यथाऽशुभम् ।। ३३ ।।**

भा०–मुथहा या उसका स्वामी जन्मकाल में शुभग्रह से युत दृष्ट हो तो वर्षारम्भ में शुभफल देता है । यदि वर्ष में शुभ युत दृष्ट हो तो वर्षान्त में शुभ फल देता है । अन्यथा अशुभ समझना ।। ३३ ।।

इति गूढ़ार्थप्रकाशिकासहित-नीलकण्ठ्यां मुन्थानिरूपणम् ।। २ ।।

### अथारिष्टविचाराध्यायः ।

**लग्नेशेऽष्टमगेऽष्टेशे तनुस्थे वा कुजेक्षिते ।**
**ज्ञजीवयोरस्तगयोः शस्त्रघातो विपन्मृतिः ।। १ ।।**

भा०–लग्नेश अष्टमस्थान में, वा अष्टमेश लग्न में हों और मङ्गल से दृष्ट हो अथवा बुध, गुरु दोनों सूर्यसान्निध्य से अस्त हों तो शस्त्रघात, विपत्ति और मृत्यु होती है ।। १ ।।

**अब्दलग्नेशरन्ध्रेशो व्ययाष्टहिबुकोपगौ ।**
**मुथहासंयुतौ मृत्युप्रदौ तद्धातुकोपतः ।। २ ।।**

भा०–वर्ष लग्नेश और अष्टमेश ये १२, ८, ४ वें स्थान में मुथहा संयुक्त हो तो उस ग्रह की धातु (कफ, पित्त, या वात) के कोप से मरण होता है।। २ ।।

**जन्मलग्नाधिपोऽवीर्यो मृतीशो वाऽस्तगो यदा ।**
**सूर्यदृष्टो मृर्तिं दत्ते कुष्ठं कण्डूं तथाऽऽपदः ।। ३ ।।**

भा०–जन्मलग्नेश निर्बल हो, अष्टमेश अस्तगत हो और सूर्य से दृष्ट हो तो मरण, कोढ़, खुजली तथा आपत्ति होती है ।। ३ ।।

**अस्तगौ मुथहालग्ननाथौ मन्देक्षितौ यदा ।**
**सर्वनाशो मृतिः कष्टमाधि-व्याधिभयं रुजः ।। ४ ।।**

भा०–मुथहेश और लग्नेश अस्तङ्ग हो और शनि से दृष्ट हो तो सर्वनाश, कष्ट, व्यथा और रोगभय होता है ।। ४ ।।

**क्रूरमूसरिफोऽब्देशो जन्मेशः क्रूरितः शुभैः ।**
**कम्बूलेऽपि विपन्मृत्युरित्थमन्याधिकारतः ।। ५ ।।**

भा०–वर्षेश को पापग्रह से ईसराफ हो, जन्मलग्नेश पापग्रह हो तो शुभग्रह से कम्बूल योग होने पर भी विपत्ति और मृत्यु होती है । इसी प्रकार अन्य पञ्चवर्षाधिकारियों से भी समझना ।। ५ ।।

**क्रूरा वीर्याधिकाः सौम्या निर्बला रिपुरन्ध्रगाः ।**
**तदाऽऽधि-व्याधिभीतिः स्यात्कलिर्हानिस्तथा विपत् ।। ६ ।।**

भा०–पापग्रह बली, शुभग्रह निर्बल हो और ६।८ स्थान में हो तो आधि-व्याधि, भय, कलह हानि तथा विपत्ति होती है ।। ६ ।।

**नीचे शुक्रो गुरुः शत्रुभागे सौख्यलवोऽपि न ।**
**लग्नेशेऽष्टमगेऽष्टेशे तनो वा मृतिमादिशेत् ।। ७ ।।**

भा०–शुक्र नीच में, गुरु शत्रु के नवांश में हो तो लेशमात्र भी सुख नहीं होता है । वा लग्नेश अष्टम में, अष्टम लग्नेश में हो तो मरण होता है ।। ७ ।।

**निर्बलौ धर्मवित्तेशौ दुष्टखेटास्तनौ स्थिताः ।**
**लक्ष्मीश्चिरार्जिता नश्येद्यदि शक्रोऽपि रक्षिता ।। ८ ।।**

भा०–नवमेश और द्वितीयेश निर्बल हों, लग्न में पापग्रह हों तो इन्द्र से रक्षित होने पर भी चिरोपार्जित सम्पत्ति नष्ट हो जाती है ।। ८ ।।

**नीचे चन्द्रेऽस्तगाः सौम्या वियोगः स्वजनैः सह ।**
**शरीरपीडा मृत्युर्वा आधि-व्याधिभयं द्रुतम् ।। ९ ।।**

भा०–नीच में चन्द्रमा हो, शुभग्रह अस्त हों तो स्वजन से वियोग, शरीरपीड़ा मरण, रोग तथा व्यथा का भय होता है ।। ९ ।।

**अब्दलग्नं जन्मलग्नराशिभ्यामष्टमं यदा ।**
**कष्टं महाव्याधिभयं मृत्युः पापयुतेक्षणात् ।। १० ।।**

भा०–जन्मलग्न वा जन्मराशि से अष्टमराशि यदि वर्षलग्न हो तो कष्ट और महारोग होता है । यदि पापग्रह से युत दृष्ट हो तो मरण होता है ।। १० ।।

**जन्मन्यष्टमगः पापो वर्षलग्ने रुगाधिदः ।**
**चन्द्राब्दलग्नपौ नष्टबलौ चेत्स्यात्तदा मृतिः ।। ११ ।।**

भा०–जन्मलग्न से अष्टमगत पापग्रह–यदि वर्षलग्न में हो तो रोग और आधि (मानसी व्यथा) होती है । यदि चन्द्रमा और वर्षलग्नेश निर्बल हो तो मरण होता है ।। ११ ।।

**जन्माब्दलग्नपौ पापयुक्तौ पतितभस्थितौ ।**
**रोगाऽऽधिदौ मृत्युकरावस्तगौ नेक्षितौ शुभैः ।। १२ ।।**

भा०–जन्मलग्नेश, वर्षलग्नेश दोनों पापग्रह से युत होकर अशुभ स्थान (६।८।१२) में हो तो रोग व्यथादायक होते हैं । यदि अस्त हों तो मरणप्रद होते हैं, यदि शुभग्रह से दृष्ट न हों तो ।। १२ ।।

**व्ययाम्बुनिधनारिस्था जन्मेशाब्दपमुन्थहाः ।**
**एकर्क्षगास्तदा मृत्युः पापक्षुतदृशा ध्रुवम् ।। १३ ।।**

भा०–जन्मलग्नेश, वर्षेश, मुन्थहा ये एकराशिगत होकर १२।४।८।६ स्थान में हों तो मृत्युदायक होते हैं । यदि पापग्रह से क्षुत दृष्टि से दृष्ट हों तो निश्चय मरणप्रद होते हैं ।। १३ ।।

**चन्द्रो व्यये शनियुतः शुभः षष्ठोऽर्थमाशकृत् ।**
**चित्तवैकल्यमशुभेसराफान्न शुभेक्षणात् ।। १४ ।।**

भा०–शनि युक्त चन्द्रमा यदि द्वादशभाव में हो और शुभग्रह षष्ठ भाव में हों तो धननाशकारक होते हैं । पापग्रह से ईसराफ हो तो चित्त की विकलता होती है, यदि शुभ की दृष्टि हो तो नहीं ।। १४ ।।

**चन्द्रोऽर्कमण्डलगतो रिपुरिःफाष्टबन्धुगः ।**
**त्रिदोषतस्तस्य रुजा विविधेज्यदृशा शुभम् ।। १५ ।।**

भा०–चन्द्रमा यदि सूर्य सान्निध्य से अस्त होकर ६, १२, ८, ४ स्थान में हो तो त्रिदोष (कफ, पित्त, वात) से रोग होता है, परञ्च गुरु की दृष्टि हो तो रोग नहीं होता है ।। १५ ।।

**हद्दाहायनलग्नेशौ सप्ताष्टान्त्ये खलान्वितौ ।**
**स्वदशायां निधनदौ शुभदृष्ट्या शुभं वदेत् ।। १६ ।।**

भा०–वर्षलग्न के हद्देश और लग्नस्वामी दोनों पापयुक्त होकर ७, ८, १२ में हो तो अपनी दशा में मरणप्रद होते हैं । शुभग्रह की दृष्टि हो तो शुभ कहना ।। १६ ।।

**अब्दलग्नादृज्वनृजू व्ययार्थस्थौ रुजा तदा ।**
**एवं वर्षाब्दलग्नेशजन्मेशैरपि बन्धनम् ।। १७ ।।**

भा०–वर्षलग्न से द्वादश में मार्गीग्रह, और द्वितीय में वक्रीग्रह हों तो रोग होता है । इसी प्रकार वर्षेश, वर्षलग्नेश, जन्मलग्नेश से १२ और २ में ग्रह हों तो बन्धन होता है ।। १७ ।।

**नीचे त्रिराशिपे पापदृष्टे कार्यं विनश्यति ।**
**इन्थिहेशेऽब्दपे वारिभेऽस्तं याते रुजा विपत् ।। १८ ।।**

भा०–त्रिराशिपति नीच में हो, पाप दृष्ट हो तो कार्य नष्ट होता है । मुथहेश और वर्षेश, शत्रुराशि में या अस्तंगत हो तो रोग और विपत्ति होती है।।१८।।

**चन्द्रो रि:फषडष्टभूद्युनगतो दृष्टोऽशुभैर्नो शुभै:**
**सोऽरिष्टं विदधाति मृत्युमथवा भौमेक्षणादग्निभी: ।**
**शस्त्राद्वा शनिराहु-केतुभिररेर्भीतिं रुजं वायुजां**
**दारिद्र्यं रविणा, शुभं शुभदृशेज्यालोकनादादिशेत् ।। १९ ।।**

भा०–चन्द्रमा १२, ६, ८, ४, ७ स्थान में पापग्रह से दृष्ट और शुभग्रह से अदृष्ट हो तो अरिष्ट अथवा मृत्युकारक होता है । यदि उपरोक्त स्थानस्थ चन्द्रमा मंगल से दृष्ट हो तो अग्नि वा शस्त्र भय, शनि, राहु, केतु इनसे दृष्ट हो तो शत्रु, भय, वायु विकार से रोग, तथा रवि से दृष्ट हो तो दारिद्र्य होता ही है । यदि बृहस्पति शुभदृष्टि से देखें तो शुभफल कहना चाहिये ।। १९ ।।

**क्रूरान्वितेक्षितयुता शनिनेन्थिहाऽऽधि-**
**व्याधिप्रदा जनुषि रि:फसुखारिरन्ध्रे ।**
**द्यूने च वर्षतनुनैधनगा मृतिं सा**
**दत्ते खलेक्षितयुतेत्यपि चिन्त्यमार्यैः ।। २० ।।**

भा०–मुथहा यदि दो पाप ग्रहों से युक्त हो, वा केवल शनि से युत दृष्ट हो तो व्यथा और रोगकारिणी होती है । जन्मराशि से १२, ४, ६, ८ वा ७ में मुथहा हो और वर्षलग्न से अष्टमस्थान में हो और पाप से दृष्टयुत हो तो मृत्यु होती है ।। २० ।।

इति गूढ़ार्थप्रकाशिकासहित-नीलकण्ठ्यां वर्षारिष्टविचाराध्यायः ।। ३ ।।

### त्र्प्रथ अरिष्टभङ्गाऽध्यायः

**लग्नाधिपो बलयुतः शुभेक्षितयुतोऽपि वा ।**
**केन्द्रत्रिकोणगोऽरिष्टं नाशयेत्सुखवित्तदः ।। १ ।।**

भा०—लग्नेश बलवान् होकर शुभग्रह से युत दृष्ट हो अथवा लग्न से केन्द्र त्रिकोण मे हो तो सब अरिष्टों का नाशकारक और सुख धनदायक होता है ।। १ ।।

**गुरुः केन्द्रे त्रिकोणे वा पापादृष्टः शुभेक्षितः ।**
**लग्नचन्द्रेन्थिहारिष्टविनाशार्थसुखं दिशेत् ।। २ ।।**

भा०—गुरु यदि केन्द्रत्रिकोण में पापग्रह से अदृष्ट और शुभग्रह से दृष्ट हो तो लग्नचन्द्र मुथहा सम्बन्धी अरिष्टों का नाश करके धन सुख को देता है।।२।।

**सुखं स्वामियुतं सद्भिर्दृष्टं सौख्ययशोऽर्थदम् ।**
**गुरुर्लग्ने तृतीयेऽर्थे जन्मेट् सौख्यार्थदः सुखे ।। ३ ।।**

भा०—सुखभाव यदि अपने स्वामी शुभग्रह से युत दृष्ट हो तो सुख, यश अर्थदायक होता है । यदि गुरु जन्मलग्नेश होकर लग्न २, ३ या चतुर्थ में हो तो सुखप्रद होता है ।। ३ ।।

**लग्ने द्युनेशस्तनुगः सुरेज्यः क्रूरैरदृष्टः शुभमित्रदृष्ट ।**
**रिष्टं निहन्त्यर्थयशः सुखाप्तिं दिशेत्स्वपाके नृपतिप्रसादम् ।। ४ ।।**

भा०—सप्तमेश और गुरु लग्न में हो, पाप से अदृष्ट और शुभ मित्र से दृष्ट हो तो अपनी दशा में अरिष्ट को नाश कर सुख की प्राप्ति और राजा की कृपा कराता है ।। ४ ।।

**बलान्वितौ धर्मधनाधिनाथौ क्रूरैरदृष्टौ तनुगौ तदाऽऽस्ताम् ।**
**राज्यं गजाश्वाम्बररत्नपूर्णं रिष्टस्य नाशोऽप्यतुलं यशश्च ।। ५ ।।**

भा०—बलवान् नवमेश और धनेश पापग्रह से अदृष्ट लग्न में हो तो राज्य आदि सुख देता है तथा अरिष्ट का नाश, अतुल सुयश को देता है ।।५।।

**त्रिषष्ठलाभोपगतैरसौम्ये: केन्द्र त्रिकोणोपगतैश्च सौम्यै: ।**

**रत्नाम्बरस्वर्णयश:सुखाप्तिर्नाशोऽप्यरिष्टस्य तनोश्च पुष्टि: ।। ६ ।।**

भा०–३, ६, १२ भावों में पाप और त्रिकोण केन्द्र में शुभग्रह हो तो रत्न, वस्त्रादि का लाभ, अरिष्ट का नाश और शरीर की पुष्टि आदि सुख होता है ।। ६ ।।

**यदा सवीर्यो मुथहाधिनाथो लग्नाधिपो जन्मविलग्नपो वा ।**

**केन्द्रत्रिकोणायधनस्थितास्ते सुखार्थहेमाम्बरलाभया: स्यु: ।। ७ ।।**

भा०–यदि मुथहेश बली हो या वर्ष लग्नेश, जन्मकालिकलग्नेश बली होकर केन्द्र त्रिकोण में हो सुख, सुवर्ण, वस्त्र का लाभ होता है ।। ७ ।।

**तुङ्गे शनिर्वा भृगुजो गुरुर्वा शुभेत्थशालाद्यवनाद्धनाप्तिम् ।**

**बली कुजो वित्तगतो यशोऽर्थतेजांस्यकस्माच्च सुखानि दद्यात् ।। ८ ।।**

भा०–शनि वा गुरु वा शुक्र उच्च में होकर शुभग्रह से इत्थशाल करता हो तो यवनों से धन की प्राप्ति कहना । यदि बली मंगल धनभाव में हो तो यश, धन, कान्ति और अनायास सुख की प्राप्ति होती है ।। ८ ।।

**सूर्येज्यशुक्रा मिथ इत्थशालं कुर्युस्तदा राज्ययश:सुखार्था: ।**

**सूर्य: कुजो विपचये ददाति भद्रं यशो मङ्गलमिन्थिहाया: ।। ९ ।।**

भा०–रवि, गुरु, शुक्र ये परस्पर इत्थशाल करते हों तो राज्य सुख और धन मिलता है । यदि मुथहा से उपचय स्थान में सुर्य मंगल हो तो सुयश और कल्याण होता है ।। ९ ।।

**शुक्रज्ञचन्द्रा हद्दे स्वे पापास्त्र्यायगता यदि ।**

**स्वबाहुबलतो हेमसुखकीर्तीर्नरोऽश्नुते ।। १० ।।**

भा०–शुक्र, बुध, चन्द्रमा अपने-अपने हद्दा (वर्ग) में हों और पापग्रह ३।११ में हों तो मनुष्य अपने बाहुबल से धन और सुख भोग करता है।।१०।।

**बुधशुक्रौ मुसरिफौ गुरुर्विक्रमभावग: ।**

**तदा राज्ययशोहेममुक्ताविद्रुमलब्धय: ।। ११ ।।**

भा०–बुध शुक्र में ईसराफ योग हो और गुरु तृतीयभाव में हो तो राज्य, यश, सुवर्ण, मोती, मूंगा आदि का लाभ होता है ।। ११ ।।

**भौमो मित्रगृहेऽब्देशः कम्बूली स्वगृहादिगैः ।**
**गजाश्वहेमाम्बरभूलाभं धत्ते सुखादिकम् ।। १२ ।।**

भा०–मंगल वर्षेश होकर मित्र के घर में हो और स्वगृह, स्वोच्चस्थ ग्रहों से कम्बूलयोग हो तो हाथी, घोड़े आदि का लाभ होता है ।। १२ ।।

**इत्थं जन्मनि वर्षे च योगकर्तुर्बलाबलम् ।।**
**विमृश्य कथयेद्राजयोगं तद्भङ्गमेव च ।। १३ ।।**

भा०–इस प्रकार जन्म और वर्ष काल में योगकारक ग्रहों के बलाबल विचार करके राजयोग अथवा योग का भंग कहना चाहिये ।। १३ ।।

**अब्देन्थिहेशादिखगाः खलैश्चेद्युतेक्षिता अस्तगनीचगा वा ।**
**सौम्या बलोना नृपयोगभङ्गं तदा वदेद्वित्तसुखक्षयांश्च ।। १४ ।।**

भा०–वर्षेश, मुथहेश, लग्नेश आदि पञ्चाधिकारी ग्रह यदि पाप से युत दृष्ट हों, या नीच में हों और शुभग्रह सब निर्बल हों तो राजयोग का भङ्ग और धन सुख का नाश होता है ।। १४ ।।

**श्रीगर्गान्वयभूषणं गणितविच्चिन्तामणिस्तत्सुतो-**
**ऽनन्तोऽनन्तमतिर्व्यधात्खलमतध्वस्त्यैजनुः पद्धतिम् ।**
**तत्सूनुः खलु नीलकण्ठविबुधो विद्वच्छिवानुज्ञया-**
**ऽवोचद्वर्षपमुन्थहाफलमथारिष्टादिसद्योगयुक् ।। १५ ।।**

भा०–गर्गकुलोत्पन्न गणितज्ञ चिन्तामणि के पुत्र अनन्त बुद्धिवाले अनन्त दैवज्ञ हुए । जिन्होंने अशुद्ध मतों के खण्डन करके जन्मपद्धति बनायी । उनके पुत्र नीकण्ठ अपने शिव नामक गुरु की आज्ञा से अरिष्टभंग सहित मुन्था फलाध्याय कहा ।। १५ ।।

इति गूढ़ार्थप्रकाशिकासहित-नीलकण्ठ्यामरिष्टभङ्गाध्यायः ।। ४ ।।

**अथ भावफलाध्यायः ।**

**यो भावः स्वामिसौम्याभ्यां दृष्टो युक्तोऽयमेधते ।**
**पापदृष्टयुतो नाशो मिश्रैर्मिश्रफलं वदेत् ।। १ ।।**

भा०–जो भाव अपने स्वामी से या शुभग्रह से दृष्ट युक्त हो उस भाव फल की वृद्धि, जो पापग्रह से दृष्ट हो उस भाव का नाश, मिश्र (पाप, शुभ) युत दृष्ट हो तो मिश्र फल होता है ।। १ ।।

(१) लग्न (तनु) भावफल—

**लग्नाधिपे वीर्ययुते सुखानि नैरुज्यमर्थागमनं विलासः ।**
**स्यान्मध्यवीर्येऽल्पसुखार्थलाभः क्लेशाधिकत्वं विपदल्पवीर्ये ।। २ ।।**

भा०–लग्नेश पूर्णबली हो तो नैरुज्य, धन का लाभ आदि शुभ फल तथा मध्यबली हो तो अल्प सुख, और हीन बली हो तो अधिक क्लेश आदि अशुभ फल होता है ।। २ ।।

सूर्य आदि ग्रह पञ्चाधिकारी होकर निर्बल हो तो उनका फल—

**जन्माब्दाङ्गपतीन्थिहापतिसमानाथाद्यधीकारवान्**
**सूर्यो नष्टबलस्त्वगक्षिविलयं कुर्यान्निरुत्साहताम् ।**
**नीचत्वं पितृमातृतोऽप्यभिभवश्चन्द्रेक्षिकार्यक्षयो**
**दारिद्र्यं च पराभवो गृहकलिर्व्याध्याधिभीतिस्तदा ।। ३ ।।**
**भौमे चलत्वं भीरुत्वं बुधे मोहपराभवौ ।**
**जीवे धर्मक्षयः कष्टफला जीवनवृत्तयः ।। ४ ।।**
**शुक्रे विलाससौख्यानां नाशः स्त्रीभिः समं कलिः ।**
**सौरे भृत्यजनाद् दुःखं रुजो वातप्रकोपतः ।। ५ ।।**

भा०–जन्मलग्नेश वर्षलग्नेश आदि पञ्चाधिकारी होकर यदि सूर्य हीन बली हो तो त्वचा और नेत्र की हानि, अनुत्साह, नीचता माता पिता से अनादर होता है । चन्द्रमा अधिकारी होकर हीन बली हो तो नेत्र हानि, कार्यनाश, दारिद्र्य, पराभव, घर में झगड़ा, व्याधि भय तथा मंगल में चञ्चलता, भय, बुध में

मोह और पराभव, गुरु में धर्म हानि, जीविका का कष्ट, शुक्र में सुख, विलास का नाश, स्त्री से कलह तथा शनि में नौकर से कष्ट और वातरोग होता है।।३-५।।

**लग्नं पापयुतं सौम्यैरदृष्टं सहितं नृणाम् ।**
**विवादं वञ्चनां दुष्टमशनं चाऽपि विन्दति ।। ६ ।।**

भा०–लग्न पापयुत और शुभग्रह से अदृष्ट तथा अयुक्त हो तो विवाद, धूर्तों से ठगे जाना, कुभोजन आदि अशुभ फल होता है ।। ६ ।।

**जन्माब्दाङ्गपरन्ध्रपाऽब्दमुथहानाथा बलाढ्यस्तदा ।**
**रम्यं वर्षमुशन्ति सर्वमतुलं सौख्यं यशोऽर्थागम ।**
**षष्ठाष्टान्त्गता न चेदिह युनस्ते दुःखभीतिप्रदा**
**निर्वीर्या यदि वर्षमेतदशुभं वाच्यं शुभेक्षां विना ।। ७ ।।**

भा०–जन्मलग्नेश, वर्षलग्नेश, अष्टमेश, वर्षेश, और मुन्थेश ये बल युक्त हों और ६, ८, १२ इन स्थान में न हों तो वर्ष में उत्तम फल, अतुल सौख्य आदि होता है । यदि ६, ८, १२ इस स्थान में हों तो दुःख, भयप्रद होते हैं । यदि निर्बल हों और शुभग्रह की दृष्टि न हो तो वर्ष अशुभ समझना।। ७।।

**सूतौ धनप्रदः खेटो धनाधीशञ्च तौ यदि ।**
**वर्षे नष्टौ वित्तनाशोऽन्यनिःक्षेपापवाददौ ।। ८ ।।**

भा०–जन्मलग्न में धनयोगकारक ग्रह और धनाभावेश ये दोनों वर्ष में नष्ट बल (अस्तंगत) हों तो धन का नाश और दूसरे के पास रखे हुए धन का भी अपवाद होता है, अर्थात् जिसके पास धन रखा हो वह भी बेमानी कर जाता है कि तुमने मुझे नहीं दिया है ।। ८ ।।

**एवं समस्तभावानां सूतौ नाथाश्च पोषकाः ।**
**अब्दे नष्टबलास्तेषां नाशायोह्या विचक्षणैः ।। ९ ।।**

भा०–इसी प्रकार सब भावों के स्वामी जन्मसमय भाव के पोषक भी हों और वर्षकाल में नष्ट बल हो जाय तो उन भावों के फल का भी नाश समझना चाहिये ।। ९ ।।

(२) द्वितीय (धन) भावफल—

**वित्ताधिपो जन्मनि वित्तगोऽब्दे जीवो यदा लग्नपतीत्थशाली ।**
**तदा धनाप्तिः सकलेऽपि वर्षे क्रूरेसराफे धनधान्यहानिः ।। १ ।।**

भा०–जन्मसमय गुरु धनभावेश हो और वर्षकाल में धनभाव में हो तथा वर्षलग्नेश से इत्थशाल करता हो तो समस्त वर्ष में धनलाभ, यदि पाप से ईसराफयोग हो तो धन का नाश होता है ।। १ ।।

**जन्मन्यर्थावलोकीज्योऽब्देऽब्देशो बलवान् यदा ।**
**तदा धनाप्तिर्बहुला विनाऽऽयासेन जायते ।। २ ।।**

भा०–जन्म काल में बृहस्पति द्वितीयभाव को देखता हो और वर्ष में वर्षपति होकर बली हो तो बिना यत्न से अधिक धन लाभ होता है ।। २ ।।

**एवं यद्भावपो जन्मन्यब्दे तद्भावगो गुरुः ।**
**लग्नेशेनेत्थशाली चेत्तद्भावजसुखं भवेत् ।। ३ ।।**

भा०–इसी प्रकार गुरु जन्मकाल में जिस भाव का स्वामी हो, यदि वर्ष में उसी भाव में होकर लग्नेश से इत्थशाल करे तो निश्चय उस भाव का विशेष सुख होता है ।। ३ ।।

**तथा जनुषि पं पश्येद्भावमब्देऽब्दपो गुरुः ।**
**तदा तद्भावजं सौख्यमुक्तं ताजिकवेदिभिः ।। ४ ।।**

भा०–इसी प्रकार जन्मकाल में जिस भाव को बृहस्पति देखता हो और वर्ष में वर्षपतिहो तो उस भाव का भी विशेष सुख समझना चाहिये । ऐसा ताजिक वेत्ताओं ने कहा है ।। ४ ।।

**जन्मषष्ठाधिपः सौम्यः षष्ठोऽब्दे स्वल्पलाभदः ।**
**पापार्दिते गुरौ रन्ध्रेऽर्थे वा दण्डः पतेद् ध्रुवम् ।। ५ ।।**

भा०–यदि बुध जन्म और वर्षकाल दोनों समय षष्टेश होकर षष्टभाव में हो तो स्वल्प धन लाभ होता है । यदि पापयुत गुरु ८वें स्थान में हो तो धन पर राजदण्ड पड़ता है ।। ५ ।।

**गुरुर्वित्ते शुभैर्दृष्टयुतो वा राज्यसौख्यदः ।**
**जन्मन्यब्दे च मुथहाराशिं पश्यन्विशेषतः ।। ६ ।।**

भा०–जन्म और वर्षकाल में गुरु धनभाव में शुभग्रह से दृष्ट हो तो राज्य सुख देता है । यदि मुथहा को भी देखता हो तो विशेष सुखप्रद समझना।।६।।

**एवं सितेऽब्दपे भूरि द्रव्यं धान्यं च जायते ।**
**वित्ताङ्गेशेसराफश्चेद् वित्तसौख्यविनाशदः ।। ७ ।।**

भा०–इस प्रकार शुक्र वर्षेश होकर धनभाव में हो तो बहुत धन लाभ होता है । यदि धनेश और लग्नेश में ईसराफ योग हो तो धन सुख का नाश होता है ।। ७ ।।

**एवं बुधे सवीर्ये स्याल्लिपिज्ञानोद्यमैर्धनम् ।**
**जन्मलग्नगताः सौम्या वर्षेऽर्थे धनलाभदाः ।। ८ ।।**

भा०–इसी प्रकार बली बुध वर्षेश होकर धनभाव में हो तो लेख आदि उद्योगों से धन लाभ होता है । जन्मकालिकलग्नगत शुभग्रह वर्ष में धनभाव में हो तो धनप्रद होते हैं ।। ८ ।।

**मालसद्मनि वित्ते वा बुधेज्यसितसंयुते ।**
**तैर्वा दृष्टे धनं भूरि स्वकुले राज्यमाप्नुयात् ।। ९ ।।**

भा०–मालसद्म (धनसहम) वा धनभाव बुध, गुरु, शुक्र से युत वा दृष्ट हो तो बहुत धन और कुल को राज्य लाभ होता है ।। ९ ।।

**अर्थार्थसहमेशौ चेच्छुभैर्मित्रदृशेक्षितौ ।**
**बलिनौ सुखतो लाभप्रदौ यत्नादरैर्दृशा ।। १० ।।**

भा०–बली धनभांवेश और धनसहमेश को शुभग्रह मित्र दृष्टि से देखते हो तो सुखपूर्वक धनलाभ तथा शत्रु दृष्टि से देखते हों तो यत्न करने पर धन लाभ होता है ।। १० ।।

**मित्रदृष्ट्या मुथशिलेऽर्थाङ्गपो: सुखतो धनम् ।**
**तयोर्मूसरिफे वित्तनाशदुर्नयभीतय: ।। ११ ।।**

भा०–धनेश और लग्नेश में मित्र दृष्टि से इत्थशाल हो तो अनायास धन लाभ होता है । यदि उन दोनों में ईसराफ योग हो तो धन का नाश और अनीति का भय रहता है ।। ११ ।।

**जन्मनीज्योऽस्ति यद्राशौ स राशिर्वर्षलग्नग: ।**
**शुभस्वामीक्षितयुतो नैरुज्यस्वाम्यवित्तत: ।। १२ ।।**

भा०–जन्मकाल में गुरु जिस राशि में हो वही राशि वर्षलग्न हो और शुभ स्वामी से युत दृष्ट हो तो अरोग्य, प्रभुत्व और धन लाभ होता है ।। १२ ।।

**सूतौ लग्ने रविर्वर्षे धनस्थो धनसौख्यद ।**
**शनौ वित्ते कार्यनाशो लाभोऽल्पोऽथ धनव्यय ।। १३ ।।**
**भ्रातृसौख्यं गुरुयुते भूतय: स्यु: शुभेक्षणात् ।**
**क्रूरयोगेक्षणात्सर्वं विपरीतं फलं भवेत् ।। १४ ।।**

भा०–जन्मकाल में सूर्य लग्न में और वर्ष में धनभाव में हो तो धन सुख होता है । तथा धनभाव में शनि हो तो कार्य का नाश, अल्प लाभ और धन का नाश होता है । यदि शनि बृहस्पति से युक्त और शुभग्रह से दृष्ट हो तो भाई का सुख शौर ऐश्वर्य होता है, तथा पापग्रह की दृष्टि से विपरीत (अशुभ) फल समझना ।। १३-१४ ।।

**वित्तेशो जन्मनि गुरुर्वर्षे वर्षेशतां दधत् ।**
**यद्भावगस्तनाश्रित्य लाभदो लग्न आत्मन: ।। १५ ।।**
**वित्ते सुवर्णरूप्यादेर्भ्रात्रादे: सहजर्क्षग: ।**
**पितृ-मातृ-क्षमादिभ्यो वित्तं सुहृदि पञ्चमे ।। १६ ।।**
**सुहृत्तनयत: षष्ठेऽरिवर्गाद्धानिभीतिद: ।**
**स्त्रीभ्यो द्यूनेऽष्टमे मृत्युरर्थहेतु: पथोऽङ्कगे ।। १७ ।।**
**खे नृपादेर्नृपकुलादायेऽन्त्ये व्ययदो भवेत् ।**
**इत्थं विमृश्य सुधिया वाच्यमित्थं परे जगु: ।। १८ ।।**

भा०–जन्मकाल में गुरु धनभावेश हो वही वर्षपति होकर जिस भाव में रहे उस भाव के द्वारा ही लाभप्रद होता है–जैसे-लग्न में हो तो अपने बाहुबल से, धनभाव में हो तो द्रव्य के द्वारा, तृतीय में हो तो भाई के द्वारा, चतुर्थ में हो तो माता-पिता, जमीन और मित्र से, पञ्चम में हो तो पुत्र से धन होता है । षष्ठ में हो तो शत्रु से धन नाश, सातवें में स्त्री से धनलाभ, आठवें में हो तो धन हेतु मृत्यु, नवम् में मार्ग से लाभ, दशवें में राजा से, ११ में राज-कुल से धन लाभ, १२ में हो तो धन का व्यय होता है ।। १५-१८ ।।

(३) तृतीय (सहज) भावफल—

**अब्देशेऽर्के सिते वाऽपि सबले पापवर्जिते ।**
**सौख्यं मिथः सोदराणां व्यत्ययाद्व्यत्ययं वदेत् ।। १ ।।**

भा०–सबल सूर्य वा शुक्र वर्षेश हो पाप से दृष्ट युत नहीं हो तो सहोदरों में परस्पर सुख होता है । यदि निर्बल और पापदृष्ट हो तो सोदरों में विरोध समझना ।। १ ।।

**दग्धे कलिः सहजपेऽब्दपतौ तयोर्वा जीवे बलेन रहिते सहजे सहोत्थैः ।**
**वैरं तृतीयभवनाधिपतीसराफे मान्द्यं कलिं स्वजनसोदरतञ्च विद्यात् ।। २ ।।**

भा०–सहजभावेश वर्षेश होकर दग्ध (अस्त) हो वा उन दोनों (सूर्य, शूक्र) में से कोई वर्षेश होकर अस्त हो और निर्बल बृहस्पति तृतीयभाव में हो तो सोदरों में बैर । तथा वर्षेश और तृतीयेश में ईसराफयोग हो तो रोग और सहोदरों में कलह समझना ।। २ ।।

**यदीत्थशालः सहजेश्वरेण गुरुस्तृतीये सहजात्सुखाप्तिः ।**
**सारे विधौ स्यात्कलहस्तृतीये दृष्टौ युतौ नो गुरुणा यदा तौ ।। ३ ।।**

भा०–वर्षेश या वर्षलग्नेश को तृतीयेश से इत्थशाल हो और गुरु तृतीयभाव मे हो तो सोदरों से सुख, यदि कुल सहित चन्द्रमा तृतीयभाव में हो और बृहस्पति से युत दृष्ट न हो तो सहोदरों में कलह समझना ।। ३ ।।

**सहजे सहजधीशेऽधिकारिणि मासपतेः ।**
**लग्नपो वा मुथशिले मिथः सौख्यं सहोत्थयोः ।। ४ ।।**

भा०–वर्षेश का अधिकारी होकर तृतीयभाव में हो वा लग्नेश से इत्थशाल योग करता हो तो सोदरों में परस्पर सुख समझना ।। ४ ।।

**क्रूरेसराफे कलहः शनौ भौमर्क्षगे रुजः ।**
**ज्ञर्क्षेऽसृज्यनुजे मान्द्यं वदेत्सहजगे स्फुटम् ।। ५ ।।**

भा०–सहजेश को पापग्रह से ईसराफ योग हो तो भाइयों में कलह, शनि, मङ्गल की राशि में होकर तृतीय भाव में हो तो रोग, बुध राशिस्थ मंगल तृतीय में हो तो छोटे भाइयों को रोग कहना ।। ५ ।।

**मन्दर्क्षगेऽसृजि बुधे कुजर्क्षे सहजे शुभैः ।**
**युतेक्षिते सोदराणां मिथः सौख्यं सुखं बहु ।। ६ ।।**

भा०–शनि की राशि में स्थित मंगल अथवा मंगल की राशि में स्थित बुध तृतीय भाव में हो और शुभग्रह से युत दृष्ट हो तो परस्पर सोदरों में अधिक सुख होता है ।। ६ ।।

**जन्माब्दपो बुधसितो सबलौ तृतोये सोदर्यबन्धुगणसौख्यकरो गुरुश्च ।**
**वीर्यान्वितेन्दुगृहगोभृगुजोऽधिकारी सूत्यब्दयोः सहजबन्धुगणस्य वृद्ध्यै ।। ७ ।।**

भा०–जन्म तथा वर्षकाल में बली बुध, शुक्र तृतीय भाव में हो और गुरु बलवान् हो तो बन्धुओं में सुख कारक होते हैं । तथा पञ्चाधिकारी में किसी प्रकार का अधिकारी शुक्र यदि जन्म और वर्षकाल में बलवान् चन्द्र की राशि में हो तो सोदरों की वृद्धि होती है ।। ७ ।।

**पापान्विते तु सहजे सहमेशभाव-**
**नाथेक्षणेन रहिते सहजस्य दुःखम् ।**
**एवं सहोत्थसहमेऽपि वदेत्तदीशौ**
**दग्धौ यदा सहजनाशकरौ विचिन्त्यौ ।। ८ ।।**

भा०–सहजभाव में पापग्रह हो और सहजभावेश या सहजेश से दृष्ट न हो तो सोदरों का दु:ख कहना । इस प्रकार भ्रातृसहम से भी फल समझना । यदि उन दोनों (भ्रातृभाव और भ्रातृसहम) के स्वामी अस्त हों तो सोदरों के नाशकारक होते हैं ।। ८ ।।

**तृतीयपादब्दपतौ द्युनस्थे लग्नेश्वरे वा सहजैर्विवाद: ।**
**तृतीयगो जन्मनि तादृगब्दे क्षुभेक्षितस्तत्र सहोत्थतुष्ट्यै ।। ९ ।।**

भा०–यदि तृतीयेश से सप्तमभाव में वर्षेश या वर्षलग्नेश हो तो सहोदरों में विवाद होता है । यदि तृतीयेश जन्म और वर्ष में तृतीयभाव में शुभग्रह से दृष्ट हो तो सोदरों का सन्तोषकारक होता है ।। ९ ।।

(४) चतुर्थ (सुख) भावफल—

**तुर्ये रवीन्दू पितृमातृपीडा पापान्वितौ पापनिरीक्षितौ च ।**
**जन्मस्थसूर्यर्क्षगतेऽर्कपुत्रेऽवमानना वैरकली च पित्रा ।। १ ।।**
**चन्द्रे जनन्यैवमुशन्ति बन्धौ सुखाधिपे प्रीतिसुखानि पित्रो: ।**
**तुर्याधिपे लग्नपतीत्थशाले वीर्यान्विते सौख्यमुशन्ति पित्रो: ।। २ ।।**

भा०–चतुर्थभाव में सूर्य पाप युत दृष्ट हो तो पिता को पीड़ा, यदि चन्द्रमा पापयुत दृष्ट चतुर्थभाव में हो तो माता को पीड़ा होती है । यदि जन्मकाल में सूर्य के साथ शनि हो तो लोगों में अपमान, पिता से शत्रुता और कलह होता है । इसी प्रकार जन्मकालिक चन्द्रमा के साथ शनि हो तो माता से वैर और कलह समझना चाहिये । यदि चतुर्थेश चतुर्थभाव में हो तो माता पिता से प्रेम और सुख तथा बली चतुर्थेश और लग्नेश में इत्थशाल हो तो माता-पिता का सुख समझना ।। १-२ ।।

**सौख्याधिपो जनुषि नष्टबलोऽब्दसूत्यो: पित्रोरनिष्टकृदथो सहमे तयोस्तु ।**
**दग्धे तुरीयगृहगे च यदीन्थिहातो नाशस्तयो: सहमयोरपि दग्धयो: स्यात् ।। ३ ।।**

भा०–जन्मकालिक चतुर्थेश यदि जन्म और वर्ष दोनों समय निर्बल हो तो माता पिता को कष्टकारक होता है । तथा मातृ पितृ सहम भी पाप से युत दृष्ट

होकर मुथहा से चतुर्थ भवन में हो, अथवा मातृ पितृ सहमेश भी दग्ध (अस्त) हो तो माता पिता का नाश समझना ।। ३ ।।

**जन्मन्यम्बुगृहं यच्च तत्पतिस्तत्पदोपगौ ।**
**शन्यारौ क्लेशदौ पित्रोर्नं चेत्सौम्यनिरीक्षितौ ।। ४ ।।**

भा०–जन्मकालिक चतुर्थभाव और चतुर्थेश इन दोनों के साथ यदि शनि मंगल हो और शुभग्रह से युत दृष्ट न हो तो माता-पिता को क्लेशदायक होते हैं ।। ४ ।।

**मातुः पितुश्च सहमे तनुपेत्थशाले तुर्येऽपि चेत्थमवगच्छ सुखानि पित्रोः ।**
**चेदष्टमाधिपतिना कृतमित्थशालं पित्रोर्विपद्भयमनिष्टकृतेसराफे ।। ५ ।।**

भा०–मातृ-पितृसहम और चतुर्थभाव को यदि लग्नेश से इत्थशाल योग हो तो माता पिता का सुख समझना । अगर अष्टमेश से इत्थशाल हो तथा पापग्रह से ईसराफयोग हो तो माता को विपत्ति और भय कहना ।। ५ ।।

(५) पञ्चम (सुत) भावफल—

**पुत्रायगो वर्षपतिर्गुरुश्चेत्सूर्यारसौम्योशनसोऽथवेत्थम् ।**
**सत्पुत्रसौख्याय खलार्दितास्ते दुःखप्रदाः पुत्रत एव चिन्त्याः ।। १ ।।**

भा०–गुरु अथवा सूर्य, मङ्गल, बुध, शुक्र इनमें कोई भी वर्षेश होकर ५, ११ भाव में हो तो पुत्र सुख, यदि ये ग्रह पापग्रह से पीड़ित हों तो पुत्र से दुःख समझना।।१।।

**पुत्रे सुतस्य सहमे सबले सुताप्तिः**
**सौम्येक्षितेऽप्यतिसुखं यदि तत्र वर्षेट् ।**
**सौम्येक्षितः शुभगृहे सकुजो बुधश्चेत्-**
**पुत्रायगः सुतसुखं विबलः सुतार्तिम् ।। २ ।।**

भा०–पञ्चम भाव में सबल पुत्र सहम हो और शुभग्रह से दृष्ट हो, वा बली वर्षेश पञ्चमभाव में शुभग्रह से दृष्ट हो, वा मंगल सहित बुध शुभग्रह की

राशि में होकर ५, ११ स्थान में हो तो पुत्र सुख होता है । निर्बल हो तो पुत्र को पीड़ा होती है ।। २ ।।

**जीवो जन्मनि यद्राशावब्देऽसौ सुतगो बली ।**
**पुत्रसौख्याय भौमो ज्ञो वर्षेशोऽत्र सिताप्तिदः ।। ३ ।।**

भा०–जन्मकाल में गुरु जिस भाव में हो वह राशि बलवान होकर वर्षलग्न से पञ्चम में हो, वा मंगल या बुध वर्षेश होकर पुत्रभाव में हो तो पुत्र-सुख होता है ।। ३ ।।

**यत्रेज्यो जनुषि गृहे विलग्नमेतत्-**
**पुत्राप्त्यै बुधसितयोरपीत्थमूह्यम् ।**
**यद्राशौ जनुषि शनिः कुजश्च सोऽब्दे**
**पुत्राऽप्ती तनुसुतगः करोति नूनम् ।। ४ ।।**

भा०–जिस भाव में जन्मसमय बृहस्पति हो वह राशि वर्षलग्न हो तो पुत्र लाभ होता है । इसी प्रकार बुध, शुक्र की राशि से भी समझना । तथा जन्म समय शनि, मंगल जिस राशि में हो वह वर्ष में लग्न या पञ्चम में पड़े तो भी निश्चय पुत्र का लाभ होता है ।। ४ ।।

**पुत्रे पुण्यस्य सहमं पुत्राऽप्त्यै शुभदृष्टियुक् ।**
**लग्नपुत्रेश्वरौ पुत्रे पुत्रदौ बलिनौ यदि ।। ५ ।।**

भा०–शुभग्रह से दृष्ट पुण्यसहम पुत्रभाव में हो, वा बलवान् लग्नेश, पञ्चमेश पुत्रभाव में हो तो पुत्र को देते हैं ।। ५ ।।

**चन्द्रो जीवोऽथवा शुक्रः स्वोच्चगः सुतदः सुते ।**
**वक्री भौमः सुतस्थश्चेदुत्पन्नसुतनाशनः ।। ६ ।।**

भा०–अपने उच्च में चन्द्र, गुरु या शुक्र पुत्रभाव में हो तो निश्चय पुत्र होता है । यदि वक्री मंगल सुतभाव में हो तो पुत्रनाशक होता है ।। ६ ।।

**सुताधिपो जन्मनि भार्गवोऽब्दे पुत्रे विलग्नाधिपतीत्थशाली ।**
**पुत्रप्रदो मन्दपदस्थपुत्रे पापाधिकारीक्षित आत्मजार्तिः ।। ७ ।।**

भा०–जन्मकालिक पञ्चमेश होकर शुक्र वर्ष में पञ्चमभाव में हो और लग्नेश से इत्थशाल हो तो सुतप्रद होता है । यदि जन्मकालिक शनि की राशि वर्ष में पुत्रभाव में पड़े और पापग्रहों से दृष्ट हो तो पुत्र को पीड़ा होती है ।। ७ ।।

**यद्राशिगो ग्रहः सूतौ स राशिस्तत्पदाभिधः ।**
**बली जन्मोत्थसौख्याय वर्षे तद्दुःखदोऽन्यथा ।। ८ ।।**

भा०–जन्मकाल में जो ग्रह जिस राशि में हो वह उसका पद कहलाता है । वह राशि वर्ष में बली हो तो उस भाव का शुभफल देता है, निर्बल हो तो दुःखप्रद होता है ।। ८ ।।

(६) षष्ठ (रिपु) भावफल—

**मन्देऽब्दपेऽनृजुगतौ पतिते रुगार्तिः**
**स्यात्सन्निपातभवभीररिगेऽत्र शूलम् ।**
**गुल्माक्षिरोगविषमज्वरभीर्गुरौ तु पापार्दितेऽ**
**निलरुजोऽपि कबूलशून्ये ।। १ ।।**
**स्यात्कामलाख्यरुगपीत्थमसृज्यसृग्भीः**
**पित्तं च रिःफगरवौ द्दशि शूलरोगः ।**
**पित्तं पुना रिपुगृहेऽत्र भृगौ नृभेऽरौ**
**श्लेष्मा भपेक्षितयुतेऽपि कफोऽरिगेन्दौ ।। २ ।।**
**एवं बुधे पापयुतेऽब्दपेऽरौ वातोत्थरोगो जनिलग्ननाथः ।**
**पापोऽब्दपेन क्षुतदृष्टिदृष्टो रोगप्रदो मृत्युकरः सपापः ।। ३ ।।**

भा०–वक्री शनि वर्षेश हो और पापग्रह सहित षष्ठभाव में हो तो सन्निपात, शूल, गुल्म आदि रोग होता है । एवं बृहस्पति बक्री होकर पाप सहित षष्ठभाव में हो और चन्द्रमा से कम्बूलयोग नहीं होता हो तो वात और कमला रोग, मंगल हो तो रक्त विकार, रवि हो तो पित्त रोग, वही रवि द्वादश में हो तो नेत्र में पीड़ा, शुक्र षष्ठभाव में हो तो पित्तरोग, वही शुक्र पुरुषराशि में वर्षेश से

दृष्ट हो तो श्लेष्मा रोग, और चन्द्रमा पाप युत षष्ठस्थान में हो तो कफ रोग होता है । इस प्रकार वर्षेश बुध पाप युक्त होकर षष्ठ में हो तो वात रोग होता है । यदि जन्म लग्नेश पापग्रह हो उसे वर्षेश क्षुत दृष्टि से देखता हो तो रोगप्रद, यदि पाप से युक्त भी हो तो मृत्युपद होता है ।। १-३ ।।

**सूत्यार्किभे लग्नगते रुक्षशीतोष्णरुग्भयम् ।**
**शनीक्षिते याप्यता स्यात्सपापे मृत्युमादिशेत् ।। ४ ।।**
**एवं भौमे क्षुतदृशा रक्त-पित्त-रुजोऽग्निभीः ।**
**ततोऽन्ये बहुला रोगा शुभदृष्टौ रुगल्पता ।। ५ ।।**

भा०–जन्मकालिक शनि की राशि वर्षलग्न में हो और शनि से दृष्ट हो तो शीतोष्ण रोग का भय, यदि पाप युक्त भी हो मरणप्रद होता है । एवं जन्मकालिक मंगलाक्रान्त राशि वर्षलग्न में हो और मंगल से क्षुप्त दृष्टि से देखा जाता हो तो रक्त पित्त रोग और अग्नि भय तथा और भी बहुत से रोग होते हैं । यदि शुभ ग्रह की दृष्टि हो तो अल्प रोग होता है ।। ४-५ ।।

**लग्नाधिपाब्दपतिषष्ठपतीत्थशालो रोगप्रदः खचरधातुविकारतः स्यात् ।**
**कान्दर्पिकामयभयं पतिते सितेऽर्कस्थानेऽथ षष्ठ इह रुक्सहमं सपापम् ।। ६ ।।**

भा०–लग्नेश, वर्षेश और षष्ठेश में इत्थशाल हो तो ग्रह सम्बन्धी धातु के विकार से रोग होता है । और पतित (अनिष्ट ६, ८, १२ स्थान स्थित) शुक्र यदि सूर्य के स्थान में हो, तथा पाप युक्त रोगसहम शत्रुभाव में हो तो कन्दर्प सम्बन्धी रोग होता है ।। ६ ।।

**सपापे गुरौ रन्ध्रगे लग्ने आरे सतन्द्राऽस्ति मूर्च्छाऽङ्गनाशः सचन्द्रे ।**
**खलाः सूतिकेन्द्रेऽब्दलग्ने रुगाप्त्यै काफोद्व्यङ्घ्रिगैरीक्ष्यमाणे- सितेस्मात् ।।७ ।।**

भा०–पाप युक्त गुरु अष्टभाव में और मंगल लग्न में हो तो तन्द्रा सहित मूर्छा रोग, अगर चन्द्रमा से भी युक्त हो तो अङ्ग का नाश होता है । जन्मकाल में पापग्रह केन्द्र में हो वह यदि वर्षलग्न में पड़े तो रोग की प्राप्ति होती है । द्विपदराशिस्थ पापग्रह शुक्र को देखतें हों तो कफ रोग होता है ।। ७ ।।

**दिनेऽब्दप्रवेशो विलग्नेऽब्दसुत्योर्यदा दृक्कहद्दागृहाद्योऽधिकारः ।**
**रवेर्वा कुजस्याऽत्र पीडा ज्वरात्स्याद्दृशा सौम्यखेटोत्थयाऽन्ते सुखाप्तिः ।।८ ।।**

भा०–दिन में वर्षप्रवेश हो और जन्म तथा वर्षकालिक लग्न में सूर्य या मंगल की हद्दा द्रेष्काण आदि अधिकार (वर्ग) हो तो ज्वर से पीड़ा, यदि शुभग्रह की दृष्टि हो तो वर्ष के अन्त में सुख की प्राप्ति होती है।।८।।

**निशि सूतौ वर्धमाने चन्द्रे भौमरत्थशालतः ।**
**रुग्नश्येदेधते मन्देत्थशालाद्व्यत्ययोऽन्यथा ।। ९ ।।**

भा०–शुक्लपक्ष की रात्रि में जन्म हो, चन्द्रमा को मङ्गल से इत्थशाल हो तो रोग का नाश, शनि से इत्थशाल हो तो रोग की वृद्धि होती है । इससे उल्टा में उल्टा (अर्थात् कृष्णपक्ष और दिन में जन्म हो तो चन्द्रमा को शनि से इत्थशाल हो तो रोगवृद्धि मंगल से इत्थशाल हो तो रोग का नाश) समझना।।९।।

**रवावीदृशि वित्केतुयुतेऽब्दं निखिलं गदाः ।**
**अधिकारी बली सूतावब्दे केतुज्ञयुक् तथा ।। १० ।।**

भा०–केतु, बुध युक्त रवि को अगर इस प्रकार मङ्गल से इत्थशाल हो तो सम्पूर्ण वर्ष रोग का भय रहता है । तथा जन्मकालिक बलवान् अधिकारी-ग्रह वर्ष में केतु, बुध युक्त हो तो रोगप्रद होता है ।। १० ।।

**चतुर्थेऽस्ते च मुथहा क्षुतदृष्ट्या शनीक्षिता ।**
**शूलपीडा पापखगैर्दृष्टा तत्परिणामजा ।। ११ ।।**

भा०–लग्न से ४।७ में मुथहा को क्षुतदृष्टि से शनि देखता हो तो शूलरोग, यदि अन्य पाप से भी देखा जाता हो तो उस ग्रह के धातु विकार से शूलपीड़ा समझना ।। ११ ।।

**जन्मस्थजीवसितराशिगते महीजे सूर्याशुगे पिटकशीतलिकादिमान्द्यम् ।**
**शीतोष्णगण्डभवरुक्सबुधे च सेन्दौ कुष्ठं भगन्दररुजोऽपि सगण्डमाला: ।। १२ ।।**

भा०–जन्मकालस्य गुरु और शुक्र की राशि में वर्षकाल में यदि उसी राशि में मंगल हो, सूर्य के सानिध्य से अस्त भी हो पिड़की आदि रोग होते हैं । यदि जन्मकालिक गुरु, शुक्र की राशि में बुध से युत मंगल हो तो शीत गण्ड आदि रोग तथा चन्द्रमा से युक्त हो तो कुष्ठ और भगन्दर होता है ।। १२ ।।

**जन्मलग्नेन्थिहानाथौ षष्ठौ पापान्वितेक्षितौ ।**
**निर्बलौ ज्वरपीडाङ्गवैकल्याद्यतिकष्टदौ ।। १३ ।।**

भा०–निर्बल जन्मलग्नेश और मुन्थेश, वर्षलग्न से षष्ठभाव में पापग्रह से दृष्टयुत हो तो ज्वर आदि कष्टदायक होते हैं ।। १३ ।।

**मुथहालग्नतन्नाथा: पापन्त:स्थास्तु रोगदा: ।**
**षष्ठेशे षष्ठगे सौम्ये स्त्रिय: प्राप्तिरितीर्यते ।। १४ ।।**

भा०–मुथहा. वर्षलग्न और इन दोनों के स्वामी पापग्रहों के मध्य में पड़े तो रोगप्रद होते हैं । यदि शुभग्रह षष्ठेश होकर षष्ठभाव में हों तो स्त्री को रोग की प्राप्ति होती है ।। १४ ।।

यथा समर सिंह का वाक्य—

''षष्ठाधिपे च षष्ठं प्राप्ते सौम्ये भवेत् स्त्रियां गदप्राप्ति: ।" इति।।१४।।

**रोगकर्ता यत्र राशावंशे स्यादनयोर्बली ।**
**तत्स्थानं तस्य रोगस्य वाच्यं राशिस्वरूपत: ।। १५ ।।**

भा०–रोगकारक ग्रह की राशि और नवांश में जो बली हो उस राशि के स्वरूपानुसार रोग का स्थान-धातु आदि कहना ।। १५ ।।

**जन्मषष्ठाधिपे भौमे वर्षे षष्ठगते रुजा ।**
**क्रूरेत्थशाले विपुलः शुभदृग्योगतस्तनुः ।। १६ ।।**

भा०–जन्मलग्न से षष्ठेश मंगल हो और वह वर्ष में षष्ठभाव में हो तो रोग होता है । यदि पापग्रह से इत्थशाल हो तो अधिक, शुभग्रह से इत्थशाल हो तो अल्प रोग होता है ।। १६ ।।

(७) सप्तम (स्त्री) भावफल—

**बली सितोऽब्दाधिपतिः स्मरस्थ स्त्रीपक्षतः सौख्यकरो विचिन्त्यः ।**
**ईज्येक्षितोऽत्यन्तसुखं कुजेनाऽधिकारिणा प्रीतिकरो मिथः स्यात् ।। १ ।।**

भा०–बली शुक्र सप्तमेश होकर लग्न में हो स्त्री से सुख और गुरु की दृष्टि हो तो अत्यन्त सुख होता है । यदि मंगल अधिकारी होकर देखता हो तो स्त्री पुरुष में परस्पर प्रेम कहना ।। १ ।।

**बुधेक्षिते जारता स्याल्लघ्व्या मन्देन वृद्धया ।**
**गुरुदृष्ट्या नवा भार्या सन्ततिस्त्वरितस्ततः ।। २ ।।**

भा०–उस सप्तमस्थ वर्षेश शुक्र पर बुध की दृष्टि हो तो अपने से छोटी वयस की परस्त्री से, और यदि शनि की दृष्टि हो तो अधिक वयसवाली परस्त्री से प्रेम कहना । गुरु की दृष्टि हो तो नवीन विवाहिता स्त्री से सुख और शीघ्र सन्तति होती है ।। २ ।।

**जन्मलग्नाधिपेऽस्तस्थे दारसौख्यं बलान्विते ।**
**जन्मशुक्रर्क्षमस्तेऽब्दे स्त्रीलाभाय सितेऽब्दपे ।। ३ ।।**

भा०–लग्नेश बलवान् होकर वर्षलग्न से सप्तमभाव में हो, वा जन्मकालिक शुक्र की राशि वर्षलग्न से सप्तम में हो और शुक्र वर्षेश हो तो स्त्री लाभ होता है । ३ ।।

विशेष–विवाहयोग—''शुक्रो जन्मनि यद्राशौ वर्षे लग्नेश्वरो यदि ।
तद्राशौ सप्तमस्थेऽपि पुंसः परिणयस्तदा ।।'' इति ।।

**लग्नास्तनाथयोरित्थशाले स्त्रीलाभमादिशेत् ।**
**सहमेशो भावपो वा विनष्टः कष्टदः स्त्रियः ।। ४ ।।**

भा०–लग्नेश और सप्तमेश में इत्थशाल हो तो स्त्री का लाभ और स्त्री सहमेश, वा स्त्री-भावेश नष्ट हो तो स्त्री को कष्ट कहना ।। ४ ।।

विशेष–विनष्ट ग्रह का लक्षण—

''क्रूराक्रान्तः क्रूरयुतः कूरदृष्टश्च यो ग्रहः ।
विरश्मितां प्रपन्नश्च स ''विनष्टौ'' बुधैः स्मृतः ।।'' इति ।। ४ ।।
**नष्टेन्दौ शुक्रपदगे मैथुनं स्वल्पमादिशेत् ।**
**जन्मशुक्रर्क्षगो भौमं स्त्रीसुखोत्सवकृद्बली ।। ५ ।।**

भा०–नष्ट चन्द्रमा शुक्र के स्थान में हो तो थोड़ा मैथुन कहना । जन्मकालिक शुक्र की राशि में वर्ष में मंगल हो तो स्त्री सुखकारक होती है।।५।।

**जन्मास्तपेऽब्दपसितेन युगीक्षिते स्यात्**
**स्त्रीसङ्गमो बहुविलाससुखप्रधानः ।**
**केन्द्रत्रिकोणगगुरौ जनिशुक्रभस्थे**
**स्त्रीसौख्यमुक्तमिति हद्दविवाहयोश्च ।। ६ ।।**

भा०–जन्मकालिक सप्तमेश यदि वर्षेश शुक्र से युत दृष्ट हो तो स्त्री से विशेष सुख, तथा जन्मकालिक शुक्राक्रान्त राशि में वर्ष गुरु होकर केन्द्र-त्रिकोण में हों, अथवा वर्षलग्न के हद्दा का स्वामी, वा विवाह सहम का स्वामी जन्मकालिक शुक्र राशिस्थ होकर वर्षलग्न से केन्द्र त्रिकोण में हो तो स्त्री का सुख समझना ।। ६।।

**अधिकारिपदस्थेऽर्के स्त्रीभ्यो व्याकुलताऽनिशम् ।**
**इन्थिहाधिकृतस्थाने गुरुदृष्ट्या विवाहकृत् ।। ७ ।।**

भा०–पञ्चाधिकारियों में किसी अधिकार में सूर्य हो तो स्त्री के लिए व्याकुलता कहना तथा मुथहा यदि अधिकारियों के स्थान में गुरु से दृष्ट हो तो विवाहकारिणी होती है ।। ७ ।।

**इन्थहार्कायुग् द्यूने क्रूरिते सहमे स्त्रियाः ।**
**स्त्रीपुत्रेभ्यो भवेत्कष्टं पापदृष्ट्या विशेषतः ।। ८ ।।**

भा०–मंगल और सूर्य से युक्त मुथहा सप्तमभाव में हो अथवा श्रीसहम पाप युक्त हो तो स्त्री-पुत्र से कष्ट होता है । पाप दृष्ट हो तो विशेष कष्ट समझना।। ८ ।।

**सूतौ द्यूनाधिपः शुक्रोऽब्दे द्यूने बलवान्भवेत् ।**
**लग्नेशेनेत्थशालश्चेत्स्त्रीलाभं कुरुते ध्रुवम् ।। ९ ।।**
**भौमेऽब्दपे शितदृशा शुक्रेऽब्देशे कुजेक्षया ।**
**तद्दृष्टे दारसहमे स्त्रीलाभो भवति ध्रुवम् ।। १० ।।**
**सूतौ वा दारसहमे तद्दृष्टे योषिदाप्यते ।**
**स्वामिदृष्टं स्त्रीसहमं शुक्रदृष्टं विवाहकृत ।। ११ ।।**
**सूतौ द्यूनाधिपे वर्षे सहमेशे स्त्रियाः सुखम् ।**
**जन्मास्तपेन्थिहानाथवर्षेशाः खे द्युने तथा ।। १२ ।।**

भा०–जन्मकालिक सप्तमेश शुक्र बली होकर वर्ष लग्न से सप्तम में हो और लग्नेश से इत्थशाल हो तो स्त्री का लाभ होता है । मंगल वर्षेश हो और शुक्र से दृष्ट हो, वा शुक्र वर्षेश हो मंगल से दृष्ट हो, वा स्त्री-सहम शुक्र मंगल से दृष्ट हो अथवा जन्मकालिक स्त्री-सहम उन दोनों (शुक्र, मङ्गल) से दृष्ट हो तो स्त्री का लाभ होता है । विवाहसहम स्वामी और शुक्र से दृष्ट हो तो विवाहकारक होता है । जन्मकालिक सप्तमेश वर्षकाल में स्त्री-सहमेश हो, वा जन्मकालिक सप्तमेश, मुथहेश और वर्षेश १०, ७ स्थान में हो तो स्त्री का सुख होता है।।९-१२।।

**मुथहातौ द्यूनसंस्थः स्वगृहोच्चगतः शशी ।**
**विदेशगमनं कुर्यात् क्लेशः पापेक्षणाद्भवेत् ।। १३ ।।**

भा०–अपनी राशि या उच्च में स्थिति चन्द्रमा यदि मुथहा से सप्तम में हो तो विदेश गमन होता है । यदि पापग्रह से दृष्ट हो तो क्लेश कारक भी होता है।। १३ ।।

(८) अष्टम (मृत्यु) भावफल—

**भौमेऽब्दपे क्रूरहतेऽयसा घातो बलोज्झिते ।**
**अग्निभीरग्निभे क्रूरनराद्द्विपदभे मृतिः ।। १ ।।**
**वियत्यवनिपाऽमात्य-रिपु-तस्करजं भयम् ।**
**तुर्ये मातुः पितृव्याद्वा मातुलात्पितृतो गुरोः ।। २ ।।**

भा०–पाप से पराजित और निर्बल मङ्गल वर्षेश हो तो लोहे से आघात होता है । वही मङ्गल अग्नितत्त्ववाली राशि में हो तो अग्नि भय, और द्विपदराशि में हो तो क्रूर मनुष्य द्वारा मृत्यु, यदि दशमभाव में हो तो राजा, मन्त्री शत्रु और चोर का भय, चतुर्थ में हो तो माता, चाचा, मामा और पिता से भय कहना चाहिये ।। १-२ ।।

**लग्नेन्थिहापतिसमापतयो मृतीशाश्चेदित्थशालिन इमे निधनप्रदाः स्युः ।**
**चेत्पाकरिष्टसमये मृतिरेव तत्र सार्के कुजे नृपभयं दिवसेऽब्दवेशे ।। ३ ।।**

भा०–वर्षलग्नेश, मुथहेश, वर्षेश ये अष्टमेश से इत्थशाल करते हों तो मरणप्रद होते हैं । दशा के अरिष्ट समय में उक्त योग घटित हो तो मरण ही होता है । यदि दिन में वर्ष प्रवेश हो और सूर्य मङ्गल साथ में हों तो राजा से भय कहना चाहिये ।। ३ ।।

**सूर्ये मूसरिफे सितेन जनने वर्षेऽधिकारी तथा**
**केन्द्रे राजगदाद्भयं च रुगलृक्स्थानेऽधिकारीन्दुजे ।**
**सौम्ये क्रूरदृशा कुजस्य रुगसृग्दोषादिनांशुस्थिते**
**दग्धे बन्धमृती विदेशत इति प्राहुर्बुधे तादृशे ।। ४ ।।**

भा०–जन्मकाल में सूर्य शुक्र से ईसराफयोग करता हो और वर्ष में अधिकारी होकर केन्द्र में हो तो राजभय और रोगभय होता है । जन्मकालिक मङ्गल के स्थानस्थित बुध आदि अधिकारी (पञ्चाधिकारी में एक) हो तो रोगकारक होता है । वा अधिकारी बुध यदि मङ्गल से क्षुतदृष्टि से देखा जाता हो तो रक्त विकार दोषादि रोग होता है । अथवा इनांशु (सूर्यकिरणों) में स्थित होकर बुध अस्त हो और दग्ध (पापयुक्त) हो तो विदेश जाने से बन्ध और मरण कहना चाहिये ।। ४ ।।

**भौमस्थानेऽधिकारीन्दौ गुप्तं नृपभयं रुजः ।**
**मन्दोऽधिकारी खे लोहहतेः पीडाकरः स्मृतः ।। ५ ।।**

भा०–जन्मकालिक मङ्गल के स्थानस्थ चन्द्रमा वर्ष में अधिकारी हो तो गुप्त राजभय और रोग होता है । यदि शनि अधिकारी होकर दशमस्थान में हो तो लोह के आघात से पीड़ा होती है ।। ५ ।।

**भौमेऽष्टमे भयं वह्नेः प्रहारो वा नृपाद्भयम् ।**
**आरे खस्थे चतुष्पाद्भ्यः पातो दुःखं रुजोऽसृजा ।। ६ ।।**

भा०–अष्टमस्थान में मङ्गल हो तो घोड़े आदि सवारियों से गिरना तथा रक्त विकार से रोग होता है ।। ६ ।।

**वित्ताष्टगेज्यो धनहा यद्यब्देशोऽशुभेक्षितः ।**
**मन्दे द्युने दुर्वचनापवादकलिभर्त्सनम् ।। ७ ।।**

भा०–गुरु वर्षेश होकर २।८ स्थान में हो और पापग्रह से दृष्ट हो तो धन-नाशक होता है । तथा सप्तमभाव में शनि हो तो अपवाद, कलह और गञ्जन होता है ।। ७ ।।

**पतिते ज्ञे क्रूरदृशाऽऽरेत्थशाले मृतिं वदेत् ।**
**कुजहद्दास्थिते नाशः सौम्यदृष्ट्या शुभं भवेत् ।। ८ ।।**

भा०–बुध नीचादि स्थान में होकर शत्रु दृष्टि से मंगल के साथ इत्थशाल करे तो मरण, वह बुध यदि मंगल की हद्दा में हो तो द्रव्य नाश, परञ्च शुभ दृष्ट हो तो शुभ (अर्थात् उक्त दोनों अशुभ फलों का नाश) होता है।। ८ ।।

**लग्नाधिपे नष्टदग्धे योषिद्वादोऽशुभान्विते ।**
**जन्मन्यष्टमगो जीवो नाधिकारी कलिः पृथुः ।। ९ ।।**
**जयः शुक्रेक्षणादुक्तः प्रत्युत्तरवशेन तु ।**
**भौमेऽन्त्यगे धने सूर्ये वादात्क्लेशं विनिर्दिशेत् ।। १० ।।**

भा०–लग्नेश निर्बल, अस्त और पापयुक्त हो तो स्त्री से कलह, यदि जन्मकाल में बृहस्पति अष्टम हो और वर्ष का अधिकारी न हो तो महाकलह होता है । किन्तु शुक्र की दृष्टि हो तो प्रत्युत्तर से विजय होती है । यदि मङ्गल बारहवें स्थान में और सूर्य दूसरे स्थान में हो तो बाद में क्लेश कहना ।। ९-१० ।।

**रिपुगोत्रकलिर्भीतिः सङ्ख्ये कुजहतेऽब्दपे ।**
**दग्धो जन्माङ्गपो वर्षेऽष्टमो रोगकली दिशेत् ।। ११ ।।**
**सूत्यब्दयोरधिकृतो भौमस्थाने गुरुर्हतः ।**
**पापैर्वादः स्फुटोऽप्येवं तादृशीन्दौ शनेः पदे ।। १२ ।।**

भा०–वर्षेश यदि मंगल से पीड़ित (पराजित) हो तो शत्रु और गोतियों से कलह, संग्राम में भय, तथा जन्मलग्नेश अस्त होकर वर्षलग्न से अष्टम में हो तो रोग और कलह होता है । जन्म और वर्षकाल में अधिकारी गुरु मंगल की राशि में होकर पाप से पराजित हो तो लोगों से साफ विवाद होता है । इसी प्रकार अधिकारी चन्द्रमा पापाहत होकर शनि के स्थान में हो तो विवाद जानना।।११-१२ ।।

**सूत्यब्दयोरधिकृते चन्द्रे बुधपदे हते ।**
**क्रूरैर्विदेशगमनं वादः स्याद्विमनस्कता ।। १३ ।।**

भा०–जन्म और वर्षकाल में अधिकारी चन्द्रमा बुध के स्थान में होकर पापों से हत हो तो विदेश गमन और वैमनस्य समझना चाहिये ।। १३ ।।

**मेषे सिंहे धनुष्यारे वृषे रन्ध्रेऽसितो भयम् ।**
**मृतौ मृतीशलग्नेशौ मृत्युदौ पापदृग्युतौ ।। १४ ।।**

भा०–मेष, सिंह, धनु अथवा वृष में मंगल होकर अष्टमस्थान में हो तो असि (तलवार) का भय होता है । और अष्टमेश, लग्नेश दोनों अष्टम स्थान में पापग्रह से दृष्टयुत हो तो मरणप्रद होता है ।। १४ ।।

**यत्रर्क्षे जन्मनि कुजः सोऽब्दे लग्नोपगो यदा ।**
**बुधो वर्षपतिर्नष्टबलस्तत्र न शोभनम् ।। १५ ।।**

भा०–जन्मकाल में मंगल जिस राशि में हो वह वर्षलग्न गत हो और हीनबली बुध वर्षेश हो तो वह वर्ष शुभ नहीं होता ।। १५ ।।

**सार्के शनौ भौमयुते खाष्टस्थे वाहनाद्भयम् ।**
**सार्के भौमेऽष्टमस्थे तु पतनं वाहनाद्भवेत् ।। १६ ।।**

भा०–सूर्य मंगल सहित शनि १० या ८ स्थान में हो तो वाहन का भय रवि सहित मंगल ८ स्थान में हो तो वाहन से पतन होता है ।। १६ ।।

**सारेऽब्दपेऽष्टमे मृत्युश्चन्द्रेऽन्त्यारिमृतौ मृतिः ।**
**उदिते मृतिसद्मेशे निर्बले जीविते मृतिः ।। १७ ।।**

भा०–मंगल सहित वर्षेश अष्टमस्थान में हो, वा चन्द्रमा १२, ६, ८वें स्थान में हो तो मरण होता है । मृत्युसहमेश उदित और जीवितसहम निर्बल हो तो मृत्यु होती है ।। १७ ।।

**पुण्यसद्मेश्वरः पुण्यसहमादष्टगो यदा ।**
**सूत्यष्ठमेशः पुण्यस्थो मृतिदः पापदृग्युतः ।। १८ ।।**

भा०—पुण्य सहमेश्वर यदि पुण्यसहम से अष्टम में हो, और जन्मकालिक अष्टमेश पुण्यसहम के साथ पापयुक्त हो तो मृत्युप्रद होता है ।। १८ ।।

**सूत्यष्टमगतो राशिः पुण्यसद्मनि नाथयुक् ।**
**अब्दलग्नाऽष्टमर्क्षे वा चेदित्थं स्यान्मृतिस्तदा ।। १९ ।।**

भा०—जन्मकालिक अष्टमभाव वर्षकाल में पुण्यसहम स्थान में अपने स्वामी से युक्त हो वा वर्षकालिक अष्टमभाव यदि पुण्यसहम और स्वामी से युक्त हो तो मृत्यु होती है ।। १९ ।।

**पुण्यसद्माशुभाक्रान्तं मृतीशोऽन्त्यारिरन्ध्रगः ।**
**मुथहेशोऽब्दपो वापि मृत्युं तत्र विनिर्दिशेत् ।। २० ।।**

भा०—पुण्यसहम पापग्रह से युक्त हो और अष्टमेश, मुथहेश वा वर्षेश १२।६।८ स्थान में पापक्रान्त हो तो भी मृत्यु कहना ।। २० ।।

**सक्रूरे जन्मपे मृत्यौ मृतिश्चेदिन्थिहार्किंयुक् ।**
**भौमक्षुतेक्षणे तत्र मृत्युः स्यादात्मघाततः ।। २१ ।।**

भा०—पापग्रह के साथ जन्मलग्नेश अष्टमभाव में हो और मुथहा शनि युक्त हो तो मरण होता है । यदि उस पर मंगल की क्षुत दृष्टि हो तो आत्मघात से मरण होता है ।। २१ ।।

**मन्दोऽष्टमे मृतीशेत्थशालान्मृत्युकरः स्मृतः ।**
**शुभेत्थशालात्सर्वेऽपि योगा नाशुभदायकाः ।। २२ ।।**

भा०—शनि अष्टमस्थान में हो और अष्टमेश से इत्थशाल हो तो मरण होता है । और शुभग्रह से इत्थशाल होने पर कोई योग अशुभदायक नहीं होता है।। २२ ।।

**सूतिरन्ध्रपतिर्मन्दोऽष्टमोब्दे लग्नपेन चेत् ।**
**इत्थशाली क्रूरदृशा तत्कालं मृत्युदायकः ।। २३ ।।**

भा०–जन्मकालिक अष्टमेश होकर शनि यदि वर्ष में अष्टमस्थान में लग्न से क्रूर दृष्टि से इत्थशाल करता हो तो तत्काल ही मरण होता है।। २३ ।।

**पुण्यसद्मनि विधुस्तनौ तथाऽस्ते खलो मृतिरथार्थरिष्फगौ ।**
**मृत्युदौ खलखगावधो जनुर्वर्षवेशतनुपौ मृतौ मृतिः ।। २४ ।।**

भा०–पुण्यसहम में चन्द्रमा लग्न में और पापग्रह सप्तम में हो वा दो पापग्रह द्वितीय में हों, अथवा जन्मलग्नेश और वर्षलग्नेश अष्टमभाव में हो तो मरणप्रद होता है ।। २४ ।।

**भौमेऽब्दपे त्रिनवगे क्रूरायुक्ते बलान्विते ।**
**गुणावहस्तदा मार्गश्चिरं कार्यं स्थिरं ततः ।। १ ।।**
**त्रिधर्मस्थोऽब्दपः सूर्यः कम्बूली मार्गसौख्यदः ।**
**अन्यप्रेषणयानं स्यात्स चेन्नाधिकृतो भवेत् ।। २ ।।**
**शुक्रेऽब्दपे त्रिनवगे मार्गे सौख्यं विलोमगे ।**
**अस्ते वा कुगतिः सौम्ये देवयात्रा तथाविधे ।। ३ ।।**
**क्रूरादिते कुयानं स्याद्गुरावेवं विचिन्त्येत् ।**
**इत्थशाले लग्नधर्मपत्यो-र्यात्रास्त्यचिन्तिता ।। ४ ।।**

भा०–मंगल वर्षेश होकर २।९ स्थान में पाप से रहित और बलवान् हो तो मार्ग (यात्रा) लाभप्रद होती है और चिरकाल पर्यन्त कार्य स्थिर रहता है । यदि सूर्य वर्षेश होकर ३।९ में होकर कम्बूलयोग करता हो तो मार्ग सुखप्रद होता है । यदि वह (सूर्य) अधिकारी न हो तो दूसरे के भेजने से उसकी यात्रा होती है । तथा शुक्र वर्षेश होकर ३।९ में हो तो मार्ग में सुख, यदि वक्र वा अस्त हो तो यात्रा ठीक नहीं होती है । इस प्रकार बुध वर्षेश होकर ३।९ में हो तो देव दर्शनार्थ यात्रा होती है । यदि शुक्र वा बुध पाप से पीड़ित हो तो कुयात्रा होती है । इस प्रकार बृहस्पति से भी फल समझना । यदि लग्नेश और धर्मेश में इत्थशाल हो तो अचिन्तित (आकस्मिक) यात्रा करनी पड़ती है ।। १-४ ।।

**लग्नेशो धर्मपं यच्छेत् स्वं महाश्चिन्तिताध्वदः ।**
**एवं लग्नाब्दपोर्योगे मुथहाङ्गपयोरपि ।। ५ ।।**

भा०–लग्नेश यदि धर्मेश को तेज देता हो (इत्थशाल करता हो) तो अभिलषित यात्रा होती है । इसी प्रकार लग्नेश वर्षेश, वा मुथहेश लग्नेश में इत्थशाल से भी समझना ।। ५ ।।

**गुरुस्थाने कुजे धर्मे सद्यात्रा भृत्यवित्तदा ।**
**ज्ञस्थाने लग्नपो भौमो दृष्टः सद्यानसौख्यदः ।। ६ ।।**
**स्वस्थानगो वा बलवान् लग्नदर्शी सुयानदः ।**
**जन्माधिकारी ज्ञो मन्दस्थाने क्रूरयुतो यदा ।। ७ ।।**
**पन्था रिपोर्झकटकाद् गुरुरध्वेन्दुजीवयोः ।**
**धर्मे शनिर्नाधिकारी पन्थानमशुभं वदेत् ।। ८ ।।**
**इत्थं गुरौ दूरयात्रा नृपसङ्गस्ततो गुणः ।**
**कुजेऽब्दपे नष्टबले स्वजनाद्दूरतो गतिः ।। ९ ।।**
**द्यूनेन्थिहा धर्मे इन्दौ सबलेऽध्वा विदेशगः ।**

भा०–जन्मकालिक गुरु के स्थान में स्थित मंगल नवमभाव में हो तो यात्रा से नौकर तथा धन की प्राप्ति होती है । तथा जन्मकालिक बुधस्थानस्थ मङ्गल यदि वर्षलग्न में हो और लग्नेश से दृष्ट हो तो यात्रा सुखप्रद होती है । वा अपने स्थान में होकर बलवान् मंगल को देखे तो भी सुखप्रद यात्रा होती है । जन्मकाल में अधिकारी बुध यदि शनि के स्थान में पापग्रह से युक्त हो तो शत्रु के कलह से यात्रा होती है । इस प्रकार चन्द्रमा और बृहस्पति हो तो लम्बी यात्रा होती है । यदि अधिकारहीन शनि नवमस्थान में हो तो अशुभ यात्रा होती है । इसी प्रकार गुरु अधिकारहीन होकर नवमभाव में हो तो दूर यात्रा में राजा से संग और धन लाभ होता है । यदि वर्षेश मंगल हीनबली हो तो भी दूर यात्रा होती है । वा इन्थिहा सप्तम में, सबल चन्द्रमा नवमभाव में हो तो विदेश की यात्रा होती है।।६-९।।

**वर्षेशो बलवान् पापयुत: केन्द्रेऽधिकारवान् ।। १० ।।**
**अधिकारे गति: संख्ये सेनापत्येऽपि वा वदेत् ।**
**एवं बुधे कुजे जीवयुतेऽर्कान्निर्गते पुन: ।। ११ ।।**
**परसैन्योपरि गतिर्जय: ख्यातिसुखावह: ।**
**जीवान्नवमगे भौमे शुभा यात्रा नृणां भवेत् ।। १२ ।।**

भा०–पाप से रहित बलवान् वर्षेश केन्द्र में हो वा पञ्चाधिकारी में कोई अधिकारी केन्द्र में हो तो संग्राम में गमन वा सेनापति का अधिकार होता है । इसी प्रकार बुध या मंगल उदित हों और बृहस्पति से युत हों तो शत्रु की सेना पर यात्रा तथा विजय सुख होता है । बृहस्पति से नवमस्थान में मङ्गल हो तो शुभयात्रा होती है ।। १०-१२ ।।

(१०) दशम (राज,व्यापार) भावविचार—
**सबलेऽब्दपतौ खस्थे राज्यार्थसुखकीर्तय: ।**
**स्थानान्तराप्तिरन्यस्मिन् केन्द्रे गृहसुखाप्तय: ।। १ ।।**
**इत्थं बली रविर्भूस्थ: पूर्वार्जितपदाप्तिकृत् ।**
**एकादशेऽस्मिन् सख्यं स्यान्नृपामात्यगणोत्तमै: ।। २ ।।**

भा०–सबल वर्षेश दशमभाव में हो तो राज्य, सुख, कीर्ति होती है । अन्य केन्द्र (१।४।७) में हो तो स्थानान्तर की प्राप्ति और गृहसुख का लाभ होता है । इस प्रकार बली रवि वर्षेश होकर चतुर्थस्थान में हो तो पूर्व पद का लाभ होता है । यदि ११ भाव में हो तो राजा और मन्त्री से मैत्री होती है।।१-२।।

**रविस्थानेन्थिहा लग्ने खे वा राज्याप्तिसौख्यदा ।**
**नीचेऽर्क: पापसंयुक्तो भूपाद्बन्धवधं दिशेत् ।। ३ ।।**

भा०–जन्मकालिक रवि के स्थान में इन्थिहा लग्न में वा १० में हो तो राज्यसुख होता है । यदि सूर्य नीच में पापयुक्त हो तो राजा से बन्धन या मरण प्राप्त होता है ।। ३ ।।

**सिंहे रविर्बली खस्थः स्थानलाभो नृपाश्रयः ।**
**स्थानान्तराधिकाराप्तिरिन्दुरारपदे बली ।। ४ ।।**

भा०–बलवान् सूर्य सिंह में दशमस्थान में हो तो राजा का आश्रय और स्थान का लाभ होता है । बली चन्द्र यदि मङ्गल के स्थान में हो तो स्थानान्तर का अधिकार (दूसरे स्थान का लाभ) होता है ।। ४ ।।

**खेश-लग्नेश-वर्षेशेत्थशालो राज्यदायकः ।**
**वर्षेशे राज्यसहमेऽर्केत्थशाले महानृपः ।। ५ ।।**

भा०–दशमेश, लग्नेश, वर्षेश में इत्थशाल हो तो राज्यदायक होता है। यदि वर्षेश राज्यसहम में हो और सूर्य से इत्थशाल हो तो महाराज होता है।।५।।

**शनिस्थाने कुजः पश्यन्मुथहां पापकर्मतः ।**
**नृपभीतिं वित्तनाशं दद्याद्दशमगो यदि ।। ६ ।।**
**ईदृशे त्रिनवस्थेऽस्मिन् दग्धनष्टेऽघसञ्चयः ।**
**मन्दोऽब्दपोऽधिकारी त्रि-धर्मगो धर्मवृद्धिदः ।। ७ ।।**
**तस्मिन् दग्धे विनष्टे च पापकृद्धर्मनिन्दकः ।**
**ईद्दशे दृक्फलं सूर्ये गुरावित्थं नयार्थभाक् ।। ८ ।।**

भा०–जन्मकालिक शनि की राशि में मंगल वर्ष में दशमस्थान में हो और मुथहा को देखे तो पाप कर्म से राज दण्ड और धन नाश होता है । यदि वही मंगल ३।९ स्थान में अस्त और हीन बली हो तो पाप की वृद्धि होती है । तथा शनि यदि वर्षेश वा अधिकारी होकर ३।९ में हो तो धर्मवृद्धि होती है । यदि वह (शनि) अस्त वा नीच में हो तो पाप करने वाला और धर्म निन्दक होता है । इसी प्रकार सूर्य का फल भी समझना । यदि इस प्रकार बृहस्पति हो तो नीति से धन प्राप्त होता है ।। ६-७-८ ।।

**तत्रस्था मुथहा पुण्यागमं पापं खलाश्रयात् ।**
**सूतौ खेशे रवौ खस्थे वर्षे मुथशिलं यदि ।। ९ ।।**
**लग्नाधिपेन राज्याप्तिरुक्ता वीर्यानुमानतः ।**
**धर्मकर्माधिपौ दग्धौ धर्मराज्यक्षयावहौ ।। १० ।।**

भा०–यदि उन (३।९) स्थान में मुथहा हो तो पुण्य लाभ, यदि पापग्रह युत हो तो पाप होता है । जन्मकालिक दशमेश होकर सूर्य यदि वर्षलग्न से दशम में हो और लग्नेश से मुथशील हो तो बल के अनुसार राज्य लाभ होता है। यदि धर्मेश वा कर्मेश अस्त नीचादि अशुभ स्थान में हो तो धर्म और कर्म का नाश समझना ।। ९-१० ।।

(११) एकादश (आय) भावफल—

**अब्दपे ज्ञेऽर्थगे लाभो वाणिज्याच्छुभदृग्युते ।**
**सेन्थिहेऽस्मिँल्लग्नगते लाभः पठनलेखनात् ।। १ ।।**
**अस्मिन् षष्ठाष्टान्त्यगते सक्रूरे नीचकर्मकृत् ।**
**क्रूरेक्षणे न वा लाभोऽस्तङ्गते लिखनादितः ।। २ ।।**

भा०–शुभग्रह से दृष्ट युत वर्षेश होकर बुध धनभाव में हो तो वाणिज्य से लाभ, तथा इन्थिहा से युक्त बुध लग्न में हो तो लेखनादि पाठ क्रिया से धन लाभ होता है । वही (बुध) यदि ६, ८, १२ स्थान में पापग्रह से युत हो तो नीच कर्म कारक होता है, उस पर यदि पाप की दृष्टि भी हो अथवा अस्त हो तो लेख आदि से लाभ नहीं होता है ।। १-२ ।।

**जीवेऽब्दपे क्रूरहते लग्ने हानिर्भयं नृपात् ।**
**अस्मिन्नधिकृते द्यूने व्यवहाराद्धनाप्तयः ।। ३ ।।**

भा०–बृहस्पति वर्षेश होकर पापग्रह से पीड़ित लग्न में हो तो राजा से भय और वही (गुरु) अधिकारी होकर सप्तमभाव में हो तो व्यवहार से धन लाभ होता है ।। ३ ।।

**लग्नायेशेत्थशाले स्याल्लाभः स्वजनगौरवम् ।**
**सर्वेऽपि लाभे वित्ताप्त्यै सबला निर्बला न तु ।। ४ ।।**

भा०–लग्नेश और एकादशेश में इत्थशाल हो तो लाभ और अपने वर्गों में गौरव होता है । एकादशभाव में कोई भी ग्रह (शुभग्रह या पापग्रह) सबल हो तो लाभदायक होता है । किन्तु निर्बल ग्रह लाभदायक नहीं होता ।। ४ ।।

**सवीर्यो ज्ञः समुथहो लग्नेऽर्थसहमे शुभाः ।**
**तदा निखातद्रव्यस्य लाभः पापदृशा न तु ।। ५ ।।**

भा०–बली बुध मुथहा सहित लग्न में हो तो वा शुभग्रह अर्थसहम में होकर लग्न में हो तो गाड़े हुए धन का लाभ होता है । पापग्रह की दृष्टि हो तो लाभ नहीं होता है ।। ५ ।।

(१२) द्वादश (व्यय) भावफल—

**लग्नाब्दपौ हतबलौ व्ययषण्मृतिस्थौ यद्राशिगौ तदनुसारफलं विचिन्त्यम् ।**
**षष्ठेऽब्दपे भृगुसुतेऽथ विनष्टवीर्ये दृष्टे खलैः क्षुतदृशाद्विपदर्क्षसंस्थे ।। १ ।।**
**भृत्यक्षतिस्तुरगहा चतुरङ्घ्रिभस्थेऽन्यस्मिन्नपीदमुदितं फलमब्दनाथे ।**
**खस्थे कुजे शशियुते तुरगादिनाशः स्याद्व्याकुलत्वमशुभोपहते व्यये च ।। २ ।।**

भा०–लग्नेश और वर्षेश निर्बल होकर ६।८।१२ स्थान में (द्विपद आदि) जिस जिस राशि में हो तदनुसार ही अशुभ फल समझना ।

उदाहरण–निर्बल शुक्र वर्षेश होकर षष्ठभाव में द्विपदराशि में हो तो नौकरों का नाश, यदि चतुष्पदराशि में हो तो घोड़े आदि चौपायों का नाश होता है । इसी प्रकार दूसरे वर्षेश से भी समझना । यदि चन्द्र सहित मङ्गल दशमस्थान में हो तो भी घोड़े आदि का नाश होता है, यदि पापग्रहों से युक्त व्ययभाव में हो तो व्याकुलता होती है ।। १-२ ।।

**षष्ठे रवौ खलहते चतुरङ्घ्रिभस्थे भृत्यैः समं कलिरथाष्टमरिःफगेऽपि ।**
**चन्द्रेऽब्दपे बलयुते रिपुरिःफसंस्थे भूवासनद्रुमजलाशयनिर्मितश्च ।। ३ ।।**

भा०–पापग्रह से युक्त वर्षेश सूर्य आदि चतुष्पदराशिस्थ षष्ठ, अष्टम वा द्वादश में हो तो नौकरों से कलह होता है । यदि बली चन्द्रमा वर्षेश होकर ६।१२ स्थान में हो तो भूवास (ग्राम), द्रुम (वृक्ष) और जलाशय के निर्माण करने में व्यय होता है ।। ३ ।।

**स्वर्क्षोच्चगे कर्मणि सूर्यपुत्रे नैरुज्यमर्थाधिगमश्च जीवे ।**
**सूर्ये नृपाद्वाहुबलात्कुजेऽर्थो बुधे भिषग्ज्यौतिषकाव्यशिल्पैः ।। ४ ।।**

भा०–अपनी राशि वा उच्च में होकर वर्षेश शनि वा बृहस्पति कर्मभाव में हो तो आरोग्य और द्रव्य लाभ होता है । और वर्षेश सूर्य यदि स्वोच्च स्वराशिस्थ होकर १० में हो तो राजा से, मङ्गल हो तो बाहुबल से और बुध १० में हो तो वैद्यक, ज्योतिष, काव्य, शिल्प से धन लाभ होता है ।। ४ ।।

**मन्देऽब्दपे गतबले नैराश्यं दौस्थ्यमादिशेत् ।**
**सूर्येऽब्दपे शशिस्थाने मन्देऽब्दजनुषोर्हते ।। ५ ।।**
**सर्वकर्मसु वैफल्यं वक्रेऽस्ते च तथा पुनः ।**
**कर्मकर्मेशसहमनाथाः शनियुतेक्षिताः ।। ६ ।।**

भा०–निर्बल शनि वर्षेश होकर कर्मभाव में हो तो निराशता और दु:स्थिति कहना । यदि वर्षेश हो तथा जन्म और वर्षकाल में निर्बल शनि जन्मकालिक चन्द्र स्थान में हो तो सब कर्म में विफलता, यदि वे वक्र वा अस्त हों तो भी कर्म में विफलता, तथा कर्मभाव कर्मसहम और दोनों के स्वामी ये शनि युत दृष्ट हों तो भी सब कर्म में विफलता समझना ।। ५-६ ।।

**षडष्टव्ययगेऽब्देशे कर्मेशे च बलोज्झिते ।**
**सूतावब्दे च न शुभं तत्राऽब्दे मृतिपे तथा ।। ७ ।।**

भा०–वर्षेश ६।८।१२ स्थान में हो और कर्मेश यदि जन्म और वर्षकाल में निर्बल हो तो उस वर्ष में शुभ नहीं होता है । इसी प्रकार अष्टमेश से भी फल समझना ।। ७ ।।

**यत्र भावे शुभफलो दुष्टो वा जन्मनि ग्रहः ।**
**वर्षे तद्भावगस्तादृक् तत्फलं यच्छति ध्रुवम् ।। ८ ।।**

भा०–जन्मसमय जिस प्रकार के शुभ या अशुभ भाव में ग्रह हों वर्ष में यदि उसी भाव में हो तो उस फल को अवश्य देते हैं ।। ८ ।।

**ये जन्मनि स्युः सबला विवीर्या वर्षे शुभं प्राक्चरमे त्वनिष्टम् ।**
**दद्युर्विलोमं विपरीततायां तुल्यं फलं स्यादुभयत्र साम्ये ।। ९ ।।**

भा०–जो ग्रह जन्मकाल में बली और वर्ष में निर्बल (अशुभ) हों तो वर्षारम्भ में शुभ और अन्त में अशुभ फल देते हैं । इससे उल्टा हो तो उल्टा फल (अर्थात्) जन्म में निर्बल (अशुभ स्थान) में और वर्ष में बली (शुभ स्थान में) हों तो आरम्भ में अशुभ और वर्षान्त में शुभ फल देते हैं । अर्थात् दोनों समय अशुभ हों तो अशुभ, यदि दोनों समय शुभ हों तो शुभ फल देते हैं।।९।।

**श्रीगर्गान्वयभूषणं गणितविच्चिन्तामणिस्तत्सुतो-**
**ऽनन्तोऽनन्तमतिर्व्यधात्खलमतध्वस्त्यै जनुःपद्धतिम् ।**
**तत्सूनुः खलु नीलकण्ठविबुधो विद्वच्छिवानुज्ञया**
**सत्तुष्ट्यै व्यदधाद्विवेचनमिदं भावेषु सत्ताजिकात् ।। १० ।।**

भा०–इसका अर्थ पूर्व अध्यायों में देखिये ।। १० ।।

इति गूढ़ार्थप्रकाशिकासहितनीलकण्ठ्यां भावफलाध्यायः ।। ५ ।।

**अथ दशाफलाध्याय:**

**सबल-लग्नदशाफल–**

**हेममुक्ताफलद्रव्यलाभमारोग्यमुत्तमम् ।**
**कुरुते स्वामिसन्मानं दशा लग्नस्य शोभना ।। १ ।।**

भा०–सबल लग्न की दशा में सुवर्ण मोती आदि द्रव्य, फलादि का लाभ, आरोग्य और राजा से सम्मान होता है ।। १ ।।

मध्यबल–लग्नदशाफल—

**लाभं दृष्टेन वित्तस्य मानहीनस्य सेवनम् ।**
**मनसो विकृतिं कुर्याद्दशा लग्नस्य मध्यमा ।। २ ।।**

भा०–मध्यबली लग्न की दशा में संयोग से धन लाभ, मान-हीन जन की नौकरी और मन में चिन्ता होती है ।। २ ।।

अल्पबल लग्नदशाफल—

**विदेशगमनं क्लेशबुद्धिनाशं कदव्ययम् ।**
**मानहानिं करोत्येव कष्टा लग्नदशा फलम् ।। ३ ।।**

भा०–अल्पबली लग्न की दशा में विदेशगमन, कष्ट, बुद्धिनाश, अपव्यय और अनादर होता है ।। ३ ।।

**क्रूरलग्नदशा मध्या सौख्यं स्वल्पं धनव्ययम् ।**
**अङ्गपीडां त्वपुष्टिं च कुरुते मृत्युविग्रहम् ।। ४ ।।**

भा०–निर्बली लग्न की दशा में थोड़ा सुख, धन का व्यय, शरीर में कृशता, पीड़ा और मृत्युभय होता है ।। ४ ।।

पूर्णबल-सूर्यदशाफल—

**दशा रवे: पूर्णबलस्य लाभं गजाश्वहेमाम्बररत्नपूर्णम् ।**
**मानोदयं भूमिपतेददाति यशश्च देवद्विजपूजनादे: ।। ५ ।।**

भा०–पूर्णबली रवि की दशा में हाथी घोड़े आदि सवारी, सुवर्ण वस्त्रादि का लाभ, राजा से आदर, देव ब्राह्मणों में श्रद्धा होती है ।। ५ ।।

मध्यबल–सूर्यदशाफल—

**दशा रवेर्मध्यबलस्य पूर्वमिदं फलं मध्यममेव दत्ते ।**
**ग्रामाधिकारव्ययसायधैर्यैः कुलानुमानाच्च सुखादिलाभः ।। ६ ।।**

भा०–मध्यबली सूर्य की दशा में पूर्वोक्त फल मध्यम होता है । अधिकार, व्यवसाय और धैर्य से कुलानुसार सुख लाभ होता है ।। ६ ।।

अल्पबल–सूर्यदशाफल—

**दशारवेरल्पबलस्य पुंसां ददाति दुःखं स्वजनैर्विवादात् ।**
**मतिभ्रमं पित्तरुजं स्वतेजोविनाशनं घर्षणमप्यरिभ्यः ।। ७ ।।**

भा०–अल्पबली रवि की दशा में कष्ट और परिजनों में विवाद, मतिभ्रम, पित्तरोग, बल का ह्रास और शत्रु से संघर्ष होता है ।। ७ ।।

नष्टबल–सूर्यदशाफल—

**दशा रवेर्नष्टबलस्य पुंसां नृपाद्रिपोर्वा भयमर्थनाशम् ।**
**स्त्रीपुत्रमित्रादिजनैर्विवादं करोति बुद्धिभ्रममामयं च ।। ८ ।।**

भा०–निर्बली सूर्य की दशा में राजा और शत्रु से भय, धन का नाश, स्त्री पुत्र मित्रादि से विवाद, मतिभ्रम और रोग का भय होता है ।। ८ ।।

विशेष—

**लग्नाद्रविः षट्त्रिदशायसंस्थो निन्द्योऽपि दत्ते शुभमर्धमेव ।**
**मध्यत्वमूनःशुभतां च मध्यो यातोत्थमत्यन्तशुभः शुभः स्यात् ।। ९ ।।**

भा०–लग्न से ६, ३, १०, ११ स्थान में, नष्टबल सूर्य हो तो आधा शुभ फल देता है । हीनबल सूर्य मध्यबली हो जाता है । मध्यबली हो तो शुभ हो जाता है, तथा पूर्णबली सूर्य अत्यन्त शुभ हो जाता है । इसी प्रकार सब ग्रहों के स्थान विशेष में फल तारतम्य कहे गये हैं ।। ९ ।।

पूर्णबल–चन्द्रदशाफल—

**इन्दोर्दशा पूर्णबलस्य दत्ते शुक्राम्बरस्त्रङ्मणिमौक्तिकाद्यम् ।**
**स्त्रीसङ्गमं राज्यसुखं च भूमिलाभं यशःकान्तिबलाभिवृद्धिम् ।। १० ।।**

भा०–पूर्णबली चन्द्र की दशा में वस्त्र, मणि, मोती आदि द्रव्य का लाभ, स्त्री और राजसुख, भूमि लाभ, यश, कान्ति, और बल की वृद्धि होती है ।। १० ।।

मध्यबल–चन्द्रदशाफल—

**इन्दोर्दशा मध्यबलस्य सर्वमिदं फलं मध्यममेव दत्ते ।**
**वाणिज्यमित्राम्बरगेहसौख्यं धर्मे मतिं कर्षणतोऽन्नलाभम् ।। ११ ।।**

भा०–मध्यबली चन्द्र की दशा में उपरोक्त फल मध्यममान से होता है । वाणिज्य, मित्र, वस्त्र और गृहसुख, धर्म में प्रेम, खेती से लाभ भी मध्यम मान से होता है ।। ११ ।।

अल्पबल–चन्द्रदशाफल—

**इन्दोर्दशा स्वल्पबलस्य दत्ते कफामयं कान्तिविनाशमाहुः ।**
**मित्रादिवैरं जननं कुमार्यां धर्मार्थनाशं सुखमल्पमत्र ।। १२ ।।**

भा०–अल्पबली चन्द्र की दशा में कफ रोग, कान्ति-नाश, मित्र से शत्रुता, कन्या का जन्म, अर्थ धर्म की हानि और अल्प सुख होता है ।। १२ ।।

नष्टबल–चनद्रदशाफल—

**इन्दोर्दशा नष्टबलस्य लोकापवादभीतिं धनधर्मनाशम् ।**
**शीतामयं स्त्रीसुतमित्रवैरं दौःस्थ्यं च दत्ते विरसान्नभुक्तिम् ।। १३ ।।**

भा०–नष्टबली चन्द्र की दशा में लोकापवाद से भय, धन की हानि, शीत रोग, स्त्री, पुत्र, से वैर, चिन्ता और कदन्न भोजन प्राप्त होता है ।। १३ ।।

विशेष—

**षष्ठाष्टमान्त्येतरराशिसंस्थो निन्द्योऽपि दत्तेऽर्थसुखं दशायाम् ।**
**मध्यत्वमूनः शुभतां च मध्यो यातीत्थमिन्दुः सुशुभः शुभः स्यात् ।। १४ ।।**

भा०–यदि ६, ८, १२ से भिन्न स्थान में चन्द्रमा हो तो निर्बल होने पर भी आधाफल, अल्पबली कुछ कम (३ चरण), मध्यबली शुभ हो जाता है और पूर्णबली हो तो पूर्णशुभफल देता है । अर्थात् ६, ८, १२ में हो तो शुभ भी अशुभफल देता है ।। १४ ।।

पूर्णबल–मङ्गलदशाफल—

**दशापतिः पूर्णबलो महीजः सेनापतित्वं तनुते नराणाम् ।**
**जयं रणे विद्रुमहेमरत्नवस्त्रादिलाभं प्रियसाहसत्वम् ।। १५ ।।**

भा०–पूर्णबली मङ्गल की दशा में सेनापतित्व, रण में विजय, रत्न, सुवर्ण, वस्त्र आदि का लाभ, साहस की वृद्धि होती है ।। १५ ।।

मध्यबल–मंगलदशाफल—

**दशापतिर्मध्यबलो महीजः कुलानुमानेन धनं ददाति ।**
**राजाधिकारोऽप्यथ तत्परत्वं तेजस्विताकान्तिबलाभिवृद्धिम् ।। १६ ।।**

भा०–मध्यबली मङ्गल की दशा में कुलानुसार धन का लाभ, राज्यादि अधिकार, कार्य में तत्परता, देह में कान्ति और बल की वृद्धि होती है ।। १६ ।।

अल्पबल–मङ्गलदशाफल—

**दशापतिः स्वल्पबलो महीजो ददाति पित्तोष्णरुजं शरीरे ।**
**रिपोर्भयं बन्धनमास्यतोऽसृक्स्रवं च वैरं स्वजनैश्च शश्वत् ।। १७ ।।**

भा०–अल्पबली मङ्गल की दशा में पित्तरोग, शत्रु का भय, बन्धन, मुख से रुधिरस्राव, परिवार में विवाद होता है ।। १७ ।।

नष्टबल–मङ्गलदशाफल—

**दशापतिर्नष्टबलो महीजो विवादमुग्रं जनयेद्रणं वा ।**
**चौराद्भयं रक्तरुजं ज्वरं च विपत्तिमन्यस्वहृतिं च खर्जूम् ।। १८ ।।**

भा०–नष्टबली मङ्गल की दशा में लोगों से विवाद, कलह, चोर-भय, शोणित के विकार से रोग, ज्वर, विपत्ति, दूसरे का धन अपहरण करना और खुलती होती है ।। १८ ।।

विशेष—

**त्रिषडायगतो भौमो नष्टवीर्यः शुभार्धदः ।**
**मध्यो हीनः शुभो मध्यः शुभोऽत्यन्तं शुभावहः ।। १९ ।।**

भा०–३, ६, ११ भाव में हो तो नष्टबल मङ्गल भी आधा शुभफल, अल्पबली ३ चरण, मध्यबली शुभ और पूर्णबली अत्यन्त शुभ हो जाता है।।१९।।

पूर्णबल–बुधदायक—

**दशापतिः पूर्णबलो बुधश्चेद्यशोऽभिवृद्धिं गणितात्सुशिल्पात् ।**
**तनोति सेवां सफलां नृपादेर्दौत्यं च वैदुष्यगणोदयं च ।। २० ।।**

भा०–पूर्णबली बुध की दशा में यश की वृद्धि, गणित तथा शिल्प से लाभ, राजादि की सेवा में सफलता और चतुरता में वृद्धि होती है ।। २० ।।

मध्यबल–बुधदशाफल—

**दशापतिर्मध्यबलो बुधश्चेद् गुरोः सुहृद्भ्यो लिपिकाव्यशिल्पैः ।**
**धनाप्तिदायी सुतमित्रबन्धुसमागमान्मध्यममेव सौख्यम् ।। २१ ।।**

भा०–मध्यबली बुध की दशा हो तो गुरु, मित्र, शिल्प, काव्य से धन लाभ, पुत्र मित्रादि से सुख मध्यममान से होता है ।। २१ ।।

अल्पबल–बुधदशाफल—

**दशापतौ स्वल्पबले बुधे स्यान्मानस्य नाशः स्वजनापवादः ।**
**अकार्यकोपस्खलनाद्यनिष्टं धनव्ययं रोगभयं च विन्द्यात् ।। २२ ।।**

भा०–अल्पबली बुध की दशा में मान की हानि, लोगों में अपवाद, अकारण क्रोध, धन तथा रोग भय आदि अनिष्ट होता है ।। २२ ।।

नष्टबल–बुधदशाफल—

**दशापतौ हीनबले बुधे स्यात् स्वबुद्धिदोषो वधबन्धभीतिः ।**
**दूरे गतिर्वातकफामयार्त्तिर्निखातवित्तस्य च नापि लाभः ।। २३ ।।**

भा०–निर्बली बुध की दशा में मति में भ्रम, बन्धन का भय, दूरगमन, वात कफ रोग से पीड़ा और रक्षित द्रव्य का भी लाभ नहीं होता है ।। २३ ।।

विशेष—

**षडष्टान्त्येतरर्क्षस्थो नष्टा ज्ञोऽर्धशुभप्रदः ।**
**मध्यो हीनः शुभो मध्यः शुभोऽत्यन्तं शुभावहः ।। २४ ।।**

भा०–यदि ६, ८, १२ से भिन्न स्थान में बुध हो तो नष्टबली आधा-शुभ, अल्पबली ३ चरण, मध्यबली शुभ और पूर्णबली बुध हो तो अत्यन्त शुभ फल देता है ।। २४ ।।

पूर्णबल–गुरुदशाफल—

**गुरोर्दशा पूर्णबलस्य दत्ते मानोदयं राजसुहृद्गुरुभ्यः ।**
**कीर्त्यर्थलाभोपचयं सुखानि राज्यं सुताप्तिं रिपुरोगनाशम् ।। २५ ।।**

भा०–पूर्णबली गुरु की दशा में राजा मित्र गुरुजनों में आदर, यश धन की वृद्धि, अनेक सुख, राज्य और पुत्र की प्राप्ति और शत्रु तथा रोग का नाश होता है।।२५।।

मध्यबल–गुरुदशाफल—

**गुरोर्दशा मध्यबलस्थ धर्मे मतिं सखित्वं नृपमन्त्रिवर्गैः ।**
**तनोति मानार्थसुखादिलाभं सिद्धिं सदुत्साहबलातिरेकान् ।। २६ ।।**

भा०–मध्यबली गुरु की दशा में धर्म में वृद्धि, राजपुरुषों से मैत्री, मान, धन सुख का लाभ, उत्साह और बल की वृद्धि होती है ।। २६ ।।

अल्पबल–गुरुदशाफल—

**दशा गुरोरल्पबलस्य दत्ते रोगं दरिद्रत्वमथारिभीतिम् ।**
**कर्णामयं धर्मधनप्रणाशं वैराग्यमर्थं च गुणं न किञ्चित् ।। २७ ।।**

भा०–अल्पबली गुरु की दशा में रोग, दारिद्र्य और शत्रु का भय, कर्णरोग, धर्म धन की हानि, वैराग्य तथा किसी भी प्रकार के धन वा गुण का लाभ नहीं होता है ।। २७ ।।

नष्टबल–गुरुदशाफल—

**गुरोर्दशा नष्टबलस्य पुंसां ददाति दुःखानि रुजं कफार्तिम् ।**
**कलत्रपुत्रस्वजनारिभीतिं धर्मार्थनाशं तनुपीडनं च ।। २८ ।।**

भा०–नष्टबली गुरु की दशा में दुःख, कफ-रोग, स्त्री-पुत्रादि परिजन से अनादर, धन धर्म की हानि और शरीर में पीड़ा होती है ।। २८ ।।

विशेष—

**षडष्टरिःफेतरगो गुरुर्निन्द्योऽर्धसत्फलः ।**
**मध्यो हीनः शुभो मध्यः शुभोऽत्यन्तं शुभावहः ।। २९ ।।**

भा०–६, ८, १२ से भिन्न स्थान में गुरु हो तो नष्टबल होने पर भी आधा शुभफल, अल्पबली ३ चरण और मध्यबली पूर्ण शुभ तथा पूर्णबली हो तो अत्यन्त शुभदायक होता है ।। २९ ।।

पूर्णबल–शुक्रदशाफल—

**दशा भृगोः पूर्णबलस्य सौख्यं स्रग्गन्धहेमाम्बरकामिनीभ्यः ।**
**हयादिलाभः सुतकीर्तितोषानैरुज्यगान्धर्वरतिः पदाप्तिः ।। ३० ।।**

भा०–पूर्णबली शुक्र की दशा में गन्ध-माला, सुवर्ण-वस्त्र, स्त्री से सुख, घोड़े आदि सवारी, यश, सन्तोष, आरोग्य, गाना-बजाना आदि में प्रेम और स्थान की प्राप्ति होती है ।। ३० ।।

मध्यबल–शुक्रदशाफल—

**दशा भृगोर्मध्यबलस्य दत्ते वाणिज्यतोऽर्थागमनं कृषेश्च ।**
**मिष्टान्नपानाम्बरभोगलाभं तथा च योषित्सुतसौख्यलाभम् ।। ३१ ।।**

भा०–मध्यबली शुक्र की दशा में वाणिज्य और खेती से लाभ, उत्तम भोजन, वस्त्र, स्त्री-पुत्रादि का सुख लाभ होता है ।। ३१ ।।

अल्पबल-शुक्रदशाफल—

**दशा भृगोरल्पबलस्य दत्ते मतिभ्रमं ज्ञानयशोऽर्थनाशम् ।**
**कदन्नभोज्यं व्यसनामयार्ति स्त्रीपक्षवैरं कलिमप्यरिभ्यः ।। ३२ ।।**

भा०–अल्पबली शुक्र की दशा में मतिभ्रम, ज्ञान यश और धन की हानि, कुभोजन, व्यसन, पीड़ा, स्त्री से वैर और शत्रु से भी कलह होता है।।३२।।

नष्टबल–शुक्रदशाफल—

**दशा भृगोर्नष्टबलस्य दत्ते विदेशयानं स्वजनैर्विरोधम् ।**
**पुत्रार्थभार्याविपदो रुजश्च मतिभ्रमोऽपि व्यसनं महच्च ।। ३३ ।।**

भा०–नष्टबली शुक्र की दशा में विदेशगमन, परिजनों से विरोध, पुत्र धन और स्त्री वर्ग में आपत्ति, रोग और मतिभ्रत होता है ।। ३३ ।।

विशेष—

**षडष्टरि:फेतरगो भृगुर्निन्द्योऽर्धसत्फलः ।**
**मध्यो हीनः शुभो मध्यः शुभोऽत्यन्तं शुभावहः ।। ३४ ।।**

भा०–६, ८, १२ से भिन्नस्थान में शुक्र हो तो नष्टबली होने पर भी आधा शुभ, अल्पबली ३ चरण, मध्यबली पूर्णशुभ और पूर्णबली अत्यन्त शुभप्रद होता है ।। ३४ ।।

पूर्णबल–शनिदशाफल—

**दशा शनेः पूर्णबलस्य दत्ते नवीनवेश्माम्बरभूमिसौख्यम् ।**
**आरामतोयाश्रयनिर्मितिश्च म्लेच्छातिसङ्गान्नृपतेर्धनाप्तिम् ।। ३५ ।।**

भा०–पूर्णबली शनि की दशा में नवीन गृह, वस्त्र भूमि से सुख, बगीचा, जलाशय का निर्माण, नीच जातियों के सङ्ग तथा राजा से धनलाभ होता है।।३५।।

मध्यबल–शनिदशाफल—

**दशा शनेर्मध्यबलस्य दत्ते खरोष्ट्रपाखण्डजतो धनाप्तिम् ।**
**वृद्धाङ्गनासङ्गमदुर्गरक्षाऽधिकारचिन्ता-विरसान्नभोगान् ।। ३६ ।।**

भा०–मध्यबली शनि की दशा में गदहे, ऊँट और पाखण्डपना से धनलाभ, वृद्धा-स्त्री का सङ्ग, दुर्ग की रक्षा, अधिकार की चिन्ता और कुभोजन की प्राप्ति होती है ।। ३६ ।।

अल्पबल–शनिदशाफल—

**दशा शनेःस्वल्पबलस्य पुंसां तनोति दुःखं रिपुतस्करेभ्यः ।**
**दारिद्र्यमात्मीयजनापवादं रोगं चं शीतानिलकोपमुग्रम् ।। ३७ ।।**

भा०–अल्पबली शनि की दशा में शत्रु और चोर का भय, दरिद्रता, आत्मीय जनों में अपवाद, कफ-वायु प्रकोप से रोग होता है ।। ३७ ।।

नष्टबल-शनिदशाफल—

**दशा शनेर्नष्टबलस्य पुंसामनेकधातुव्यसनानि दत्ते ।**
**स्त्रीपुत्रमित्रस्वजनैर्विरोधं रोगाभिवृद्धिं मरणेन तुल्यम् ।। ३८ ।।**

भा०–निर्बल शनि की दशा में कफादि अनेक धातु के प्रकोप से रोग, स्त्री पुत्र-मित्र आदि से वैर, रोग की वृद्धि, मरणतुल्य कष्ट होता है ।। ३८ ।।

विशेष—

**त्रिषष्ठलाभोपगतो मन्दो निन्द्योऽर्धसत्फलः ।**
**मध्यो हीनः शुभो मध्यः शुभोऽत्यन्तं शुभावहः ।। ३९ ।।**

भा०–३, ६, ११, में नष्टबली शनि में हो तो आधा शुभफल, अल्पबली शनि ३ चरण, मध्यबली पूर्णशुभ और पूर्णबल शनि अत्यधिक शुभफल देता है ।। ३९ ।।

लग्न के फल में विशेष—

**दशा तनोः स्वामिबलेन तुल्यं फलं ददातीत्यपरो विशेषः ।**
**चरे शुभा मध्यफलाऽधमा च द्विमूर्तिभेस्माद्विपरीतमूह्यम् ।। ४० ।।**
**अनिष्टमिष्टं च समं स्थिरर्क्षे क्रमाद्दृकाणैः फलमुक्तमाद्यैः ।**
**सत्स्वामियोगेक्षणतः शुभ स्यात्पापेक्षणात्कष्टफलं च वाच्यम् ।। ४१ ।।**

भा०–लग्न दशा के फल लग्न के स्वामी के बलानुसार समझना । और विशेष यह है कि चरराशि में प्रथमद्रेष्काण में शुभ, द्वितीय में मध्यम, तृतीय में अधमफल तथा द्विस्वभावलग्न में प्रथमद्रेष्काण में अधम, द्वितीय में मध्यम, तृतीय में शुभ । तथा स्थिरराशिलग्न के प्रथमद्रेष्काण में अशुभ, द्वितीय में शुभ, तृतीय में मध्यम समझना चाहिये । तथा शुभग्रह और स्वामी से युक्त दृष्टलग्न हो तो शुभफल और पापग्रह से युक्त दृष्ट हो तो अशुभदशाफल समझना।।४०-४१।।

रव्यादि ग्रहों की दशा में शुभ अशुभ अन्तर्दशा—

**चन्द्रारजीवाः सौम्येज्यशुक्रा रविविधू तथा ।**
**मन्देज्यशुक्राः सूर्येन्दुभौमाः सौम्येज्यसूर्यजाः ।। ४२ ।।**
**जीवज्ञशुक्राः सूर्यादेः शुभा अन्तर्दशा इमाः ।**
**अन्येषामशुभा ज्ञेया इति वामनभाषितम् ।। ४३ ।।**

भा०–सूर्य की दशा में चन्द्र, मङ्गल और बृहस्पति की अन्तर्दशा शुभ होती है । एवं चन्द्र की दशा में बुध, बृहस्पति, शुक्र की अन्तर्दशा तथा मङ्गल की दशा में रवि, चन्द्रमा की, बुध की दशा में शनि, बृहस्पति शुक्र की, गुरु की दशा में सूर्य, चन्द्र, मङ्गल की, शुक्र की दशा में बुध, गुरु, शनि की, और शनि की दशा में गुरु, बुध, शुक्र की अन्तर्दशा शुभ होती है, शेष अन्तर्दशा अशुभ समझना।।४२-४३।।

सामान्य रीति से लग्नादि द्वादशभावों में ग्रहों का शुभाशुभ फल, उनमें प्रथम लग्नस्थ ग्रहों के फल—

**सूर्यारमन्दास्तनुगा ज्वरार्ति धनक्षयं पापयुगिन्दुरित्थम् ।**
**शुभान्वितः पुष्टतनुश्च सौख्यं जीवज्ञशुक्रा धनधान्यलाभम् ।। ४४ ।।**

भा०–लग्न में सूर्य, मङ्गल शनि और क्षीण चन्द्रमा हो तो ज्वरपीड़ा और धनहानि होती है । गुरु, बुध और शुक्र लग्न में हो तो शरीरपुष्टि और धनलाभ आदि सुख होता है ।। ४४ ।।

द्वितीयभावस्थ ग्रहों के फल—

**चन्द्रज्ञजीवास्फुजितो धनस्था धनागमं राज्यसुखं च दद्युः ।**
**पापा धनस्था धनहानिदाः स्युर्नृपाद्भयं कार्यविघातमार्किः ।। ४५ ।।**

भा०–चन्द्रमा बुध, गुरु, शुक्र ये धनभाव में हों तो धनलाभ, राजसुख आदि शुभफल और रवि, शनि, मङ्गल, द्वितीयभाव में अशुभफल देते हैं । दो पापग्रह हों चाहे शनिमात्र हो तो कार्य नाशक होते हैं ।। ४५ ।।

तृतीयभावस्थ ग्रहों के फल—

**दुश्चिक्यगाः खलखगाधनधर्मराज्यलाभप्रदा बलयुता क्षितिलाभदाः स्युः ।**
**सौम्याः सुखार्थसुतमानयशोविलासलाभाय हर्षमतुलं किल तत्र चन्द्रः ।। ४६ ।।**

भा०–तृतीयभाव में पापग्रह हों तो धन, धर्म, राज्यलाभ होते हैं । यदि बलवान् पापग्रह हों तो भूमिलाभ होता है । शुभग्रह तृतीयभाव में हो तो सुख, पुत्र, धन, आदर, सुयश, विलास का लाभ होता है , उनमें भी चन्द्रमा तृतीयभाव में हो तो अत्यन्त हर्ष निश्चय होता है ।। ४६ ।।

चतुर्थभावस्थ ग्रहों के फल—

**चन्द्रःसुखे खलयुतो व्यसनं रुजं च पुष्टः शुभेन सहितः सुखमातनोति ।**
**सौम्याः सुखं विविधमत्र खलाः सुखार्थनाशं रुजं व्यसनमप्यतुलं भयं च ।। ४७ ।।**

भा०–चतुर्थभाव में पापयुतचन्द्रमा हो तो कष्ट, रोग, तथा पूर्णचन्द्रमा शुभयुक्त हो तो सुख की वृद्धि होती है । शुभग्रह चतुर्थभाव में हों तो अनेक सुख और पापग्रह हों तो धन सुख का नाश और रोग भय होता है ।। ४७ ।।

पञ्चमभावस्थ ग्रहों के फल—

**पुत्रवित्तसुखसञ्चयं शुभाः पुत्रगा भृगुसुतोऽतिहर्षदः ।**
**पुत्रवित्तधनबुद्धिहारकास्तस्करामयकलिप्रदाः खलाः ।। ४८ ।।**

भा०–पञ्चमभाव में शुभग्रह हों तो पुत्र और धन की वृद्धि होती है । शुक्र विशेषकर आनन्दप्रद होते हैं । पञ्चमभाव में पापग्रह पुत्र, धन, बुद्धि की हानि करते हैं तथा चोर और रोग का भय और कलह प्रद होता है ।। ४८ ।।

षष्ठभावस्थ ग्रहों के फल—

**षष्ठे पापा वित्तलाभं सिखाप्तिं भौमोऽत्यन्तं हर्षदःशत्रुनाशम् ।**
**सौम्या भीति वित्तनाशं कलिं च चन्द्रो रोगं पापयुक्तं करोति ।। ४९ ।।**

भा०–षष्ठभाव में पापग्रह धन और सुखदायक होता है । मङ्गल विशेष हर्षप्रद और शत्रु का नाशकारक होता है । और शुभग्रह हों तो भय, धननाश,

कलह होता है और पापयुक्त चन्द्रमा षष्ठभाव में हो तो रोगकारक होता है।।४९।।

सप्तमभावस्थ ग्रहों के फल—

**सपापः शशी सप्तमे व्याधिभीतिं खलाः स्त्रीविनाशं कलिं भृत्यभीतिम् ।**
**शुभाः कुर्वते वित्तलाभं सुखाप्तिं यशो राजमानोदयं बन्धुसौख्यम् ।। ५० ।।**

भा०–सप्तम भाव में चन्द्रमा पापयुक्त हो तो व्याधिभय, केवल पापग्रह हों तो स्त्रीकष्ट, कलह और नौकरों से भय होता है । शुभग्रह हो तो धन, सुख, यश, राजा से आदर और बन्धुओं का सुख होता है ।। ५० ।।

अष्टभावस्थ ग्रहों के फल—

**चन्द्रोऽष्टमे निधनदः खलखेटयुक्तः पापाश्च तत्र मृतितुल्यफलं च दद्युः ।**
**सौम्याः स्वधातुवशतो रुजमर्थहानिं मानक्षयं मुथशिले शुभजे शुभश्च ।। ५१ ।।**

भा०–अष्टमभाव में पापयुक्त चन्द्रमा मरणकारक और केवल पापग्रह मरण तुल्य कष्टदायक होता है । और शुभग्रह अपने धातु (कफ आदि) के विकार से रोगप्रद तथा धन मान का नाशकारक होता है । यदि शुभग्रहों से इत्थशाल योग हो तो शुभफल समझना ।। ५१ ।।

नवमभावस्थ ग्रहों के फल—

**तपसि सोदरभीः पशुपीडनं खलखगेऽतिमुदो रविरत्र चेत् ।**
**शुभखगा धनधर्मविवृद्धिदाः खलखगेऽपि शुभं त्वपरे जगुः ।। ५२ ।।**

भा०–नवमभाव में शनि, मङ्गल हों तो सहोदर से भय और पशुओं को कष्ट होता है । रवि नवमभाव में हो तो अत्यन्त हर्षकारक होता है । और शुभग्रह हों तो धन, धर्म की वृद्धि होती है, यदि शुभग्रह के साथ भी हों तो शुभ होता है, ऐसा बहुत आचार्य कहते हैं ।। ५२ ।।

दशमभावस्थ ग्रहों के फल—

**गगनगो रविजः पशुवित्तहा रविकुजौ व्यवसायपराक्रमौ ।**
**धनसुखानि परे च धनात्मजाऽवनिपसङ्गसुखानि वितन्वते ।। ५३ ।।**

भा०–दशमभाव में शनि हो तो पशु और धन का नाशक, रवि मङ्गल हो तो व्यवसाय और पराक्रम की वृद्धि, और शुभग्रह हों तो धन, पुत्र, राजा से सुख प्राप्त होता है ।। ५३ ।।

एकादशभास्थ ग्रहों के फल—

**लाभे धनोपचयसौख्ययशोऽभिवृद्धिं सन्मित्रसङ्गबलपुष्टिकराश्च सर्वे ।**
**क्रूरा बलेन रहिताः सुतवित्तबुद्धिनाशं शुभास्तु तनुतां स्वफलस्य कुर्युः ।। ५४ ।।**

भा०–एकादशभाव में सभी ग्रह धन सुख की वृद्धि, मित्र-सुख, शरीर में बलवृद्धिकारक होते हैं । परञ्च पापग्रह निर्बल हों तो पुत्र-धन और बुद्धि के हानिकारक तथा शुभग्रह निर्बल हों तो अल्प शुभफल देते हैं ।। ५४ ।।

द्वादशभावस्थ ग्रहों के फल—

**पापा व्यये नेत्ररुजं विवादं हानिं धनानां नृपतस्करादेः ।**
**सौम्या व्ययं सद्व्यवहारमार्गे कुर्युः शनिर्हर्षविवृद्धिमत्र ।। ५५ ।।**

भा०–द्वादशभाव में पापग्रह हों तो नेत्रपीड़ा, विवाद, राजा और चोर से धन की हानि होती है । शुभग्रह हों तो सत्कार्य में व्यय होता है । परञ्च केवल शनि हो तो आनन्द सुखदायक होता है ।। ५५ ।।

**श्रीगर्गान्वयभूषणं गणितविच्चिन्तामणिस्तत्सुतो-**
**ऽनन्तोऽनन्तमतिव्यधात्खलमतध्वस्त्यै जनुः पद्धतिम् ।**
**तत्सूनुःखलु नीलकण्ठविबुधो विद्वच्छिवानुज्ञया**
**भावस्थग्रहपाकदौःस्थ्यसुखतायुक्तं फलं सोऽभ्यधात् ।। ५६ ।।**

भा०–इस पद्य का अर्थ पीछे अध्यायों में लिखा गया है ।। ५६ ।।

इति गूढ़ार्थप्रकाशिकासहित-नीलकण्ठ्यां भाव-फलाध्यायः ।। ६ ।।

**अथ मासदिनफलाध्यायः ।**

मासेश के षडधिकारी—

**मासप्रवेशकाले ज्ञो ग्रहान्भावांश्च साधयेत् ।**
**तत्र मासतनोर्नाथो मुथहा जन्मपस्तथा ।। १ ।।**
**त्रिराशिपो दिननिशो रवीन्दुभपतिस्तथा ।**
**अब्दप्रवेशलग्नेश एषां वीर्याधिकस्तनुम् ।। २ ।।**
**पश्यन्मासपतिर्ज्ञेयस्ततो वाच्यं शुभाशुभम् ।**
**अपरे मासलग्नेशं मासाधिपतिमूचिरे ।। ३ ।।**
**दिनेशं दिनलग्नेशं तथा प्रोंचुर्विचक्षणाः ।**
**मासघस्रेशयोर्वाच्यं फलं वर्षेशवद्बुधैः ।। ४ ।।**

भा०–पूर्वोक्त रीति से साधित मास काल में रव्यादिक स्पष्टग्रह और लग्नादि द्वादशभाव का साधन करना फिर मासलग्नेश १, मुथहेश २, जन्मलग्नेश ३, त्रिराशीश ४ तथा दिन में सूर्यराशीश, रात्रि में चन्द्रराशीश ५, और वर्षलग्नेश ६ । इन ६ अधिकारियों में जो सबसे बली होकर लग्न को देखता हो वह मासेश होता है । उस पर मासफल कहना । यहाँ भी बलादि समता में पूर्ववत् विचार करना । दूसरे आचार्य मासलग्नेश को ही मासेश और दिनलग्नेश को दिनेश कहते हैं । वर्षेश के समान ही मासेश और दिनेश का भी फल समझना चाहिये ।। १-४ ।।

मास–फल—

**लग्नांशाधिपतिर्विलग्नपनवांशेशेन मैत्रीदृशा**
**दृष्टो वा सहितः शशी च यदि तौ मैत्रीदृशाऽऽलोकते ।**
**तस्मिन्मासि तनौ सुखं बहुविधं नैरुज्यमित्थं फलं**
**तावद्यावदिमे स्युरित्थमथ तान् संचार्य वाच्यं फलम् ।। ५ ।।**

भा०–मासलग्न का नवांशपति यदि लग्नेश के नवांशपति से मैत्रदृष्टि से देखा जाता हो वा युक्त हो तथा इन दोनों को चन्द्रमा मैत्रदृष्टि से देखता हो तो

उस महीने में तब तक शरीरादि का सुख कहना, जब तक ऐसा योग रहे । बाद में चारवश (चारवश संचार देखकर) शुभ या अशुभ फल समझना ।। ५ ।।

यथा—

**तौ चेच्छत्रुदृशा मिथश्च शशिना दृष्टौ मनोदु:खदौ**
**रोगाधिक्यकरौ च कश्चिदनयोर्नीचोऽस्तगो वा यदि ।**
**कष्टात्सौख्यमिह द्वयं यदि पुनर्नीचास्तगं स्यान्मृति:**
**सूत्यब्दोद्भवरिष्टतो मृतिसमं स्यादन्यथेत्यूचिरे ।। ६ ।।**

भा०–वे दोनों (लग्नांशस्वामी और लग्नेशनवांशस्वामी) परस्पर शत्रुदृष्टि से दृष्टयुत हों और चन्द्रमा भी शत्रुदृष्टि से दोनों को देखें तो तब तक उस महीने में मनोदु:ख आदि अशुभफल समझना । इन दोनों में यदि एक अस्त वा नीच में हो तो कष्ट से किञ्चित् सुख, यदि दोनों अस्त नीच में हो और जन्मकाल तथा वर्षकाल में अरिष्टयोग हो तो मरण, अन्यथा (अर्थात् अरिष्टयोग न हो तो) मरणतुल्य कष्ट कहना ।। ६ ।।

इसी प्रकार सब भावों का शुभांशुभ फल कहने का प्रकार—

**भावांशाधिपति: स्वभावपनवांशेशेन मैत्रीदृशा**
**दृष्टो वा सहित: शशी च यदि तौ मैत्रीदृशाऽऽलोकते ।**
**तद्भावोत्थसुखं विलोक्यमथतद्व्यत्यासत: कीर्तितं**
**नीचास्तादि फलं च लग्नवदिदं विद्वद्भिरूह्यं धिया ।। ७ ।।**

भा०–इसी प्रकार जिस भाव का नवांशपति और भावेश का नवांशपति परस्पर मित्रदृष्टि से दृष्ट हो और दोनों चन्द्रमा से भी दृष्ट हो तो उस भाव का शुभफल कहना । इससे विपरीत में अशुभ समझना । और अस्त नीचादि स्थिति से लग्न के समान ही सब भावों में फल समझना चाहिये ।। ७ ।।

**लग्नेश-मासेश-समेश्वरांशनाथा यदंशाधिपमित्रदृष्ट्या ।**
**दृष्टा युता शर्शिना च तत्तद्भावोत्थसौख्याय न चेदनिष्टम् ।। ८ ।।**

भा०–लग्नेश, मासेश, वर्षेश इनके नवांशस्वामी जिस भाव के नवांशपति द्वारा दृष्टयुत होकर चन्द्रमा से भी युत व दृष्ट हो तो उस भाव का शुभ, अन्यथा अशुभ फल समझना ।। ८ ।।

विशेष—

**निर्बला व्ययषष्ठाष्टांशपाः सत्फलदायकाः ।**
**अन्ये सवीर्याः शुभदा व्यत्यये व्यत्ययः स्मृतः ।। ९ ।।**

भा०–१२, ६, ८ इन भावों के नवांशस्वामी निर्बल हों तो शुभ, तथा अन्य भावों के नवांशस्वामी सबल हों तो शुभफल, अन्यथा अशुभ समझना।।९।।

**लग्नेश-मासेश-समेश-मुन्थाधीशाः षडष्टरिष्फोगताः सपापाः ।**
**दृष्टाः खलैः शत्रुदृशाऽत्र मासे व्याध्यादिविद्विड्भयदुःखदा स्युः ।। १० ।।**
**केन्द्रत्रिकोणायगतास्तु लग्नमासाब्दपा वीर्ययुता नराणाम् ।**
**नैरुज्य-शत्रुक्षय-राज्यलाभमानोदयात्यद्भुतकीर्तिदाः स्युः ।। ११ ।।**

भा०–लग्नेश, मासेश, वर्षेश, मुन्थेश आदि ६, ८, १२ स्थान में पापग्रहों से शत्रुदृष्टि से देखे जाते हों तो उस मास में रोग और शत्रुभय होता है । यदि वे ही केन्द्रत्रिकोण में हों तो नैरुज्य, राज्यलाभादि शुभ फल होता है ।। १०-११ ।।

अन्याचार्य का मत और उसका खण्डन—

**इन्थिहालग्नपो राशिर्यो बली तत्र हद्दपाः ।**
**दशेशाः स्वांशतुल्याहैरित्युक्तं कैश्चिदागमात् ।। १२ ।।**
**रवीन्द्वोरसमावेशान्नैतद्युक्तं परे जगुः ।**
**दशान्तरदशाच्छेदे फलमाब्दं तु युज्यते ।। १३ ।।**

भा०–मुथहा और मासलग्न की राशियों में जो बली हो उसमें क्रम से जो हद्दाधिप पठित है वे ही क्रम से मास में दशाधिप होते हैं । परञ्च हद्दाधिपति में

सूर्य और चन्द्रमा का समावेश नहीं है, इसलिये बहुत से लोग इसको युक्त नहीं मानते हैं । अत: मासदशा, अन्तर्दशा में वर्षोक्त रीति से ही फल विचार उपयुक्त है ।। १२-१३ ।।

अथ दिनेश-फल—

**दिनप्रवेशकालेऽपि खेटान्भावांश्च साधयेत् ।**
**चन्द्रलग्नांशकाभ्यां तु फलं तत्र वदेद्बुधः ।। १४ ।।**

भा०–दिन प्रवेशकाल में भी ग्रह रव्यादि नवग्रह भावों (तन्वादि द्वादशभावों) का साधन कर चन्द्रमा और लग्न के नवांश से शुभाशुभफल कहना चाहिए ।। १४ ।।

दिनेश का निर्णय और फल—

**चतुष्कमिन्थिहेशादि दिनमासाऽब्दलग्नपाः ।**
**एषां बली तनुं पश्यन् दिनेशः परिकीर्तितः ।। १५ ।।**

भा०–मुन्थेश आदि ४ (मुन्थेश, जन्मलग्नेश, त्रिराशिपति, और चौथा सूर्यराशीश या चन्द्रराशीश) तथा दिनलग्नेश ५, मासलग्नेश ६, वर्षलग्नेश ७ इन सातों में जो बली होकर लग्न को देखता हो वह पूर्वोक्त प्रकार से दिनपति होता है ।। १५ ।।

**त्रिकोणकेन्द्रायगताः शुभाश्चेच्चन्द्रात्तनोर्वा बलिनः खलास्तु ।**
**षट्त्र्यायगास्तत्र दिने सुखानि विलासमानार्थयशोयुतानि ।। १६ ।।**

भा०–दिनप्रवेशकालिकलग्न से और चन्द्र से शुभग्रह केन्द्र-त्रिकोण में और पापग्रह ३, ६, ११ में हों तो उस दिन में सब प्रकार से धन और सुख का लाभ होता है ।। १६ ।।

**षडष्टरि:फोपगता दिनाऽब्दमासेन्थिहेशाः खलखेटयुक्ताः ।**
**गदप्रदा मानयशोहराश्च केन्द्रत्रिकोणायगताः सुखाप्त्यै ।। १७ ।।**

भा०–दिनप्रवेशकालिक लग्न से ६, ८, १२ में दिनेश, वर्षेश, मासेश और मुन्थेश हो और पापग्रह से युत दृष्ट हो तो उस दिन रोगभय और अपयश होता है । यदि वे ही (दिनेशादि) केन्द्र-त्रिकोण में हों तो सुखप्रद होते हैं।।१७।।

दिन के शुभाशुभ फल—

**लग्नांशकः सौम्यखगैः समेतो दृष्टोऽपि वा मित्रदृशेन्दुनाऽपि ।**
**नैरुज्यराज्यादिशरीरपुष्टिर्मासोक्तिवद्दुःखमतोऽन्यथात्वे ।। १८ ।।**

भा०–दिनप्रवेशकालिक लग्ननवांश यदि शुभ ग्रहों से युत दृष्ट हो और मित्रदृष्टि से चन्द्रमा से भी दृष्ट हो तो नैरुज्य आदि शुभफल, अन्यथा अशुभफल समझना ।। १८ ।।

प्रतिदिन प्रत्येक भाव सम्बन्धी शुभाशुभ समझने का प्रकार—

**यदंशपः सौम्ययुतेक्षितो वा स्निग्धेक्षणाद्धावजसौख्यकृत्सः ।**
**दुःखप्रदः प्रोक्तवदन्यथात्वे सर्वेषु भावेष्वियमेव रीतिः ।। १९ ।।**

भा०–एवं धन आदि जिस भाव का नवांशपति मित्रदृष्टि द्वारा शुभग्रह से दृष्ट वा युत हो तो उस भाव सम्बन्धी फल शुभ, और पाप से युत हो तो अशुभ फल होता है ।। १९ ।।

विशेष—

**षष्ठांशकः सौम्ययुतो रोगदः पापयुक् शुभः ।**
**व्ययांशे शुभयुग्दृष्टे सद्व्ययः पापतस्त्वसत् ।। २० ।।**
**जायांश सौम्ययुग्दृष्टः स्वस्त्रीसौख्यविलासकृत् ।**
**पापैर्गृहकलिर्दुःखं पापान्तःस्थे मृतिं वदेत् ।। २१ ।।**
**शुभमध्यस्थिते स्त्र्यंशे बहुलं कामिनीसुखम् ।**
**स्वस्यां रतिर्गुरावन्यखगेऽन्यासु रतिं वदेत् ।। २२ ।।**

भा०–षष्ठभाव का नवांश शुभग्रह से युत हो तो रोगकारक, और पापयुत हो तो शुभ होता है । तथा व्ययभाव का नवांश शुभयुक्त हो तो सद्व्यय, पापयुक्त हो तो असद्व्यय होता है । सप्तमभावांश शुभयुक्त दृष्ट हो तो स्त्रीसुख, पापयुत हो तो कलह, तथा दो पाप ग्रहों के मध्य में हो तो मरण, तथा शुभग्रह के मध्य में हो तो बहुत सुख होता है । यदि सप्तमभाव के नवांश में गुरु हो तो स्वस्त्री में दूसरा ग्रह हो तो परस्त्री में प्रेम कहना ।। २०-२२ ।।

**मृत्यंशे मृत्युगैः सौम्यैर्युग्दृष्टे मरणं रणे ।**
**मिश्रैर्मिश्रं खलैः सौख्यं वर्षलग्नानुसारतः ।। २३ ।।**

भा०–अष्टमभाव का नवांश अष्टमस्थशुभग्रह से युत दृष्ट हो तो रण में मरण, मिश्रग्रह से मिश्रफल और पापग्रह से सुख होता है । इस प्रकार वर्ष लग्न के अनुसार समझना चाहिए ।। २३ ।।

**द्विर्द्वादशे खला हानिं व्यये सौम्याः शुभव्ययम् ।**
**कर्तरी पापजा रोगं करोति शुभजा शुभम् ।। २४ ।।**

भा०–लग्न से २, १२ दोनों में ग्रह हो तो कर्तरी होती है । यदि पापग्रह से कर्तरी हो तो हानि और रोग, तथा शुभग्रह से हो तो अपव्यय और शुभफल होता है ।। २४ ।।

चन्द्रमा का अनिष्ट फल—

**लग्नेऽष्टमे वा क्षीणेन्दुर्मृत्युदः पापदृग्युतः ।**
**रोगो वा मरणं वाऽपि रिपुतः शत्रुभिरपि ।। २५ ।।**

भा०–क्षीणचन्द्रमा पापग्रह से दृष्ट या युत होकर लग्न वा अष्टम में हो तो मृत्यु, वा रोग, वा शत्रु से हानि और भय होता है ।। २५ ।।

**चन्द्रे सभौमे निधनारिसंस्थे नृणां भयं शस्त्रकृतं रिपोर्वा ।**
**पापैः सुखस्थैः पतनं गजाश्वयानात्तनौ स्याद्बहुला च पीडा ।। २६ ।।**

भा०—मङ्गलसहित चन्द्रमा ६,८ भाव में हों तो शत्रु से शस्त्र, भय, तथा चतुर्थभाव में पापग्रह हों तो सवारी से पतन, और लग्न में पापग्रह हों तो शरीर में पीड़ा होती है ।। २६ ।।

सप्तम द्वितीय और नवमस्थानास्थ शुभग्रह का शुभफल—
**शुभा द्यूने विजयदा द्यूतादर्थे सुखावहाः ।**
**नवमे धर्मभाग्यार्थराजगौरवकीर्तिदाः ।। २७ ।।**

भा०—सप्तमभाव में शुभग्रह विजयप्रद, धनभाव में सुखप्रद तथा नवमभाव में धर्म, भाग्य, धन, राजा से आदर और यश के वर्धक होते हैं।।२७।।

दिनप्रवेश में चन्द्रमा के अवस्थानुसार फल समझना—
**दिनप्रवेशेऽस्ति विधुरवस्थायां तु यादृशि ।**
**तदवस्थातुल्यमसौ फलं दत्ते न संशयः ।। २८ ।।**

भा०—दिनप्रवेश के समय चन्द्रमा जिस अवस्था में रहता है तदनुसार ही फल भी देता है ।। २८ ।।

चन्द्रावस्था के नाम (क्षेपक)—
''प्रवास-नाशौ मरणं जयश्च हास्यारतिः क्रीडितसुप्तभुक्ताः ।
ज्वराख्य-कम्पस्थिरता अवस्था मेषात् क्रमान्नामसदृक्फलाः स्युः ।। स्पष्टार्थ ।।

चन्द्रावस्था साधन प्रकार—
**विहाय राशिं चन्द्रस्य भागा द्विघ्नाः शरोद्धृताः ।**
**लब्धं गताः अवस्था स्युर्भोग्यायाः फलमादिशेत् ।। २९ ।।**

भा०—स्पष्टचन्द्रमा की राशियों को छोड़कर केवल अंशादिकों को २ से गुणाकर ५ का भाग देकर लब्धि गत अवस्था होती है, उससे आगे की वर्तमान अवस्था का फल कहना ।। २९ ।।

अवस्थाओं के फल—

**प्रवासः प्रवासोपगे रात्रिनाथेऽर्थनाशस्तु नष्टोपगे मृत्युभीतिः ।**
**मृतावस्थिते स्याज्जयायां जयस्तु विलासस्तु हास्योपगे कामिनीभिः ।। ३० ।।**
**रतौ स्याद्रतिः क्रीडिता सौख्यदावी प्रसुप्ताऽपि निद्रां कलिं देहपीड़ाम् ।**
**भयं तापहानी सुखं स्यात्तु भुक्ताज्वराकम्पितासुस्थितासु क्रमेण ।। ३१ ।।**

भा०–(१) प्रवास अवस्था में प्रवास (२) नाश अवस्था में धननाश, (३) मरणावस्था में मृत्युभय, (४) जयावस्था में जय, (५) हास्यावस्था में विलास, (६) रति अवस्था में स्त्री सुख, (७) क्रीडितावस्था में क्रीड़ा, (८) सुप्तावस्था में निद्रा, (९) भुक्तावस्था में भय, (१०) ज्वरावस्था में ताप, (११) कम्प मे हानि, (१२) स्थिरतावस्था में सुख समझना ।। ३०-३१ ।।

**सवीर्यौं कुजज्ञौ नृपाखेटसिद्धयैर्न सिद्धिर्यदा वीर्यहीनाविमौ स्तः ।**
**जलाखेटमाहुः सवीर्यैर्ग्रहर्क्षैर्जलाख्यैर्नगाख्यैर्नगाखेटमाहुः ।। ३२ ।।**

उदा०–चन्द्रमा २।९।१५।२० इसके अंशादि ९।१५।२० को २ से गुणाकर १८।३०।४० इसमें ५ का भाग देने से लब्धि ३ (तृतीय) गत अवस्था चतुर्थ वर्तमान जयावस्था शुभ हुई ।।

राजा का आखेट (शिकार खेलना)—

**लग्नास्तनाथौ केन्द्रस्थौ निर्बलौ क्लेशदायिनी ।**
**मृगयोक्ता शुभफला वीर्याढ्यो यदि तौ पुनः ।। ३३ ।।**

भा०–यदि मङ्गल और बुध बली हों तो आखेट (शिकार) की सिद्धि होती है, निर्बल हों तो नहीं । यदि सबल जलचरराशि हो तो जल का आखेट तथा पर्वत या वनचरराशि सबल हो तो जंगल का आखेट सिद्ध होता है । तथा दिनप्रवेशकालिक लग्नेश और सप्तमेश बली हों तो शिकार से सुख, निर्बल हों तो दु:ख होता है ।। ३२-३३ ।।

भोजन विचार—

**लग्नाधिपो भोज्यदाता सुखेशो भोज्यमीरितम् ।**
**बुक्षुक्षा मदपः कर्मपतिर्भोक्तेति चिन्तयेत् ।। ३४ ।।**

भा०–लग्नेश भोजनदाता, चतुर्थेश भोज्य, सप्तमेश बुभुक्षा (क्षुधाभूख) और दशमेश भोक्ता (खाने वाला) है । इन ग्रहों के शुभाशुभवश इन सभी का शुभाशुभ जानना चाहिए ।। ३४ ।। यथा—

उदाहरण—

**लग्ने मदे च सत्खेटयुतदृष्टे सुभोजनम् ।**
**जीवे लग्ने सिते वाऽपि सुभोज्यं दुःस्थितावपि ।। ३५ ।।**

भा०–जैसे लग्न और सप्तम में शुभग्रह हों तो भोजन दाता, और क्षुधा इन दोनों स्थान के शुभ होने से उस दिन सुभोजन मिलेगा ऐसा समझना । यदि लग्न में बृहस्पति या शुक्र हो तो घर में अन्न के अभाव में भी सुभोजन प्राप्त होता है ।। ३५ ।।

**मन्दे तमसि वा लग्ने सूर्येणाऽवलोकिते युते ।**
**लभ्यते भोजनं नाऽत्र शस्त्रभीतिस्तदा क्वचित् ।। ३६ ।।**
**रविदृष्टं युतं वापि लग्नं न यदि तत्र हि ।**
**उपवासस्तदा वाच्यो नक्तं वा विरसाशनम् ।। ३७ ।।**

भा०–दिनप्रवेशकालिक लग्न में शनि या राहु सूर्य से युत दृष्ट हो तो उस दिन भोजन नहीं मिलता है तथा चोट लगने की सम्भावना रहती है । यदि लग्नगत शनि राहु पर सूर्य की दृष्टि या युति न हो तो भी उपवास या रात्रि में नीरस भोजन मिलता है ।। ३६-३७ ।।

**चन्द्रे कर्मगते भोज्यमुष्णं शीतं सुखे कुजे ।**
**तुर्ये खेटस्य वसतो भोज्यान्ने रसमादिशेत् ।। ३८ ।।**

भा०–दशमभाव में चन्द्रमा हो तो उष्ण तथा चतुर्थभाव में मङ्गल हो तो शीतल (ठण्डा) भोजन मिलता है । चतुर्थभाव ग्रहयुक्त हो तो सरसभोजन मिलता है ।। ३८ ।।

**स्निग्धमन्नं सिते तुर्ये तैलसंस्कृतमर्कजे ।**
**नीचोपगे कदशनं विरसं न च संस्कृतम् ।। ३९ ।।**

भा०–चतुर्थभाव में शुक्र हो तो दुग्ध-घृतयुक्त, शनि हो तो तैलपक तथा नीच का ग्रह हो तो नीरस और खराब भोजन मिलता है ।। ३९ ।।

भोजन के स्थान—

**सुर्यादिभिर्लग्नगतैः सवीर्ये राजादिगेहे भुजिमामनन्ति ।**
**सुखे सुखेशे सबले सुभोज्यं चरादिकं स्यादसकृत्सकृद्धिः ।। ४० ।।**

भा०–सूर्यादि ग्रह बली होकर लग्न में हो तो राजगृह आदि में भोजन , चतुर्थेश चतुर्थ में हो तो सुभोजन, चरराशिलग्न हो तो अनेक बार, स्थिरराशि हो तो एकबार, द्विस्वभाव हो तो दो बार भोजन कहना ।। ४० ।।

**मूलत्रिकोणगे खेटे लग्ने पितृगृहेऽशनम् ।**
**मित्रालये मित्रभस्थे शत्रुगेहेऽरिगेहगे ।। ४१ ।।**
**शुभेक्षितयुते लग्ने बलाढ्ये स्वगृहे भुजिः ।**
**गृहराशिस्वभावेन यत्नादन्यत्र चिन्तयेत् ।। ४२ ।।**

भा०–लग्नस्थित ग्रह अपने मूलत्रिकोण में हों तो पिता के घर में, मित्र राशि में हो तो मित्र के घर में, शत्रुराशि में हो तो शत्रु के घर में और अपने गृह में हो तथा शुभग्रह से दृष्टयुत हो तो अपने घर में भोजन होता है । अन्य राशियों में राशियों के स्वभावानुसार यत्न से भोजन प्राप्त होता है ।। ४१-४२ ।।

**तिलान्नमर्के हिमगौ सुतण्डुलान्भौमे मसूराञ्चणकाञ्च भोज्यम् ।**
**बुधे समुद्राः खलु राजमाषा गुरौ सगोधूमभुजिः सवीर्ये ।। ४३ ।।**

भा०–सूर्य बली हो तो तिल, चन्द्रमा बली हो तो चावल, मङ्गल बली हो तो मसूर, चना, बुध बली हो तो मूँग, उड़द और गुरु बली हो तो गेहूँ भोजन में प्राप्त होता है ।। ४३ ।।

**शुक्रे यवा वाजरिकाः सवीर्ये शनौ कुलित्थादिसमाषमन्नम् ।**
**भोज्यं तृणान्नं शिखिराहुवीर्याच्छुभेक्षणालोकनतः सहर्षम् ।। ४४ ।।**

भा०–शुक्र बली हो तो जौ, बाजरा और शनि बली हो तो कुलथी, उरद तथा राहु केतु बली हों तो तृणोत्पन्न अन्न भोजन में प्राप्त होता है ।। ४४ ।।

**सूर्ये मूलं पुष्यमिन्दौ कुजे स्यात्पत्रं शाखा चापि शाकं सवीर्ये ।**
**शुक्रेज्यज्ञैर्व्यञ्जनं भूरिभेदं मन्देनेत्थं सामिषं राहुकेत्वोः ।। ४५ ।।**

भा०–सूर्य बली हो तो मूली, चन्द्र बली हो तो फूल, मङ्गल बली हो तो साग, पात तथा बुध, गुरु, शुक्र बली हों तो अनेक प्रकार के और शनि, राहु, केतु बली हों तो मत्स्य मांस का व्यञ्जन (तरकारी) भोजन में प्राप्त होता है।।४५।।

स्वप्न विचार—

**लग्नांशगेऽर्के तनुगेऽपि वाऽस्मिन् दुःस्वप्नमीक्षेत यथाऽर्कबिम्बम् ।**
**रक्ताम्बरं वह्निमथापि चन्द्रे शुभ्राश्वरत्नाम्बरपुष्पवज्रम् ।। ४६ ।।**
**स्त्रियः सुरूपाश्च कुजे सुवर्णरक्ताम्बरस्रङ्मणिविद्रुमाणि ।**
**बुधे हयस्वर्गतिधर्मवार्ता गुरौ रतिर्धर्मकथा सुरेक्षा ।। ४७ ।।**

भा०–लग्न नवांश या लग्न में सूर्य हो तो सूर्यबिम्ब, रक्तवस्त्र, अग्नि आदि दु:स्वप्न देखने में आता है । चन्द्रमा हो तो स्वच्छवस्त्र, श्वेतघोड़ा, रत्न, श्वेत, पुष्प, सुन्दर-स्त्री, तथा मङ्गल हो तो सोना, रक्तवस्त्र, माला, मणि, मूँगा, और बुध हो तो घोड़ा, स्वर्ग जाना, धर्म की बात, तथा गुरु हो तो रति, धर्मकथा, देवदर्शन आदि सुस्वप्न देखने में आता है ।। ४६-४७ ।।

**सद्बन्धुसङ्गश्च सिते जलानां पारे गतिर्देवरतिर्विलासः ।**
**शनावरण्याद्रिगतिश्च नीचैः सङ्गश्च राहौ शिखिनीत्थमेव ।। ४८ ।।**

भा०–लग्न के नवांश या लग्न में शुक्र हो तो मित्र का समागम, जल में तैरना, देवदर्शन, विलास और शनि हो तो वन या पर्वत में जाना, नीचों की सङ्गति स्वप्न देखने में आता है । राहु केतु से भी शनि के समान ही स्वप्न देखने में आता है ।। ४८ ।।

**सहजधीमदनायरिपुस्थितो यदि शशी गुरुभानुसितेक्षितः ।**
**नवमकेन्द्रेगते तु शुभग्रहे स्वबलया मनुजो रमते तदा ।। ४९ ।।**

भा०–दिनप्रवेशलग्न से ३, ५, ७, ११, ६, में चन्द्रमा हो और गुरु, रवि, शुक्र से दृष्ट हो अथवा नवम और केन्द्र में शुभग्रह हों तो स्वप्न में सुन्दर-स्त्रियों का समागम होता है ।। ४९ ।।

**आसीदसीमगुणमण्डितपण्डिताग्र्यो**
**व्याख्यद्भुजङ्गपगवीः श्रुतिवित्सुवृत्तः ।**
**साहित्यरीतिनिपुणो गणिकागमज्ञ-**
**श्चिन्तामणिर्विपुलगर्गकुतावतंसः ।। ५० ।।**
**तदात्मजोऽनन्तगुणोऽस्त्यनन्तो योऽधोक्सदुक्तिं किल कामधेनुम् ।**
**सत्तुष्टये जातकपद्धतिं च न्यरूपयद् दृष्टमतं निरस्य ।। ५१ ।।**
**पद्माम्बयासावि ततो विपश्चित् श्रीनीलकण्ठः श्रुतिशास्त्रनिष्ठः ।**
**विद्वच्छिवप्रीतिकरं व्यधासीत्समाविवेके मृगयावतंसम् ।। ५२ ।।**

भा०–इनके अर्थ पीछे अध्यायों में लिखे गये हैं ।। ५०-५२ ।।

**शाके नन्दाभ्रवाणेन्दु (१५०९) मित आश्विनमासके ।**
**शुक्लेऽष्टम्यां समातन्त्रं नीलकण्ठबुधोऽकरोत् ।। ५३ ।।**

भा०–शाके १५०९ आश्विन शुक्ल ८ को नीलकण्ठ ने वर्षतन्त्र को बनाया ।।

विशेष–मेषार्कप्रवेश से जो सकल साधारण जनता के वर्षेश फल पञ्चाङ्ग में लिखे जाते हैं, उस वर्षेश के ज्ञानार्थ प्रसङ्गवश विश्वनाथदैवज्ञ ने अपनी टीका में रामविनोद पञ्चाङ्गोधृत-प्रकार लिखा है । बहुत से टीकाकार उसको व्यक्तिविशेष का भी वर्षेश मानकर मूल श्लोक में ही मानने लग गये जो परम असङ्गत हैं ।

यथा मेषार्क से वर्षेश का ज्ञान प्रकार—

''भूः पञ्चचन्द्राः कुगुणाः कुरामाः सिद्धाः गताब्दैर्गुणिताः समेताः ।
खेनाब्धिदस्त्रैर्गुणलोचनैश्च तष्टा नगैरर्कमुखोऽब्दपः स्यात् ।।"

सं०–भू: पञ्चचन्द्रा: कुगुणा: कुरामा: सिद्धा: (१।१५।३१।३१।२४) गताब्दै रामविनोदोक्तगतवर्षैर्गुणिता:, खेन, अब्धिदस्त्रैर्गुणलोचनै: (०।२४।२३) समेता: = सहितास्ते च नगै: सप्तभिस्तष्टा: शेषमितोऽर्कमुखोरव्यादिकोऽब्दप:, मेषर्कतो वर्षपतिर्भवति ।।

भा०–१।१५।३१।३१।२४ दिनादि को रामविनोदीयपञ्चाङ्गसिद्ध–गतवर्ष संख्या से गुणाकर गुणनफल में ०।२४।२३ दिनादि जोड़कर ७ का भाग देने से जो शेष बचे उतने रव्यादि गणना से जो वारेश हो वह वर्षपति होता है ।

इस वर्षपति का फल प्रत्येक व्यक्ति की अपनी-अपनी जन्मराशि और जन्मलग्न से भिन्न-भिन्न होता है । इसका प्रयोजन व्यक्ति विशेष वर्षफल में नहीं होता है । वह तो पञ्चाङ्गकार अपने-अपने पञ्चाङ्ग में स्वस्वदेशोपयोगी वर्षेश लिखा ही करते हैं । जो मेषार्क से अगले मेषार्क तक का होता है ।।

उसी का प्रकारान्तर—

''अब्दौगत: शैलनखैर्विनिघ्नात् पुनर्मनुघ्नं गतवर्षवृन्दम् ।
शराब्धिभक्तं घटिकादिलब्धं युतं नमोऽश्व्यग्नियुतात्सखेभै: ।।
हृताद्दिनाद्यं गतवर्षयुक्तं सप्तोद्धृतं मेषमुखेऽब्दप:* स्यात् ।।''

भा०–गतवर्ष संख्या को २०७ से गुणा करें, फिर गतवर्ष को १४ से गुणाकर ४५ का भाग देकर लब्धि को पूर्व गुणनफल में मिलावें, और उसी में ३२० जोड़कर ८०० का भाग देकर लब्धि दिनादि को गतवर्ष संख्या में जोड़कर उसमें ७ का भाग देने से जो शेष दिनादि बचे वह मेषार्क संक्रमणकालिक रवि आदि गणना से वर्षपति समझें ।।''

इस प्रकार से इष्टशाके में १५१२ घटाकर गत वर्ष होते हैं । क्योंकि शाके १५१२ में यह प्रकार बनाया गया है । वहाँ भ्रमवश जन्म से गतवर्ष संख्या लेना और उससे वर्षेश बनाना असङ्गत है । इसलिये मैंने इस प्रकार को मूल ग्रन्थों से पृथक् कर दिया है ।

इसकी उपपत्ति यह है कि 'रामविनोद' कार ने वर्ष में सावन दिनादि ३६५।१५।३१।३१।२४ स्वीकार कर इसको ७ से तष्टित कर एक वर्ष के

दिनादि १।१५।३१।३१।२४ इसको गतवर्ष से गुणाकर ग्रन्थारम्भ (१५१२ शके) में दिनादि ०।२४।२३ क्षेपक जोड़कर फिर ७ का भाग देकर शेष तुल्य रव्यादि वर्षपति समझा जाता है ।

इति गूढ़ार्थप्रकाशिकासहितनीलकण्ठ्यां वर्षतन्त्रम् ।। ७ ।।

**अथ प्रश्नतन्त्रम् ।**

प्रश्न विचार का प्रयोजन और प्रश्न करने की रीति—

**दैवज्ञतो हि दैवेन सदसत्फलवाञ्छया ।**
**अवश्यं गोचरे मर्त्यः सर्वः समुपनीयते ।। १ ।।**
**अश्रौषीच्च पुरा विष्णोर्ज्ञानार्थे समुपस्थितः ।**
**वचनं लोकनाथोऽपि ब्रह्मा प्रश्नादिनिर्णयम् ।। २ ।।**
**तस्मान्नृपः कुसुमरत्नफलाग्रहस्तः**
**प्रातः प्रणम्य वरयेदपि प्राङ्मुखस्थः ।**
**होराङ्गशास्त्रकुशलान् हितकारिणश्च**
**संहृत्य दैवगणकान् सकृदेव पृच्छेत् ।। ३ ।।**

भा०–मनुष्य प्रारब्ध के द्वारा शुभ अशुभ फल जानने की इच्छा से दैवज्ञ (फलितवेत्ता, ज्योतिष) के पास जाकर उनसे समय-समय में होनेवाला अपना समस्त फल समझ सकता है । सुना जाता है कि पूर्व समय में स्वयं लोकनाथ ब्रह्मा भी प्रश्ननिर्णय ज्ञान करने के लिए विष्णु के समीप गये थे । इसलिये राजा आदि समस्तजन फल-फूल, द्रव्य आदि लेकर जातकशास्त्र में पारङ्ग और अपने हितैषी से प्रातः (पूर्वाह्न) समय में प्रणाम करके जो कुछ पूछना हो एक बार पूछे ।। १-३ ।।

प्रश्नोत्तर करने का अधिकारी—

**★दशभेदग्रहगणितं जातकमवलोक्य निरवशेषमपि ।**
**यः कथयति शुभमशुभं तस्य न मिथ्या भवेद्वाणी ।। ४ ।।**

भा०–दीप्तादिदश अवस्थाभेद से दश प्रकार के जो ग्रह हैं, उन ग्रहों के गणित और समस्त जातकशास्त्र का अवलोकन करनेवाला जो शुभाशुभ फल कहता है उसकी वाणी मिथ्या नहीं होती है ।। ४ ।।

★प्राचीन प्रकाशित पुस्तकों में लेखक और संशोधक के प्रमाद से ''देशभेद'' कहीं ''दशाभेद'' इस प्रकार के अशुद्ध पाठ हैं । यहाँ वास्तव–''दशभेदग्रहगणितं'' यही पाठ समीचीन है। अर्थात् दीप्तादि अवस्था भेद से १० प्रकार के भेद हैं जिनके, ऐसे ग्रहों का गणित । यहाँ ''दश भेदा येषां ते च ते ग्रहश्चेति दशभेदग्रहास्तेषां गणितमिति दशभेदग्रहगणितम्'' इस प्रकार बहुव्रीहि समास है ।

श्रद्धायुक्त विनय पूर्वक पूछनेवालों को ही शुभाशुभ फल कहने का आदेश–

**विनयावनताय दीयमाना ।**

**प्रभवेत्कल्पलतेव सत्फलायेति ।। ५ ।।**

भा०–जो विनय से नम्र होकर पूछनेवाले का प्रश्नोत्तर कहते हैं उनकी विद्या कल्पलता के तुल्य सत्यफल बताने वाली होती है ।। ५ ।।

श्रुति प्रमाण—

**विद्या ह वै ब्राह्मणमाजगाम गोपाय मां शेवधिष्टेऽहमस्मि ।**

**असूयकायानृजवे शठाय न माम् ब्रूया वीर्यवती तथा स्यामिति ।। ६ ।।**

भा०–ब्राह्मणों से विद्या कहती है कि–मैं तुम्हारी निधि (रक्षणीय सम्पत्ति) हूँ, तुम मेरी रक्षा करो । असूयक, कुटिल, धूर्त इन लोगों के यहाँ मेरा प्रचार नहीं करो, क्योंकि इस प्रकार मैं बलवती होती हूँ ।। ६ ।।

प्रश्न करनेवाला साधु है या कुटिल उसका ज्ञान—

**ऋजुरयमनृजुर्वाऽयं प्रष्टा पूर्वं परोक्ष्य लग्नबलात् ।**

**नणकेन फलं वाच्यं दैवं तच्चित्तगं स्फुरति ।। ७ ।।**

भा०–ज्योतिषी को चाहिए कि पूछनेवाला साधु है या कुटिल ? यह प्रश्नलग्न से पहिले समझकर ही फल कहे । ऐसा करने से हृदय में द्रष्टा के प्रारब्ध फल स्फुरित होते हैं ।। ७ ।।

उदाहरण—

**लग्नस्थे शशिनि शनौ केन्द्रस्थे ज्ञे दिनेशरश्मिगते ।**

**भौमज्ञयोः समदृशा लग्नगचन्द्रेऽनृजुः प्रष्टा ।। ८ ।।**

**लग्ने शुभग्रहयुते सरलः क्रूरान्विते भवेत्कुटिलः ।**

**लग्नेऽस्ते सौम्यदृशा विधुगुरुदृष्ट्या च सरलोऽयम् ।। ९ ।।**

**यदि गुरुबुधयोरेकः पश्यत्यस्ताधिपञ्च रिपुदृष्ट्या ।**

**तत्कुटिलः प्रष्टा खल्वनयोरेकस्तयोः साधुः ।। १० ।।**

भा०–जैसे लग्न में चन्द्रमा, केन्द्र में शनि, बुध सूर्य के साथ अस्त हो वा मङ्गल और बुध की समदृष्टि लग्न या चन्द्रमा पर हो तो प्रश्नकर्त्ता को कुटिल

समझना । पापग्रह हों तो कुटिल तथा लग्न और सप्तमभाव पर बुध, चन्द्र, गुरु की दृष्टि हो तो साधु, एवं बुध या बृहस्पति एक भी सप्तमेश को शत्रुदृष्टि से देखता हो तो कुटिल, यदि बुध गुरु में से एक भी उन दोनों (लग्न या सप्तम) में हो तो साधु समझना ।। ८-१० ।।

यदि एक ही साथ बहुत प्रश्न हो तो उत्तर कहने का आदेश—

**आदिमं लग्नतो ज्ञानं चन्द्रस्थानाद्द्वितीयकम् ।**
**सूर्यस्थानात्तृतीयं स्यात्तुर्यं जीवगृहाद्भवेत् ।। ११ ।।**
**बुधभृग्वोर्बली यः स्यात्तद्गृहात्पञ्चमं पुनः ।**
**किन्त्वेवं नैव युक्तं स्याद् वराहादेरसम्मतात् ।। १२ ।।**

भा०–अनेक प्रश्न हों तो प्रथम लग्न से, द्वितीय चन्द्रमा से, तृतीय सूर्य से, चतुर्थ बृहस्पति से, और पञ्चम शुक्र बुध में जो बली हो उससे कहना चाहिए। ऐसा किसी ने कहा, किन्तु वराहादि आचार्यों के असम्मत होने के कारण यह युक्त नहीं है । अर्थात् एक समय में एक ही प्रश्न का उत्तर कहना चाहिए।।११-१२।।

जैसे ज्ञानमुक्तावली में कहा है—

**सम्यग्विचार्य लग्नं प्रयात्प्रश्नं सकृद्यथा शास्त्रम् ।**
**यस्त्वेकं ब्रूतेऽसौ तस्य न मिथ्या भवेद्वाणी ।। १३ ।।**

भा०–जो शास्त्रानुसार प्रश्नलग्न को अच्छी तरह विचार कर एक प्रश्न का एक ही उत्तर कहता है, उसकी वाणी मिथ्या नहीं होती है ।। १३ ।।

तथा प्रश्नचिन्तामणि में भी-प्रश्न पूछने की विधि—

**राशिचक्रं समभ्यर्च्यं फलैः पुष्पैः सरत्नकैः ।**
**प्रष्टा सुभूमौ दैवज्ञानेकं पृच्छेत्प्रयोजनम् ।। १४ ।।**

भा०–प्रश्नकरनेवाला फल, पुष्प, और यथाशक्ति द्रव्य से भूमि पर ग्रह और नक्षत्रों का पूजन करके ज्योतिषी से एक समय में किसी एक ही प्रयोजन का प्रश्न पूछे ।। १४ ।।

**दशभेदग्रहाणां च गणितं भावजं तथा ।**
**विमृश्यैकञ्च कथयेन्नानेकं प्राह पद्मभूरिति ।। १५ ।।**

भा०–दशप्रकार के ग्रह और भावों को समझकर एक ही प्रश्न का उत्तर ज्योतिषी कहे । क्योंकि ग्रहों के दीप्त आदि दशभेदों को और भावबल को समझकर जो फल कहता है, वह अन्यथा नहीं होता है, ऐसा ब्रह्मा ने कहा है।।१५।।

दीप्त आदि दश भेदों के नाम और लक्षण—

**दीप्ताद्यं दशभेदं च ग्रहाणां भांशजं फलम् ।**
**विचार्य प्रवदेद्यस्तु तस्योक्तं नाऽन्यथा भवेत् ।। १६ ।।**
**दीप्तौ दीनोऽथ मुदितः स्वस्थः सुप्तो निपीडितः ।**
**मुषितः परिहीनश्च सुवीर्यश्चाधिवीर्यकः ।। १७ ।।**
**स्वोच्चे दीप्तः समाख्यातो नीचे दीनः प्रकीर्तितः ।**
**मुदितो मित्रगेहस्थः स्वस्थश्च स्वगृहे स्थितः ।। १८ ।।**
**शत्रुगेहस्थितः सुप्तो जितोऽन्येन निपीडितः ।**
**नीचाभिमुखगो हीनो मुषितोऽस्तङ्गतो ग्रहः ।। १९ ।।**
**सुवीर्यः कथितः प्राज्ञैः स्वोच्चाभिमुखसंस्थितः ।**
**अधिवीर्यो निगदितः सुरश्मिः शुभवर्गजः ।। २० ।।**

भा०–दीप्त, दीन, मुदित, स्वस्थ, सुप्त, निपीड़ित, मुषित, परिहीन, सुवीर्य और अधिवीर्य ये ग्रहों के दश भेद होते हैं ।। इनके लक्षण ये हैं कि ग्रह अपने उच्च में दीप्त १, नीच में दीन २, मित्रराशि में मुदित ३, स्वराशि में स्वस्थ ४, शत्रु राशि में सुप्त ५, दूसरे से पराजित निपीड़ित ६, उच्च से आगे नीच की तरफ जानेवाला हीन ७, अस्तङ्गत मुषित ८, उच्चाभिमुख जानेवाला सुवीर्य ९, शुभग्रहों के वर्ग में और अधिक रश्मिवाला ग्रह अधिवीर्य १० कहलाता है ।। १६-२० ।।

दीप्तादि ग्रहों से कार्य में शुभाशुभ फल—

**दीप्ते सिद्धिश्च कार्याणां दीने दुःखसमागमः ।**
**स्वस्थे कीर्तिस्तथा लक्ष्मीरानन्दो मुदिते महान् ।। २१ ।।**
**सुप्ते रिपुभयं दुःखं धनहानिर्निपीडिते ।**
**मुषिते परिहीने च कार्यनाशोऽर्थसंक्षयः ।। २२ ।।**
**गजाश्वकनकावाप्तिः सुवीर्ये रत्नसम्पदः ।**
**अधिवीर्ये राज्यलब्धिर्ग्रहे मित्रार्थसङ्गमः ।। २३ ।।**

भा०–कार्याधीश दीप्त हो तो कार्यसिद्धि, दीन हो तो दुःख, स्वस्थ हो तो कीर्ति धनलाभ, मुदित हो तो आनन्द, सुप्त हो तो शत्रुभय, निपीड़ित हो तो धनहानि, मुषित हो तो कार्यनाश, परिहीन हो तो अर्थनाश, सुवीर्य हो तो हाथी, घोड़े, सुवर्ण, रत्न की प्राप्ति और अधिवीर्य हो तो राज्यलाभ, मित्र और धन का लाभ होता है ।। २१-२३ ।।

फल कहने में उपयुक्त ग्रहों के स्वरूप—

**(र)-पूर्वः सत्त्वं नृपस्तातः क्षत्रं ग्रीष्मोऽरुणश्चलः ।**
**मधुदृक् पैत्तिको धातुः शूरःसूक्ष्मकचो रविः ।। २४ ।।**

भा०–पूर्वदिशा का स्वामी, सात्त्विक, राजा, पिता, क्षत्रिय, ग्रीष्मऋतु का स्वामी, चञ्चल, मधु समान दृष्टि वाला, पित्त-प्रकृति, धातु, संग्रामप्रिय, थोड़े केशवाला सूर्य है ।। २४ ।।

**(च)-कफी वर्षा मृदुर्माता पयो गौरश्च सात्त्विकः ।**
**जीवो वैश्यश्चरो वृत्तो मारुतांशो विधुः सुदृक् ।। २५ ।।**

भा०–कफ-प्रकृति, वर्षा ऋतु का स्वामी, मृदु, माता, जल तत्त्व, गौरवर्ण, सात्त्विक, जीव, वैश्य, चर, गोलाकार, वातप्रकृति, सुन्दर नेत्रवाला चन्द्रमा है ।।

**(मं)-ग्रीष्मः क्षत्रतमो रक्तो याम्यः सेनाग्रणीश्चरः ।**
**युवा धातुश्च पिङ्गाक्षः क्रूरः पित्तं शिखी कुजः ।। २६ ।।**

भा०–ग्रीष्म ऋतु, क्षत्रिय, तमोगुणी, लालवर्ण, दक्षिण दिशा का स्वामी, सेनापति, चर, युवा, धातु, पिङ्गलनेत्र, क्रूर, पित्तप्रकृति और अग्नितत्त्व वाला मङ्गल है ।। २६ ।।

**(बु)-शरदीशो हरिद्दीर्घः षण्ढो मूलं कुमारकः ।**
**लिपिज्ञ उत्तरेशश्च शूद्रः सौम्यस्त्रिधातुजः ।। २७ ।।**

भा०–शरद् ऋतु का स्वामी, हरितवर्ण, लम्बा कद, नपुंसक, मूलों का स्वामी, राजकुमार, लेखक, उत्तरदिशा का स्वामी, शूद्रवर्णाधिप, शुभ और कफ पित्त वात तीनों प्रकृतिवाला बुध है ।। २७ ।।

**(गु)-सत्त्वं वित्तो हिमः श्लेष्मा दीर्घो मन्त्री द्विजो नरः ।**
**मध्यैशानी सुधार्जीवो मधुपिङ्गलदृक् तथा ।। २८ ।।**

भा०–'सात्त्विक' धातु, हेमन्त ऋतु का स्वामी, कफ प्रकृति, लम्बा कद, मन्त्री, ब्राह्मण, पुरुष, मध्यवयस, ईशान कोण का स्वामी, बुद्धिमान्, और मधु समान पिङ्गल दृष्टिवाला गुरु है ।। २८ ।।

**(शु)-शुक्रः शान्तो द्विजो नारी सुखी मन्त्री चरः सित ।**
**आग्नेयी दिक्कफश्चाम्लः कुटिलासितमूर्धजः ।। २९ ।।**

भा०–शान्त स्वभाव (सात्त्विक), ब्राह्मण, स्त्री, ग्रह, सुखी, मन्त्री, चर, श्वेतवर्ण, अग्निदिक् स्वामी, कफ-प्रकृति, अम्लरस-प्रिय और काले घुँघराले बालवाला शुक्र है ।। २९ ।।

**(श)-कृष्णस्तमः कृशो वृद्धः षण्ढो मूलान्त्यजोऽलसः ।**
**शिशिरः पवनः क्रूरः पश्चिमो वातुलः शनिः ।। ३० ।।**

भा०–कृष्णवर्ण, तामसी, कृश, वृद्ध, नपुंसक, मूल का स्वामी, नीच जाति का स्वामी, आलसी, शिशिरऋतु का स्वामी, वायुतत्त्व, पापग्रह, पश्चिम दिशा का स्वामी, वात-प्रकृति वाला शनि है ।। ३० ।।

**(रा)-राहुर्धातुः शिखी मूलं शेषमन्यच्च मन्दवत् ।**

**चिन्तनीयं विलग्नेशात् केन्द्रगाद्वा बलाधिकात् ।। ३१ ।।**

भा०–राहु धातु और केतु मूल है और शेष स्वरूप शनि के समान है । इस प्रकार प्रश्नादि कालिक से, वा केन्द्र-गत ग्रह से केन्द्र में अधिक ग्रह हो तो बली ग्रह से जातक और चोर आदि का स्वरूप समझना ।। ३१ ।।

किस प्रश्न का किस भाव से विचार करना चाहिए सो कहते हैं—

**सौख्यमायुर्वयो जातिरारोग्यं लक्षणं गुणम् ।**

**क्लेशाकृती रूपवर्णास्तनोश्चिन्त्या विचक्षणैः ।। ३२ ।।**

भा०–सुख, आयु, वयस, जाति आरोग्य, लक्षण, गुण, दु:ख, आकार, स्वरूप, वर्ण, इन विषयों का प्रश्न हो तो लग्न से विचार करना चाहिए ।।३२।।

**मुक्ताफलश्च माणिक्यं रत्नधातुधनाम्बरम् ।**

**सुहृत्कार्याध्वविज्ञानं वित्तस्थानाद्विलोकयेत् ।। ३३ ।।**

भा०–मोती, माणिक्य, रत्न, धातु, धन, वस्त्र, मित्र का कार्य, मार्ग का विचार ये द्वितीयभाव से विचारणीय हैं ।। ३३ ।।

**भगिनीभ्रातृभृत्यानां दासकर्मकृतामपि ।**

**कुर्वीत वीक्षणं विद्वान् सम्यग्दुश्चिक्यवेश्मतः ।। ३४ ।।**

भा०–बहन, भाई और नौकरों का विचार तृतीयभाव से करना चाहिए।।३४।।

**वाटिका-खलक-क्षेत्र-महौषधि-निधीमपि ।**

**विवरादिप्रवेशं च पश्येत्पातालपो बुधः ।। ३५ ।।**

भा०–बगीचा, खलिहान, खेती, औषधि, निधि (गड़ा हुआ धन), गुहा आदि में प्रवेश करना ये चतुर्थभाव से देखना ।। ३५ ।।

**गर्भापत्यविधिनाञ्च मन्त्रसन्धानयोरपि ।**

**विद्याबुद्धिप्रबन्धानां सुतस्थाने विनिर्णयः ।। ३६ ।।**

भा०–गर्भ, सन्तान, मन्त्र (रहस्य विचार), मैत्री, विद्या, बुद्धि आदि पञ्चमभाव से देखना ।। ३६ ।।

**चौरभीरिपुसंग्रामखरोष्ट्रक्रूरकर्मणाम् ।**
**मातुलातङ्कभृत्यानां रिपुस्थानाद्विनिर्णयः ।। ३७ ।।**

भा०–चोरभय, शत्रु, संग्राम, गदहा, ऊँट, क्रूरकार्य, मामा, आतङ्क, नौकर ये षष्ठभाव से देखना ।। ३७ ।।

**वाणिज्यं व्यवहारं च विवादं च समं परैः ।**
**गमाऽऽगमकलत्राणि पश्येत्प्राज्ञः कलत्रतः ।। ३८ ।।**

भा०–वाणिज्य, व्यवहार, दूसरों से विवाद, गमन, आगमन, स्त्री इन सब को सप्तमभाव से देखना ।। ३८ ।।

**नद्युत्तारेऽध्ववैषम्ये दुर्गे शात्रवसङ्कटे ।**
**नष्टे दुष्टे रणे व्याधौ छिद्रे छिद्रं निरीक्षयेत् ।। ३९ ।।**

भा०–नदी से पार उतरना, रास्तों की विषमता, दुर्ग, शत्रु से संकट, नष्टवस्तु, रण, रोग और छिद्र ये अष्टमभाव से विचारना ।। ३९ ।।

**वापी-कूप-तडागादिप्रपा-देवगृहाणि च ।**
**दीक्षां यात्रां मठं धर्मं धर्मान्निश्चिन्त्य कीर्तयेत् ।। ४० ।।**

भा०–बावड़ी, कूप आदि जलाशय, देवमन्दिर, दीक्षा, यात्रा, मठ और धर्म ये नवभाव से विचारना ।। ४० ।।

**राज्यं मुद्रां परं पुण्यं स्थानं तातं प्रयोजनम् ।**
**वृष्ट्यादिव्योमवृत्तान्तं व्योमस्थानान्निरीक्षयेत् ।। ४१ ।।**

भा०–राज्य, रुपया-पैसा, उत्कृष्ट पुण्य, स्थान, पिता, वर्षा आदि आकाश का विचार दशमभाव से करना ।। ४१ ।।

**गजाश्वयानवस्त्राणि सस्य-काञ्चन-कन्यकाः ।**
**विद्वान् विद्यार्थयोर्लाभं लक्षयेल्लाभभावतः ।। ४२ ।।**

भा०–हाथी, घोड़ा आदि सवारी, वस्त्र, अन्न, सुवर्ण, कन्या, विद्या और धन का लाभ एकादशभाव से देखना ।। ४२ ।।

**त्याग-भोग-विवादेषु दानेष्टकृषिकर्मसु ।**
**व्यवस्थानेषु सर्वेषु विद्धि विद्वन् ! व्ययं व्ययात् ।। ४३ ।।**

भा०–त्याग, भोग, विवाद, दान, कृषिकर्म आदि प्रत्येक विषय में व्यय का विचार द्वादशभाव से करना चाहिए ।। ४३ ।।

इति गढ़ार्थप्रकाशिकासहित-नीलकण्ठ्यां प्रश्नविचाराध्यायः ।। १ ।।

**अथ भावप्रश्नाध्यायः ।**

भावों से कार्य सिद्धि-असिद्धि का ज्ञान—

**यो यो भावः स्वामिदृष्टो युतो वा सौम्यैर्वा स्यात्तस्य तस्यास्ति वृद्धिः ।**
**पापैरेवं तस्य भावस्य हानिर्निर्देष्टव्या पृच्छतो जन्मतो वा ।। १ ।।**
**सौम्ये विलग्ने यदि वा स्ववर्गे शीर्षोदये सिद्धिमुपैति कार्यम् ।**
**अतो विपर्यस्तमसिद्धिहेतुः कृच्छ्रेण संसिद्धिकरं विमिश्रम् ।। २ ।।**

भा०–जो भाव अपने स्वामी या शुभग्रह से दृष्ट और युत हो उस भाव की वृद्धि, और जो भाव पापग्रह से दृष्ट युत हो उस भाव की हानि होती है । जैसे–उदाहरण कहते हैं कि–प्रश्नलग्न में शुभग्रह हों, या अपना वर्ग हो, या शीर्षोदय राशि का लग्न हो तो कार्यसिद्धि होती है । इससे विपरीत (पापग्रह से युत या पापवर्ग लग्न में) हो तो कार्य सिद्धि नहीं होती है । मिश्रग्रह हो तो यत्न से सिद्धि कहना ।। १-२ ।।

**लग्नपतिर्यदि लग्नं कार्याधिपतिश्च वीक्षते कार्यम् ।**
**लग्नाधीशः कार्यं कार्येशः पश्यति विलग्नम् ।। ३ ।।**
**लग्नेशः कार्येशं विलोकयेल्लग्नपं तु कार्येशः ।**
**शीतगुदृष्टौ सत्यां परिपूर्णा कार्यसंसिद्धि ।। ४ ।।**

भा०–लग्नेश लग्न को, कार्येश कार्यभाव को देखे, अथवा लग्नेश कार्यभाव को और कार्येश लग्न को देखे, अथवा लग्नेश कार्येश को और कार्येश लग्नेश को देखे । तथा उन पर चन्द्रमा की दृष्टि (अर्थात् कम्बूलयोग) हो तो पूर्णरूप से कार्यसिद्धि होती है । अर्थात् चन्द्रमा की दृष्टि नहीं हो तो थोड़ा कार्य सिद्ध होता है ।। ३-४ ।।

कार्यसिद्धि में न्यूनाधिकता कल्पना की युक्ति—

**कथयन्ति पादयोगं पश्यति सौम्यो न लग्नपो लग्नम् ।**
**लग्नाधिपं च पश्यति शुभग्रहश्चार्धयोगोऽत्र ।। ५ ।।**
**एकः शुभो ग्रहो यदि पश्यति लग्नाधिपं विलग्नं वा ।**
**पादोनयोगमाहुस्तदा बुधा कार्यसंसिद्धौ ।। ६ ।।**

**लग्नपतौ दृष्टे सति शुभग्रहौ द्वौ त्रयोऽथवा लग्नम् ।**
**पश्यन्ति यदि तदानामाहुर्योगं त्रिभागोनम् ।। ७ ।।**
**क्रूरावेक्षणवर्ज्यश्चन्द्रः सौम्यश्च खेचरा लग्नम् ।**
**लग्नेशदर्शने सति पश्यन्तः पूर्णयोगकराः ।। ८ ।।**
**क्रूराक्रान्तः क्रूरयुतः क्रूरदृष्टश्च यो ग्रहः ।**
**विरश्मितां प्रपन्नश्च सोऽनिष्टफलदायकः ।। ९ ।।**

भा०–लग्न को शुभग्रह देखता हो और लग्नेश नहीं देखता हो तो एक चरण कार्य की सिद्धि कहना । यदि लग्न और लग्नेश दोनों को शुभग्रह देखता हो तो आधे कार्य की सिद्धि कहना । एक शुभग्रह यदि लग्नेश को या लग्न को देखे तो पादोन (३ चरण) योग समझना । लग्नेश को देखते हुए दो या तीन शुभग्रह लग्न को भी देखें तो त्रिभागोन कार्यसिद्धि समझना । चन्द्रमा पर पापग्रह की दृष्टि न हो और शुभग्रह तथा लग्नेश लग्न को देखें तो पूर्णयोगकारक होते हैं। जो ग्रह पापग्रह से आक्रान्त हो, पापग्रह से युत, दृष्ट या रश्मिहीन हो तो वह अशुभ फल देता है ।। ५-९ ।।

समरसिंहोक्त उदाहरण—

**अमुकं गदेति कार्यं कदा भविष्यत्यमुत्र पृच्छायाम् ।**
**लग्नाधिपतिः कार्य लग्नं कार्याधिपः पश्येत् ।। १० ।।**
**लग्नस्थः कार्येशः पश्यति चेल्लग्नप तदैव भवेत् ।**
**तत्कार्य यद्यन्यस्थितं तदा सत्वरं न स्यात् ।। ११ ।।**
**पश्यति तथा च लग्नं द्रक्ष्यति चन्द्रं विलग्नपं च यदा ।**
**लग्ने कार्ये च यदा द्वयोश्च योगे तदा सिद्धिः ।। १२ ।।**
**यदि लग्नपं न पश्यति कार्याधीशो विलग्नमथ तस्य ।**
**कार्यस्य हानिरुक्ता लग्नमृते किमपि नो वाच्यम् ।। १३ ।।**

भा०–''मेरा अमुक कार्य कब होगा ?" इस प्रकार के प्रश्न में यदि लग्नेश कार्यभाव को और कार्येश लग्न को देखे वा लग्न में स्थित कार्येश को देखे तो अपने अधीन का कार्य बहुत शीघ्र होता है । यदि कार्य दूसरे के हाथ में हो तो विलम्ब से होता है । लग्न या कार्यभाव में स्थित कार्येश यदि लग्न को,

चन्द्र को और लग्नेश को देखता हो अथवा दोनों का योग हो तो कार्यसिद्धि कहना । यदि लग्न या लग्नेश को कार्येश न देखे तो कार्य की हानि होती है । बिना लग्नबल देखे कुछ भी नहीं कहना चाहिए ।। १०-१३ ।।

ताजिक प्रश्नतन्त्रोक्त प्रत्येक भावविषयक प्रश्न निरूपण—

**भूतं भवद्भविष्यन्मम किं कथयेति जातपृच्छायाम् ।**
**लग्नपतेः शशिनो वा बलमन्वेष्यं बलाभावे ।। १४ ।।**
**दृष्ट्वा नवांशकबलं शुभदृग्योगं च सर्वकालेषु ।**
**प्रष्टुः शुभमादेश्यं विपरीतं व्यत्ययादेवम् ।। १५ ।।**

भा०–''भूत, भविष्य या वर्तमान समय का फल कैसा है ?" इस प्रकार के प्रश्न में लग्नेश और चन्द्रमा का बल देखना चाहिए, दोनों बली हों और उन पर शुभग्रह की दृष्टि या योग हो तो तीनों काल में शुभफल कहना । यदि लग्नेश और चन्द्रमा निर्बल हों तथा दोनों के नवांश यदि शुभग्रह से दृष्ट युत हों तो भी सब समय में शुभ कहना । अन्यथा (पापग्रह से युत दृष्ट हो, निर्बल हो तो) अशुभ फल कहना ।। १४-१५ ।।

भूत-भविष्य वर्तमान कहने का विचार—

**लग्नेशो मूसरिफो यस्मादस्मादतीतमाख्येयम् ।**
**येन युतस्तस्माद्भवदेष्यं यो यो विक्ष्यते तस्मात् ।। १६ ।।**

भा०–लग्नेश को जिस भावेश से मूसरीफ योग हो उससे भूतफल, जिससे इत्थशाल वर्तमान हो उससे वर्तमान फल और जिससे इत्थशाल होनेवाला (भविष्यत् इत्थशाल) हो उससे भविष्यफल कहना । उदाहरण आगे स्पष्ट है ।।

लग्नभाव (देह-सम्बन्धी) प्रश्नफल निरूपण—

**यदि लग्ने लग्नपतिः सौम्ययुतो वा विलोकितः सौम्यैः ।**
**तत्प्रष्टुर्व्याकुलता शरीरदोषा विनश्यन्ति ।। १७ ।।**
**पापो यदि लग्नपतिस्तदा कलिव्याधिधननाशाः ।**
**सौम्ये निर्वृतिबुद्धिर्द्रव्याप्तिः सौख्यमतुलं च ।। १८ ।।**

भा०–देह-सम्बन्धी प्रश्न में लग्नेश यदि लग्न में हो शुभग्रह से युक्त या दृष्ट हो तो प्रश्नकर्त्ता के शरीर की विफलता और सब प्रकार का दोष (क्लेश आदि) नाश होता है । यदि लग्नेश पापी हो और पाप ग्रह से युत दृष्ट हो तो कलह, रोग और धनहानि समझना । यदि लग्नेश पाप होकर भी शुभग्रह से युत दृष्ट हो तो निष्पन्न बुद्धि, धनागम और सुख कहना चाहिए ।। १७-१८ ।।

द्वितीयभाव (धन) सम्बन्धी प्रश्न—

**धनलाभस्य प्रश्ने लग्नेशेनेन्दुनाऽथ धननाथः ।**
**कुरुते यदीत्थशालं शुभयुतिदृष्ट्या भवेल्लाभः ।। १९ ।।**
**क्रूरग्रहैर्धनस्थैर्दूरे लाभोऽन्यदप्यशुभम् ।**
**क्रूरमुथशिले धनेशे प्रष्टा म्रियतेऽथवा विलग्नेशे ।। २० ।।**

भा०–धन लाभादि द्वितीयभावसम्बन्धी प्रश्न में धनेश यदि लग्नेश और चन्द्रमा से इत्थशाल करता हो और शुभग्रह से युत दृष्ट हो तो धन का लाभ कहना । यदि पापग्रह धनभाव में हो तो धनलाभ तो दूर रहता है, परञ्च और भी अनेक प्रकार का अशुभ फल होता है । यदि धनेश या लग्नेश को पापग्रह से मुथशीलयोग हो तो प्रश्नकर्त्ता का मरण समझना ।। १९-२० ।।

किसके द्वारा धन लाभ होगा उसका निरूपण—

**लग्नधनपेत्थशाले मन्दगतिर्यत्र भावानाम् ।**
**तनुधनसहजादीनां प्रष्टुस्तद्द्वारतो लाभः ।। २१ ।।**

भा०–लग्नेश और धनेश को इत्थशाल हो तथा इन दोनों में जो मन्दगति हो वह तनु, धन, सहज, बन्धु आदि भावों में से जिस भाव में हो उसके द्वारा (अर्थात् लग्न में हो तो अपने द्वारा, द्वितीयभाव में हो तो धन और कुटम्बियों के द्वारा, तृतीयभाव में हो तो सहोदरों के द्वारा, चतुर्थ में हो तो माता या मित्रादिकों के द्वारा) धनलाभ समझना ।। २१ ।।

प्रश्नदीपकोक्तविचार—

**लग्नस्थं चन्द्रजं चन्द्रः क्रूरो वा यदि पश्यति ।**
**धनलाभो भवत्याशु किन्त्वनर्थोऽपि पृच्छतः ।। २२ ।।**
**चन्द्रलग्नधनाधीशा दृष्टा युक्ताः परस्परम् ।**
**धनकेन्द्रत्रिकोणस्थाः सद्यो लाभकराः स्मृताः ।। २३ ।।**
**शुभदस्वामिषड्वर्गे लग्ने सौम्ययुतेक्षिते ।**
**प्रष्टुस्तात्कालिकी लब्धिरलब्धिस्तु विपर्यये ।। २४ ।।**
**चतुर्थे सप्तमे चन्द्रे खे रवौ लग्नपे शुभे ।**
**प्रष्टुः सद्योऽर्थलाभः स्याल्लग्ने वा सुरमन्त्रिणि ।। २५ ।।**

भा०–लग्न में बुध हो उसे चन्द्रमा या पापग्रह देखता हो तो प्रश्नकर्ता को धन लाभ तो होता है परञ्च अन्य प्रकार से अशुभ भी होता है । चन्द्र, लग्नेश और धनेश ये यदि परस्पर युक्त दृष्ट हों और केन्द्र त्रिकोण में हों तो शीघ्र धन लाभ होता है । लग्न में शुभग्रह या अपने स्वामी का षड्वर्ग हो और शुभग्रह से युत दृष्ट हों तो तत्काल ही में धन लाभ होता है । अन्यथा लाभ नहीं होता है । चतुर्थ या सप्तम में चन्द्रमा हो, दशम में रवि हो और लग्न में शुभग्रह हों तो इस योग में शीघ्र धन लाभ कहना । अथवा केवल बृहस्पति मात्र लग्न में हो तो भी शीघ्र धन लाभ होता है ।। २२-२५ ।।

तृतीयभाव (सहोदर आदि) सम्बन्धी प्रश्ननिरूपण—

**सहजपतिर्यदि सहजं पश्यति चेत्तद्द्वयं शुभैर्दृष्टम् ।**
**तद्भ्रातरो गतरुजः स्वस्थाः क्रूरेक्षणे वामम् ।। २६ ।।**
**यदि सहजपतिःषष्ठे तत्पतिना मुथशिलेऽथ तन्मान्द्यम् ।**
**षष्ठेशे सहजस्थे सहजपतौ क्रूरिते वाऽपि ।। २७ ।।**
**सूर्यस्य रश्मिसंस्थे भयावहं प्रष्टुरादेश्यम् ।**
**षष्ठाष्टमभावेशौ यद्भावेशेत्थशालिनौ स्याताम् ।। २८ ।।**

**पीडां तस्य प्रवदेत्षष्ठाष्टमसंस्थिते वाऽपि ।**
**एवं सर्वे भावाः पित्रोस्तुर्ये सुते सुतानां च ।। २९ ।।**
**रिपौ चतुष्पदवर्गस्यास्ते स्त्रीणां च सुहृदौ ये ।**

भा०–तृतीयेश यदि तृतीय भाव को देखता हो और उन दोनों को शुभग्रह भी देखता हो तो प्रश्नकर्ता के सहोदर को स्वस्थ और सुखी कहना । यदि पापग्रह से दृष्ट हो तो दुखी समझना । यदि तृतीयेश षष्ठभाव में हो और षष्ठेश के साथ इत्थशाल हो अथवा षष्ठेश तृतीय में हो और सहजेश पाप युक्त हो तो षष्ठेश के धातुजन्य विकार से सहोदर को रोग समझना चाहिए । और सहजेश यदि सूर्य की किरण में प्राप्त (अस्त) हो तो सहोदर को अधिक भयदायक होता है । जिस भावेश को षष्ठेश या अष्टमेश से इत्थशाल हो अथवा जो भावेश षष्ठाष्टम स्थान स्थित हो उस भाव की हानि (पीड़ा) समझना । उदाहरण–जैसे चतुर्थभावेश षष्ठाष्ट स्थान में हो या षष्ठेश अष्टमेश से इत्थशाली हो तो माता या पिता को कष्ट, पञ्चमेश ६,८ में हो तो पुत्र को, षष्ठेश हो तो चतुष्पदवर्ग को, सप्तमेश हो तो स्त्री वर्ग को कष्ट होता है ।। २६-२९ ।।

चतुर्थभाव (गृह, खेती, माता आदि) सम्बन्धी प्रश्ननिरूपण—

**लग्नपतीन्दुचतुर्थाधिपमुथशीलेऽथवाऽम्बुगास्ते स्युः ।। ३० ।।**
**प्रष्टुः पृथ्वीलाभप्रदा न चेत् पापदृगयुक्ताः ।**
**यदि पृच्छति कृषिको मे क्षेत्राल्लाभो भवेन्नो वा ।। ३१ ।।**
**लग्नं कृषिकस्तुर्यं भूमिर्द्यूनं च कृषिस्तरुर्दशमम् ।**
**लग्ने क्रूरोपगते स्याच्चौरोपद्रवस्तु कृषिकर्तुः ।। ३२ ।।**
**वक्रातिचारवर्ज्ये क्रूरे चौरस्य कृषिलाभः ।**
**लग्नस्थे शुभखेटे साफल्यं कर्षकस्य कृषितः स्यात् ।। ३३ ।।**
**तुर्ये च क्रूरगते त्यक्त्वा भूमिं प्रयात्येषः ।**
**द्यूने च शुभोपगते शुभं कृषेस्त्वन्यथा तु विपरीतम् ।। ३४ ।।**

भा०–लग्नेश, चतुर्थेश और चन्द्रमा इन तीनों में परस्पर इत्थशाल योग हो अथवा ये तीनों चतुर्थभाव में हों तो भूमि का लाभ कराते हैं । यदि पापग्रहों की दृष्टि या योग हो तो भूमि लाभ होता है । यदि कोई गृहस्थी पूछे कि–''खेती

से मुझे लाभ होगा या नहीं ।" तो इस प्रकार के प्रश्न में लग्न को कृषक, चतुर्थ को क्षेत्र (खेत), सप्तम को कृषि (अन्नादि) और दशमभाव को वृक्ष समझना चाहिए । यदि लग्न में पापग्रह हो तो कृषि में चोर का उपद्रव समझना । यदि वह पापग्रह वक्री या अतिचारी नहीं हो तो भी उस कृषि से चोर को ही लाभ होगा, ऐसा कहना । यदि प्रश्नलग्न में शुभग्रह हो तो कृषक (खेती करने वाला प्रश्न कर्ता) को कृषि से लाभ होगा । यदि चतुर्थस्थान में पापग्रह हो तो कृषक भूमि (खेत) को छोड़कर चला जायेगा ऐसा समझना । अन्यथा (अर्थात् पापग्रह सप्तम में हो तो) अन्न की उपज नहीं होती है ।। ३०-३४ ।।

**दशमे दशमपतौ वा शुभयुतदृष्टे शुभा वृक्षाः ।**
**भूभाटकपृच्छायां लग्नं प्रष्टा च भाटकं द्यूने ।। ३५ ।।**
**तस्योत्पत्तिर्दशमे तथाऽवसानं चतुर्थे स्यात् ।**
**लग्नस्य लग्नपस्य च शुभयोगे शुभमशोभनं वामे ।। ३६ ।।**
**द्यूने क्रूरोपगते यस्मादपि भाटकस्ततोऽनर्थः ।**
**दशमे क्रूरोपगते नोत्पत्तिर्बहुतरा भवेत्प्रष्टुः ।। ३७ ।।**
**क्रूरार्दिते तु तुर्ये स्यादवसाने शुभं नास्य ।**

भा०–दशमभाव में दशमेश हो या शुभग्रह से युत दृष्ट हो तो वृक्ष उत्तम होते हैं । जमीन या मकान के किराये का प्रश्न हो तो लग्न को प्रश्नकर्ता और सप्तम को किराया, दशम को आरम्भ स्थान, और चतुर्थभाव को अवसान (अन्त) स्थान मानना । इस प्रश्न में लग्न और लग्नेश को शुभग्रह से योग हो तो पूछने वाले को शुभफल, यदि पापग्रह से योग हो तो अशुभफल कहना । सप्तमभाव में पापग्रह हो तो किराये वाले से अनेक प्रकार का अनर्थ (नुकसान) समझना । यदि दशमभाव में पापग्रह हो तो आरम्भ में किराया उचित नहीं मिलता है । यदि चतुर्थभाव में पापग्रह हो तो अन्त में हानि होती है । परन्तु शुभग्रह से तो शुभ ही समझना ।। ३५-३७ ।।

पञ्चमभाव (गर्भ सन्तान सम्बन्धी) प्रश्न—

**यदि पृच्छत्येतस्याः स्त्रियोः भवेन्मे प्रजा न वा ? कश्चित् ।। ३८ ।।**
**लग्नेन्द्वोः सुतपतिना मुथशिलभावे प्रसूतिः स्यात् ।**
**सुतभावपतिर्लग्ने लग्नपचन्द्रौ सुतेऽथ वा स्याताम् ।। ३९ ।।**
**सत्वरितमेव वाच्या सविलम्बं नक्तयोगेन ।**
**द्विशरीरे च विलग्ने शुभयुतपुत्रे द्व्यपत्ययोगोऽस्ति ।। ४० ।।**
**यदि लग्नेशसुतेशौ पुंराशौ स्यात्तदा सुतो गर्भे ।**

भा०–कोई प्रश्न करे कि–''इस स्त्री से मुझे, किस प्रकार की सन्तति होगी ?" तो वहाँ लग्न और चन्द्रमा यदि पञ्चमेश से इत्थशाल करते हों तो सन्तान अवश्य होती है । अथवा पञ्चमेश लग्न में तथा लग्नेश और चन्द्रमा पञ्चमभाव में हों तो भी शीघ्र सन्तानोत्पत्ति कहना । यदि नक्तयोग हो तो विलम्ब से सन्तान कहना । यदि द्विस्वभावराशि लग्न हो पञ्चमभाव शुभग्रह से युक्त हो तो गर्भ में दो सन्तान का योग समझना और यदि लग्नेश, पञ्चमेश पुरुष (विषम) राशि में हो तो गर्भ में पुत्र समझना ।। ३८-४० ।।

चन्द्रमा से पुत्र कन्या ज्ञान—

**पुंराशौ पुंग्रहकृतमुथशिलयुक्तस्तदाऽपि सुतगर्भः ।। ४१ ।।**
**अथवा विधुरपराह्णे सूर्यात्पृष्टे तदा स्त्री स्यात् ।**
**होरास्वामी पुरुषः पुंराशौ चेत्तथाऽपि सुतगर्भः ।। ४२ ।।**
**चन्द्रयुक्तेक्षिते गर्भे सौम्ययुक्तेक्षितेऽपि वा ।**
**उच्चस्थेऽभ्युदिते तत्र पुण्यापत्यं प्रजायते ।। ४३ ।।**
**एषा गर्भवती किल न वा ? प्रमाणं प्रयाति गर्भोऽयम् ।**
**प्रश्ने लग्नपशशिनोः सुतस्थयोर्गर्भवत्येव ।। ४४ ।।**
**यद्येतयोर्मुथशिलं केन्द्रे सुतपेन गर्भिणी तदपि ।**
**आपोक्लिमेत्थशालादनीक्षणाल्लग्नपुत्रयोर्नैवम् ।। ४५ ।।**
**चरलग्ने क्रूरेन्द्वोर्मुथशिलभावे विनश्यति हि गर्भः ।**
**लग्नपशशिनोस्तत्पतिस्थवक्रिग्रहमुथशिले्ऽपि तथा ।। ४६ ।।**

भा०–चन्द्रमा विषम राशि में हो और पुरुषग्रह (रवि, मङ्गल, गुरु) से इत्थशाल करता हो तो गर्भ में पुत्र कहना । यदि अपराह्ण में प्रश्न हो और सूर्य से पीछे चन्द्रमा हो (अर्थात् कृष्णपक्ष) हो तो गर्भ में कन्या समझना । लग्न में विषम राशि हो और रवि की होरा हो तो पुत्र समझना । पञ्चमभाव चन्द्रमा से युत दृष्ट हो अथवा किसी शुभग्रह से युत दृष्ट हो तो पुण्यशील सन्तति होती है । ''अमुक स्त्री गर्भवती है या नहीं ?" इस प्रकार के प्रश्न में यदि लग्नेश या चन्द्रमा पुत्रभाव में हो तो निश्चय गर्भवती समझना । अथवा लग्नेश और चन्द्रमा को केन्द्रस्थ पञ्चमेश से इत्थशाल योग हो तो भी गर्भिणी समझना । तथा आपोक्लिमस्थ पञ्चमेश से इत्थशाल हो अथवा लग्न और पञ्चम को पञ्चमेश नहीं देखे तो गर्भ नहीं कहना । यदि चरलग्न हो और चन्द्रमा को पापग्रह से मुथशील योग हो अथवा लग्नेश चन्द्र को वक्री पञ्चमेश से इत्थशाल हो तो गर्भ नष्ट होगा ऐसा कहना ।। ४१-४६ ।।

सन्तान के जीवन मरण सम्बन्धी प्रश्न—

**जीवितमरणप्रश्ने बालानामन्त्यपे शुभैर्दृष्टे ।**
**केन्द्रस्थे सितेपक्षे शुभयुक्तेऽन्त्ये विधौ जीवेत् ।। ४७ ।।**
**क्रूरश्चेदन्त्यपतिर्दग्धश्चापोक्लिमेऽयुक्तः ।**
**क्रूरैस्तु जातमात्रो म्रियते बालोऽथ वा गर्भे ।। ४८ ।।**

भा०–सन्तान के जीवन मरण सम्बन्धी प्रश्न में द्वादशेश शुभग्रह से युत दृष्ट केन्द्र में हो अथवा शुक्लपक्ष हो और चन्द्रमा शुभग्रह से युत दृष्ट द्वादशभाव में हो तो सन्तान को जीवित कहना । यदि द्वादशेश पापग्रह और पापग्रह से युक्त आपोक्लिम में हो तो गर्भ में या जन्म लेने पर सन्तान का मरण कहना।।४७-४८।।

गर्भ के निश्चय होने पर प्रसवज्ञान प्रश्न—

**प्रसवज्ञानप्रश्ने भुक्ताँल्लग्नांशकान् परित्यज्य ।**
**भोग्याद्विचिन्त्य शेषाननुमित्येवं वदेद्दिवसान् ।। ४९ ।।**

भा०–कितने दिन का गर्भ है या कितने दिन में प्रसव होगा ? इस प्रश्न में लग्न के भुक्तनवांशसंख्या तुल्य मास गर्भ का गतमास और भोग्य नवांश तुल्य मास में आगे प्रसव कहना चाहिए ।। ४९ ।।

विशेष–एक नवांश (२०० कला) में एक मास होता है । अत: नवांश संख्या तुल्य मास और शेष कला अनुपात से अर्थात् शेष की कला को ३० से गुणाकर २०० के भाग देकर दिन समझना चाहिए । जैसे लग्न ३।१४।२५ है तो इसके भुक्त नवांश १३।२० पञ्चमनवांश का भुक्तांश १।५ इसकी कला ६५ को ३० से गुणाकर २०० का भाग देने से दिनादि ९।४५ हुआ अत: गर्भ के भुक्तमासादि ४।९।४५।० इसको ९, मास में घटाने से ४।२०।१५ इतने मासादि में प्रसव होगा, ऐसा कहना ।। ४९ ।।

भुवनदीपक में प्रसव ज्ञान—

**मासज्ञानस्य पृच्छायां गर्भिण्या भृगुनन्दन: ।। ५० ।।**
**लग्नात्स्याद्यावति स्थाने मासानाख्याति तावत: ।**
**सुतात्संख्या तदा वाच्या यदा धर्मात्परङ्गत: ।। ५१ ।।**

भा०–प्रसव के मास जानने के लिए प्रश्नलग्न से जितनी संख्या स्थान पर शुक्र हो उतने मास में प्रसव कहना । यदि शुक्र नवमस्थान से आगे (१०।११।१२) में हो तो सुत (५) भाव से शुक्र तक मास की संख्या समझनी चाहिए ।। ५०-५१ ।।

दिन रात्रि प्रसव ज्ञान निरूपण—

**लग्नान्तर्दिनराशिर्दिवाग्रहो लग्नपश्च दिनराशौ ।**
**तद्दिवसे प्रसव: स्याद् विपरीते व्यत्ययश्चैषाम् ।। ५२ ।।**
**अथ रात्रिलग्नमह्नौ तदधिपतिश्चेत्तु तस्य राशिपते: ।**
**बलमूह्यं दिनहोरापुंराशिस्त्रीगृहेऽप्येवम् ।। ५३ ।।**

भा०–प्रश्नलग्न में दिनबली राशि हो, लग्नेश भी दिवाबली और दिनबली राशि में हो तो दिन में, यदि रात्रिबली हो तो रात्रि में जन्म कहना । यदि लग्न रात्रिबली राशि हो और लग्नेश दिनबली हो तो लग्नेश के अनुसार प्रसव का समय समझना । इसी प्रकार दिन, होरा सम्बन्धी पुरुष राशि से भी बलानुसार प्रसव का काल जानना चाहिए ।। ५२-५३ ।।

गर्भज्ञान प्रश्ननिरूपण—

**अस्मिन्वर्षेऽपत्यं भविता ? विलग्नपञ्चमाधीशौ ।**
**भजतो यदीत्थशालं तत्रैवाऽब्दे भवति नूनम् ।। ५४ ।।**
**यदि वा मिथो गृहगतौ स्यातामेतौ च सन्ततिस्तदपि ।**
**वाच्या तस्मिन्वर्षे शुभयोगादन्यथा न पुनः ।। ५५ ।।**

भा०–''इस वर्ष में गर्भ होगा या नहीं ?" इस प्रकार के प्रश्न में यदि लग्नेश और पञ्चमेश में इत्थशाल हो अथवा लग्नेश पञ्चम में और पञ्चमेश लग्न में हो तो उस वर्ष में अवश्य गर्भ होगा अन्यथा नहीं ।। ५४-५५ ।।

प्रसूता-अप्रसूता स्त्री का ज्ञान—

**सूताप्रसूतयुवतिज्ञाने सुतपोऽथ षष्ठपः सूर्यात् ।**
**निर्गत्योदयमायात्ततः प्रसूता च नारीयम् ।। ५६ ।।**
**अथ जीव-सौम्य-शुक्रा आकाशे उदयितस्तथाप्येवम् ।**

भा०–''स्त्री प्रसूता है या अप्रसूता ?" इस प्रश्न में यदि पञ्चमेश और षष्ठेश सूर्य के योग से अस्त होकर उदित हो गया हो, अथवा गुरु, बुध, शुक्र उदित हों तो स्त्री को प्रसूता, अन्यथा अप्रसूता समझना ।। ५६ ।।

षष्ठभाव (रोग-शत्रु आदि) सम्बन्धी, प्रश्न निरूपण—

**रोगादयमुत्थास्यति न वेति लग्नं भिषक् द्यूनम् ।। ५७ ।।**
**व्याधिर्दशमं रोगी हिबुकं भेषजमिहाऽऽहुराचार्याः ।**
**क्रूरार्दिते विलग्ने वैद्यान्नगुणस्तदौषधाद्रोगः ।। ५८ ।।**
**वृद्धिमुपयाति दशमे क्रूरैर्निजबुद्धितोऽप्यगुणः ।**
**अस्ते च क्रूरयुक्ते मान्द्यान्मान्द्यं तथौषधाद्बन्धौ ।। ५९ ।।**

**सौम्योपगतैरेतैररोगता रोगिणो भवति ।**
**लग्नेशेन्द्वोः सौम्येत्थशालतो रोगनाशनं वाच्यम् ।। ६० ।।**
**वक्रे तु तत्र खेटे भूयोऽपि गदः समुपयाति ।**
**भूमिस्थे लग्नस्थे शशिमुथशिले भवेन्मृत्युः ।। ६१ ।।**

भा०–''अमुक व्यक्ति रोग से विमुक्त होगा या नहीं ?" इस प्रश्न में लग्न को वैद्य, सप्तम को रोग, दशमभाव को रोगी, और चतुर्थभाव को औषध समझना चाहिए । यदि लग्न में पापग्रह हो तो वैद्य से लाभ नहीं समझना प्रत्युत उसकी औषधी से रोग की वृद्धि ही समझना चाहिए । यदि दशमभाव में पापग्रह हो तो अपने कुपथ्य से रोग समझना । सप्तम में पापग्रह हो तो एक रोग से अनेक रोग की उत्पत्ति । तथा चतुर्थभाव में पाप हो तो ओषध से रोग की वृद्धि समझना । यदि इन स्थानों में शुभग्रह का योग हो तो रोग में शीघ्र मुक्त होगा कहना । यदि लग्नेश और चन्द्रमा में इत्थशाल हो तो रोग का नाश होता है । यदि उस वक्री ग्रह को चन्द्रमा से इत्थशाल हो तो रोगी की मृत्यु समझना । अष्टमेश लग्न में हो या लग्नेश या चन्द्रमा से विनाश (अष्टमभाव) में हो तो रोगी का मरण समझना ।। ५७-६१ ।।

**लग्नस्थे रन्ध्रपतौ लग्नपशशिनोर्विनाशे वा ।**
**लग्नाधिपे च सूर्ये चन्द्रः सप्तेशमुथशिलविधायी ।। ६२ ।।**
**सप्तेशे षष्ठस्थे तन्मरणं रोगिणो वाच्यम् ।**
**रन्ध्रेशेन विनष्टेनास्तमितेनाऽपि केन्द्रस्थेन ।। ६३ ।।**
**लग्नेशे च मुथशिले मृत्युः स्याद्रोगपृच्छायाम् ।**
**अथ वा तयोश्च केन्द्रे मुथशिलतः क्रूरपीडिते मरणम् ।। ६४ ।।**
**सूर्यद्वादशभागं प्रविष्टलग्नेश्वरेऽप्येवम् ।**

भा०–चन्द्रमा यदि लग्नेश सूर्य और सप्तमेश से इत्थशाल करता हो और सप्तमेश षष्टभाव में हो तो रोगी की मृत्यु कहना । पापयुक्त, या अस्तङ्गत अष्टमेश से केन्द्रस्थित लग्नेश को इत्थशाल हो, अथवा लग्नेश, अष्टमेश दोनों केन्द्रस्थ होकर इत्थशाल करे और पापग्रह से पराजित हो तो रोग के प्रश्न में

मरण कहना । तथा लग्नेश यदि सूर्य के द्वादशांश में हो तथापि मरण समझना।।६२-६४।।

**लग्ने चरे च रोगी क्षणे स्यादरुक् सरुक् चाऽपि ।। ६५ ।।**
**द्विशरीरे पररोगः स्थिरे स्थिरत्वं गदस्यैव ।**
**शशिनो वक्रमुथशिले स्थिररोगो मन्दमुथशिले पूर्वम् ।। ६६ ।।**
**मूत्रनिरोधाद्रोगोत्पत्तिर्ज्ञेया कृतप्रश्ने ।**

भा०–प्रश्न लग्न मे चर राशि हो तो कभी नीरोग और कभी रोग युक्त, यदि द्विस्वभाव लग्न हो तो दो प्रकार के रोग और यदि स्थिर लग्न हो तो रोग को स्थिर समझना चाहिए । चन्द्रमा यदि वक्री ग्रह से इत्थशाल करता हो तो भी रोग को स्थिर समझना । यदि शनि से चन्द्रमा इत्थशाल करे तो मूत्र के निरोध से रोगोत्पत्ति समझना ।। ६५-६६ ।।

**अथ पृच्छायाः सप्ताहानि च विलोक्य चत्वारि ।। ६७ ।।**
**यदि तेषु शशाङ्करवी शुभयुतदृष्टौ तदा शस्तम् ।**
**मन्दोऽयमथ न वेति प्रश्ने लग्नेश्वरोऽथ चन्द्रो वा ।। ६८ ।।**
**षष्ठेशमुथशिली स्यादस्तमितो वा तदा मन्दः ।**

भा०–रोग के प्रश्नकाल से पूर्व सात दिन और आगे ४ दिन में यदि चन्द्रमा रवि दोनों शुभग्रह से युत दृष्ट हो तो शुभ समझना । तथा—"अमुक व्यक्ति को रोग है या नहीं ?" इस प्रश्न में यदि लग्नेश वा चन्द्रमा षष्ठेश से इत्थशाल करता हो अथवा अस्त हो तो रोग कहना अन्यथा नहीं ।।६७-६८।।

नौकरी विषय का प्रश्न निरूपण—

**ईशोऽन्यो मम भविता न वेति ? लग्नेश्वरस्य यदि केन्द्रे ।। ६९ ।।**
**नो भवति मुथशिलं षष्ठान्त्यपतिभ्यां तदा नान्यः ।**
**वक्री वाऽन्येन समं लग्नपतिः सहजनवमसंस्थेन ।। ७० ।।**
**कुरुते यदीत्थशालं तदाऽन्यनाथो भवेत्प्रष्टुः ।**
**लग्नपतौ केन्द्रस्थे रिपुदृष्ट्या क्रूरवीक्षिते पुण्ये ।। ७१ ।।**

**रविरश्मिगतेऽथ भवेद्यावज्जीवं च नान्यपतिः ।**
**अयमीशो भद्रो मे पृच्छायां लग्नस्य कम्बूले ।। ७२ ।।**
**स्वामी स एव भव्यो द्यूनेशस्य च शुभोऽन्येशः ।**

भा०–कोई पूछे कि 'मुझे इस मालिक के यहाँ रहना होगा ? या दूसरे स्थान में नौकरी करनी होगी ।' इस प्रश्न में यदि लग्नेश केन्द्र में हो और उसे षष्ठेश या द्वादशेश से इत्थशाल नहीं हो तो 'दूसरा मालिक नहीं होगा' यहाँ ही रहना होगा' ऐसा कहना । यदि लग्नेश वक्री होकर तृतीय नवम स्थान स्थित किसी दूसरे ग्रह से इत्थशाल करता हो तो दूसरे की नौकरी करनी पड़ती है । यदि लग्नेश केन्द्र में और पापग्रह शत्रुदृष्टि से पुण्य (नवमभाव) को देखता हो अथवा लग्नेश अस्त हो तो जीवन पर्यन्त एक ही आदमी की नौकरी करता है । कोई प्रश्न करे कि–''मेरा यह मालिक अच्छा है या दूसरा'' तो लग्नेश को चन्द्रमा से कम्बूल हो तो यही स्वामी अच्छा है । यदि सप्तमेश को चन्द्रमा से कम्बूलयोग हो तो दूसरा स्वामी अच्छा होगा, ऐसा कहना ।। ६९-७२ ।।

**गृह-भूमि-स्थानानां प्रश्ने लग्ने पुरोक्त एव विधिः ।। ७३ ।।**

भा०–गृह, भूमि, स्थान सम्बन्धी प्रश्न मे पूर्वोक्त ३५ श्लोकों के अनुसार शुभाशुभ कहना चाहिए ।। ७३ ।।

**सम्यग्विचार्य वाच्यं शुभमशुभं पृच्छतः स्वधिया ।**
**भृत्यचतुष्पदलाभं प्रश्ने लग्नेशशीतगू षष्ठे ।। ७४ ।।**
**षष्ठेशमुथशिलौ वा लग्ने षष्ठेश्वरोऽथ तल्लाभः ।**
**भृत्यस्य वाहनस्य च यद्वा प्रश्ने च लग्नलग्नपती ।। ७५ ।।**
**अर्थी दाता सप्तमसप्तमपौ यद्बलात्प्राप्तिः ।**

भा०–नौकर और पशु के लाभ सम्बन्धी प्रश्न में यदि लग्नेश और चन्द्रमा षष्ठभाव में हो अथवा षष्ठेश से इत्थशाल करता हो तो नौकर या पशु का लाभ कहना । अथवा नौकर और वाहन के प्रश्न में लग्न और लग्नेश को अर्थी (चाहने वाला), तथा सप्तमभाव और सप्तमेश को दाता मान कर फल कहना अर्थात् दोनों में इत्थशाल हो तो लाभ अन्यथा हानि कहनी चाहिए।।७४-७५।।

सप्तमभाव (स्त्री) सम्बन्धी प्रश्न निरूपण—

**स्त्रीलाभस्य प्रश्ने स्मराधिपे लग्नपेन शशिना वा ।। ७६ ।।**
**कृतमुथशिले युवत्या अयाचिताया भवेल्लाभः ।**
**यदि लग्नपो विधुर्वा द्यूने तद्याचिताया स्त्रियं लभते ।। ७७ ।।**
**लग्नेशान्मूसरिफे चन्द्रेऽस्तपमुथशिले स्वयं लाभः ।**
**येन समं तु मुथशिलस्तत्र विनष्टे च पापयुत दृष्टे ।। ७८ ।।**
**निकटीभूय तदा किल विनश्यति स्त्रीगतं कार्यम् ।**
**पापेऽथ रन्ध्रनाथे स्त्रीजातेरेव विघटते कार्यम् ।। ७९ ।।**
**सहजपतौ भ्रातृभ्यस्तुर्येशे पितृत एव नाऽन्येभ्यः ।**
**सौम्यकृतयुतिदृग्भ्यां पूर्वोक्तस्थानतः शुभं वाच्यम् ।। ८० ।।**

भा०–स्त्री लाभ सम्बन्धी प्रश्न में यदि सप्तमेश को लग्नेश या चन्द्रमा से इत्थशाल हो तो बिना प्रार्थना के ही युवती स्त्री का लाभ कहना । यदि लग्नेश या चन्द्रमा सप्तमभाव में हो तो प्रार्थी होने पर स्त्री का लाभ कहना । यदि चन्द्रमा को लग्नेश से ईसराफ और सप्तमेश से इत्थशाल योग हो तो भी अनायास स्त्री का लाभ कहना । परञ्च जिससे चन्द्रमा को इत्थशाल हो वह यदि अस्त या पाप युत दृष्ट हो तो उपस्थित हुआ भी स्त्री सम्बन्धी कार्य नष्ट हो जाता है । यदि पापग्रह अष्टमेश होकर सप्तम में हो तो स्त्री द्वारा, यदि तृतीयेश होकर ग्रह सप्तम में हो तो भाई के द्वारा, यदि चतुर्थेश होकर पापग्रह सप्तम में हो तो माता-पिता के द्वारा कार्य विघटन (नष्ट) होता है । तथा अन्य भावेश से कार्य विघटन नहीं होता । परञ्च यदि शुभग्रह से दृष्टियोग हो तो शुभ ही कहना ।। ७६-८० ।।

स्त्री से प्रेम सम्बन्धी प्रश्ननिरूपण—

**प्रीतिस्थानप्रश्ने स्मरपतिलग्नेशमुथशिल स्नेहः ।**
**झकटकदृशा झकटकः शशिकम्बूले तु साऽपि शुभा ।। ८१ ।।**
**यदि मन्दो लग्नेशः केन्द्रे च स्यात्तदा बली प्रष्टा ।**
**अस्तेश्वरे च मन्दे केन्द्रे प्रतिवादिनोऽस्ति बलम् ।। ८२ ।।**
**उभयोरेकस्थितोर्ज्ञातव्या झकटकं तयोः प्रीतिः ।**
**सूर्ये न शुभं विबले नरस्य शुक्रे स्त्रिया द्वयोरुभयोः ।। ८३ ।।**

भा०–स्त्री से प्रीतिसम्बन्धी प्रश्न में–सप्तमेश और लग्नेश में मित्र दृष्टि से मुथशील हो तो अतिशय प्रेम कहना, यदि शत्रुदृष्टि से इत्थशाल हो तो परस्पर कलह कहना । किन्तु यदि चन्द्रमा से कम्बूल हो तो शत्रु दृष्टि भी शुभ ही होती है । यदि लग्नेश मन्दगति होकर केन्द्र में हो तो पुरुष को बली कहना, यदि सप्तमेश मन्दगति होकर केन्द्र में हो तो स्त्री को बलवती समझना । यदि लग्नेश और सप्तमेश एक स्थान में हो तो दोनों के कलह में भी परस्पर प्रेम समझना । प्रश्न समय में सूर्य निर्बल हो तो पुरुष का अशुभ तथा शुक्र निर्बल हो तो स्त्री का अशुभ तथा दोनों के निर्बल हों तो दोनों के लिए अशुभ समझना । अर्थात् दोनों बली हो तो दोनों का शुभ समझना ।। ८१-८३ ।।

रुष्टा (रूठी हुई) स्त्री के आगमन सम्बन्धी प्रश्ननिरूपण—

**मम गृहिणी रुष्टा पुनरेष्यति नो वाऽथ भूम्यधःस्थरवी ।**
**भूपरिगते च शुक्रे नैति पुनर्वक्रितेऽभ्येति ।। ८४ ।।**
**सूर्यान्निर्गतशुक्रे वक्रेऽपि समेति चाऽन्यथा रुष्टा ।**
**क्षीणेन्दौ बहुदिवसैः पूर्णविधौ च द्रुतमुपैति ।। ८५ ।।**

भा०–कोई प्रश्न करे कि–''मेरी स्त्री रुष्ट होकर चली गई वह आयेगी या नहीं'' तो भूमि (चतुर्थ लग्न) से पीछे (प्रथम लग्न चतुर्थ लग्न के मध्य) सूर्य हो तो नहीं आयेगी । तथा यदि चतुर्थभाव से आगे सप्तम पर्यन्त में शुक्र हो तो भी नहीं आयेगी । यदि शुक्र वक्री हो तो स्त्री लौटकर आयेगी, ऐसा कहना । यदि सूर्य से योग कर शुक्र आगे बढ़ गया हो, (अर्थात् सूर्य से ईसराफ योग करता हो) तो स्त्री लौटकर आती है । अन्यथा रूठी ही रहती है । यदि क्षीण चन्द्रमा हो तो अधिक दिनों में, यदि पूर्ण चन्द्रमा हो तो शीघ्र ही लौटकर आती है।। ८४-८५ ।।

कन्या में दोष गुण ज्ञान सम्बन्धी प्रश्न—

**एषा कुमारिका किल निर्दोषा किन्न वेति पृच्छायाम् ।**
**लग्ने स्थिरे स्थिरर्क्षे लग्नपशशिनोश्च निर्दोषा ।। ८६ ।।**
**चरराशिगतैरेतैरियं कुमार्यपि च जातदोषा स्यात् ।**
**द्विशरीरस्थे चन्द्रे चरलग्ने स्वल्पदोषा स्यात् ।। ८७ ।।**

**शशिभौमावेकर्क्षे स्थिरवर्जे तत्परेण गुप्तमियम् ।**
**रमिता शनिचन्द्रमसोर्लग्नगयोः प्रकटमुपभुक्ता ।। ८८ ।।**
**यदि भौमशनी केन्द्रे विधुदृष्टो वृश्चिकेऽथ शुक्रः स्यात् ।**
**तद्द्रेष्काणेऽथ तदा निर्भ्रान्तिं जातदोषैषा ।। ८९ ।।**

भा०–''इस कन्या में दोष है या नहीं'' इस प्रकार के प्रश्न में लग्न, लग्नेश और चन्द्रमा यदि स्थिर राशि में हो तो निर्दोषा, यदि चरराशि में हो तो दोषयुक्ता तथा द्विस्वभाव में हो तो स्वल्पदोष (अपवाद मात्र से) युक्ता समझना चाहिए । यदि चन्द्र, मङ्गल दोनों एक ही राशि में चर या द्विस्वभाव में हो तो गुप्त रूप से परपुरुष से भुक्ता समझना । यदि शनि, चन्द्रमा लग्न में हो तो प्रकट रूप से भुक्ता समझना । यदि मङ्गल, शनि केन्द्र में हो अथवा वृश्चिक में शुक्र हो और चन्द्र से दृष्ट हो अथवा वृश्चिक के द्रेष्काण में शुक्र हो तो प्रत्यक्ष दोष युक्ता कन्या को समझना चाहिए ।। ८६-८९ ।।

प्रसूता अप्रसूता का ज्ञान—

**एषा किल प्रसूता सिते घटे ज्ञे हरौ च नो सूता ।**
**अनयोरलि-वृषगतयोः सूता नारी परिज्ञेया ।। ९० ।।**

भा०–यदि शुक्र वा बुध कुम्भ राशि में हो तो प्रसूता, यदि सिंह राशि में हो तो अप्रसूता समझना । अथवा शुक्र, बुध, वृश्चिक या वृष में हो तो प्रसूता समझना चाहिए ।। ९० ।।

**भौमबुधशुक्रचन्द्रा द्विशरीरे चापवर्जिते चेत्स्युः ।**
**अग्रेऽस्ति तत्प्रसूतिश्चापे नाग्रे न पृष्ठतः सूता ।। ९१ ।।**
**क्रूरश्चेच्चरराशौ परतः सूता स्थिरे तु निजपत्युः ।**
**मिश्रे तु मिश्रमूह्यं जातकसन्देहपृच्छायाम् ।। ९२ ।।**
**गर्भिण्येषा पत्युः परपुरुषाद्वेति लग्नसुतपत्योः ।**
**शुभयुतिदृग्भ्यां स्वपतेः शनिभौमदृशाऽन्यतो गुर्वी ।। ९३ ।।**

भा०–धनु को छोड़कर अन्य द्विस्वभाव (मिथुन, कन्या, मीन) में मङ्गल, बुध, शुक्र, चन्द्र हो तो आगे प्रसव समझना । यदि वे धनु में हो तो न आगे और न पहिले ही प्रसूता होती है । यदि पापग्रह चरराशि में हो तो परपुरुष से, यदि स्थिर में

हो तो अपने पति से ही गर्भ कहना चाहिए । द्विस्वभाव में हो तो मिश्रफल समझना। ''अमुक स्त्री को अपने पति का गर्भ है या किसी दूसरे का ?" इस प्रश्न में लग्नेश और पञ्चमेश पर शुभग्रह की दृष्टि हो तो अपने पति से, यदि शनि, मङ्गल की दृष्टि हो तो परपुरुष से गर्भ समझना चाहिए।।९१-९३।।

सतीत्व परीक्षा-प्रश्न निरूपण—

**कुलटा सतीयमथवा लग्नपतिश्चन्द्रमाश्च भौमेन ।**
**एकांशे मुथशिलकृत्तदैव भवने भजत्यन्यम् ।। ९४ ।।**
**यदि निजगृहगो भौमस्तदाऽन्यदेशं प्रयाति जारकृते ।**
**रविणेति मुथशिले सत्युपभुक्ता सा तु राजपुरुषेण ।। ९५ ।।**
**सौम्येन लेखकेन च निजभे शुक्रेण योषयैव स्त्री ।**
**एतैर्योगैरसती विपरीते सुचरितेति विज्ञेयम् ।। ९६ ।।**
**लग्नपतिनाऽथ शशिना मूसरिफे भूसुते भवेज्जारः ।**
**युक्तः पुनर्गुरुदृशा पुत्रभयाद्रविदृशा च राजभयात् ।। ९७ ।।**
**सितदृष्ट्या परनारीभयात्सितज्ञैकराशिगतदृष्ट्या ।**
**जारस्य स्थाविरत्वाद्विलज्जिता त्यजति जारं सा ।। ९८ ।।**

भा०–''अमुक स्त्री कुलटा है या सती" इस प्रकार के प्रश्न में लग्नेश और चन्द्रमा यदि तुल्य अंश में रहकर मङ्गल से इत्थशाल करता हो तो वह स्त्री अपने घर में ही परपुरुष से प्रेम करती है । यदि मङ्गल अपने घर में हो तो दूसरे स्थान में जाकर परपुरुष से मिलती है । यदि लग्नेश और चन्द्रमा रवि से इत्थशाल करता हो तो वह स्त्री राजपुरुष से, पापयुत बुध से इत्थशाली हो तो लेखक से प्रेम करती है । यदि शुक्र स्वगृह में हो तो अन्य स्त्री के द्वारा ही अपनी कामाग्नि शान्त करती है । प्रश्न समय इन योगों से स्त्री को कुलटा, अन्यथा पतिव्रता समझना चाहिए । लग्नेश या चन्द्रमा से मंगल को ईसराफ योग हो तो उस स्त्री को जार (परपुरुष) से प्रेम समझना । यदि उस पर गुरु की दृष्टि हो तो पुत्र के भय से, रवि की दृष्टि हो तो राजा के भय से, शुक्र की दृष्टि हो तो पड़ोसन स्त्री के भय से जार पुरुष से मिल नहीं पाती है । यदि एक राशिगत बुध,

शुक्र की दृष्टि हो तो जार पुरुष को वृद्ध समझ कर या लज्जित होकर त्याग देती है ।। ९४-९८ ।।

अष्टम भाव सम्बन्धी प्रश्न–उनमें प्रथम संग्राम में जय पराजय विचार—

**नृपसंग्रामप्रश्ने विलग्नलग्नेशसंस्थितात्खेटाद् ।**
**शशिमुथशीलात्प्रष्टास्तास्तपसंस्थेन्दुमुथशिलाच्छत्रुः ।। ९९ ।।**

भा०–संग्राम के प्रश्न में लग्न और लग्नेश के साथ रहने (या इत्थशाल करने) वाले ग्रह को यदि चन्द्रमा से इत्थशाल हो तो प्रश्नकर्त्ता को बली समझना तथा सप्तमभाव और सप्तमेश के साथ वाले ग्रह से चन्द्रमा इत्थशाल करे तो प्रष्टा के शत्रु को ही बलवान समझना । अर्थात् दोनों में सदृश योग हो तो दोनों को तुल्य बल समझना चाहिए ।। ९९ ।।

**अथवा शनिकुजजीवाः शीघ्रेभ्यो बलयुता उपरिचराः ।**
**बुधसितचन्द्रास्तेभ्यो विबलाश्चाधराश्च सञ्चिन्त्याः ।। १०० ।।**

भा०–अथवा शनि, मंगल, गुरु, (सूर्य से ऊपर रहने वाले मन्द गति) ये यदि शीघ्र ( सूर्याधःस्थ बुध, शुक्र, चन्द्रमा) से अधिक अंश में हों तो बली और अल्प अंश में हो तो दुर्बल समझे जाते हैं । इस प्रकार शनि, मंगल, गुरु के बली होने पर प्रष्टा की विजय, दुर्बल होने पर पराजय समझना । क्योंकि मन्दगति (शनि, मंगल, गुरु) ये प्रष्टा के ग्रह समझे जाते हैं । तथा शीघ्र (बुध, शुक्र, चन्द्र ये) शत्रु के ग्रह हैं । इसको ध्यान में रखना चाहिए ।। १०० ।।

**लग्नपतावस्तपतेः षट्त्रिंदशायस्थमुथशिले स्नेहः ।**
**वर्गद्वयमध्याधः पतितः सोऽन्येन वध्यः स्यात् ।। १०१ ।।**
**वर्गद्वयाधिपानां मूसरिफेऽस्तङ्गतेन रणदैर्ध्यम् ।**
**लग्नस्वामिनि मन्दे कम्बूले उपरिगे जयः प्रष्टुः ।। १०२ ।।**
**एवं गुणे तु तस्मिन्विप्रविनष्टेस्तपे च नीचस्थे ।**
**केन्द्रेस्ते वास्तपतौ प्रष्टुर्हानिः प्रवक्तव्या ।। १०३ ।।**

भा०–६।३।१०।११ (उपचय) स्थानस्थ लग्नेश को सप्तमेश से इत्थशाल हो तो परस्पर स्नेह (सन्धि) । तथा प्रष्टा ग्रह, और शत्रुग्रह दोनों में जो

अल्पांश हो वह दूसरे से वध्य (पराजित) होता है । दोनों प्रकार के ग्रहों को यदि अस्तग्रह से ईसराफ योग हो तो बहुत दिनों तक संग्राम समझना । यदि लग्नेश मन्दगति अधिक अंश में होकर कम्बूल योग करता हो तो प्रष्टा की जय होती है। इस प्रकार के योग में भी यदि सप्तमेश प्रणष्ट (अस्त) हो वा नीच में हो अथवा अस्त होकर सप्तमेश केन्द्र में हो तो प्रष्टा की हानि समझना ।। १०१-१०३ ।।

**लग्नादधः शुभे सति उपरि च मन्दे शुभः सहायः स्यात् ।**
**लग्नपतौ रन्ध्रस्थे रन्ध्रपतिमुथशिले मृतिः प्रष्टुः ।। १०४ ।।**
**सप्तेशे धनसंस्थे धनेशकृतमुथशिले रिपोर्नाशः ।**
**लग्नेशदशमपत्योर्मुथशिलतः पृच्छकस्य जयवीर्ये ।। १०५ ।।**
**तुर्यास्तपयोरेवं शत्रोर्योगे जयो ज्ञेयः ।**
**उभयवर्गेऽपि केन्द्रे तत्पतिकृतमुथशिले बलं ज्ञेयम् ।। १०६ ।।**

भा०–लग्न से पीछे शुभ (बुध, शुक्र, चन्द्र) और लग्न से आगे मन्द (गुरु, शनि, मंगल) हो तो प्रष्टा को अच्छे सहायक मिलते हैं । लग्नेश अष्टम में हो और अष्टमेश से इत्थशाल हो तो प्रष्टा का मरण कहना । यदि सप्तमेश द्वितीयभाव में हो और द्वितीयेश से इत्थशाल हो तो शत्रु का ही नाश समझना । और लग्नेश दशमेश में इत्थशाल हो तो प्रश्नकर्ता की जय होती है । चतुर्थेश सप्तमेश हो तो शत्रु की जय होती है । दोनों वर्ग के ग्रह केन्द्र में हो और केन्द्रेश से इत्थशाल हो तो जिस वर्ग के ग्रह को बली ग्रह से इत्थशाल हो तो उसकी जय समझना ।। १०४-१०६ ।।

**चरराशौ सबलत्वं विजयः प्रान्ते विनाशस्तु ।**
**लग्नपतावन्त्यस्थे प्रष्टा नश्यति परोऽस्तपे षष्ठे ।। १०७ ।।**
**खपतौ लग्ने प्रष्टुस्तुर्येशेऽस्ते रिपौ सहायबलम् ।**
**यन्मुथशिलौ रवीन्दू तस्य बलं मुसरिफे हानिः ।। १०८ ।।**

भा०–जो ग्रह चरराशि में हो उसको बली समझना और उसी की जय होती है । यदि द्विस्वभाव में हो तो नाश (पराजय) समझना । लग्नेश १२ वें में हो तो प्रश्नकर्ता का नाश और सप्तमेश १२ वें में हो तो उसके शत्रु का नाश होता है । दशमेश लग्न में हो तो प्रश्नकर्ता को दूसरे की सहायता से बल होता

है । यदि चतुर्थेश सप्तम में हो तो शत्रु को दूसरे से सहायता मिलती है । जिस ग्रह से रवि, चन्द्रमा को इत्थशाल हो उसको बली, तथा जिससे इसराफ हो उसकी हानि समझना ।। १०७-१०८ ।।

अथ नवमभाव (यात्रा-आदि) सम्बन्धी प्रश्न निरूपण—

**मम गमनं भविता किं न वेति लग्नेश्वरे न वा केन्द्रे ।**
**नवमेशमुथशिले सति नवमेशे वा भवेद्गमनम् ।। १०९ ।।**
**लग्नस्थे नवमपतौ लग्नाधिपमुथशिले च सञ्चारात् ।**
**रहितो याति पुनर्ना नवमदृशा वेक्षिते योगे ।। ११० ।।**
**लग्नपतौ केन्द्रस्थे सहजग्रहमुथशिले च विक्रूरे ।**
**गमनं स्यादस्मिन्वा केन्द्रे क्रूरे च नास्ति गतिः ।। १११ ।।**
**अस्ते क्रूरेऽपि च यत्कार्ये निर्याति विघ्नमत एव ।**
**आकाशस्थे पापे राजकुलाज्ज्येष्ठतो निजाद्वापि ।। ११२ ।।**
**नवमेशे मुथशिलगे लग्नधीशेन पापरिपुदृष्टे ।**
**गमनेऽवसानतः स्यात्प्रष्टुः कष्टं क्षयोऽर्थस्य ।। ११३ ।।**

भा०–''मेरी यात्रा होगी या नहीं'' इस प्रश्न में यदि केन्द्रस्थ लग्नेश से नवमेश को इत्थशाल हो वा नवमेश केन्द्र में हो तो यात्रा होती है । नवमेश लग्न में हो और लग्नेश से इत्थशाल हो, वा लग्नेश नवम दृष्टि से नवमेश को देखता हो या दोनों का योग हो तो यात्रा से लौटा हुआ भी मनुष्य फिर यात्रा करता है । लग्नेश केन्द्र में हो और पापरहित तृतीय भावस्थ ग्रह से इत्थशाल हो तो गमन कहना । तथा केन्द्र में पापग्रह हो तो यात्रा नहीं होती है । सप्तमभाव में पापग्रह हो तो जिस कार्य के लिए यात्रा करे उसी कार्य से विघ्न होता है । दशम भाव में पापग्रह हो तो राजकुल से वा अपने ज्येष्ठ भाई या पिता से कार्य में विघ्न होता है । नवमेश यदि लग्नेश से इत्थशाल करता है और पापग्रह से दृष्ट हो तो यात्रा के अन्त में प्रष्टा को कष्ट और धन का नाश होता है ।। १०९-११३ ।।

**लग्नेशे नवमेशे मुथशिलकृति रन्ध्रसंस्थिते कष्टम् ।**
**उदये तस्मिन्ग्रामाद्विनिःसृति स्यात्सुखकरः पन्थाः ।। ११४ ।।**

भा०–लग्नेश से इत्थशाली नवमेश यदि अष्टमभाव में हो तो कष्ट होता है । यदि नवमेश लग्न में हो तो यात्रा अवश्य होती है तथा मार्ग सुखकारी होता है ।। ११४ ।।

**लग्नान्मार्गानुभवो व्योम्नः कार्यं स्मराद्गतिस्थानम् ।**
**भूमेः कार्यं परिणतिरेवं लग्ने शरीरसुखम् ।। ११५ ।।**
**दशमे शुभे च सिद्धिः कार्यस्यास्ते प्रयाति यत्स्थाने ।**
**तत्र शुभं च चतुर्थे परिणामः सुन्दरः कार्ये ।। ११६ ।।**

भा०–लग्न के अनुसार मार्ग का अनुभव (अर्थात् लग्न विषयोदय हो तो विषम, समोदय हो तो सरल मार्ग इत्यादि) तथा दशम भावानुसार कार्य, सप्तमभाव से गम्यस्थान (जिस स्थान में जाने वाला हो उसका) तथा चतुर्थभाव के अनुसार कार्य का परिणाम समझना चाहिए । जैसे उदाहरण कहते हैं कि–लग्न शुभ हो तो मार्ग में शरीर सुख, दशमभाव शुभ हो तो कार्य सिद्धि, सप्तम शुभ हो तो जहाँ जाने वाला है वहाँ पहुँच कर शुभ और चतुर्थ में शुभ हो तो कार्य का परिणाम उत्तम होता है ।। ११५-११६ ।।

**लग्नेशं शशिनं वा यः क्रूरस्तुदयि तत्र मनुजर्क्षे ।**
**मनुजत्रिराशिके वा तदा भयं द्विपदतो गन्तुः ।। ११७ ।।**
**जलराशौ वारिभयं चतुष्पदर्क्षे तथाऽश्वादेः ।**
**घटचापे द्रुमकण्टकभयं हरौ व्याघ्रसिंहादेः ।। ११८ ।।**

भा०–तथा लग्न या चन्द्रमा जिस पापग्रह से युत दृष्ट हो तो वह पापग्रह यदि द्विपदराशि में या द्विपद द्रेष्काण में हो तो मार्ग में मनुष्य का भय, जलचर राशि में हो तो जल जन्तु का भय, चतुष्पद राशि में हो तो घोड़े आदि चतुष्पद का भय कहना । यदि कुम्भ और धनु में हो तो वृक्ष और काँटे का भय, सिंह में हो तो बाघ, सिंह का भय कहना चाहिए ।। ११७-११८ ।।

किसी नगर (शहर) से लाभालाभ प्रश्न—

**नगरप्रवेशतोऽस्मात् फलमस्ति न वा प्रवेशलग्नमिह ।**
**तस्मिन्धनपे वक्रे नो हरणं कार्यसिद्धिर्वा ।। ११९ ।।**
**अतिचरिते बहुदिवसं हरणं नो कार्यसिद्धिरीषदपि ।**
**नवमतृतीयगतेऽस्मिन्कार्यं कृत्वाऽऽशु निजपुरं याति ।। १२० ।।**
**लग्ने कर्मण्याये धनपयुते शोभनं ज्ञेयम् ।**
**सक्रूरसप्तमस्थे पथि विघ्नाज्झकटकश्चतुर्थस्थे ।। १२१ ।।**

भा०–''इस नगर में प्रवेश करने से लाभ होगा या नहीं ?" इस प्रकार के प्रश्न लग्न में यदि वक्री द्वितीयेश हो तो वहाँ हरण (स्थिति = रहना) वा कार्यसिद्धि नहीं होती है । यदि द्वितीयेश अतिचारी हो तो बहुत दिन रहना और कुछ भी कार्यसिद्धि नहीं होती है । यदि धनेश तृतीय या नवमभाव में हो तो शीघ्र कार्य सम्पन्न करके अपने घर आता है । लग्न, दशम और एकादशभाव में द्वितीयेश हो तो शुभफल कहना और पापग्रह सहित सप्तम में हो तो मार्ग में विघ्न तथा चतुर्थ स्थान में हो कलह होती है ।। ११९-१२१ ।।

अथ दशम भाव (राज्यलाभादि) प्रश्न निरूपण—

**राज्याप्तिप्रश्नलग्ने लग्नेशे शशिनि वा नभःपतिना ।**
**कृतमुथशिलेऽम्बरदृशा राज्यं रूपक्रमाद्भवति ।। १२२ ।।**
**अन्योन्यभवनगमनात् क्रूराभावेऽथ चिन्तितप्राप्तिः ।**
**लग्नस्थेनान्येन च सौम्येनाम्बरपमुथशिलेऽप्येवम् ।**
**पापार्दिते तु मन्दे निकटीभूयोत्तरत्यधो राज्यम् ।। १२३ ।।**

भा०–राज्यलाभसम्बन्धी प्रश्न में लग्नेश वा चन्द्रमा को यदि दशमेश से दशम दृष्टि से इत्थशाल हो तो अपने कुलानुसार राज्य-लाभ कहना । यदि लग्नेश दशम में और दशमेश लग्न में पाप ग्रह से रहित हो तो इच्छित राज्य का लाभ होता है । अथवा लग्नस्थ किसी शुभ ग्रह से दशमेश का इत्थशाल हो तो भी इच्छित राज्य मिलता है । यदि उन दोनों में मन्दगतिग्रह पापग्रह से युक्त हो तो राज्य लाभ निकट होकर फिर नहीं होता है ।। १२२-१२३ ।।

**भूमिस्थे क्रूरदृशा त्वपवादः शुभदृशा कीर्तिः ।**
**मन्दग्रहे बलवति क्रूरवियुक्ते यदा शशी विबलः ।। १२४ ।।**
**मन्दबलेन भ्रमणात् राज्यप्राप्तिर्भवेत्प्रष्टुः ।**
**लग्नाधिपतौ स्वगृहे लाभो राज्यस्य तुङ्गगे भौमे ।। १२५ ।।**
**लग्नाम्बराधिपौ यदि कम्बूलौ केन्द्रगेन्दुमुथशिलतः ।**
**उत्तमराज्यावाप्तिः स्वर्क्षस्थे चेन्दुतो विपुला ।। १२६ ।।**

भा०–लग्नेश या दशमेश यदि चतुर्थ स्थान में पापग्रह से दृष्ट हो तो अपवाद, तथा शुभ ग्रह से दृष्ट हो तो सुयश होता है । लग्नेश और दशमेश में जो मन्दगति हो वह बली और पाप से रहित हो चन्द्रमा निर्बल हो तो थोड़ी सेना के साथ भ्रमण करने से राज्य लाभ कहना । लग्नेश अपनी राशि में हो और मङ्गल उच्च में हो तो राज्य लाभ होता है । लग्नेश और दशमेश में इत्थशाल हो और केन्द्रगत चन्द्रमा के इत्थशाल से यदि कम्बूल योग हो तो उत्तम राज्य का लाभ होता है, यदि चन्द्रमा स्वराशि में हो तो बड़े विशाल राज्य का लाभ होता है।। १२४-१२६ ।।

**यत्रर्क्षे लग्नेशस्तत्पतिरशुभे गृहे तदा कार्यम् ।**
**न स्यादस्ते कष्टाद्दशमदृशा कटुकता कार्ये ।। १२७ ।।**

भा०–जिस राशि में लग्नेश हो उस राशि का स्वामी अशुभ स्थान में हो तो कार्यसिद्धि नहीं होती है । यदि सप्तम में हो तो कष्ट से सिद्धि यदि दशम भाव पर दृष्टि हो तो कार्य में विघ्न कहना ।। १२७ ।।

**राज्यप्राप्तौ सत्यां यदि चेच्छति कोऽपि परिणतिं च तदा ।**
**लग्नं शरीरकार्यं गृहकर्मास्तं नभश्च राज्यार्थम् ।। १२८ ।।**
**लाभो मित्रस्यार्थे चतुर्थकं कर्मणोऽवसितये च ।**
**द्रव्यं धनाय सहजं भृत्येभ्यो रिपुगृहं च वैरिभ्यः ।। १२९ ।।**
**एतैः शुभैः शुभं स्यादशुभे वामं च सर्वकार्याणाम् ।**
**वित्तस्वामिनि भौमे नीचस्थे पारदारिके व्ययकृत् ।। १३० ।।**
**जीवे धर्माय रवौ गुरुपूजाय सिते विलासाय ।**
**वाणिज्याय ज्ञे पुनरिन्दौ मुथशिलिनि चान्यथान्यर्थम् ।। १३१ ।।**

भा०–राज्य प्राप्ति होने पर कोई उसकी परिणति (दृढ़ता) के लिए प्रश्न पूछे तो लग्न को शरीर सम्बन्धी कार्य, सप्तम को गृहसम्बन्धी कार्य, दशम भाव को राज्य सम्बन्धी कार्य, एकादश को मित्र कार्य, चतुर्थ भाव को कर्म का ज्ञान, द्वितीय को धन, तृतीय को नौकर, और षष्ठ को शत्रुओं का भाव समझना । जैसे उदाहरण कहते हैं–कि मङ्गल धनेश होकर नीच में हो तो परस्त्री के अर्थ धन का व्यय होता है । तथा द्वितीयेश शुक्र हो तो धर्म कार्य में, यदि सूर्य हो तो गुरुपूजा में व्यय होता है । तथा द्वितीयेश शुक्र हो तो विलास के लिये, बुध हो तो वाणिज्य व्यवसाय के लिए धन का व्यय कराता है, यदि चन्द्रमा से इत्थशाल हो तो विशेष रूप से व्यय होता है । अन्यथा अन्य कार्यों में व्यय कहना चाहिए।। १२८-१३१ ।।

**लग्नपतौ पतितस्थे विबले राज्यात्ययस्तु कम्बूले ।**
**कोऽपि गुणः स्यात्पापाक्रान्तैरशुभं च्युतो भवति ।। १३२ ।।**

भा०–यदि लग्नेश निर्बल होकर नीच स्थान में हो तो राज्य का नाश होता है । यदि कम्बूल योग हो तो कुछ शुभ फल भी होता है । यदि पापग्रह से आक्रान्त हो तो अशुभ ही होता है ।। १३२ ।।

**नरपतिसचिवस्नेहप्रश्ने कम्बूललग्नसप्तमयोः ।**
**मुथशिलयोः शुभदृष्ट्या शुभता राज्ये मिथः स्नेहः ।। १३३ ।।**
**राज्यं चरं स्थिरं वा लग्नपगगनेशयोः सहयोः ।**
**यद्येको मन्दः स्यात्केन्द्रे तत्स्थितमतोऽन्यथा वाच्यम् ।। १३४ ।।**
**यदि वा स वाममार्गे भूमौ वा प्रच्युतिर्भवेत्पूर्वम् ।**
**कम्बूले सति लभते शीघ्रन्त्वथ मुसरिफे न पुनः ।। १३५ ।।**

भा०–राजा और मन्त्री में परस्पर प्रेम सम्बन्धी प्रश्न में लग्नेश सप्तमेश में कम्बूल हो अथवा मित्रदृष्टि से मुथशिल हो तो राज्य में कल्याण और राजा मन्त्री में परस्पर प्रेम कहना । ''राज्य चल है या स्थिर'' इस प्रकार के प्रश्न में लग्न में लग्नेश और दशमेश एक राशि में हो और एक मन्दगति ग्रह केन्द्र में हो तो राज्य को स्थिर, अन्यथा चल समझना । यदि वह (मन्दगति ग्रह)

वक्र होकर चतुर्थ में हो तो राज्यच्युति होती है, यदि कम्बूल योग हो तो शीघ्र पुन: राज्यलाभ होता है । ईसराफ योग हो तो राज्यलाभ नहीं होता है ।। १३३-१३५ ।।

अथैकादश (आय भाव) प्रश्न विचार—

**नृपेतेर्गौरवलाभाशादि मम स्यान्न वेति च प्रश्ने ।**
**आयेशलग्नपत्यो: स्नेहदृशा मुथशिले द्रुतं भवति ।। १३६ ।।**
**रिपुदृष्ट्या बहुदिवसै: केन्द्रे चायेशचन्द्रकम्बूले ।**
**वाच्या पूर्णैवाशा चरस्थिरद्विस्वभावगे स्वनामफलम् ।। १३७ ।।**
**मन्दे क्रूरोपहते भूत्वाशाशु प्रणाशमुपयाति ।**
**क्रूरयुक्ते च शुभयुज्यधिकारवशेन लब्ध्याशा ।। १३८ ।।**

भा०–''मुझे राजा से गौरव आदि का लाभ की आशा है या नहीं ?" इस प्रश्न में यदि लग्नेश एकांदशेश को मित्रदृष्टि से मुथशील हो तो शीघ्र लाभ, यदि शत्रुदृष्टि से मुथशील हो तो विलम्ब से लाभ कहना । यदि लग्नेश केन्द्र में हो और कम्बूल योग हो तो आशा पूर्ण होती है । परञ्च चर में हो तो शीघ्र, द्विस्वभाव में हो तो कुछ विलम्ब से और स्थिर में हो तो अधिक दिनों में आशा पूरी होती है । मन्दगति ग्रह पापयुक्त हो तो लाभ होकर नष्ट हो जाता है । पाप से युक्त रहने पर भी यदि शुभ ग्रह से योग हो तो योग्यतानुसार लाभ की आशा कहना ।। १३६-१३८ ।।

**मित्रेण सह प्रीतिर्भविता लग्नेश्वरायपत्योश्च ।**
**मित्रदृष्ट्या मुथशिलत: प्रीतिर्वाऽन्योन्यगृहयानात् ।। १३९ ।।**
**केन्द्रे स्थितयोरनयोर्मैत्री किल पूर्वजातैव ।**
**पणफरगतौ पुरस्तादापोक्लिमतो महाप्रीति: ।। १४० ।।**

भा०–''मुझे मित्र से प्रीति बनी रहेगी ?" इस प्रश्न में यदि लग्नेश एकादशेश में मित्र दृष्टि से मुथशिल हो या परस्पर के स्थान में स्थित हो तो प्रीति कहना । यदि ये दोनों (लग्नेश, लाभेश) केन्द्र में हों तो पूर्व से ही मैत्री कहना, यदि पणफर में हों तो आगे प्रीति होगी । यदि आपोक्लिम में हों तो परस्पर अत्यन्त प्रेम कहना ।। १३९-१४० ।।

**गुप्तं कार्यमिदं मे सिद्ध्यति लग्नेश्वरेऽथ चन्द्रमसि ।**
**शुभमुथशिलगे केन्द्रे तन्निकटे वाऽथ सिद्धि स्यात् ।। १४१ ।।**

भा०–''मेरा गुप्त (मानसिक) कार्य सिद्ध होगा ?" इस प्रश्न में लग्नेश या चन्द्रमा को शुभग्रह से मुथशिल हो, अथवा केन्द्र या पणफर में हो तो भी सिद्ध होता है ।। १४१ ।।

अथ व्यय भाव विचार—

**रिपुनिग्रहपृच्छायां बलवति षष्ठे रिपुः सबलः ।**
**द्वादशपे शुभदृष्टे बलवति वाच्यं बलं प्रष्टुः ।। १४२ ।।**
**रिपुविग्रहपृच्छायां नामोच्चारे रिपोर्बलिन्यस्ते ।**
**गुप्ते च द्वादशपे बलवति वाच्यं बलं प्रष्टुः ।। १४३ ।।**

भा०–शत्रु निग्रह सम्बन्धी प्रश्न में–षष्ठेश बली हो तो शत्रु को बली समझना । यदि द्वादशेश बलवान् होकर केन्द्र में हो तो प्रश्नकर्ता को बली समझना । रिपु विग्रह के विषय में यदि शत्रु के नाम उच्चारण करके प्रश्न करे और षष्ठेश बली हो तो शत्रु की विजय होती है । यदि शत्रु का नाम न बताकर प्रश्न करे और द्वादशेश बली हो तो प्रश्नकर्ता की विजय होती है।।१४२-१४३।।

**शुभयुतदृष्टे सद्व्ययमशुभेक्षणयोगतो व्ययमनर्थात् ।**
**एवं भावेष्वखिलेषूह्यं सदसत्फलं सुधिया ।। १४४ ।।**

भा०–व्यय सम्बन्धी प्रश्न में–द्वादशभाव यदि शुभग्रह से युत दृष्ट हो तो शुभकार्य में और पापग्रह से युत दृष्ट हो तो पापकार्य में व्यय कहना । इसी प्रकार सब भावों में शुभाशुभ समझना ।। १४४ ।।

इति गूढ़ार्थप्रकाशिकासहित-नीलकण्ठ्यां प्रश्नतन्त्रे भावप्रश्नाध्यायः ।। २ ।।

**अथ विशेषप्रश्नाध्याय:**

समरसिंहोक्त पथिकागमनप्रश्न—

**आगमने पृच्छायां लग्नेशे लग्नमध्यसंस्थेन ।**
**कृतमुथशिले समेति हि सुखमस्ततुरीयगे कष्टात् ।। १ ।।**
**स्थानाच्चलित: प्रश्ने लग्नपतौ सहजनवमगृहसंस्थे ।**
**लग्नस्थेन मुथशिले पन्थानं वहति पथिकोऽयम् ।। २ ।।**
**रन्ध्रेऽथ धने तस्मिन्नाकाशस्थेन मुथशिलेऽप्येवम् ।**
**केन्द्रस्थितेत्थशाले लग्नेक्षणवर्ज्यमेति न कदाऽपि ।। ३ ।।**
**लग्नाधिपतौ वक्रे लग्नं पश्यत्यमुत्र चन्द्रे वा ।**
**वक्रगमुथशिले सति समेति पथिक: सुखं शीघ्रम् ।। ४ ।।**
**अन्त्यस्थितलग्नपतौ शशिना कृतमुथशिले द्रुतमुपैति ।**
**लग्नाद्वाऽपि चतुर्थाच्छुभा द्वितीये तृतीयगा वापि ।। ५ ।।**
**कथयन्ति नष्टलाभं प्रवासिनश्चाऽगमं त्वरितम् ।**

भा०–परदेशी के आगमन सम्बन्धी प्रश्न में–लग्नेश को लग्नस्थित या दशमस्थित ग्रह से इत्थशाल हो तो परदेशी सुखपूर्वक आता है । तथा सप्तम और चतुर्थस्थग्रह से इत्थशाल हो तो कष्टयुक्त होकर आता है । यदि लग्नेश ३, ९ भाव में तो परदेशी अपने स्थान से चला, यदि लग्नस्थ ग्रह से मुथशिल योग हो तो पथिक मार्ग में है ऐसा कहना । लग्नेश यदि अष्टम, द्वितीय में हो और दशमस्थ ग्रह से मुथशिल ग्रह से मुथशिल हो तो मार्ग में कहना, यदि लग्न पर दृष्टि न हो तो केन्द्रस्थ ग्रह से मुथशिल होने भी नहीं आता है । लग्नेश वक्री हो और लग्न को देखता हो अथवा चन्द्रमा को वक्रगति ग्रह से मुथशील हो तो पथिक सुखपूर्वक शीघ्र आता है । लग्नेश द्वादशभाव में चन्द्रमा से मुथशील योग करता हो तो पथिक शीघ्र आता है । लग्न वा चतुर्थ से २, ३ भाव में शुभग्रह हो तो नष्ट वस्तु का लाभ और पथिक का आगमन शीघ्र कहना ।। १-५ ।।

प्रश्नचिन्तामणि—

**ग्रहः षष्ठेऽथ जामित्रे वाक्पतिः कण्टके स्थितः ।**
**पथिकागमनं ब्रूते सिते ज्ञे वा त्रिकोणगे ।। ६ ।।**
**पृष्ठोदये पापदृष्टे शुभदृग्वर्जिते बुधः ।**
**लग्नात्षष्ठे यदा पापा यातुश्च निधनं वदेत् ।। ७ ।।**
**यदा क्रूरास्तृतीयस्था देशाद्देशान्तरं गतः ।**
**चौरेणैव हृतस्वश्च पथिकः केन्द्रगा यदि ।। ८ ।।**
**पापैः षष्ठत्रिलाभस्थैःकण्टकस्थैः शुभग्रहैः ।**
**प्रवासी सुखमायाति दूरस्थोऽपि सुनिश्चितम् ।। ९ ।।**

भा०–षष्ठ या सप्तमभाव में कोई ग्रह हो, केन्द्र में बृहस्पति, और त्रिकोण में बुध या शुक्र हो तो पथिक का आना कहना । पृष्ठोदय लग्न पाप से दृष्ट और शुभ से अदृष्ट हो तथा लग्न से षष्ठभाव में पापग्रह हो तो परदेशी का मरण कहना । यदि पापग्रह तृतीयभाव में हो तो परदेशी अपने एक स्थान से दूसरे देश गया ऐसा कहना । तथा केन्द्र में पापग्रह हो तो पथिक का धन चोरी गया है ऐसा समझना । यदि पापग्रह ३, ६, ११ स्थान में हो और शुभग्रह केन्द्र में हो तो दूर रहनेवाला भी सुखपूर्वक आता है ।। ६-९ ।।

**चतुरस्त्रे त्रिकोणे वा पापगेहस्थितः शनिः ।**
**पापदृष्टश्च नियतं बन्धनं आतुरादिशेत् ।। १० ।।**
**शुभयुक्ते स्थिरे लग्ने स्थिरो बन्धश्चरेऽन्यथा ।**
**द्वितनौ सौम्यसंयुक्ते बन्धमोक्षौ क्रमेण तु ।। ११ ।।**
**पापास्त्रिकोणजामित्रे विलग्ने पृष्ठकोदये ।**
**शत्रुभिर्वीक्ष्यमाणाश्च यातुः कष्टं वदेत्सुधीः ।। १२ ।।**

भा०–पापग्रह की राशि में स्थित शनि यदि ४।८।५।९ में पाप ग्रह से दृष्ट हो तो पथिक का कैद (बन्धन) समझना । यदि स्थिर लग्न शुभग्रह से युक्त हो तो बन्धन स्थिर (अधिक दिन का), चर लग्न हो तो शीघ्र बन्धन से मुक्त समझना । यदि द्विस्वभाव लग्न हो तो बन्धन से मुक्त होकर फिर बन्धन

समझना। यदि पापग्रह ५।९।७ और लग्न स्थान में हो और अपने शत्रु से दृष्ट हो तथा पृष्ठोदय लग्न हो तो पथिक को कष्ट से युक्त समझना ।। १०-१२ ।।

**मार्गस्थानगतैः सौम्यैर्मार्ग तस्य शुभं वदेत् ।**
**क्रूरैर्दुःखं विलग्नस्थैः पापैः क्लेशमवाप्नुयात् ।। १३ ।।**
**चरलग्ने चरांशे वा चतुर्थे चन्द्रमाः स्थितः ।**
**प्रवासी सुखमायाति कृतकार्यश्च वेश्मनि ।। १४ ।।**
**कण्टकैः सौम्यसंयुक्तैः पापग्रहविवर्जितैः ।**
**प्रवासी सुखमायाति निधनस्थे सुधाकरे ।। १५ ।।**

भा०—यदि नवमभाव में शुभग्रह हो तो पथिक का मार्ग सकुशल, और पापग्रह हो तो मार्ग में दुःख तथा लग्न में पापग्रह हो तो भी क्लेश समझना । यदि चरराशि और चरनवांश में स्थित चन्द्रमा लग्न या चतुर्थभाव में हो तो प्रवासी सुखपूर्वक कृतकार्य होकर घर आता है । केन्द्र में शुभग्रह हो, पापग्रह न हो और अष्टमभाव में चन्द्रमा हो तो भी सुखपूर्वक घर आता है ।। १३-१५ ।।

**गमाऽऽगमौ तु न स्यातां योगे दुरुधराकृते ।**
**शुभैः शुभकृतो रोधः पापैस्तस्करतो भयम् ।। १६ ।।**
**गमाऽऽगमौ हि न स्यातां स्थिरराशौ विलग्नगे ।**
**न रोगोपशमो नाशो द्रव्याणां न पराभवः ।। १७ ।।**
**विपरीतं चरे वाच्यं फलं मिश्रं द्विमूर्तिषु ।**
**स्थिरवत्प्रथमे खण्डे परार्धे चराराशिवत् ।। १८ ।।**

भा०—गमनागमन प्रश्न में यदि चन्द्रमा से द्वितीय द्वादश में ग्रह हो तो गमन या आगमन नहीं कहना । यदि शुभग्रह हो तो शुभकार्य के लिए रुकना, और पापग्रह हो तो चोर आदि के भय से रोध (रुकना) समझना । अथवा स्थिरराशिलग्न हो तो भी गमन या आगमन, रोग का नाश, पराजय आदि नहीं कहना । यदि चर लग्न हो तो जो प्रश्न हो उसकी सिद्धि कहना । द्विस्वभाव लग्न में पूर्वार्ध में स्थिर और उत्तरार्ध में चरराशिवत् फल समझना ।। १६-१८ ।।

**प्रवासी शीघ्रमायाति गुरुशुक्रौ त्रिवित्तगौ ।**
**चतुर्थस्थानगावेतौ शीघ्रमायाति कार्यकृत् ।। १९ ।।**
**इन्दुः सप्तमगो लग्नात् पथिकं वक्ति मार्गगम् ।**
**मार्गाधिपश्च राश्यर्धात्परभागे व्यवस्थितः ।। २० ।।**
**शुक्रार्कजीवसौम्यानामेकोऽपि स्याद्धनायगः ।**
**तदाऽऽशु गमनं ब्रूयात्प्रष्टुर्न गमनं व्यये ।। २१ ।।**

भा०—गुरु और शुक्र यदि २, ३, ४, स्थान में हों तो प्रवासी कृतकार्य होकर शीघ्र आता है । चन्द्रमा लग्न से सप्तम में हो अथवा नवमेश राशि के उत्तरार्द्ध में हो तो प्रवासी को मार्ग में समझना । शुक्र, रवि, गुरु, बुध इनमें एक भी २, ११ में हो तो शीघ्र आगमन और १२ में कोई ग्रह हो तो नहीं कहना चाहिए ।। १९-२१ ।।

आगमन का समय ज्ञान—

**लग्नाद्यावतिथे स्थाने बली खेटो व्यवस्थितः ।**
**ब्रूयात्तावतिथे मासे पथिकस्य निवर्तनम् ।। २२ ।।**
**एवं कालं चरांशस्थे द्विगुणं च स्थिरांशके ।**
**द्विस्वभावांशगे खेटे त्रिगुणं चिन्तयेत्सुधीः ।। २३ ।।**
**यातुर्विलग्नाज्जामित्रभवनाधिपतिर्यदा ।**
**करोति वक्रमावृत्तेः कालं तु ब्रुवते परे ।। २४ ।।**

भा०—सबसे बली ग्रह लग्न से जितने स्थान में हो उतने मास में पथिक का आगमन होगा तथा इसी प्रकार का फल चरनवांश में हो तो भी कहना, यदि स्थिर नवांश में हो तो उसके द्विगुणित, द्विस्वभाव नवांश में उससे त्रिगुणित मास में पथिक का आगमन कहना । कोई लग्न से सप्तमेश जितने समय में वक्री हो उतने दिनों में पथिक का आगमन कहते हैं ।। २२-२४ ।।

**चतुर्थे दशमे वापि यदि सौम्यग्रहो भवेत् ।**
**तदा न गमनं क्रूरैस्तत्रस्थैर्गमनं भवेत् ।। २५ ।।**
**लग्नाद्वा लग्ननाथाद्वा यत्संख्या क्रूरखेचराः ।**
**नवमे द्वादशे वापि तत्संख्याः स्युरुपद्रवाः ।। २६ ।।**

**लग्नाद्वा लग्ननाथाद्वा यावन्तः सौम्यखेचराः ।**
**मार्गे तत्रोदया वाच्याः स्थाने स्थाने विचक्षणैः ।। २७ ।।**

भा०– गमन के प्रश्न में लग्न से चतुर्थ या दशम में शुभग्रह हो तो गमन नहीं कहना । यदि पापग्रह ४।१० में हो तो गमन कहना चाहिए । लग्न या लग्नेश से ९।१२ में जितने पापग्रह हों उतने उपद्रव मार्ग में समझना । तथा जितने शुभग्रह हों उतने प्रकार के अभ्युदय मार्ग में होते हैं ।। २५-२७ ।।

**क्रूरयुक्तेक्षितो मन्दः शुभदृग्योगवर्जितः ।**
**धर्मस्थस्तनुते व्याधिं प्रोषितस्याष्टगो मृतिम् ।। २८ ।।**
**जामित्रस्य शुभोत्थे याता नायाति दुरुधरायोगे ।**
**मित्रस्वामिनिषेधात्पापोत्थे शत्रुरुक्चौरात् ।। २९ ।।**
**चन्द्रार्कयोश्छिद्रगयोर्यमेन संदृष्टयोः स्यात्परशस्त्रभीतिः ।**
**रन्ध्रे सिते ज्ञे च सुखाप्तिरारे मन्दे भयं पापयुगीक्षितेऽध्वनि ।। ३० ।।**

भा०–यदि पापग्रह से युक्त शनि नवम स्थान में हो और शुभग्रह की दृष्टि से हीन हो तो प्रवासी को रोग भय कहना । इस प्रकार अष्टम भाव में हो तो मरण कहना । यदि ६।८ दोनों स्थान में शुभग्रह हो तो मित्र या मालिक के कहने से, यदि पापग्रह ६।८ दोनों में हो तो चोर के भय वा रोग से प्रवासी नहीं आया। चन्द्रमा और रवि ८ स्थान में शनि से दृष्ट हों तो शत्रु से अस्त्र का भय कहना । यदि शुक्र या बुध ८ में हो तो सुख प्राप्ति और मङ्गल या शनि ८ में पापग्रह से दृष्ट हो तो मार्ग में भय कहना ।। २८-३० ।।

परदेशी के जीवन-मरण सम्बन्धी प्रश्न विचार—

**लग्नेश्वरे शीतकरेऽथ षष्ठे तुर्येऽष्टमे वाप्यतिनीचगे वा ।**
**अस्तङ्गते छिद्रपतीत्थशाले युक्ते शुभैर्दूरगतो मृतः स्यात् ।। ३१ ।।**
**भूमेरधःस्थेन च वक्रगेण यदीत्थशालं कुरुते शशाङ्कः ।**
**सौम्यैरदृष्टे मरणं प्रकुर्याद्दूरस्थितस्यापि विदेशगस्य ।। ३२ ।।**
**सौम्यैः षष्ठान्त्यरन्ध्रस्थैर्विबलैश्चाशुभेक्षितैः ।**
**पापयुक्तौ शशाङ्कार्कौ तदा दूरस्थिता मृतः ।। ३३ ।।**

भा०–लग्नेश और चन्द्रमा यदि ६।४।८ भाव में नीच में वा अस्त हो वा अष्टमेश से इत्थशाल करता हो, वा पाप से युक्त हो तो परदेशी का मरण कहना। यदि चन्द्रमा शुभ ग्रह से अदृष्ट हो और लग्न तथा चतुर्थ के मध्य में स्थित वक्रगति ग्रह से इत्थशाल योग करता हो तो भी परदेशी का मरण कहना। यदि शुभ ग्रह ६।१२।८ स्थान में हो और पापग्रह से दृष्ट हो तथा रवि चन्द्रमा भी पाप से युक्त हो तो परदेशी का मरण समझना ।। ३१-३३ ।।

**पृष्ठोदये पापयुते त्रिकोणकेन्द्राष्टषष्ठोपगतैश्च पापैः ।**
**सौम्यैरदृष्टैः परदेशसंस्थो मृतो गदार्तो नवमे च सूर्ये ।। ३४ ।।**
**तुर्योपरिस्थेन खगेन चन्द्रमा यदीत्थशालं कुरुते शुभेक्षितः ।**
**सौम्यैर्युतो वा परदेशसंस्थितः सुखी च जीवेत्पथि सौख्यमेति ।। ३५ ।।**

भा०–पापग्रह से युत पृष्ठोदय लग्न हो और पापग्रह त्रिकोण, केन्द्र, ८, ६, स्थान में हो, शुभग्रह से अदृष्ट हो तो परदेशी का मरण, यदि नवम स्थान में सूर्य हो तो परदेशी को रोगयुक्त समझना। चतुर्थ भाव से दशम भाव पर्यन्त स्थित ग्रह से चन्द्रमा को इत्थशाल हो तथा शुभग्रह से युत दृष्ट हो तो परदेशी को सुखपूर्वक जीवित समझना ।। ३४-३५ ।।

षट्पञ्चाशिकोक्त शत्रु आगमन सम्बन्धी प्रश्न निरूपण—

**मार्गान्निवर्तते शत्रुः पापैः शत्रुगृहाश्रितैः ।**
**चतुर्थगैरपि प्राप्तः शत्रुर्भग्नो निवर्तते ।। ३६ ।।**

भा०–प्रश्न लग्न से शत्रुभाव (६) में ग्रह हो तो शत्रु मार्ग से लौट जाता है। यदि चतुर्थभाव में हो तो शत्रु पराजित होकर लौटता है ।। ३६ ।।

**झषालिकुम्भकर्कटा रसातले यदा स्थिताः ।**
**रिपोः पराजयस्तदा चतुष्पदैः पलायनम् ।। ३७ ।।**

भा०–यदि चतुर्थभाव में मीन, वृश्चिक, कुम्भ या कर्क राशि हो तो शत्रु की पराजय होती है। चतुर्थभाव में चतुष्पद राशि हो तो शत्रु भय से भाग जाता है ।। ३७ ।।

**मेषधनु:सिंहवृषा यद्युदयस्था भवन्ति हिबुके वा ।**
**शत्रुर्निवर्ततेऽत्र ग्रहसहिता वा वियुक्ता वा ।। ३८ ।।**

भा०–लग्न या चतुर्थभाव में मेष, सिंह, धनु या वृष राशि ग्रह सहित या ग्रह रहित हो तो शत्रु मार्ग से लौट जाता है ।। ३९ ।।

**नागच्छति परचक्रं यदार्कचन्द्रौ चतुर्थभवनस्थौ ।**
**गुरुबुधशुक्रा हिबुके यदा तदा शीघ्रमायाति ।। ३९ ।।**

भा०–चतुर्थभाव में रवि और चन्द्रमा हो तो शत्रु की सेना नहीं आती है। यदि चतुर्थभाव में बुध, गुरु और शुक्र हो तो शत्रु सेना शीघ्र आती है ।।३९।।

**स्थिरोदये जीवशनैश्चरे स्थिते गमागमौ नैव वदेत्तु पृच्छतः ।**
**त्रिपञ्चषष्टा रिपुसङ्गमाय पापाश्चतुर्था विनिवर्तनाय ।। ४० ।।**

भा०–स्थिर राशि लग्न में हो और उसमें गुरु और शनि हो तो गमन या आगमन नहीं होता है । पापग्रह यदि ३, ५, ६ भाव में हो, तो शत्रु का आगमन, यदि ४ में पापग्रह हो तो शत्रुओं का लौट जाना समझना ।। ४० ।।

**दशमोदयसप्तमगाः सौम्या नगराधिपस्य विजयकरः ।**
**आरार्की ज्ञगुरुसिताः प्रभङ्गदौ विजयदा नवमे ।। ४१ ।।**

भा०–शुभग्रह यदि १०, १, ७ भाव में हो तो स्थायी (मुद्दालह) की विजय होती है । और नवम भाव में मङ्गल, शनि हो तो प्रश्नकर्ता की पराजय और ९ में बुध, गुरु, शुक्र हो तो विजय देने वाले होते हैं ।। ४१ ।।

**उदयर्क्षाच्चन्द्रर्क्षं भवति च यावद्दिनैश्च तावद्भिः ।**
**आगमनं स्याच्छत्रोर्यदि न हि मध्ये ग्रहः कश्चित् ।। ४२ ।।**

भा०–लग्न राशि से चन्द्रमा की राशि की संख्या जितनी हो उतने दिनों में शत्रु का आगमन कहना । परञ्च लग्न से आगे चन्द्रमा तक यदि बीच में कोई अन्य ग्रह नहीं हो ।। ४२ ।।

**दैत्येज्यवाचस्पतिसोमपुत्रैरेकर्क्षगैर्लग्नगतैर्बलाढ्यैः ।**
**द्वाभ्यामथेज्ये भृगुजेऽथ लग्ने हन्याद्रणे यायिनृपं पुरेशः ।। ४३ ।।**
**सुर्येन्दुभौमार्कजसैंहिकेयैः सर्वैश्चतुर्भिस्त्रिभिरेव लग्नगैः ।**
**हन्यात्तदा स्थायिनमाशु यायी द्यूनस्थितैर्यायिनृपं पुरेशः ।। ४४ ।।**
**दैत्येज्यशीतांशुबुधामरेज्यैः सर्वैस्त्रिभिर्द्यूनगतैर्बलाढ्यैः ।**
**हन्याद्रणे स्थायिनमाशुयायी सुखास्पदस्थैश्च शुभैः सुसन्धिः ।। ४५ ।।**

भा०–बलवान् बुध, गुरु शुक्र ये तीनों एक राशि में होकर लग्न में हों तो अथवा इनमें दो वा केवल गुरु या शुक्र लग्न में हों तो यायी को स्थायी पराजित करता है । यदि सूर्य, चन्द्र, मङ्गल, शनि और राहु इनमें से पाँचों, या चार अथवा तीन भी लग्न में हों तो स्थायी को यायी पराजित करता है । शुक्र, चन्द्र, बुध, गुरु ये चारों या तीन यदि बली होकर सप्तम भाव में हों तो स्थायी को यायी पराजित कर देता है । ४, १० स्थान में शुभग्रह हो तो दोनों में सन्धि (मेल) हो जाता है ।। ४३-४५ ।।

**कुजेत्थशाले हिमगौ विलग्ने बन्धोऽथ मृत्युर्युधि नागरस्य ।**
**भौमेत्थशाले च विधौ कलत्रे बन्धं मृतिं वा लभतेऽत्र यायी ।। ४६ ।।**
**लग्नेशजामित्रपयोश्च मध्ये भवेद्ग्रहो यः स्वगृहोच्चसंस्थः ।**
**तद्वर्गमत्या नृपयोश्च सन्धिर्ज्ञेयो बुधे लेखकपण्डिताभ्याम् ।। ४७ ।।**

भा०–यदि मंगल से इत्थशाली होकर चन्द्रमा लग्न में हो तो स्थायी का मरण अथवा बन्धन होता है । यदि मङ्गल से इत्थशाली चन्द्रमा सप्तम में हो तो काययी का मरण या बन्धन समझना । लग्नेश और सप्तमेश में जो ग्रह स्वराशि स्वोच्च में हो उस वर्ग (श्रेणी) के मनुष्य की अनुमति से यायी और स्थायी में सन्धि होती है । यदि बुध स्वराशि स्वोच्च में हो तो लेखक और पण्डितों की अनुमति से दोनों में सन्धि होती है ।। ४६-५७ ।।

टि०–जैसे स्वोच्च स्वराशि में रवि या चन्द्रमा हो तो राजा की अनुमति से, गुरु, शुक्र हो तो मन्त्री की अनुमति से, मङ्गल हो तो सेनापति की, शनि हो तो सेना (भृत्य) की अनुमति से, मङ्गल हो तो सेनापति की, शनि हो तो सेना (भृत्य) की अनुमति से सन्धि होती है ।

**क्रूरे कलत्रे ह्युदये शुभग्रहो यच्छेद्धनं यायिनृपाय नागरः ।**
**विपर्ययाद्यायिनृपः पुरेश्वरं दुर्गादिद्विनिष्काश्य ददाति वाऽऽस्पदम् ।। ४८ ।।**
**रवीत्थशाले शशिजे सुगुप्ताश्चरा भवेयुश्च कुजेसराफात् ।**
**ग्रहाच्छशाङ्केन युते च तस्मिन् ये येऽन्यवेषाश्च भवन्ति चाराः ।। ४९ ।।**

भा०–सप्तम में पापग्रह और लग्न में शुभग्रह हो तो यायी को स्थायी धन सर्मपण कर देता है । यदि लग्न में पाप और सप्तम में शुभ हो तो यायी द्वारा स्थायी दुर्ग से निकाल दिया जाता है । चार (भेदिया) विषयक प्रश्न में–यदि बुध और रवि में इत्थशाल तो भेदिया गुप्त रहता है । यदि किसी ग्रह से मङ्गल ईसराफ योग करता हो और बुध चन्द्रमा से युत हो तो जो-जो दूसरे वेष में हों उन्हें चार समझना चाहिए ।। ४८-४९ ।।

प्रश्नचिन्तामणि में दुर्ग विषयक प्रश्न विचार—

**प्रश्ने विलग्ने क्रूरे वा दुर्गभङ्गो न जायते ।**
**विशेषतो भूमिपुत्रे राहौ वा मूर्तिगे सति ।। ५० ।।**
**सप्तमे सिंहिकासूनौ दुर्ग शीघ्रेण लभ्यते ।**
**जामित्रोदयगे क्रूरे रिष्फगे लग्ननायके ।। ५१ ।।**
**द्वितीये वाऽष्टमे षष्ठे तदा दुर्ग न लभ्यते ।**
**सक्रूरो लग्नपो वक्री युद्धदः केन्द्रसंस्थितः ।। ५२ ।।**

भा०–यदि प्रश्नलग्न में पापग्रह विशेषकर मङ्गल या राहु हो तो दुर्ग का भङ्ग नहीं होता है । सप्तम में राहु हो अथवा सप्तम लग्न में कोई पापग्रह हो तथा लग्नेश द्वादशभाव में हो दुर्ग शीघ्र कब्जे में आता है । यदि २, ८, ६ इनमें पापग्रह हो तो दुर्ग का लाभ नहीं होता है । यदि पापग्रह युत लग्नेश वक्री होकर केन्द्रगत हो तो युद्ध अवश्य होता है ।। ५०-५२

**षष्ठाधिपे द्यूनगते पापे वा युद्धमादिशेत् ।**
**पृच्छायां केन्द्रगैः क्रूरैः कोटे दुर्गे वधो नृणाम् ।। ५३ ।।**
**भौमाष्टमेशावेकत्र तदापि निधनं नृणाम् ।**
**स्वायपुत्रस्थिते जीवे कोटमध्ये भयं नहि ।**
**शनौ भौमे च केन्द्रस्थे बहूनां वधबन्धनम् ।। ५४ ।।**
**लग्नगतो यदि पापः पापेन युतेक्षितो वा स्यात् ।**
**लग्नात्पूर्वापरगौ पापौ युद्धं तदा घोरम् ।। ५५ ।।**

भा०–षष्ठेश वा पापग्रह सप्तमभाव में हों तो युद्ध कहना चाहिए । प्रश्नसमय केन्द्र में पापग्रह हो तो दुर्ग का भङ्ग और मरण होता है । मंगल और अष्टमेश एक राशि में हो तो भी मरण होता है । यदि २।११।५ इन स्थानों में गुरु हो तो भय नहीं कहना । यदि शनि और मङ्गल केन्द्र में हो तो बहुतों का बन्धन और मरण कहना । लग्न में पापग्रह हो, पाप से युत दृष्ट हो, अथवा लग्न से द्वितीय द्वादश में पापग्रह हो तो महाघोर संग्राम कहना चाहिए।।५३-५५।।

रोगियों के शुभाशुभ प्रश्न विचार—

**विलग्ने षष्ठपः पापो जन्मराशि निरीक्षते ।**
**रोगिणस्तस्य मरणं निश्चयेन वदेद् बुधः ।। ५६ ।।**
**चतुर्थाष्टगे चन्द्रे पापमध्यगतेऽपि वा ।**
**मृतिः स्याद्बलसंयुक्तसौम्यदृष्ट्या चिरात्सुखम् ।। ५७ ।।**
**विधौ लग्ने स्मरे भानौ रोगी याति यमालयम् ।**
**प्रश्ने क्रूरगृहे लग्ने रोगवृद्धिश्चिकित्सकात् ।। ५८ ।।**

भा०–षष्ठेश पापग्रह प्रश्नलग्न में स्थित होकर जन्मराशि को देखता हो तो रोगी का मरण कहना चाहिए । यदि चन्द्रमा ४, ८ भाव में हो या पापग्रहों के मध्य में हो तो भी मरण होता है । यदि बलवान् शुभग्रह में दृष्ट हो तो अधिक दिनों में रोग से मुक्त होकर सुखी होता है । यदि लग्न में चन्द्रमा, और सप्तम में सूर्य हो तो भी मरण होता है । प्रश्न लग्न में पापग्रह हो तो वैद्य के उपचार से रोग की वृद्धि कहना ।। ५६-५८ ।।

**तथा लग्नगते सौम्ये वैद्योक्तममृतं वचः ।**
**लग्नं वैद्यो द्युनं व्याधिः खं रोगी तुर्यमौषधम् ।। ५९ ।।**
**रोगिणो भिषजो मैत्री मैत्री भेषजरोगयोः ।**
**व्याधेरुपशमो वाच्यः प्रकोपः शात्रवे तयोः ।। ६० ।।**
**लग्ननाथे च सबले केन्द्रसंस्थे शुभग्रहे ।**
**उच्चगे वा त्रिकोणे वा रोगी जीवति निश्चयम् ।। ६१ ।।**
**एकः शुभो बली लग्ने त्रायते रोगपीडितम् ।**
**सौम्या धर्मारिलाभस्थास्तृतीयस्था गदापहाः ।। ६२ ।।**

भा०–लग्न में शुभग्रह हो तो वैद्य का उपचार अमृत तुल्य होता है । रोग के प्रश्न में लग्न को वैद्य, सप्तम को रोग, दशमभाव को रोगी और चतुर्थ भाव को औषध समझना । रोगी, वैद्य (दशमेश, लग्नेश) में मैत्री हो तथा रोग औषध (सप्तमेश, चतुर्थेश) में मैत्री हो तो शान्ति, यदि शत्रुता हो तो रोग का प्रकोप कहना । लग्नेश बली हो और केन्द्र में शुभग्रह हो अथवा लग्नेश या उच्च या त्रिकोण में हो तो रोगी रोग से मुक्त होकर अधिक दिन जीता है । एक भी शुभग्रह लग्न में हो तो रोगी की रक्षा करता है । तथा ९, ६, ११, २, इन भावों में शुभग्रह हो तो रोग की शान्ति होती है ।। ५९-६२ ।।

किस देवता के प्रकोप से रोग हुआ उसका ज्ञान—

**वह्न्यङ्कद्वादशे षष्ठे लग्नात्पापग्रहो यदि ।**
**हतो गदैर्जलैश्शस्त्रैस्तस्य दोषः कुलोद्भवः ।। ६३ ।।**
**प्रेतश्च राहौ पितरः सुरेज्ये चन्द्रेऽम्बुदेव्यस्तपनेऽपि देव्यः ।**
**स्वगोत्रदेव्यश्च शनौ बुधे च भूतानि विन्द्याद्व्ययरन्ध्रसंस्थे ।। ६४ ।।**
**शकिन्य आरे भृगुजेऽम्बुदेव्या गृह्णन्ति मर्त्यं विमुखं मुकुन्दात् ।**
**स्वर्क्षोच्चगे वीर्ययुते च साध्याश्चन्द्रे च नीचे विबले न साध्याः ।। ६५ ।।**

भा०–प्रश्नलग्न से ३, ९, १२, ६ भाव में पापग्रह हो तो कुलक्रमागत रोग कहना और रोग, जल वा शस्त्र से रोगी का मरण कहना । यदि ८।१२ भाव में राहु हो तो प्रेत, बृहस्पति हो तो पितर, चन्द्रमा हो तो जलदेवी, सूर्य हो तो देवी, शनि हो तो कुलदेवता, बुध हो तो भूत, मङ्गल हो तो शाकिनी और शुक्र

हो तो जलदेवी उन मनुष्यों पर कोप करती हैं, जो ईश्वर से विमुख होते हैं । यदि उक्त स्थान में ग्रह अपने राशि या उच्च का हो और बली हो तो उक्त देवता को साध्य समझना । चन्द्रमा निर्बल और नीच में हो तो देवता को असाध्य समझना ।। ६३-६५ ।।

**केन्द्रस्थैर्बलिभिः पापैरसाध्या देवतागणाः ।**
**सौम्यग्रहैश्च केन्द्रस्थैः साध्या मन्त्रैस्तवार्चनैः ।। ६६ ।।**
**कण्टकाष्टत्रिकोणस्थाःशुभा उपचये शशी ।**
**लग्ने च शुभसन्दृष्टे रोगी रोगाद्विमुच्यते ।। ६७ ।।**

भा०—केन्द्र में बली पापग्रह हो तो उक्त देवगण को असाध्य समझना तथा बली शुभग्रह केन्द्र में हो तो उक्त देवगण मन्त्र, स्तुति और पूजा से साध्य (प्रसन्न) होते हैं । केन्द्र ८, ५, ९ में शुभग्रह और ३, ६, १०, ११ में चन्द्रमा हो तथा लग्न पर शुभग्रह की दृष्टि हो तो रोगी रोग से अवश्य मुक्त होता है ।

वि०—सन्तान बाधा आदि में भी इसका विचार करना चाहिए ।

मालिक से लाभ है या नहीं ? इस प्रश्न का विचार (त्रैलोक्य प्रकाश)

**शीर्षोदये सौम्ययुतेक्षिते वा सौम्यैर्द्वितीयाष्टमसप्तमस्थैः ।**
**तृतीयलाभारिगतैश्च पापैः सौख्यार्थलाभो नृपसेवकस्य ।। ६८ ।।**
**लग्नाद्द्वितीये मदनाष्टमर्क्षे वित्तक्षयं सम्भ्रममार्तिमृत्युम् ।**
**कुर्वन्ति पापाः क्रमशो नरेन्द्राद्भृत्यस्य तस्मात्परिवर्जयेत्तम् ।। ६९ ।।**

भा०—शुभग्रह से युत दृष्ट शीर्षोदय (मिथुन, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, कुम्भ) प्रश्न लग्न हो, शुभग्रह २, ८, ७ भावों में और पापग्रह ३, ६, ११ में हो तो नौकर को मालिक से सुख और धनप्राप्त होता है । लग्न से २, ७, ८ भावों में पापग्रह हो तो क्रम से धन का नाश, सम्भ्रम, रोग और मृत्यु होती है, इसलिए उस मालिक को त्याग देना चाहिए ।। ६८-६९ ।।

**लग्नाद्द्वितीयाष्टमसप्तमर्क्षा पापाः प्रणाशं नृपभृत्ययोर्द्वयोः ।**
**कुर्वन्ति तेष्वेव गताश्च सौम्याः कुर्युर्धनारोग्यसुखानि चोभयोः ।। ७० ।।**
**शशाङ्कसौम्यैरुदयास्तभावो दृष्टौ युतौ वा सबलैर्न पापैः ।**
**प्रष्टुस्तदा स्याद्धृदि पार्थिवस्य स्नेहप्रसादावकृपा प्रतीपात् ।। ७१ ।।**

भा०–प्रश्न लग्न से २, ७, ८ इन दिनों में पापग्रह हों तो मालिक और नौकर दोनों का ही मरण कहना । यदि २, ७, ८ इन्हीं स्थान में शुभग्रह हों तो दोनों को धन, आरोग्य और सुख की वृद्धि होती है । लग्न और सप्तम भाव पर चन्द्रमा तथा शुभग्रह की दृष्टि या योग हो और पापग्रह निर्बल हो तो पूछनेवाले (नौकर) पर मालिक का प्रेम और अनुग्रह होता है । अन्यथा मालिक को रुष्ट समझना चाहिए।।७०-७१ ।।

**षष्ठेश्वरेण व्ययपेन केन्द्रे यदीत्थशालं कुरुते विलग्नपः ।**
**प्रष्टुस्तदाऽन्यः प्रभुरर्थदः स्यादतः प्रतीपान्न भवेत्परः प्रभुः ।। ७२ ।।**
**लग्नेश्वरे स्वर्क्षगते स्वतुङ्गकेन्द्रस्थिते शीतकरेत्थशाले ।**
**शुभग्रहैर्दृष्टयुते बलान्विते प्रष्टुर्निजस्वाम्यमितार्थलाभः ।। ७३ ।।**

भा०–''मुझे इस मालिक से लाभ है या नहीं ? इस प्रश्न में केन्द्र स्थित लग्नेश को यदि षष्ठेश या द्वादशेश से इत्थशाल हो तो दूसरे मालिक से धनलाभ कहना इससे अन्यथा हो तो दूसरा मालिक नहीं होता अर्थात् वर्तमान मालिक से ही लाभ कहना । अपने उच्च, राशि और केन्द्र में स्थित लग्नेश को चन्द्रमा से इत्थशाल हो तथा बली शुभग्रह से दृष्टयुत हो तो मालिक से अतिशय धन का लाभ कहना ।। ७२-७३ ।।

**जायेश्वरे स्वोच्चनिजर्क्षसंस्थे केन्द्रस्थिते शीतकरेत्थशालगे ।**
**शुभग्रहैर्दृष्टयुते बलोत्कटैः प्रष्टुस्तदाऽन्यः प्रभुरर्थदो भवेत् ।। ७४ ।।**
**इदं गृहं वा शुभमन्यदालयं स्थानन्त्विदं वा शुभमन्यदालयम् ।**
**ममात्र भद्रं गमनात्तु तत्र वा पृष्ठे सदेत्थं विधिना विमृश्य ।। ७५ ।।**

भा०–यदि सप्तमेश स्वोच्च स्वराशि और केन्द्र में हो तथा चन्द्रमा से इत्थशाल हो और शुभग्रह से दृष्टयुत हो तो दूसरे मालिक से धनलाभ कहना ।

इसी प्रकार ''इस स्थान में सुख है या दूसरे स्थान में ?" इत्यादि प्रश्न में उपर्युक्त योगानुसार फल समझना चाहिए ।। ७४-७५ ।।

भूमिस्थ धन अथवा नष्ट वस्तुलाभ प्रश्नविचार (प्रश्नचिन्तामणि)—

**प्रश्ने चतुर्थाधिपतिस्तत्रस्थे वाऽवलोकिते ।**
**अवश्यं वर्तते तत्र धनं चन्द्रेऽथ वा वदेत् ।। ७६ ।।**
**वित्तपे धनने बन्धौ वास्ति तत्र धनं बहु ।**
**पापे तुर्यगते द्रव्यं स्थितं तूर्णं न लभ्यते ।। ७७ ।।**
**भौमे सप्ताष्टराशिस्थे धनमन्यत्र नाप्यते ।**
**लग्ने तमो रविश्छिद्रे तदा द्रव्यं न लभ्यते ।।**
**सप्ताष्टदशपातालेशो विधुर्धनदो गुरुः ।। ७८ ।।**

भा०–प्रश्न लग्न से चतुर्थेश अथवा चन्द्रमा चतुर्थ भाव में हो या चतुर्थ भाव को देखता हो तो अवश्य धन की प्राप्ति कहना । द्वितीयेश द्वितीय या चतुर्थ भाव में हो तो वहाँ अधिक धन समझना । यदि पापग्रह चतुर्थ भाव में हो तो धन की प्राप्ति शीघ्र नहीं हो सकती है । यदि मंगल ७, ८ भावों में हो तो धन अन्य स्थान में है और लाभ नहीं होगा तथा लग्न में राहु, अष्टम में रवि हो तथापि धनलाभ नहीं होगा, ऐसा कहना । यदि लग्न से ७, ८, १०, ४ इन स्थानों के स्वामी चन्द्रमा और गुरु हों तो धन की प्राप्ति समझना चाहिए ।

**लग्नेश्वरे द्यूनगते विलग्ने जायेश्वरे नष्टधनस्य लाभः ।**
**जायेशलग्नाधिपतीत्थशाले द्यूने विनष्टं धनमेति मर्त्यः ।। ७९ ।।**
**लग्नेशजायाधिपतीत्थशाले लग्नेऽथवा यच्छति तस्करोऽर्थम् ।**
**सूर्ये विलग्नेऽस्तमिते शशाङ्के न लभ्यते यद्द्रविणं विनष्टम् ।। ८० ।।**

भा०–लग्नेश सप्तम में और सप्तमेश लग्न में हो अथवा लग्नेश सप्तमेश में इत्थशाल हो और वह सप्तमभाव में हो तो नष्ट धन का लाभ होता है। लग्नेश सप्तमेश में इत्थशाल हो और लग्न में हो तो चोर धन को लौटा देता है। यदि सूर्य लग्न में अथवा चन्द्रमा सूर्य के साथ अस्त हो तो नष्ट धन नहीं प्राप्त होता है।। ७९-८०।।

**कर्मेशलग्नाधिपतीत्थशाले चौरः स्वमादाय पुरात्पलायते ।**
**चन्द्रेऽस्तपे चार्ककरप्रविष्टे तल्लभ्यते नष्टधनं सतस्करम् ।। ८१ ।।**
**अस्तेश्वरे केन्द्रगतेऽस्ति चौरस्तत्रैव वाऽन्यत्र पुराद्विनिर्गतः ।**
**धर्मेशदुश्चिक्यपतीत्थशाले जायेश्वरेऽन्यत्र गतः स चौरः ।। ८२ ।।**

भा०–दशमेश लग्नेश को इत्थशाल हो तो चोर धन लेकर नगर से भाग जाता है । यदि चन्द्रमा और सप्तमेश सूर्य के साथ अस्त हो तो धन सहित चोर पकड़ा जाता है । सप्तमेश केन्द्र में हो तो चोर वहीं (नगर ही में) कहना, यदि केन्द्र से अन्य स्थान में हो तो चोर को नगर से बाहर समझना । नवमेश या तृतीयेश से यदि सप्तमेश को मुथशिल योग हो तो चोर को दूसरे नगर में समझना ।। ८१-८२ ।।

**कर्मेशलग्नाधिपतीत्थशाले यल्लभ्यते राजकुलाच्च चौर्यम् ।**
**त्रिधर्मपद्यूनपतीत्थशाले त्वन्यप्रदेशाद्गमने तदाप्तिः ।। ८३ ।।**
**शुभेत्थशाले हिमगौ विलग्ने खस्थेऽथ वा नष्टधनस्य लाभः ।**
**सुस्नेहदृष्ट्या रविणा शुभेन दृष्टे विलग्ने हिमगौ च लाभः ।। ८४ ।।**

भा०–दशमेश लग्नेश में इत्थशाल हो तो राजपुरुषों के द्वारा चोरी गयी वस्तु की प्राप्ति होती है । यदि तृतीयेश वा नवमेश से सप्तमेश को इत्थशाल हो तो अन्य स्थान में जाने से नष्ट वस्तु का लाभ समझना । लग्न वा दशम भावगत चन्द्रमा को शुभग्रह से इत्थशाल हो तो नष्ट वस्तु का लाभ होता है । लग्न और चन्द्रमा को यदि रवि या शुभग्रह मित्र दृष्टि से देखता हो तो भी लाभ होता है।।८३-८४।।

षट्पञ्चाशिका—

**स्थिरोदये स्थिरांशे वा वर्गोत्तमगतेऽपि वा ।।**
**स्थिते तत्रैव तद्द्रव्यं स्वकीयेनैव चौरीतम् ।। ८५ ।।**

भा०–लग्न में स्थिर राशि, या स्थिर राशि का नवांश या वर्गोत्तम नवांश हो तो वस्तु चोरी नहीं गई घर में ही है, अथवा घर के लोग ही छिपा रखे हैं, ऐसा कहना ।। ८५ ।।


**आधिमध्यावसानेषु द्रेष्काणेषु विलग्नतः ।**
**द्वारदेशे तथा मध्ये गृहान्ते च वदेद्धनम् ।। ८६ ।।**

भा०–लग्न में द्रेष्काण हो तो नष्ट वस्तु द्वार पर, यदि द्वितीय द्रेष्काण हो तो घर के मध्य में, यदि तृतीय द्रेष्काण हो तो घर के पीछे भाग में वस्तु समझना चाहिए ।। ८३ ।।

नष्ट वस्तु की दिशा का ज्ञान प्रश्नतन्त्र में—

**पतितधनस्य प्रश्ने मिथो गृहस्थौ विलग्नसप्तेशौ ।**
**यदि मुथशिलन्तयोः स्यात्तदाऽऽशु तत्रैव वदति धनम् ।। ८७ ।।**
**नष्टं क्व दिशि प्राप्तं पृच्छायां लग्नपे विधौ प्राच्याम् ।**
**खस्थाने याम्यायामस्ते वारुण्यां वा भुव्युदीच्याम् ।। ८८ ।।**
**यदि नेन्दुः केन्द्रे तच्चत्वारिंशांशकैश्च पञ्चयुतैः ।**
**भागे दिक्क्रम उक्तो वह्न्यवनीवायुवारिराशौ वा ।। ८९ ।।**

भा०–यदि लग्नेश सप्तम भाव में और सप्तमेश लग्न में हो अथवा दोनों में मुथशिल योग हो तो नष्ट धन यथास्थान (अपने घर में ही) समझना । चन्द्रमा लग्न में हो तो पूर्व, दशम में हो तो दक्षिण, सप्तम में हो तो पश्चिम और चतुर्थ में हो तो उत्तर दिशा में नष्ट धन को समझना । यदि चन्द्रमा केन्द्र में न हो तो जिस केन्द्र के नजदीक में अर्थात् ४५ अंश के भीतर हो उस दिशा में नष्ट कहना चाहिए । अथवा अग्नि तत्त्व राशि लग्न में हो तो पूर्व, पृथ्वी तत्त्व लग्न हो तो दक्षिण, वायु तत्त्व लग्न में पश्चिम और जल तत्त्व लग्न में हो तो उत्तर दिशा समझना ।। ८७-८९ ।।



उदाहरणः–प्रश्नकुण्डली देखिए, चन्द्रमा, लग्न और दशम के मध्य द्वादश भाव में है, अतः लग्न के समीप में होने के कारण पूर्व दिशा समझना । यदि ११ भाव में होता हो दशम के समीप में होने के कारण दक्षिण दिशा होती । इसी प्रकार सप्तम और चतुर्थ के समीप से भी दिशा का ज्ञान करना चाहिए । अथवा लग्न में कन्या पृथ्वी राशि है, इस लिए नष्ट वस्तु की दिशा दक्षिण कहना।। ८७-८९ ।।

**नष्टवीतवित्तलब्धेः प्रश्ने चौरोऽस्तभं ततो लाभः ।**
**हिबुकं द्रव्यस्थानं लग्नं चन्द्रश्च धननाथः ।। ९० ।।**
**लग्नेशोऽस्ते मदपतिना मुथशिली ततो लाभः ।**
**यद्यष्टेशो लग्ने तदा स्वयं तस्करोऽर्पयति ।। ९१ ।।**
**रविरश्मिगे धनेशे वाऽस्तमिते तस्करस्य लाभः स्यात् ।**
**लग्नेशदशमपत्योर्मुथशिलतः प्राप्यते स्ववान् चौरः ।। ९२ ।।**
**लग्नेशदृष्ट्यभावे चौरः सह मातया याति ।**
**अस्ताधिपतौ दग्धे रविरश्मिगतेऽथ लभ्यते चौरः ।। ९३ ।।**

भा०–नष्ट धन के प्रश्न में सप्तम भाव को चोर, भाव को प्राप्ति स्थान, लग्न को द्रव्य और चन्द्रमा को धन का मालिक (प्रष्टा) समझकर शुभाशुभ फल कहना । जैसे लग्नेश सप्तम में हो वा सप्तमेश से इत्थशाल करता हो तो धन का लाभ कहना । यदि लग्नेश अष्टम भाव में हो तो चोर स्वयं धन दे जाता है । यदि द्वितीयेश सूर्य के किरण में प्राप्त (अस्त) हो तो चोर का पता लग जाता है। यदि लग्नेश दशमेश में मुथशिल योग हो तो धन के सहित चोर पकड़ा जाता है। यदि दशमेश पर लग्नेश को दृष्टि न हो तो चोर मात्रा (वस्त्र, अलङ्करण) सहित धन लेकर गायब हो जाता है । यदि सप्तमेश दग्ध (नीच हो वा अस्त) हो तो चोर का पता लग जाता है ।। ९०-९३ ।।

**लग्नपकृतेत्थशाले राजभयाद्धनमिदं स्वयं दत्ते ।**
**लग्नास्तपयोर्न स्याद्यदि दृष्टिर्लग्नपस्तथा विबलः ।। ९४ ।।**
**तत्तस्करोऽस्य हस्ताद्ददाति चौर्यं च राजकुले ।**
**लग्नपमध्यपयोगो राजकुलं प्राप्य लभ्यते चौर्यम् ।। ९५ ।।**

भा०–लग्नेश को सप्तमेश को इत्थशाल हो तो राजभय से धन लौटा देता है । यदि लग्नेश सप्तमेश में दृष्टि न हो और लग्नेश निर्बल हो तो चोरी की वस्तु चोर राजपुरुष को देता है । लग्नेश से दशमेश का योग हो तो राजपुरुष द्वारा धन लाभ होता है ।। ९४-९५ ।।

**रन्ध्रं चौरस्य धनं धनपे तत्राथ सप्तमे नाप्तिः ।**
**रन्ध्रपतौ धनपस्य तु मुथशिलयोगे च प्राप्यते वित्तम् ।। ९६ ।।**
**रन्ध्रपतौ दशमपतेर्मुथशिलगे चौरपक्षकृद्भूपः ।**
**धनपे विलग्नपे सति दृष्टिविहीने श्रुतिर्भवति नाप्तिः ।। ९७ ।।**

भा०–अष्टम भाव चोर का धन स्थान है । इसलिए उस (अष्टम स्थान) और सप्तम में धनेश हो तो चोरी गई वस्तु नहीं मिलती है । अष्टमेश और धनेश में इत्थशाल हो तो धन प्राप्त होता है । अष्टमेश और दशमेश में इत्थशाल हो तो राजपुरुष को चोर का पक्षपाती समझना । लग्नेश और धनेश में परस्पर दृष्टि न हो तो सुनने में आता पर परञ्च धन की प्राप्ति नहीं होती है ।। ९६-९७ ।।

**चौरज्ञानप्रश्ने लग्नरविशशिदृशा स्वगृहचौरः ।**
**अनयोरेकदृशा गृहसमीपवर्ती वसत्येषः ।। ९८ ।।**
**लग्नस्थे लग्नपतावस्तपयुक्ते च गृहगतचौरः ।**
**अस्ताधिपतावन्त्ये सहजे वा स्वीयभृत्योऽयम् ।। ९९ ।।**
**अस्तेशे तुङ्गस्थे स्वगृहे वा तस्करः प्रसिद्धः स्यात् ।**
**लग्नदशमास्तभावाः क्रमेण वीक्ष्याः स्वतुङ्गभवनादौ ।**
**यः खेटः स्याद् बलवान् स ज्ञेयस्तस्करस्य बली ।। १०० ।।**

भा०–लग्न पर रवि और चन्द्रमा दोनों की दृष्टि हो तो अपने घर के लोग को ही चोर समझना । यदि इन दो में से एक की दृष्टि लग्न पर हो तो घर के समीपवासी को चोर समझना । यदि सप्तमेश युक्त लग्नेश लग्न में हो तो भी घर के लोग ही को चोर कहना । यदि सप्तमेश १२।३ भाव में हो अपने नौकर को चोर समझना चाहिए । सप्तमेश अपने उच्च या स्वराशि में हो तो लोक में प्रसिद्ध चोर ने चोरी किया ऐसा समझना । लग्न, दशम और सप्तम इन भवों में जिसमें बलवान् ग्रह हो उसे चोर का बल (बल देने वाला सहायक) समझना,

जैसे लग्न में बली ग्रह हो तो अपने घर के लोग, दशम में बली ग्रह हो तो राजपुरुष चोर की सहायता करते हैं इत्यादि ।। ९८-१०० ।।

**एवं योगं तु विना द्यूनेशस्यैव बलमभिग्राह्यम् ।**
**इत्थं चौरज्ञाने चौरः सुर्ये गृहेश्वरस्य पिता ।। १०१ ।।**
**चन्द्रे माता शुक्रे भार्या मन्दे सुतो भवेन्नीचे ।**
**जीवे गृहप्रधानं भौमे पुत्रोऽथ वा भ्राता ।। १०२ ।।**
**ज्ञे स्वजनो मित्रं वा ज्ञात्वेत्थं पुण्यसहममादेश्यम् ।**
**तस्मिन् क्रूरादृष्टे पुरा न चौरोऽस्तपे पुरापि स्यात् ।। १०३ ।।**

भा०–उपर्युक्त स्थान में ग्रह योग के अभाव में सप्तमेश बली हो तो भी चोर के सहायक होते हैं, उनका ज्ञान इस प्रकार है कि यदि १, १०, ७ ये बली सूर्य हो तो स्त्री, शनि हो तो पुत्र, बृहस्पति हो तो गुरु अथवा घर का मुखिया, मङ्गल हो तो पुत्र या भाई, और बुध बली हो तो अपने सम्बन्धी या मित्र को ही चोर समझना । इस प्रकार ज्ञान होने पर विचारना कि इस चोर ने पहिले भी चोरी की है ? या नहीं ? जो प्रश्नकाल में पुण्य सहम बनाना, उस पर पापग्रह की दृष्टि न हो तो पहिले कभी चोरी नहीं की है, सप्तमेश पापग्रह से अदृष्ट हो तो पहिले भी चोरी कर चुका है, ऐसा समझना ।। १०१-१०३ ।।

**अस्तेशान्मूशरिफे भौमे चौरः पुराऽपि निगृहीतः ।**
**सप्तेशे रविपुत्रे चन्द्रदृशा तस्करो हि पाखण्डी ।। १०४ ।।**
**जीवेऽविलोक्य लोकं भौमे सातेन पालकं भक्त्या ।**
**प्रति कुञ्चिकयापहृतं सितेऽतिथिर्ज्ञे प्रपञ्चकरः ।। १०५ ।।**

भा०–मंगल सप्तमेश में मुसरीफ करता हो तो चोर पहिले भी सजा पा चुका है ऐसा कहना । यदि सप्तमेश शनि हो और चन्द्रमा से दृष्ट हो तो चोर को पाखण्डी समझना । सप्तमेश बृहस्पति हो तो लोगों को नहीं देखकर (अर्थात् शून्य घर में) चोरी किया, मङ्गल हो तो धन वाले के प्रति भक्ति दिखलाता हुआ अवसर पाकर सेंध देकर अथवा उन्हीं की ताली से चोरी किया, शुक्र हो तो अतिथि (मेहमान) बनकर चोरी किया, ऐसा समझना चाहिए ।। १०४-१०५ ।।

**चौरस्य वयोज्ञाने सिते युवा ज्ञे शिशुर्गुरौ मध्यः ।**
**तरुणो भौमे मन्दे वृद्धोऽर्के स्यादतिस्थविरः ।। १०६ ।।**
**तनुखभयोः खभूमदयोः स्मरभूम्योर्भूमिलग्नयोर्मध्यम् ।**
**चरति रवौ नवमध्यमवृद्धवयोऽतीतकाः क्रमशः ।। १०७ ।।**

भा०–चोर के वयस (उमर) जानने में लग्न में शुक्र हो तो युवा, बुध हो तो बालक, गुरु हो तो मध्यवयस, मंगल हो तो जवान, शनि हो तो वृद्ध और सूर्य हो तो अत्यन्त वृद्ध समझना । अथवा लग्न, दशम के मध्य में रवि हो तो बालक, दशम सप्तम के मध्य में हो तो युवा, सप्तम चतुर्थ के मध्य में हो तो वृद्ध, और लग्न चतुर्थ के मध्य में हो तो अत्यन्त वृद्ध समझना ।। १०६-१०७ ।।

**नष्टस्थानप्रश्ने तुर्ये भूम्यग्निवायुजलमध्यात् ।**
**यो भवति राशिरस्मात् स्थानं ज्ञेयं गतधनस्य ।। १०८ ।।**
**अथ तुर्यगृहे तुर्येश्वरोऽथ यः स्याद्ग्रहस्ततो ज्ञेयम् ।**
**मन्दे मलिनस्थाने चन्द्रेऽम्बुनि गीष्पतौ सुराराम ।। १०९ ।।**
**भौमे वह्निसमीपे रवौ गृहाधीश्वरासनस्थाने ।**
**तल्पे शुक्रे सौम्ये पुस्तकवित्तान्नयानपार्श्वे च ।। ११० ।।**

भा०–नष्ट वस्तु के स्थान जानने के प्रश्न में चतुर्थ में पृथ्वी तत्त्व राशि हो तो पृथ्वी में, अग्नि तत्त्व राशि हो तो अग्नि स्थान (रसोई आदि के घर) में, जल तत्त्व राशि हो तो जल स्थान में और वायु तत्त्व राशि हो तो वायु स्थान से (आकाश में लटका हुआ) नष्ट धन को समझना । अथवा चतुर्थ भाव में या चतुर्थ भाव का स्वामी जो ग्रह हो उससे स्थान समझना, जैसे शनि हो तो मलिन (कतवार खाना आदि) स्थान में, चन्द्र हो तो जल में, गुरु हो तो देवालय में, मंगल हो तो अग्नि स्थान में, रवि हो तो आसन के समीप, शुक्र हो तो शय्या में, बुध हो तो पुस्तकालय, खजाना अथवा पाठशाला में धन समझना।।१०८-११०।।

**चौरोऽयमथ न वेति क्रूरेन्द्वोर्मुथशिले च चौरः स्यात् ।**
**सौम्यशशिमुथशिले खलु न भवति चौरः प्रवक्तव्यम् ।। १११ ।।**
**किमनेन तस्करत्वं कदापि विहितं न वेति पृच्छायाम् ।**
**लग्नपशशिनोरेकस्मादपि मूसरिफेऽस्तपे विहितम् ।। ११२ ।।**

भा०–''वह चोर है या नहीं ?'' इस प्रकार के सन्देह में प्रश्न काल में चन्द्रमा को पापग्रह से मुथशील हो तो चोर नहीं है ऐसा कहना । ''इस व्यक्ति ने कभी चोरी किया है या नहीं ?'' इस प्रश्न में लग्नेश या चन्द्रमा किसी एक से सप्तमेश की मुसरीफ हो तो चोरी किया है ऐसा समझना ।। १११-११२ ।।

**चौरः स्त्री पुरुषो वा पृच्छायामस्तपे स्त्रियो राशौ ।**
**स्त्रीखेटे स्त्रीदृष्टे चौरः स्त्री व्यत्ययात्पुरुषः ।। ११३ ।।**
**लग्ननवांशपतौ वा तद्वयःप्रमाणजातयो ज्ञेयाः ।**
**चौरोऽयमिहानन्तः शास्त्रे कथितोऽयमुद्देश्यः ।। ११४ ।।**

भा०–''चोर स्त्री है या पुरुष?'' इस प्रश्न में सप्तमेश स्त्री ग्रह या स्त्री राशि में हो तो स्त्री और पुरुष ग्रह या पुरुष राशि में हो तो पुरुष समझना । और लग्न के नवमांशपति से भी चोर का वयस और जाति समझना । ''यह चोर है या नहीं'' इस विषय में शास्त्र में अनन्त उद्देश्य कहे हैं । सारांश यह है कि देशकालानुसार अपनी बुद्धि से भी उक्त विषय का विचार करना चाहिए।।११३-११४।।

सन्तान-प्रश्न निरूपण—

**लग्नेश्वरेणाऽथ निशाकरेण यदीत्थशालं कुरुते सुतेशः ।**
**शुभः शुभैः संयुत ईक्षितःस्यात्सुसन्ततिं प्रष्टुरसौ विदध्यात् ।। ११५ ।।**
**पुंस्त्रीग्रहाः पुत्रगृहं विलग्नात्पश्यन्ति यावन्ति इहातिवीर्याः ।**
**तत्संख्यकाः स्युस्तनयाश्च कन्याः शुभेशयोगात्सुतभांशतुल्याः ।। ११६ ।।**
**लग्नेशपुत्राधिपती परस्परं न पश्यतश्चेदुदयं च पञ्चमम् ।**
**पापेत्थशालौ सुतलग्नपौ च प्रष्टुस्तदा सन्ततिनास्तितां वदेत् ।। ११७ ।।**

भा०–लग्नेश या चन्द्रमा से यदि पञ्चमेश इत्थशाल करता हो और शुभग्रह से युत दृष्ट हो तो सन्तान अवश्य कहना । पञ्चम भाव को जितने पुरुषग्रह देखते हों उतने पुत्र तथा जितने स्त्री ग्रह देखते हों उनकी कन्या समझना। यदि पञ्चम भाव पर शुभग्रह और पञ्चमेश की दृष्टि हो तो पञ्चम भाव के नवांश संख्या तुल्य सन्तान समझना । लग्नेश और पञ्चमेश परस्पर तथा

लग्न और पञ्चम भाव को न देखते हों अथवा लग्नेश पञ्चमेश दोनों को पापग्रह से इत्थशाल हो तो सन्तान का अभाव समझना ।। ११५-११७ ।।

**पुत्रालये सिंगवृषालिकन्याः प्रश्नोदयाज्जन्मभतस्तथेन्दोः ।**
**अल्पप्रजः सन्ततिपृच्छकः स्यात् पापैः सुतर्क्षे सहितेक्षिते वा ।। ११८ ।।**
**स्वर्क्षस्थितौ रन्ध्रगतौ यमार्कौ प्रष्टुः स्त्रियं सन्दिशतश्च वन्ध्याम् ।**
**छिद्रस्थितौ चन्द्रबुधौ सदोषां वा काकबन्ध्यां तनयाप्रसूतिम् ।। ११९ ।।**

भा०—प्रश्नलग्न से या जन्मलग्न वा जन्मचन्द्र से पञ्चम भाव में सिंह, वृष, वृश्चिक और कन्या राशि हो अथवा पञ्चम भाव में पापग्रह की दृष्टि या योग हो तो अल्प सन्तान कहना । अपनी राशि में स्थित शनि या रवि अष्टम भाव में हो तो प्रश्नकर्ता की स्त्री को बन्ध्या समझना । यदि अष्टम में चन्द्रमा और बुध हों तो दोषयुक्ता या काकबन्ध्या अथवा कन्यासन्तति वाली कहना।।११८-११९।।

**मृतप्रजा छिद्रगयोः सितेज्ययोर्गर्भस्रवो भूमिसुतेऽष्टमर्क्षे ।**
**छिद्रेश्वरे छिद्रगतेऽतिवीर्ये पुष्पं न विन्दत्यबला सुतप्रदम् ।। १२० ।।**
**शुक्रार्कयोरष्टमसंस्थयोर्वा क्रूरैर्धनान्त्याष्टमराशिसंस्थैः ।**
**जाता पुरस्तान्म्रियते प्रजा वै प्रष्टुर्न चाग्रे शुभसन्ततिः स्यात् ।। १२१ ।।**
**रिष्फेश्वरे केन्द्रगते च सौम्यैर्युतेक्षितैर्जीवति बालकश्च ।**
**आपूर्यमाणे शुभयुक्त इन्दौ केन्द्रे शिशुर्जीवति दीर्घकालम् ।। १२२ ।।**

भा०—अष्टम भाव में शुक्र, गुरु हो तो मृतवत्सा, मंगल हो तो गर्भस्राव कहना । अष्टमेश बली होकर अष्टम भाव में हो तो प्रश्नकर्ता की स्त्री को सन्तति उत्पन्न करने योग्य रज नहीं होता है । यदि अष्टम में शुक्र, मंगल हो वा १, १२, ८ में पापग्रह हो तो उत्पन्न सन्तान की मृत्यु और आगे सन्तति नहीं होगी, ऐसा कहना । यदि द्वादशेश केन्द्र में हो और शुभग्रह से युत दृष्ट हो तो पुत्र जीता है तथा पूर्ण चन्द्रमा शुभग्रह से युक्त केन्द्र में हो तो पुत्र चिरंजीवी होता है।।१२०-१२२।।

प्रश्न चिन्तामणि में सन्तान प्रश्न निरूपण—

**पञ्चमेशोऽथ लग्नेशो विषमर्क्षगतौ यदा ।**
**पुत्रजन्मप्रदौ ज्ञेयौ कन्यायां समराशिगौ ।। १२३ ।।**
**सुताधिपं नृराशिस्थं पुंराशिस्थोऽपि लग्नपः ।**
**वीक्षते पुत्रदः प्रोक्तो युग्मराशौ च दारिकाः ।। १२४ ।।**
**युग्मराशिगते लग्ने यदा तत्र शुभग्रहाः ।**
**गर्भेऽपत्यद्वयं वाच्यं दैवज्ञेन विपश्चिता ।। १२५ ।।**
**विषमोपगतो लग्नाच्छनिः पुत्रसुखप्रदः ।**
**समभे योषितां जन्म विशेषो जातकोक्तिवत् ।। १२६ ।।**

भा०–लग्नेश और पञ्चमेश विषम राशि में हो तो पुत्र, सम राशि में हो तो कन्या कहना । पुरुष राशिस्थ लग्नेश पुरुष राशिस्थ पञ्चमेश को देखता हो तो पुत्र और सम राशि में दोनों हों तो कन्या कहना । द्विस्वभाव लग्न में शुभग्रह हो तो गर्भ में दो सन्तान कहना । लग्न से विषम में शनि हो तो पुत्र, सम में हो तो कन्या का जन्म कहना चाहिए । विशेष फल जातकोक्त समझना।। १२३-१२६।।

भोजन पदार्थ ज्ञान प्रश्न-निरूपण (प्रश्न चिन्तामणि)

**कटुको लवणस्तिक्तो मिश्रितो मधुरो रसः ।**
**अम्लः कषायः कथिता रव्यादीनां रसा बुधैः ।। १२७ ।।**
**लग्नं पश्यति यः खेटस्तस्य यः कथितो रसः ।**
**भोजनेऽसौ रसो वीर्यक्रमाद्वाच्याः परे रसाः ।। १२८ ।।**
**चन्द्रो यस्य मुथशिलस्तस्य विशेषं वदेद्भुक्तौ ।**
**लग्ने राहौ मन्दे रविदृष्टे भोजनाभावः ।। १२९ ।।**

भा०–कड़वा, लवण, तीता, मिला हुआ, मधुर, खट्टा, और कसैला ये सूर्यादि ७ ग्रहों के रस हैं । प्रश्नलग्न पर जिस ग्रह की दृष्टि हो उस ग्रह का रस भोजन में कहना । यदि बहुत ग्रहों की दृष्टि हो तो बल के क्रम से उन सब ग्रहों के रस समझना ।

जिस ग्रह को चन्द्रमा से इत्थशाल हो वह रस विशेष कहना । लग्न, राहु, शनि तीनों पर यदि रवि की दृष्टि हो तो भोजन का अभाव कहना।। १२७-१२९ ।।

प्रश्न तन्त्र में रस का ज्ञान—

**किङ्क्मयाऽद्य भुक्तं पृच्छायां यदि भवेत्स्थिरं लग्नम् ।**
**तद्भक्तमेकवेलं द्व्यात्मनि वेलद्वयं चरे त्वसकृत् ।। १३० ।।**
**चन्द्रे लग्नगते स्यात्क्षारं भौमे च कटुकमम्लगुरौ ।**
**मधुरं दिनकृति तिक्तं शुक्रे स्निग्धं बुधे च सर्वरसम् ।। १३१ ।।**
**मन्दे कषायमशुभान्मुसरिफे शशिनि मूथशिले शुभेऽरिदृशा ।**
**उद्वाहात्प्रियदृष्ट्या प्रायणिकत्वात्समागतं भोज्यम् ।। १३२ ।।**

भा०–''मैने किस प्रकार का भोजन किया है" इस प्रश्न में स्थिर लग्न हो तो एक बार, द्विस्वभाव लग्न हो तो दो बार, और चर लग्न हो तो अनेक बार भोजन कहना । और चन्द्रमा लग्न में हो तो लवण रस, मङ्गल हो तो कड़वा, गुरु हो तो खट्टा, सूर्य हो तो मधुर, शुक्र हो तो तीता, बुध हो तो सब रस और शनि हो तो कसैला रस कहना । यदि चन्द्रमा को पापग्रह से मुसरीफ, और शुभ से शत्रु दृष्टि से इत्थशाल हो तो विवाहोत्सव में, मित्र दृष्टि से इत्थशाल हो तो दोस्तों के यहाँ से आया हुआ भोज्य पदार्थ कहना ।। १३०-१३२ ।।

**पापेसराफे च शुभेत्थशाले चन्द्रे तु भुक्तं शुभमन्नमिष्टम् ।। १३३ ।।**
**शुभेसरफे त्वशुभेत्थशाले चन्द्रे कदन्नं मधु आज्यवर्ज्यम् ।**
**पापेत्थशालेऽथ खलेसराफे शक्यं न भोक्तुं परतोऽपि लब्धम् ।। १३४ ।।**

भा०–चन्द्रमा को पापग्रह से इसराफ और शुभग्रह से इत्थशाल हो तो उत्तम भोज्य पदार्थ, यदि शुभग्रह से ईसराफ और पापग्रह से इत्थशाल हो तो अधम पदार्थ, घृत आदि रहित कदन्न भोजन कहना चाहिए । यदि चन्द्रमा को पापग्रह से ही इत्थशाल और ईसराफ दोनों योग हो तो दूसरों से लब्ध अन्न भी भोज्य नहीं होता है ।। १३३-१३४ ।।

**चन्द्रस्वनाथदृष्टे सुखभोजनमन्यथा कष्टात् ।**
**गुरुमुथशिले सगौरवमर्केण मुथशिलेऽतिशुचितीक्ष्णम् ।। १३५ ।।**
**शुक्रे सुस्वादुरसं सहास्यगीतं बुधे जनाकीर्णम् ।**
**शास्त्रकथाढ्यं शनिना कुस्थानगतं कुजे चोष्णम् ।। १३६ ।।**

भा०–प्रश्न लग्न में चन्द्रमा और अपने स्वामी की दृष्टि हो तो सुख सहित, अन्यथा कष्ट से भोजन कहना । गुरु से इत्थशाल हो तो आदर सहित, सूर्य से इत्थशाल हो तो तीक्ष्ण पदार्थ, शुक्र से इत्थशाल हो तो स्वादयुक्त, और बुध से मुथशील हो तो हास्य और गीत सहित बहुत जनों के बीच में, शनि से मुथशील हो तो शास्त्र कथा करते हुए और मंगल से मुथशील हो तो उष्ण (ताजा) भोजन कहना ।। १३५-१३६ ।।

**यदि वदति भोजनार्थं निमन्त्रितो यामि शशिमहीसुतयोः ।**
**एकस्थितयोः केन्द्रे मुथशिलयोर्वाऽपि पूर्णता भवति ।। १३७ ।।**
**विधिनाऽनेन शनेः स्यात्कुभोजनं ज्ञसितयोरभीष्टान्नम् ।**
**जीवस्य तुष्टिजनकं होरेशे तनुखगे स्वयमुपैति ।। १३८ ।।**

भा०–कोई पूछे कि ''मैं निमन्त्रण में जाता हूँ कैसा भोजन मिलेगा ?" तो यदि चन्द्र, मंगल, दोनों एक राशि में वा केन्द्र में हो और दोनों में इत्थशाल हो तो पूर्णस्वरूप से उत्तम भोजन । यदि शनि केन्द्र में हो तो कुत्सित भोजन और बुध, शुक्र में मुथशील हो तो अभीष्ट भोजन मिलता है । बृहस्पति केन्द्र में हो या लग्न पर दृष्टि हो तो तोषदायक भोजन कहना । लग्नेश लग्न या दशम भाव में हो बैठे उत्तम पदार्थ भोजन मिलता है ।। १३७-१३८ ।।

**यश्चन्द्रेण मुथशिली तस्मिन्नीशे तनोः स्वगृहभोज्यम् ।**
**वित्तेशे भृत्यगृहे भ्रातृणां सहजपे तथाऽन्यत्र ।। १३९ ।।**

भा०–चन्द्रमा को लग्नेश से इत्थशाल हो तो अपने घर में, द्वितीयेश से मुथशील हो तो नौकर के घर में, यदि तृतीयेश से मुथशील हो तो भाई के घर में इत्यादि सुहृत्, सुत आदि जिस भावेश से चन्द्रमाको इत्थशाल हो उनके घर में भोजन कहना ।। १३९ ।।

**लग्नस्थिते सूर्येसुतेऽथ राहौ सूर्येक्षिते वैरिनिमन्त्रितस्य ।**
**स्याच्छस्त्रघात: शशिभौमयोश्च लग्नस्थयो: सौरिदृशाऽसिघात: ।। १४० ।।**
**जीवे सिते चन्द्रगते बलाढ्ये चन्द्रे बुधे लग्नगते शुभान्विते ।**
**त्रिलाभषष्ठास्पदगैश्च पापै: स्यात्प्रेमनिर्वैरकरं सुभोजनम् ।। १४१ ।।**

भा०–प्रश्न लग्न में सूर्य से दृष्ट शनि अथवा राहु हो तो निमन्त्रण में शत्रुओं के द्वारा शस्त्र से आघात समझना । यदि लग्नेश में शनि से दृष्ट चन्द्रमा और मङ्गल हो तो निमन्त्रण में तलवार से आघात कहना । गुरु, शुक्र, चन्द्रमा के साथ बली हों अथवा चन्द्रमा, बुध शुभग्रह से युक्त लग्न में हो और पापग्रह ३।६।१०।११ में हो तो प्रीतिपूर्वक उत्तम भोजन मिलता है ।।१४०-१४१।।

**भोज्यं बुभुक्षा भोक्ता च सुखास्ताङ्गबलक्रमात् ।**
**लग्नपो भोज्यदस्तेषां बलेन फलमादिशेत् ।। १४२ ।।**
**तुर्येशलाभाधिपतीत्थशाले शुभग्रहेक्षायुतिस्सुभोज्यम् ।**
**इत्थं खलग्नास्तपतीत्थशाले लाभेश्वरे तत्सुखलाभ ऊह्य: ।। १४३ ।।**

भा०–चतुर्थ, सप्तम और लग्न ये क्रम से भोज्य, भूख और भोक्ता हैं तथा लग्नेश अन्नदाता है । इनके बल के अनुसार ही फल समझना चाहिए । जैसे चतुर्थेश और एकादशेश में मुथशील हो और शुभग्रह की दृष्टि वा योग हो तो उत्तम भोजन, एवं दशमेश लग्नेश, सप्तमेश को यदि एकादशेश से इत्थशाल हो तो भूख, भोक्ता और अन्नदाता को भी उत्तम अन्यथा अधम समझना ।। १४२-१४३ ।।

स्वप्न प्रश्न निरूपण—


**लग्नेऽर्के नृपतिं वह्नि शस्त्रं पश्यति लोहितम् ।**
**श्वेतं पुष्पं सितं वस्त्रं गन्धं नारीं च शीतगौ ।। १४४ ।।**
**रक्तमांसप्रबालं च सुवर्णं धरणीसुते ।**
**बुधे खे गमनं जीवे धनबन्धुसमागमम् ।। १४५ ।।**
**जलावगाहनं शुक्रे शनौ तुङ्गावरोहणम् ।**
**लग्ने लग्नांशपवशात्स्वप्नो वाच्योऽथवा बुधै: ।। १४६ ।।**
**सर्वोत्तमबलाद्वाऽपि खेटाद्बुद्ध्या विचिन्त्येत् ।**
**बलसाम्ये फलं मिश्रं दु:स्वप्नो निर्बलै: खगै: ।। १४७ ।।**

भा०–लग्न में रवि हो तो राजा, अग्नि, शस्त्र और लाल पदार्थ स्वप्न में देखता है । चन्द्रमा लग्न में हो तो श्वेत पुष्प, श्वेत वस्त्र, चन्दन और सुन्दरी स्त्री को देखता है । मंगल लग्न में हो तो शोणित, मांस, मूंगा और सोना देखता है । बुध लग्न में हो तो आकाश में उड़ना, बृहस्पति हो तो धन और बन्धुओं का आगमन, शुक्र हो तो जल में तैरना, शनि लग्न में हो तो उच्च स्थान में चढ़ना स्वप्न में देखता है । अथवा लग्न के नवांशपति से उपर्युक्त प्रकार के स्वप्न समझना चाहिए । लग्न में अधिक हों तो सबसे बलीं ग्रह का स्वप्न, बल में समता हो तो मिश्रित स्वप्न कहना चाहिए । ग्रह निर्बल हो तो दु:स्वप्न कहना ।। १४४-१४७ ।।

भट्टोत्पलः–

**रविलग्ने शशिदृष्ट रविशशियुक्ताद्विलग्नाद्वा ।**
**स्वप्नं दृष्टं प्रवदेत्प्रष्टुर्लग्नग्रहान्तरात्कालम् ।। १४८ ।।**

भा०–रवि और लग्न पर चन्द्रमा की दृष्टि हो अथवा रवि और चन्द्रमा दोनों लग्न में हों तो प्रश्नकर्ता ने स्वप्न देखा है, ऐसा समझना । फल-प्राप्ति का काल लग्न के अव्यवहित अग्रस्थित ग्रह और लग्न के अन्तर पर से समझना ।। १४८ ।।




उदाहरण–प्रश्नलग्नकुण्डली प्रश्न लग्न ३।१०।१६।२२ और लग्न से अव्यवहित आगे चन्द्रमा ५।१८।२५।३२ है तो लग्न को चन्द्रमा में घटाने से २।८।९।१० इस पर से सहम फल प्राप्ति के समयज्ञान ‘‘स्वनाथहीनं सहमं तदंशा:” इत्यादि विधि से दिनादि मान आनयन करना । जैसे लग्न चन्द्रमा के अन्तर २।८।९।१० के अंशादि ६८।९।२० को स्वदेशीय कर्क लग्नोदय

३४३ से गुणाकर ३०० के भाग देने से लब्धि ७४ दिन और ३७ घटी हुई । इससे सिद्ध हुआ कि ७५ दिन के भीतर फल की प्राप्ति होगी ।। १४८ ।।

आखेट (शिकार) सम्बन्धी प्रश्न निरूपण—

**लग्नेशजामित्रपतीत्थशाले सुस्नेहदृष्ट्या त्वनयोर्द्वयोश्च ।**
**आखेटकःस्यात्सफलोऽरिदृष्ट्या-**
**स्यान्निष्फलो वाऽल्पफलोऽतिकष्टात् ।। १४९ ।।**
**लग्नेश्वरे द्यूनगते विलग्ने जायेश्वरे स्यान्मृगया प्रभूता ।**
**जामित्रनाथे हिबुके नभःस्थे चाखेटकः स्वल्पतरोऽपि न स्यात् ।। १५० ।।**

भा०–लग्नेश और सप्तमेश में यदि मित्र दृष्टि से मुथशील हो तो शिकार में सफलता और शत्रुदृष्टि से मुथशील हो तो निष्फलता अथवा बहुत परिश्रम से कुछ शिकार मिलता है । यदि लग्नेश सप्तम में और सप्तमेश लग्न में हो तो बहुत शिकार मिलते हैं । यदि सप्तमेश चतुर्थ या दशम भाव में हो तो कुछ भी शिकार नहीं मिलता ।। १४९-१५० ।।

**ज्ञभौमौ सबलौ सिद्धिरस्तांशे मृगया च्युतिः ।**
**लग्नद्यूने तत्पती च हेतुस्तैर्जलराशिगैः ।। १५१ ।।**
**जलजं खेटकं ब्रूयाद्वन्यर्क्षैर्वनसम्भवः ।**
**क्रूराक्रान्तानि यावन्ति मध्ये भानीन्दुलग्नयोः ।**
**तावन्तः प्राणिनो वाच्या द्वित्रिघ्ना स्वांशकादिषु ।। १५२ ।।**

भा०–बुध और मंगल बली हों तो शिकार में सफलता, यदि अस्त भाग में प्राप्त हों तो शिकार हाथ से चला जाता है । लग्न और सप्तम और इन दोनों भाव के स्वामी शिकार में कारण है । इसलिए ये जलराशि में हों तो जल के शिकार और वन्य राशि में हो तो वन का जन्तु शिकार में प्राप्त होता है । चन्द्रमा और लग्न के मध्य में जितनी राशियों में पापग्रह हों उतने जन्तु शिकार में कहना, यदि वे (पापग्रह) अपने नवांश द्रेष्काण राशि में हों तो द्विगुण संख्या अपने उच्च राशि में या वक्र हो तो त्रिगुण संख्या समझना ।। १५१-१५२ ।।

अत कलह (विवाद) प्रश्न निरूपण—

**क्रूरः खचरो लग्ने विवादपृच्छासु जयति विवादं तम् ।**
**सर्वावस्थासु परं नीचेऽस्ते जयति न द्विषतः ।। १५३ ।।**
**लग्नद्यूने मुक्त्वा परस्परं क्रूरयोर्झकटद्दष्टौ ।**
**विवदद्वादियुगं तच्छुरिकाभ्यां प्रहरति तदैवम् ।। १५४ ।।**
**लग्ने द्यूने च यदि क्रूरः खचरो विवादिनोर्न तदा ।**
**कलहनिवृत्तिः काले जयति हि बलवान्गतबलन्तु ।। १५५ ।।**

भा०–पापग्रह प्रश्न लग्न में हो तो विवाद में विजय कहना, यदि वह ग्रह अस्त या नीच स्थित हो तो शत्रु को पराजित नहीं कर सकता है । लग्न सप्तम को छोड़कर पापग्रहों में परस्पर कलह (४।१०) दृष्टि हो तो वादियों में छूरी कटार से कलह समझना । यदि लग्न और सप्तम दोनों में पापग्रह हों तो शीघ्र कलह निवृत्ति नहीं होती है । लग्नगत पाप बली हो तो बहुत दिनों में वादी की विजय, यदि सप्तमगत ग्रह बली हो तो प्रतिवादी की विजय कहना ।। १५३-१५५ ।।

**लग्नेशः सुतपः सौम्याः केन्द्रे सन्धिर्न वाऽन्यथा ।**
**लग्नद्यूनेशषष्ठेशारित्वेऽप्यन्योन्यविग्रहः ।। १५६ ।।**

भा०–लग्नेश पञ्चमेश और शुभग्रह केन्द्र में हो तो सन्धि (मेल), अन्यथा कलह समझना । तथा लग्नेश, सप्तमेश और षष्ठेश में शत्रुता हो तो भी परस्पर कलह कहना ।। १५६ ।।

बन्धन प्रश्न निरूपण—

**गृहमागतौ न यदसौ बद्धःकिं वा हतःस वा प्रश्ने ।**
**मूर्तौ क्रूरो यदि तन्न हतो बद्धोऽथवा पुरुषः ।। १५७ ।।**
**त्रिकोणचतुरस्रास्तस्थितः पापग्रहो यदि ।**
**ग्रहैर्निरीक्षितः पापैर्नूनं बन्धनमादिशेत् ।। १५८ ।।**

भा०–युद्ध में गया हुआ घर न लौटे तो ''वह बाँधा गया कि मारा गया ?" इस प्रश्न में यदि लग्न में पापग्रह हो तो वह मारा अथवा बाँधा नहीं गया है । यदि ५।९।४।८।७ में पापग्रह हो और किसी पापग्रह से दृष्ट हो तो अवश्य बाँधा गया समझना ।। १५७-१५८ ।।

**सप्तमगोऽष्टमगो वा चेत् क्रूरस्तद्धतोऽपि वा बद्धः ।**
**मूर्तौ च सप्तमे वा यद्वा लग्नेऽष्टमेऽपि भवेत् ।**
**क्रूरस्तदसौ पुरुषो बद्धश्च हतश्च मुच्यते च परम् ।। १५९ ।।**

भा०–यदि सप्तम वा अष्टम में पापग्रह हो तो वह मारा गया वा बाँधा गया है । तथा लग्न सप्तम में वा लग्न अष्टम दोनों में पापग्रह हो तो वह पुरुष पकड़ा गया, पीटा गया और पीछे छोड़ दिया गया ऐसा कहना ।। १५९ ।।

**बद्धः सप्ताष्टमे क्रूरे मूर्त्यस्ते चाष्टलग्नपे ।**
**बद्धो विमुच्यतेऽत्याशु क्रूरः श्रेयांस्तनौ तदा ।। १६० ।।**

भा०–सप्तम अष्टम में पापग्रह हो तो बाँधा गया । १, ७, या ८, १ में पापग्रह हो तो शीघ्र बन्धन से मुक्त होगा ऐसा कहना । लग्न में पापग्रह हो तो बन्धनमोक्ष प्रश्नमोक्ष प्रश्न में कुशलकारक होता है ।। १६० ।।

बन्धन से मोक्ष सम्बन्धी प्रश्न निरूपण—

**बद्धोऽस्ति तत्किं भवितेति प्रश्ने विमुच्यतेऽसौ खलु मृत्युयोगैः ।**
**कदा विमुच्येदिति पृच्छमाने शुभं कदा भावि च तैर्मृतिः स्यात् ।। १६१ ।।**

भा०–कोई प्रश्न करे कि ''अभियुक्त को कैद होगी या नहीं ? अथवा कैदी कब छूटेगा ?" उस समय यदि (अरिष्टाध्यायोक्त-लग्नेशेऽष्टमगेऽष्टेशे' इत्यादि) मृत्युयोग हो तो कैदी अवश्य छूटेगा, ऐसा कहना । यदि शुभ के लिए प्रश्न करे कि ''कब शुभ होगा ? तो इस प्रश्न में मृत्यु योगों से मृत्यु ही कहना चाहिए ।। १६१ ।।

**मुक्तिप्रश्ने यदा केन्द्रे केन्द्रेशाः स्युर्न मोक्षदाः ।**
**तस्मिन्वर्षेऽथ लग्नेशे पतिते केन्द्रगे न च ।। १६२ ।।**
**सम्बन्धेप्सुः स चेत्क्रूरो मृतीशः स्यात्तदा मृतिः ।**
**लग्नेशेऽस्तमितेऽम्बुस्थे कुजदृष्टे तदा मृतिः ।। १६३ ।।**
**चन्द्रश्चाम्बुगपापेन मृत्युनाथेन योगकृत् ।**
**तदा गुप्त्यां मृतिश्चन्द्रे केन्द्रे मन्दयुगीक्षिते ।। १६४ ।।**

भा०–बन्धन से मोक्ष होने के प्रश्न में यदि केन्द्रपति केन्द्र में हो तो उस वर्ष कैद से नहीं छूटता है । अथवा लग्नेश  नीच स्थानस्थित केन्द्रगत हो तो भी मोक्ष नहीं होता है । अगर वह (लग्नेश) पाप होकर अष्टमेश से सम्बन्ध (मुथशील) योग करने वाला हो तो मृत्यु कहना । अथवा लग्नेश अस्त होकर चतुर्थभाव में हो और मङ्गल से देखा जाता हो तो भी मरण कहना । यदि चन्द्रमा चतुर्थभाव पापग्रह अष्टमेश से युक्त हो अथवा केन्द्रगत चन्द्रमा शनि से युत दृष्ट हो तो कैदखाने में मृत्यु होती है ।। १६२-१६४ ।।

**दीर्घपीडा च भौमेन युग्दृष्टौ बन्धताडने ।**
**दृश्यार्धे लग्नपश्चेत्स्याद्व्ययपेनेत्थशालवान् ।। १६५ ।।**
**पलायते तदा बद्धो व्ययगे लग्नगेऽपि वा ।**
**तृतीयनवमस्वामी व्ययगो लग्नपेन च ।। १६६ ।।**
**यदीत्थशालयोगेप्सुस्तदाऽपि च पलायते ।**
**दृश्यार्धे ह्यपचारेण चन्द्रो मुथशिलस्तदा ।। १६७ ।।**
**बन्धमोक्षस्त्रिधर्मेशः सग्रहः शीघ्रमोक्षकृत् ।**
**पतितेन्दुस्त्रिधर्मस्थग्रहसम्बन्धकृत्तदा ।। १६८ ।।**

भा०–वही (केन्द्रगत लग्नेश) यदि मङ्गल से युत दृष्ट हो तो कैदी को बहुत पीड़ा, बन्धन और ताड़न कहना । यदि लग्नेश दृश्य चक्रार्ध (सप्तम-भावांश से आगे लग्न के भुक्तांश पर्यन्त) हो और द्वादशेश से इत्थशाली हो अथवा द्वादश या लग्न में हो तो कैदी कैद से भाग जाता है । तृतीयेश वा नवमेश द्वादश स्थित होकर यदि लग्नेश से इत्थशाल करने वाला हो तो भी भागता है । चन्द्रमा दृश्य चक्रार्ध में हो और लग्नेश से इत्थशाल करे अथवा तृतीयेश, नवमेश ग्रहयुक्त हो तो शीघ्र मोक्ष होता है । अथवा नीचस्थ चन्द्रमा ३।९ भावस्थ ग्रह से सम्बन्ध (मुथशील) कारी हो तो भी शीघ्र मोक्ष होता है ।। १६५-१६८ ।।

**केन्द्रस्थत्रिभवेशेन योगेप्सुश्चेत्तदाऽचिरात् ।**
**यावच्छुक्रो बली लग्ने तावत्कर्त्ता बलाधिकः ।। १६९ ।।**
**अस्तङ्गते शनौ शुक्रे बद्धमोक्षादिसम्भवः ।**
**म्रियते येन योगेन तेन योगेन मुच्यते ।। १७० ।।**

**मेषे तुले च शीघ्रं स्यात्कर्के नक्रे सकष्टता ।**
**स्थिरे चिराद्द्विदेहस्थे मोक्षो मध्यमकालतः ।। १७१ ।।**

भा०–वा केन्द्रगत तृतीयेश या लाभेश से योग करने वाला हो तो भी शीघ्र मोक्ष होता है । जब तक शुक्र बलवान् और लग्न में रहता है तब तक वध बन्धनादिकारक होता है । शुक्र और शनि अस्तङ्गत निर्बल हो तो बन्धन से मुक्त होता है । जिन योगों से मृत्यु (अरिष्ट) उक्त है, उन्हीं योगों से बन्धन से मोक्ष होता है । मेष, तुला लग्न हो तो शीघ्र बन्धन से मुक्त होता है । कर्क, मकर लग्न हो तो परिश्रम और यत्न से तथा स्थिर लग्न हो तो बहुत दिनों पर और द्विस्वभाव लग्न हो, तो मध्यम काल (न शीघ्र न अधिक समय) में कैद से छूटता है ऐसा कहना ।। १६९-१७१ ।।

नौका (जहाज आदि) सम्बन्धी प्रश्न निरूपण—

**क्षेमायातं बहित्रस्य मज्जनं वपनं जले ।**
**पुण्यव्यवहृतौ लाभो नावि प्रश्नचतुष्टयम् ।। १७२ ।।**
**नौर्लाभदा स्यान्मम नेति पृष्टे केन्द्रे शुभाश्चेदितरेषु पापाः ।**
**बलोज्झिताः क्षेमजयार्थदा नौर्भावीति वाच्यं विदुषा विमृश्य ।। १७३ ।।**

भा०–नाव का कुशल पूर्वक आना, जल में डूब जाना अथवा कोई उपद्रव होना और व्यवसाय से लाभ ये ४ विषय नौका प्रश्न में विचारणीय होते हैं । कोई पूछे कि ''नाव से लाभ है या नहीं" तो प्रश्न समय यदि शुभग्रह केन्द्र में हो और निर्बल पापग्रह अन्य स्थान में हो तो नाव से कुशल और धन लाभ होगा, ऐसा कहना ।। १७१-१७३ ।।

**लग्नाधिपे वक्रिणि चाम्बुनाथे व्यावृत्य नौरेति च मार्गतः सा ।**
**चेत्सौम्यदृष्टः कुशलेन पापैर्दृष्टस्तदा वस्तुविनोति वाच्यम् ।। १७४ ।।**
**विलग्नरन्ध्राधिपती स्वगेहे प्रवेक्ष्यतश्चेद्व्यवहारलाभः।**
**यदाऽष्टमे सौम्यखगा बलाढ्यास्तदा तरी लाभसुखप्रदा स्यात् ।। १७५ ।।**

भा०–लग्नेश और चतुर्थेश वक्री हो तो मार्ग से नौका लौट आती है । यदि शुभग्रह की दृष्टि हो तो सकुशल वस्तु सहित और पापग्रह की दृष्टि हो तो बिना वस्तु के नौका लौटती है । यदि लग्नेश और अष्टमेश अपने अपने गृह में

प्रवेश करने वाले हों तो व्यवहार से लाभ कहना । यदि बलवान् शुभग्रह अष्टम भाव में हो तो भी नौका से लाभ होता है ।। १७४-१७५ ।।

**कुशलायादि पृच्छायां मृत्युयोगे समागते ।**
**तदा नौरति शीघ्रेण लाभाद्यं चाऽन्ययोगतः ।। १७६ ।।**

भा०–''मेरी नौका सकुशल आती है?'' इस प्रश्न में अरिष्टाध्यायोक्त मृत्यु योग हो तो शीघ्र नौका आयेगी, और अन्य (लाभ) योग भी हो तो धन सहित आयेगी, ऐसा कहना ।। १७६ ।।

**लग्नेशं चन्द्रनाथं वा चन्द्रं वा मृत्युपो यदि ।**
**पश्येत्क्रूरदृशा नावा समं नश्यति नौपतिः ।। १७७ ।।**
**लग्नेशोऽष्टपतिः स्वस्वगेहं नालोकते यदि ।**
**तदा यानस्य वक्तव्यं निश्चितं मज्जनं बुधैः ।। १७८ ।।**
**तावुभौ सप्तमस्थौ चेज्जले वापनिकां वदेत् ।**
**द्यूने वापनिकां कृत्वा यानमायाति मन्दिरम् ।। १७९ ।।**
**लग्नचन्द्रपती क्रूरदृष्ट्याऽन्योन्यं यदीक्षितौ ।**
**तदा पोतजनानां च मिथः कलहमादिशेत् ।। १८० ।।**

भा०–लग्नेश को या चन्द्राशीश को अथवा चन्द्रमा को यदि अष्टमेश शत्रु दृष्टि से देखे तो नौका का मालिक नष्ट हो जाता है । लग्नेश और अष्टमेश अपने-अपने गृह को न देखता हो तो निश्चय नौका डूब जाती है । यदि वे (लग्नेश, अष्टमेश) दोनों सप्तम भाव में हों तो नौका स्थित वस्तु गिरकर नष्ट हो जाती केवल नौका आती है । यदि लग्नेश और चन्द्राशीश दोनों में परस्पर शत्रुदृष्टि हो तो नाविकों (नाव वालों) में परस्पर कलह कहना चाहिए।। १७७-१८० ।।

जनश्रुति के सत्यासत्य सम्बन्धी प्रश्न निरूपण—

**शुभैः केन्द्रगतैश्चन्द्रे लग्ने लग्नेश्वरेऽपि वा ।**
**शुभदृग्योगतः सौम्यां वार्तां सत्यां विनिर्दिशेत् ।। १८१ ।।**
**पापदृग्योगतो दुष्टा वार्ता सत्येति कीर्त्यते ।**
**वक्रे भाविनि लग्नेशे मिथ्या वार्ता भविष्यति ।। १८२ ।।**

भा०–''जनश्रुति (किंवदन्ती) सत्य है या मिथ्या ?" इस प्रश्न में शुभग्रह केन्द्र में हो और चन्द्र, लग्न, लग्नेश इन तीनों पर शुभग्रह की दृष्टि या योग हो तो सत्य और शुभप्रद, तथा पापग्रह की दृष्टि या योग हो तो सत्य किन्तु अशुभप्रद जनश्रुति कहना । यदि लग्नेश्वर वक्रगति हो वा होने वाला हो तो जनश्रुति को मिथ्या कहना ।। १८१-१८२ ।।

अथ क्रय-विक्रय प्रश्न निरूपण—

**क्रेता लग्नपतिर्ज्ञेयो विक्रेताऽऽयपतिः स्मृतः ।**
**गृह्णाम्यहमिदं वस्तु प्रश्न एवंविधे सति ।। १८३ ।।**
**बलशालि विलग्नं चेद् गृह्यते तत्क्रयाणकम् ।**
**तस्मात्क्रयाणकाल्लाभः प्रष्टुर्भवति निश्चितम् ।। १८४ ।।**
**विक्रीणाम्यमुकं वस्तु प्रश्न एवंविधे सति ।**
**आयस्थाने बलवति विक्रेतव्यं क्रयाणकम् ।। १८५ ।।**

भा०–लग्नेश को क्रेता (खरीदने वाला) और लाभेश को विक्रेता (बेचने वाला) समझना । कोई प्रश्न करे कि ''मैं अमुक वस्तु खरीदूँ ?" तो प्रश्न समय एकादश भाव से लग्न बली हो तो वस्तु खरीदने से खरीदने वालों को लाभ होता है । इसलिए उस समय खरीदने को कहना । कोई पूछे कि ''अमुक वस्तु बेचूं ?" तो उस समय एकादश स्थान यदि बली हो तो बेचने से विक्रेता को लाभ होगा इसलिए बेचने को कहना ।। १८३-१८५ ।।

सस्यनिष्पत्ति (देशों में सुभिक्षादि) सम्बन्धी प्रश्न निरूपण—

**दिशि कस्यां भवेत्सस्यनिष्पत्तिः क्व च सा नहि ।**
**पूर्वं देशस्य भङ्गो हि क्व दिशि क्वतमे नहि ।। १८६ ।।**
**चतुर्णामपि केन्द्राणां मध्ये यत्र शुभग्रहः ।**
**तस्यां च सस्यनिष्पत्तिः स्वस्थं चैव भविष्यति ।। १८७ ।।**
**यस्यां दिशि शनिः पापैर्युतो वाऽप्यवलोकितः ।**
**दिशि तस्यां तदाऽस्वास्थ्यं दुर्भिक्षं च भविष्यति ।। १८८ ।।**
**दिशि यस्यां रविस्तत्र धान्यनाशो नृपाद्भयम् ।**
**यत्रापि मङ्गलस्तत्र धान्यनाशोऽग्निभीस्तथा ।। १८९ ।।**

भा०–''किस दिशा में अन्न की अधिकता (सुभिक्ष) और किस देश में दुर्भिक्ष, किस देश का भङ्ग और किसकी वृद्धि होगी ?" इस प्रश्न में लग्न आदि चारों केन्द्रों में शुभग्रह के योग से पूर्व आदि दिशाओं में अन्न की वृद्धि और लोगों में पीड़ा और दुर्भिक्ष कहना । जिस दिशा में रवि हो उस दिशा में अन्न का नाश और राजा का भय कहना तथा जिस दिशा में मंगल हो उस दिशा में धान्य का नाश और अग्नि का भय कहना ।। १८६-१८९ ।।

वि०–लग्न से (२२।३०) साढ़े बाइस अंश पीछे और साढ़े बाइस अंश आगे एवं ४५ अंश पूर्व, लग्न से पीछे इसी प्रकार पैंतालिस अंश क्रम से अग्निकोण, दक्षिण, नैर्ऋत्य, पश्चिम, वायु, उत्तर, ईशान समझना ।। १८७ ।।

**यस्यां दिशि शुभाः खेटाः समस्तबलशालिनः ।**
**निष्पन्नाः सैव विज्ञेया सस्यं स्वास्थ्यं च तत्र हि ।। १९० ।।**
**केन्द्रेषु सर्वतः पापाः समस्तबलसंयुताः ।**
**देशस्तदा विनष्टोऽसौ ज्ञातव्यः शास्त्रकोविदैः ।। १९१ ।।**

भा०–जिस दिशा में केवल बली शुभग्रह हों उस दिशा में सर्वथा सम्पन्न और अन्न की वृद्धि एवं लोगों में स्वास्थ्य समझना । जिस दिशा में केवल बलयुक्त पापग्रह मात्र हो उस दिशा का देश सर्वथा नष्ट समझना । अर्थात् जिस दिशा में मिश्रग्रह हों वहाँ मिश्रफल कहना ।। १९०-१९१ ।।

इति गूढ़ार्थप्रकाशिकासहित-नीलकण्ठ्यां प्रश्नतन्त्रे विशेषप्रश्नाध्यायः ।। ३ ।।

**अथ प्रकीर्णाध्यायः ।।**

फलों में लग्न चन्द्र और अंशो की विशेषता—

**इन्दुः सर्वत्र बीजाभो लग्नं च कुसुमप्रभम् ।**
**फलेन सदृशोंऽशश्च भावः स्वादुसमप्रभः ।। १ ।।**

भा०–चन्द्रमा को बीज, लग्न को फूल, नवांशादि को फल और शेष भावों को स्वाद के समान समझकर तारतम्य से फल कहना ।। १ ।।

लाभालाभ सम्बन्धी प्रश्न निरूपण—

**लग्नपो मृत्युपश्चाऽपि मृत्यौ स्यातामुभौ यदि ।**
**स्थितौ द्रेष्काण एकस्मिन्प्रष्टुर्लाभस्तदा ध्रुवम् ।। २ ।।**
**एवं द्वादशभावेषु द्रेष्काणैरेव केवलम् ।**
**बुधो विनिश्चयं ब्रूयाद्योगेष्वन्येषु निःस्पृहः ।। ३ ।।**

भा०–लग्नेश और अष्टमेश दोनों अष्टम में एक ही द्रेष्काण में हो तो प्रश्नकर्ता को निश्चय लाभ कहना चाहिए । इसी प्रकार बारहों भाव में दूसरे योगों की स्पृहा न करके द्रेष्काण से ही निश्चय करना चाहिए ।। २-३ ।।

**प्रश्नेकाले सौम्यवर्गो लग्ने यद्यधिको भवेत् ।**
**ग्रहभावानपेक्षेण तदाख्येयं शुभं फलम् ।। ४ ।।**
**लग्नाधिपश्च लाभस्याधीशश्च दायको भवति ।**
**लग्नाधिपस्य योगा लाभाधीशेन लाभकरः ।। ५ ।।**
**भवति स परलाभकरस्तदैव यदि चन्द्रदृग्लाभे ।**
**योगाः सर्वेऽप्यफलाश्चन्द्रमृते व्यक्तमेतच्च ।। ६ ।।**

भा०–प्रश्न समय में लग्न में शुभग्रह के अधिक वर्ग हो तो अन्य भाव और ग्रह की अपेक्षा न करके शुभ फल ही कहना चाहिए । लग्नेश और लाभेश ये दोनों लाभदायक हैं, इसलिए इन दोनों का योग लाभकारक होता है । यदि लग्नेश लाभेश के योग में चन्द्रमा की दृष्टि हो तो अत्यन्त लाभकारक समझना। क्योंकि चन्द्रमा की दृष्टि योग विना योगों का फल पूर्ण नहीं होता, यह सर्व-सम्मत है ।। ४-६ ।।

**धर्माधीशेनैवं कर्माधीशेन निवृत्त्यधीशेन ।**
**मृत्युपतिना च योगे लाभाधीशस्य वक्तव्यम् ।। ७ ।।**
**तत्तत्स्थानेक्षणतः पुण्यविवृद्धिश्च कर्मवृद्धिश्च ।**
**विबुधैस्तदा निवृत्तिर्मृत्युर्भावाःपरेऽप्येवम् ।। ८ ।।**
**लग्नेशो यदि षष्ठः स्वयमेत्य रिपुर्भवत्यात्मा ।**
**मृत्युकृदष्टमगोऽसौ व्ययगोऽसौ सन्ततं व्ययं कुरुते ।। ९ ।।**

भा०–इसी प्रकार लाभेश से कर्मेश का योग हो तो कर्मवृद्धि, धर्मेश को योग हो तो धर्मवृद्धि इत्यादि दूसरे भावों के फल भी समझना । एवं लग्नेश षष्ठ भाव में हो तो अपनी आत्मा ही शत्रु रूप होती है, और अष्टम में हो तो मृत्युकारक तथा द्वादश में हो तो सर्वदा व्ययकारक होता है ।। ७-९ ।।

फल प्राप्ति समय का निरूपण—

**उदयोपगतं राशिं तञ्च कलीकृत्य लिप्तिका गुणयेत् ।**
**छायाऽङ्गुलैश्च कुर्यात् हृत्वा मुनिभिस्ततः शेषम् ।। १० ।।**
**ग्रहगुणकारो ज्ञेयो दैवविदा पञ्चविंशतिः सैका ।**
**मनवोऽङ्काऽष्टौ त्रितयं भवाश्च सूर्यादितो ज्ञेयाः ।। ११ ।।**
**गुणयित्वैवं प्राग्वत् हृत्वा सौम्यस्य भवेदुदयः ।**
**कार्यप्राप्तिः प्रष्टुर्वक्तव्या नेतरैर्ग्रहैर्भवति ।। १२ ।।**
**गुणकारैक्यविभक्तः कार्यः सूर्यादिगुणकसंशुद्धः ।**
**यस्य न शुद्ध्यति वर्गो विज्ञेयस्तद्वशात्कालः ।। १३ ।।**

भा०–प्रश्न लग्न राश्यादि को कलात्मक बनाकर उसे तात्कालिक १२ अंगुल शङ्कु की छायाङ्गुल प्रमाण से गुणा करके जो कलापिण्ड हो उनमें ७ का भाग देकर १ आदि शेष में रवि आदि ग्रह के गुणक क्रम से ५।२१।१४।९।८।३।११ समझना । इस प्रकार जिस ग्रह के गुणक प्राप्त हो उस गुणक से कलापिण्ड को गुणाकर जो हो उनमें सब गुणकारों के योग (७१) से भाग देकर जो शेष बचे उसमें उक्त रव्यादि ग्रहों के गुणकों को क्रम से घटावे। जिस ग्रह का गुणक न घटे उस ग्रह का उदय समझना । इस प्रकार शुभग्रह का उदय हो तो कार्य की प्राप्ति निश्चय कहना । पापग्रहों के उदय में नहीं । और

जिस ग्रह का उदय हो उससे अगले श्लोकानुसार शेष तुल्य कार्य प्राप्ति का समय कहना ।। १०-१३ ।।

**आरदिवाकरशेषे दिवसा: पक्षाश्च भृगुशशिनो: ।**
**गुर्ववशेषे मासा ऋतव: सौम्ये शनैश्चरेऽब्दा: स्यु: ।। १४ ।।**
**आधानेऽथ प्राप्तौ गमनागमने पराजये विजये ।**
**रिपुनाशे वा काले पृच्छायां निश्चितं ब्रूयात् ।। १५ ।।**

भा०–मंगल और सूर्य के शेष तुल्य दिन, शुक्र और चन्द्रमा के शेष तुल्य पक्ष, गुरु के शेष तुल्य मास, बुध के शेष तुल्य ऋतु और शनि के शेष तुल्य वर्ष कहना । गर्भाधान, लाभालाभ, गमनागमन, जय, पराजय आदि में इस प्रकार समय का निश्चय करना चाहिए ।। १४-१५ ।।

वि०–ग्रहलाघव आदि ग्रन्थों से नत काल और सूर्य से छाया का ज्ञान होता है । ग्रहलाघवत्रिप्रश्नाधिकार देखिए ।। १५ ।।

उदा०–प्रश्नलग्न १।५।२०।२५ और इष्टकाल में छायाङ्गुल = है, तो उक्तरीति से लग्न की कला २१२०।२५ को छायाङ्गुल १० से गुणाकर कलापिण्ड २१२०४'।१०" इसमें ७ के भाग देने से शेष १'।१०" गतकला १ वर्तमान द्वितीयकला है अत: रव्यादि गणना से दूसरा चन्द्रमा हुआ, उसका गुणकाङ्क २१ प्राप्त हुआ, इस गुणकाङ्क से फिर कलापिण्ड २१२०४'।१०" को गुणा करने से ४४५२८७।३० इसमें सब ग्रहों के गुणकयोग ७१ से भाग देकर शेष ४६'।३०' इसमें रवि, चन्द्र और मंगल और के गुणकों (५।२१।१४) के योग ४० घटाकर शेष ६'।३०" इसमें बुध का गुणकाङ्क ९ नहीं घटता है, अत: वर्तमान बुध का उदय हुआ । बुध शुभग्रह है इसलिए कार्य की सिद्धि होगी । परञ्च बुध के शेष तुल्य ऋतु में अर्थात् ६ ऋतु के बाद सप्तम ऋतु में कार्य सम्पन्न होगा । दो मास की एक ऋतु होती है ।। १४-१५ ।।

एक समय में अनेक प्रश्न हों तो प्रश्नाद्यक्षरों से लग्न कल्पना करके पृथक्-पृथक् फल कहने का विचार—

**अकचटतपयशवर्गा रविकुजसितसौम्यजीवसौराणाम् ।**
**चन्द्रस्य च निर्दिष्टास्तैः स्युः प्रथमोद्भवैर्वर्णैः ।। १६ ।।**
**ज्ञात्वा तस्माल्लग्नं विज्ञाय शुभाशुभं च वदेत् ।**
**वर्गादिमध्यमान्त्यैर्वर्णैः प्रश्नोद्भवैर्विषमराशिः ।। १७ ।।**
**प्राज्ञो लग्नं प्रवदेत्पृच्छायुग्मं कुजज्ञजीवानाम् ।**
**सितरविजयोश्च नैवं रविशशिनोरेकराशित्वात् ।। १८ ।।**
**तस्मात्प्राग्वत्प्रवदेत्पृच्छासमये शुभाशुभं सर्वम् ।**
**कालस्य च विज्ञानादेतच्चिन्त्यं बहुप्रश्ने ।। १९ ।।**

भा०–अ वर्ग का रवि, क वर्ग का मङ्गल, च वर्ग का शुक्र, ट वर्ग का बुध, त वर्ग का गुरु, प वर्ग का शनि और य वर्ग, श वर्ग का चन्द्रमा स्वामी है । प्रश्नकर्ता के मुख से प्रथम जिस वर्ग का वर्ण उच्चारण हो उस ग्रह की राशि लग्न मानना । उनमें वर्ग के (१, ३, ५) विषम अक्षरों से विषम राशि लग्न समझना । तथा सम अक्षर हो तो सम राशि को लग्न मानना यह अर्थात् सिद्ध होता है । इस प्रकार मंगल, बुध, गुरु, शुक्र और शनि इन ग्रहों के "दो दो राशि होने के कारण से" प्रश्नलग्न दो प्रकार के हो सकते हैं । परञ्च रवि और चन्द्रमा के एक ही राशि होने के कारण वर्ग के सब अक्षरों से एक ही लग्न होता है । इस प्रकार लग्न का ज्ञान करके पूर्वोक्तविधि से शुभाशुभ फल और काल का निश्चय करना चाहिए । इस प्रकार (प्रश्न के आदि अक्षर पर से) लग्न की कल्पना अनेक प्रश्न हो तो तभी करना । एक प्रश्न में इष्टकाल से ही लग्न बनाकर फल कहना ।। १६-१९ ।।

मानसिक या मुष्टिगत प्रश्ननिरूपण—

**स्वांशे विलग्ने यदि वा त्रिकोणे स्वांशे स्थितः पश्यति धातुचिन्ताम् ।**
**परांशकस्थश्च करोति जीवं मूलं परांशोपगतः परांशम् ।। २० ।।**
**धातुं मूलं जीवमित्योजराशौ युग्मे विन्द्यादेतदेव प्रतीपम् ।**
**लग्ने योऽङ्शस्तत्क्रमाद्गण्यमेवं संक्षेपोऽयं विस्तरात्तत्प्रभेदः ।। २१ ।।**

भा०–लग्नेश या चन्द्रमा अपने नवांश में स्थित होकर लग्न में या त्रिकोण (५।९) में अपने नवांश को देखता हो तो धातु, यदि अपने नवांश में होकर (१।५।९) में पर नवांश को देखता हो तो जीव, तथा पर नवांश में स्थित होकर (१।५।९) में पर नवांश को देखे तो मूल सम्बन्धी प्रश्न जानना। अथवा विषम राशि लग्न हो तो उसमें प्रथमादि नवांश में क्रम से (धातु १, मूल २, जीव ३, धातु ४, मूल ५, जीव ६, धातु ७, मूल ८, जीव ९) तथा सम राशि लग्न में विपरीत (जीव १, मूल २, धातु ३, जीव ४, मूल ५, धातु ६, जीव ७, मूल ८, धातु ९) क्रम से गिन कर समझना। यह संक्षेप में कहा गया है। इसके भेद अन्यत्र विस्तृत हैं।।२०-२१।।

भट्टोत्पल—

**बलिनौ केन्द्रोपगतौ रविभौमौ धातुकरौ प्रश्ने ।**
**बुधसौरी मूलकरौ शशिगुरुशुक्राः स्मृता जीवाः ।। २२ ।।**

भा०–बली रवि वा मङ्गल केन्द्र में हों तो धातु, बुध शनि हों तो मूल और चन्द्र गुरु, शुक्र हों तो जीव सम्बन्धी प्रश्न कहना ।। २२ ।।

**मेषालिसिंहलग्ने कुजार्कयुक्ते निरीक्षितेऽप्यथ वा ।**
**धातोश्चिन्तां प्रवदेद्युगघटकन्यागतैर्लग्नैः ।। २३ ।।**
**बुधरविविजयुतैर्मूलं वृषतुलमृगमीनचापकर्कटकैः ।**
**चन्द्रगुरुशुक्रयुक्तैर्दृष्टैर्जीवो विनिर्देश्यः ।। २४ ।।**

भा०–अथवा मेष, वृश्चिक वा सिंह लग्न मङ्गल रवि से युत दृष्ट हो तो धातु, तथा मिथुन, कुम्भ, कन्या लग्न बुध, शनि से युत हो तो मूल, और वृष तुला, मकर, मीन, धनु, कर्क लग्न यदि चन्द्र, गुरु, शुक्र से युत दृष्ट हो तो जीव सम्बन्धी प्रश्न समझना चाहिए ।। २३-२४ ।।

ज्ञानप्रकाश में मानसिक प्रश्न निरूपण—

**लग्नलाभपयोः प्राणी तयोर्यद्भावगः शशी ।**
**तस्य भावस्य या चिन्ता प्रष्टुः सा हृदि वर्तते ।। २५ ।।**
**एवं बलाधिकाच्चन्द्राल्लग्ननाथो यतः स्थितः ।**
**दैवज्ञेन विनिर्णेयः प्रश्नस्तद्भावसम्भवः ।। २६ ।।**

भा०–लग्नेश और एकादशेश में जो बली हो उससे जिस भाव में चन्द्रमा हो उस भाव की चिन्ता (अर्थात् उसके साथ में हो तो शरीर सम्बन्धी, द्वितीय में हो तो धन सम्बन्धी इत्यादि) समझना चाहिए । अथवा पूर्ण बली चन्द्रमा से लग्नेश जिस स्थान में हो उस भाव का प्रश्न समझना चाहिए।।२५-२६।।

जैसे उदाहरण षट्पञ्चाशिकोक्त—

**आत्मसमं लग्नगतैस्तृतीयगैर्भ्रातरः सुतं सुतगैः ।**
**माता वा भगिनी वा शत्रुगतैः शत्रुरथ भार्या ।। २७ ।।**
**सप्तमसंस्थैर्नवमैर्धर्माश्रितमथ गुरुर्दशमैः ।**
**स्वांशपतिमित्रशत्रुषु तथैव वाच्यं बलयुतेषु ।। १८ ।।**

भा०–लग्नगत ग्रहों से आत्मीय (शरीर सम्बन्धी) तृतीय गत ग्रहों से भाई, पञ्चम गत ग्रहों से पुत्र एवं चतुर्थ गत ग्रह से माता, षष्ठ गत से शत्रु, सप्तमस्थ से स्त्री, नवम से धर्म, दशम से पिता सम्बन्धी प्रश्न कहना । नवांशपति के मित्र और शत्रु के जिस प्रकार बल हो तदनुसार मित्र और शत्रु सम्बन्धी प्रश्न कहना चाहिए ।। २७-२८ ।।

**चरलग्ने चरभागे मध्याद्भ्रष्टे प्रवासचिन्ता स्यात् ।**
**भ्रष्टः सप्तमभवनात्पुनर्निवृत्तो यदि न वक्री ।। २९ ।।**

भा०–चर राशि यदि चर नवांश में मध्य (दशमभाव) से आगे हो तो प्रवास की चिन्ता, सप्तम भाव से आगे बढ़कर ग्रह यदि फिर वक्री नहीं हो तो प्रवास से निवृत्ति समझना चाहिए । विशेषार्थ षट्पञ्चाशिका की मेरी टीका देखिए ।। २९ ।।

स्त्री समागम सम्बन्धी प्रश्ननिरूपण—

**अस्ते रविसितवक्रैः परजायां स्वां गुरौ बुधे वेश्याम् ।**
**चन्द्रे च वयः शशिवत् प्रवदेत्सौरेऽन्त्यजादीनाम् ।। ३० ।।**
**कुमारिकां बालशशी बुधश्च वृद्धां शनिः सूर्यगुरु प्रसूताम् ।**
**स्त्रीं कर्कशां भौमसितौ च धत्ते एवं वयःस्यात्पुरुषेषु चिन्त्यम् ।। ३१ ।।**

भा०–सप्तम भाव में रवि, शुक्र, मंगल हो तो परस्त्री, गुरु हो तो स्वस्त्री, बुध और चन्द्रमा हो तो वेश्या और शनि हो तो नीच जाति की स्त्री की

चिन्ता कहना । वयस चन्द्रमा के अनुसार समझना । चन्द्रमा बाल हो तो कुमारी, तरुण हो तो तरुणी, वृद्ध हो तो वृद्धा । तथा बुध से भी वृद्धा, शनि, रवि, गुरु से प्रसूता, मंगल, शुक्र से कर्कशा स्त्री समझना । पुरुष का वयस भी इसी प्रकार समझना चाहिए ।। ३०-३१ ।।

सुरत प्रश्न निरूपण—

**शभेत्थशाले हिमगौ चतुष्टये सौख्यातिरेकः सविलासहासः ।**
**क्रूरेत्थशाल हिमगौ सरोषः क्रूरान्वितेऽभूत्कलहो नृवध्वोः ।। ३२ ।।**
**पीडाऽथवासीत्सुरते युक्तया रजो यथास्तर्क्षमुपैति तद्वत् ।**
**लग्ने सुरेज्ये भृगुजे कलत्रे तुर्ये हिमांशौ सविलासहासम् ।। ३३ ।।**

भा०–केन्द्र स्थित चन्द्रमा को शुभग्रह से मुथशील हो तो हास्य विलास और सुख तथा पापग्रह से इत्थशाल हो तो रोष पूर्वक तथा पापग्रह से युक्त हो तो दोनों में कलह और सुरत से स्त्री को पीड़ा कहना । तथा सप्तम भावस्थ राशि सम्बन्धी जन्तु जिस प्रकार सुरत करता हो उसी प्रकार सुरत कहना । लग्न में गुरु, सप्तम में शुक्र, चतुर्थ में चन्द्रमा हो तो हास-विलास पूर्वक सुरत कहना ।। ३२-३३ ।।

**शुभग्रहोत्थे च कंबूलयोगे युतौ रजः पुष्पसुगन्धयुक्तम् ।**
**स्वर्क्षोच्चगे हर्म्यरतं निगद्यं स्थिते द्विदेहे वनिता स्वकीया ।। ३४ ।।**
**चरोदये सारसिते परस्त्री केन्द्रे शनौ सा सुरजो दिवारतिम् ।**
**निशोदयेशे त्रिखगे च रात्रौ दिवानिशं तद्बलिनोर्द्विखेटयोः ।। ३५ ।।**

भा०–चन्द्रमा को शुभ ग्रह से कम्बूल अथवा योग हो तो रज में फूल के समान गन्ध कहना । अपनी राशि या उच्च में हो तो कोठा में सुरत कहना, द्विस्वभाव लग्न में स्वस्त्री और चर लग्न में मंगल शुक्र हो तो परस्त्री तथा केन्द्र में शनि हो तो रजस्वला स्त्री से दिन में सुरत, रात्रि बली राशि लग्न हो और लग्नेश ३।१० में हो तो रात्रि में, अर्थात् दिवाबली लग्न हो तो दिन में और दोनों प्रकार के योग हों तो दिन और रात्रि दोनों समय सुरत कहना ।। ३४-३५ ।।

महर्घ-समर्घ (तेजी-मन्दी) प्रश्न निरूपण—

**मेषे वृषे च मिथुने शुभयुक्तदृष्टे न ग्रैष्मिकं तु सुलभं भविता पृथिव्याम् ।**
**सूर्ये धनुर्मृगघटेषु च सारधान्यं कुर्यात्समर्घमशुभैः सहितो महर्घम् ।। ३६ ।।**

भा०–मेष, वृष, मिथुन राशियों में सूर्य यदि शुभग्रह से युत दृष्ट हो तो ग्रीष्मऋतु सम्बन्धी अन्न (जौ गेहूँ आदि) पृथ्वी में सुलभ नहीं समझना । धनु, मकर और कुम्भ राशि में सूर्य शुभग्रह से युत हो तो समर्घ (सस्ता) और पापग्रह से युत हो तो महर्घ (महँगा) समझना ।। ३६ ।।

**लग्ने बलाढ्ये निजनाथसौम्यैर्युक्तेक्षिते केन्द्रगतैः शुभैश्च ।**
**सर्वैः समर्घं विबलैर्विलग्ने केन्द्रेषु पापैः सकलं महर्घम् ।। ३७ ।।**

भा०–प्रश्न लग्न बली हो और अपने स्वामी तथा शुभग्रह से युत दृष्ट हो और केन्द्र में सब शुभग्रह हों तो सब अन्न सस्ते होते हैं और लग्न निर्बल और सब पापग्रह केन्द्र में हों तो सब अन्न महंगे होते है ।। ३७ ।।

सूर्य के मेष प्रवेश कालिक लग्न से फल—

**राकाकुहूशशिपभास्वदजप्रवेशलग्नेश्वराः शुभखगैर्युतवीक्षिताश्चेत् ।**
**तद्वत्सरे जगति सौख्यमलं प्रकुर्युः पापर्दिते गदनरेन्द्रभयं प्रजानाम् ।। ३८ ।।**

भा०–पूर्णान्त दर्शान्त कालिक लग्नेश और चन्द्राशीश तथा सूर्य के मेष प्रवेश कालिक लग्नेश ये यदि शुभग्रह से युत दृष्ट हों तो उस वर्ष लोगों में सब प्रकार के सुख, यदि पापग्रह से युत दृष्ट हों तो उस वर्ष रोग और राजा से भय समझना चाहिए ।। ३८ ।।

**मेषप्रवेशोदयतः स्वरेशे केन्द्रेषु पापोडुपतीत्थशाले ।**
**पापग्रहैर्दृष्टयुतेऽथ तस्मिन् वर्षे गदार्तिः प्रियमन्नमुर्व्याम् ।। ३९ ।।**

भा०–मेष प्रवेश कालिक लग्न से सप्तमेश केन्द्र में पापग्रह और क्षीण चन्द्र से इत्थशाली हो वा पापग्रह से युत दृष्ट हो तो उस वर्ष में पृथ्वी में रोग-भय होता है और अन्न प्रिय होता है अर्थात् अन्न महंगा हो जाता है ।। ३७ ।।

**भानोर्मेषप्रवेशोदयभवनपतिः सद्ग्रहः स्वोच्चसंस्थः ।**
**स्वर्क्षस्थो वाऽपि केन्द्रे शुभगगनचरैर्दृष्टयुक्तो बलाढ्यः ।।**
**तस्मिन् वर्षे विदध्याज्जगति शुभसुखं भुरिसस्यं सुवृद्धिम् ।**
**क्रूरः क्रूरार्दितो वा दिशति नृपभयं कष्टमन्नं महर्घम् ।। ४० ।।**

भा०–मेष प्रवेश कालिक लग्नेश शुभग्रह हो, अपने उच्च या गृह में हो वा केन्द्र में हो, शुभग्रह से युत दृष्ट और बलवान् हो तो उस वर्ष संसार में अनेक प्रकार के उत्सव सुख और सब अन्न की वृद्धि होती है । यदि वह पापग्रह हो और पाप युत दृष्ट हो तो उस वर्ष राजभय, कष्ट और सब अन्न महंगे होते हैं ।। ४० ।।

जन्म लग्न और मेष प्रवेशलग्न से वर्ष फल ज्ञान—

**जन्मोदयाद्भास्वदजप्रवेशलग्नं हि यद्भावगतं शुभान्वितम् ।**
**तद्भाववृद्धिं विदधाति तस्मिन् वर्षे नृणां पापयुतं तदन्यथा ।। ४१ ।।**

भा०–जन्म लग्न से सूर्य के मेष प्रवेश कालिक लग्न जिस भाव में हो वह शुभग्रह से युत दृष्ट हो तो उस वर्ष में उस भाव की वृद्धि और पापग्रह से युत दृष्ट हो तो उस भाव की हानि समझना ।। ४१ ।।

उदाहरण—

**जन्मोदये देहसुखं धनेऽर्थलाभस्तृतीये च कुटुम्बवृद्धिः ।**
**तुर्ये सुहृत्सौख्यमथात्मजाप्तिः पुत्रेऽथ षष्ठेऽरिपराजयः स्यात् ।।४२।।**
**स्त्रीसौख्याप्तिर्भवति मदने मृत्युरुग्भीश्च रन्ध्रे**
**धर्मार्थाप्तिस्तपसि दशमे वित्तसौख्यास्पदाप्तिः ।**
**लाभे लाभः सुखधनचयो दुःखदारिद्र्यमन्त्ये**
**पुंसो मेषे प्रविशति रवौ जन्मलग्नाद्विलग्ने ।। ४३ ।।**

भा०–सूर्य का मेष में प्रवेश जन्म लग्न में हो तो उस वर्ष में देहसुख, धनभाव में हो तो धन का लाभ, तृतीय में हो तो भाइयों का सुख, चतुर्थ में हो तो मित्र और गृह सुख, पञ्चम में हो तो पुत्र सुख, षष्ठ में हो शत्रु भय, सप्तम में हो तो स्त्री सुख, अष्टम में हो तो मृत्यु वा रोग का भय, नवम में हो तो धर्म और धन का लाभ दशम में हो तो धन और स्थान का लाभ, एकादश में हो तो सब प्रकार का लाभ तथा धन सुख की वृद्धि और द्वादश में हो तो दुःख और दरिद्रता

समझना । ये फल शुभग्रह से युत दृष्ट हो तभी समझना । यदि पापग्रह से युत दृष्ट हो तभी समझना । यदि पापग्रह से युत दृष्ट हो तो विपरीत फल समझना चाहिए ।। ४२-४३ ।।

**श्रीगर्गान्वयभूषणं गणितविच्चिन्तामणिस्तत्सुतो-**
**ऽनन्तोऽनन्तमतिर्व्यधात् खलमतध्वस्त्यैजनुः पद्धतिम् ।**
**तत्सूनुः खलु नीलकण्ठविबुधो विद्वच्छिवानुज्ञया**
**प्रश्नानत्र चमत्कृतांश्च विविधान् सत्प्रश्नतन्त्रेऽभ्यधात् ।। ४४ ।।**

भा०–इसका अर्थ पूर्व अध्यायों में लिखा गया है तथा स्पष्ट भी है ।। ४४ ।।

इति गूढ़ार्थप्रकाशिकासहित-नीलकण्ठ्यां प्रश्नतन्त्रे प्रकीर्णकाध्याय: ।। ४ ।।

**नीलकण्ठकृतौ टीका सीतारामेण निर्मिता ।**
**इषेऽष्टाक्षाष्टभूतल्ये शकाब्दे पूर्णतामिता ।।**